www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, रविवार, 17 सितम्बर 2023 ■ वर्ष – 65 ■ अंक –153 ■ पृष्ठ –12 ■ मूल्य – 4.00 रु. प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23



## हर घर शुद्ध पेयजल की धार सफल हो रहा भगीरथ प्रयास



30 लाख (60%) परिवारों के घरों तक पहुंचा शुद्ध पेयजल

नल कनेक्शन से मिली शुद्ध पेयजल की सुविधा




2,470 (100%) आश्रम शालाओं में

5,246 (97.86%) स्वास्थ्य केन्द्रों में

43,980 (96%) शालाओं में

41,729 (91%) आंगनबाड़ी केन्द्रों में



श्री भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

हर घर जल पहुंचाने प्रतिबद्ध जल जीवन मिशन

छत्तीसगढ़ सरकार - भरोसे की सरकार

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

SUNDAY
रायपुर, रविवार, 17 सितंबर 2023
वर्ष - 65 | अंक -153 | पृष्ठ - 12 |
मूल्य - 4.00 रु.
www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु


आज विश्वकर्मा जयंती

**मड़ई**
▸ माता बहिनी मन के निर्जला व्रत तीजा पृष्ठ 6

▸ अगर मैं थोड़ी सामान्य बल्लेबाजी करता तो हम जीत जाते : शुभमन गिल
▸ पाकिस्तानी टीम को बड़ा झटका, गेंदबाज नसीम के विश्वकप खेलने पर संशय पृष्ठ 8

**देश विदेश**
▸ किम जोंग की यात्रा के दौरान किसी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं : रूस
▸ युद्ध के कारण यूक्रेन में ऐतिहासिक स्थल खतरे में : यूनेस्को
▸ पाकिस्तान के आईएसआई प्रमुख नदीम अंजुम को मिला सेवा विस्तार पृष्ठ 7

### हैदराबाद में कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक शुरू, केंद्र पर बरसे मल्लिकार्जुन खड़गे

# मणिपुर व नूंह की घटना से देश की छवि पर लगा धब्बा

- राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जी-20 के आयोजन पर खर्च को लेकर भी सवाल उठाए
- कांग्रेस ने की जाति जनगणना शुरू कराने की मांग
- मणिपुर की आग को सरकार ने नूंह तक पहुंचने दिया

**हैदराबाद**, 16 सितम्बर (एजेंसियां)। हैदराबाद में चल रही कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केंद्र सरकार और भाजपा पर जमकर निशाना साधा। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जी-20 के आयोजन पर हुए खर्च को लेकर सवाल उठाए।

उन्होंने कहा, 'रोटेशन के तौर पर मिली जी-20 की अध्यक्षता के आयोजन में 4 हजार करोड़ रुपए खर्च हुए और अब रोटेशन से इसकी अध्यक्षता ब्राजील को मिल चुकी है।' कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि 'इंडिया' गठबंधन की बैठकों की कामयाबी के बाद सरकार ने जांच एजेंसियों को विपक्षी दलों से बदला लेने के लिए लगा दिया है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि मणिपुर और नूंह की घटना से देश की छवि पर धब्बा लगा है, वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने केंद्र सरकार से जाति जनगणना शुरू कराने की मांग की।

**कई गंभीर चुनौतियों से जूझ रहा देश**

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि देश आज कई गंभीर आंतरिक चुनौतियों से जूझ रहा है। मणिपुर की दिल दहला देने वाली घटनाओं को पूरी दुनिया ने देखा। वहां 3 मई 2023 से लेकर आज तक हिंसा जारी है। मणिपुर की आग को मोदी सरकार ने हरियाणा में नूंह तक पहुंचने दिया। यहां हिंसा की वारदातें हुईं, जिस कारण राजस्थान, उत्तर प्रदेश और दिल्ली में सांप्रदायिक तनाव फैला। ऐसी घटनाएं आधुनिक, प्रगतिशील और धर्मनिरपेक्ष भारत की छवि पर धब्बा लगाती है. ऐसे हालात में सत्ताधारी दल, सांप्रदायिक संगठन और मीडिया का एक वर्ग, आग में घी डालने का काम करता है। इससे देश का 'सर्वधर्म समभाव' बिगाड़ता है. हमें मिलकर ऐसी ताकतों की पहचान करके उन्हें बेनकाब करते रहना है।




देश आज कई गंभीर आंतरिक चुनौतियों से जूझ रहा है। मणिपुर की दिल दहला देने वाली घटनाओं को पूरी दुनिया ने देखा : मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

कांग्रेस कार्य समिति तेलंगाना और भारत के सभी लोगों के लिए सम्मान के साथ विकास का एक नया अध्याय लिखने के लिए तैयार है : सोनिया गांधी, कांग्रेस नेता

**आंकड़ों की हेराफेरी कर रही सरकार**

केंद्र सरकार आंकड़ों की हेराफेरी कर रही है। 2021 की जनगणना न कराने से 14 करोड़ लोग फूड सिक्योरिटी एक्ट से और करीब 18 फीसदी लोग मनरेगा से बाहर हो गए। मनरेगा की मजदूरी महीनों लंबित रहती है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, हमारी मांग है कि 2021 जनगणना की प्रक्रिया तुरंत शुरू की जाए। उसके साथ ही जातिगत जनगणना भी कराई जाए, ताकि समाज के जरूरतमंद तबके को स्वास्थ्य, शिक्षा, नौकरी और फूड सिक्योरिटी समेत दूसरे हक मिल सकें।

**पूंजीपति मित्रों के हवाले कर रही संपत्ति**

आजादी के बाद बनी देश की बहुमूल्य संपत्तियों को मोदी सरकार चंद पूंजीपति मित्रों के हवाले कर रही है। उनके फायदे के लिए नीतियां बदली जा रही हैं, उनके हक के कानून बन रहे हैं। पिछले दिनों पीएम के करीबी कारोबारी की कंपनियों में 20 हजार करोड़ रुपये का शेल कंपनियों द्वारा निवेश हुआ। इसका पर्दाफाश होने पर भी मोदी सरकार जांच नहीं करा रही है। सारे बड़े घोटालों पर सरकार मौन है, पर्दा डाल रही है। ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤


### अनंतनाग में चौथे दिन में भी आतंकियों से जंग जारी

# बारामुल्ला में सेना ने 3 आतंकी किए ढेर

■ **सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू**, 16 सितम्बर (देशबन्धु)। अनंतनाग के बाद अब बारामुल्ला में सैनिकों ने घुसपैठ के एक प्रयास को नाकाम बनाते हुए तीन आतंकियों को मार डाला। दो शव मिल चुके हैं पर तीसरे का शव प्राप्त करने में मशक्कत इसलिए करनी पड़ रही है क्योंकि पाक सेना भी कवर फायर देते हुए गोलियां बरसा रही थी। इस बीच अनंतनाग में 4थे दिन भी मुठभेड़ जारी रही। जबकि नादर्न कमान के कमांडर भी अब कोकरनाग के मैदान में उतर चुके हैं।

समाचारो के अनुसार, बारामुल्ला में यह मुठभेड़ अग्रिम गांव हथलंगा के बाहरी छोर पर चल रही है। आतंकियों ने भागने की कोशिश की थी इसलिए उन्होंने फायरिंग की। वहीं अभी भी दो आतंकियों के फंसे होने की सूचना है। सेना कहती है कि ये सभी उस पार से एलओसी को पार करने का प्रयास कररहे थे यह मुठभेड़ अग्रिम गांव हथलंगा के बाहरी छोर पर हो रही है। यहां घना जंगल, नाला और कुछ खाली घर भी हैं। इस बीच दूसरी ओर अनंतनाग में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच चौथे दिन भी मुठभेड़ जारी है। सेना, पुलिस और सीआरपीएफ व अन्य सुरक्षा एजेंसियों के जवान पूरी सतर्कता के साथ मैदान में डटे हुए हैं। घने जंगल और पहाड़ी के बीच के संदिग्ध ठिकाने पर आतंकियों की खोजबीन के लिए ड्रोन और हेलीकॉप्टर की भी मदद ली जा रही है। कुछ देर रुक-रुककर दोनों ओर से गोलीबारी भी हो रही है। बताया जा रहा है कि आतंकवादी एक पहाड़ी की चोटी पर एक गुफा में छिपे हुए हैं। अनंतनाग के घने जंगलों से आतंकवादियों को बाहर निकालने का अभियान चौथे दिन भी जारी है। बुधवार को मुठभेड़ में चार सुरक्षा बलों के जवानों को मारने वाले आतंकियों को ट्रैक करने और उन्हें बेअसर ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤



- नार्दन कमान के कमांडर भी मैदान में
- पाक सेना ने भी बरसाईं गोलियां

## सार संक्षेप

### राज्यपाल-मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को विश्वकर्मा जयंती की दी शुभकामनाएं

**रायपुर।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भगवान विश्वकर्मा की जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा है कि श्रमवीर नये छत्तीसगढ़ को गढ़ने में सार्थक भागीदारी निभा रहे हैं। यह दिन हमें श्रम के लिए संकल्पित होने की प्रेरणा देता है। विश्वकर्मा जी की कुशल तकनीकी, कौशल और श्रमशीलता प्रेरणादायी है।

### लखनऊ में मकान की छत ढहने से पांच की मौत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी में रेलवे लखनऊ मंडल की फतेह अली रेलवे कॉलोनी में शुक्रवार देर रात एक मकान की छत ढह गई, इससे पांच लोगों की मलबे में दबकर मौत हो गई। लखनऊ के डीसीपी ईस्ट ह्रदेश कुमार ने बताया कि राजधानी लखनऊ के आलमबाग रेलवे इलाके में एक मकान की छत गिरने से पांच लोगों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मकान काफी पुराना लग रहा था। अचानक से छत गिर गई, इसमें तीन बच्चे और उनके माता पिता दब गए।

### महाराष्ट्र सरकार ने बदला औरंगाबाद, उस्मानाबाद जिले का नाम

**छत्रपति संभाजीनगर।** महाराष्ट्र सरकार ने औरंगाबाद जिले का नाम बदलकर छत्रपति संभाजीनगर जिला और उस्मानाबाद जिले का नाम बदलकर दाराशिव जिला कर दिया है। राज्य सरकार ने गजट प्रकाशित कर दोनों जिलों के नाम बदल दिये।

# अब आएगी स्लीपर वंदे भारत ट्रेन

**नई दिल्ली**, 16 सितम्बर (एजेंसियां)। वंदे भारत ट्रेन में अगले साल मार्च तक स्लीपर कोच लगाने की तैयारी है। देश में अभी चेयरकार सुविधा वाली वंदे भारत चल रही है। रेलवे की योजना अब राजधानी एक्सप्रेस के रूट पर वंदे भारत ट्रेन को चलाने की है। ऐसे में यात्रियों को रात में आराम देने के लिए स्लीपर कोच देना जरूरी है। चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्ट्री के जनरल मैनेजर बीजी माल्या के अनुसार इसी फाइनेंशियल ईयर के दौरान वंदे का स्लीपर वर्जन लॉन्च किया जाएगा। साथ ही वंदे मेट्रो भी इसी फाइनेंशियल ईयर में लॉन्च की जाएगी।

■ अगले साल मार्च से शुरू करने की हो रही तैयारी

माल्या ने बताया कि अभी स्लीपर वंदे भारत ट्रेन को बनाया जा रहा है और इसे मार्च 2024 में लॉन्च किया जाएगा। इसके साथ ही वंदे मेट्रो का भी निर्माण चल रहा है। 12 कोच की इस ट्रेन को छोटे रूट पर चलाया जाएगा। माल्या ने बताया कि वंदे भारत का एक नॉन एसी ट्रेन वर्जन भी लॉन्च करने की योजना है। इस साल 31 अक्टूबर से पहले इसे लॉन्च किया जाएगा। यह एक नॉन-एसी पुश-पुल ट्रेन होगी, जिसमें 22 कोच और इसके दोनों तरफ एक-एक लोकोमोटिव यानी इंजन होगा।

**160 किमी प्रति घंटे होगी रफ्तार**

वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की रफ्तार 160 किमी प्रति घंटे होगी। इसमें 16 कोच होंगे जिनमें 11 एसी3, चार एसी2 और एक एसी1 कोच होगा। उनका कहना था कि कोच की संख्या 20 या 24 की जा सकती है।

### संसद के विशेष सत्र की सभी तैयारियां पूरी

# नए संसद भवन में मंत्रियों को आबंटित किए गए कमरे

**नई दिल्ली**, 16 सितम्बर (एजेंसियां)। संसद का विशेष सत्र 18 सितंबर से शुरू होने जा रहा है। पांच दिन तक चलने वाले इस सत्र के लिए तीन दिनों के रिहर्सल के बाद संसद का पुराना और नया, दोनों ही भवन सत्र के लिए तैयार है। विशेष सत्र के दूसरे दिन यानी 19 सितंबर से संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही नए भवन में शुरू होनी है और इसके लिए तमाम तैयारियां पूरी कर ली गई है। बताया जा रहा है कि, नए संसद भवन में सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले सरकार के मंत्रियों को उनके कार्यालय के लिए कमरों का आवंटन भी कर दिया गया है। केंद्र सरकार के वरिष्ठ 11 कैबिनेट मंत्रियों- अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, पीयूष गोयल, निर्मला सीतारमण, एस जयशंकर, धर्मेंद्र प्रधान, स्मृति ईरानी, नरेंद्र सिंह तोमर, अश्विनी वैष्णव और अर्जुन मुंडा को नए संसद भवन में अपर ग्राउंड फ्लोर पर कार्यालय के लिए कमरा आवंटित किया गया है।



■ 19 से दोनों सदनों की कार्यवाही नए भवन में होगी शुरू

जानकारी के मुताबिक, अमित शाह को अपर ग्राउंड फ्लोर पर कमरा नंबर जी-33, राजनाथ सिंह को जी-34, नितिन गडकरी को जी-31, पीयूष गोयल को जी-30, निर्मला सीतारमण को जी-12, एस जयशंकर को जी-10, धर्मेंद्र प्रधान को जी-41, स्मृति ईरानी को जी-8, नरेंद्र सिंह तोमर को जी-11, अश्विनी वैष्णव को जी-17 और अर्जुन मुंडा को नए संसद भवन में कमरा नंबर जी-9 आवंटित किया गया है। पुराने संसद भवन में इन वरिष्ठ कैबिनेट मंत्रियों का कार्यालय ग्राउंड फ्लोर पर स्थित कमरों में था। सरकार के अन्य कैबिनेट मंत्रियों को नए संसद भवन में फर्स्ट फ्लोर पर कार्यालय के लिए कमरे का आवंटन किया गया है। ज्योतिरादित्य सिंधिया को फर्स्ट फ्लोर पर कमरा नंबर एफ-20, गिरिराज सिंह को एफ-36, गजेंद्र सिंह शेखावत को एफ-18, नारायण राणे को एफ-39, सर्बानंद सोनोवाल को एफ-38, वीरेंद्र कुमार को एफ-37, पशुपति पारस को एफ-19, किरेन रिजिजू को एफ-17 और आरके सिंह को नए संसद भवन के फर्स्ट फ्लोर पर कमरा नंबर एफ-16 का आवंटन किया गया है।

### 12 मंजिला रिहायशी इमारत में लगी आग, 60 लोगों को सुरक्षित निकाला गया

**नई दिल्ली**, 16 सितम्बर (एजेंसी)। मुंबई के कुर्ला इलाके में 12 मंजिला एक रिहायशी इमारत में शुक्रवार रात आग लग गई, जिसके बाद उसमें रहने वाले कम से कम 60 लोगों को सुरक्षित निकाला गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि घटना शुक्रवार रात 12 बजकर 10 मिनट पर 'स्लम रिहैबिलिएशन अथॉरिटी (एसआरए) इमारत संख्या 7 में हुई। यह इमारत कोहिनूर अस्पताल के ठीक सामने है। अधिकारी के मुताबिक, इमारत से सुरक्षित निकाले गए 60 लोगों में से 39 को दम घुटने की शिकायत के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने बताया, ''आग देर रात लगी। इस संबंध में जानकारी मिलने पर दमकल की चार गाड़ियों, कई बड़े टैंकर और अन्य साजो सामान के साथ दमकल कर्मियों की एक टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू किया।

अधिकारी के अनुसार, आग 12 मंजिला इमारत के भूतल में रखे तार और कबाड़ में लगी, लेकिन धीरे-धीरे लपटें ऊपर की ओर उठने लगीं और पूरी इमारत में धुआं फैल गया, जिससे लोगों में दहशत फैल गई। अधिकारी ने बताया कि दमकल कर्मियों ने बिजली आपूर्ति बंद कर दी और देर रात एक बजकर 45 मिनट पर आग पर काबू पा लिया।

# भाजपा के लोगों को छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़ियों से तकलीफ : भूपेश

### महतारी की तस्वीर को पैर की जगह पर रखा, बस्तर के लोगों को नक्सली समझकर गोली से भूना

**रायपुर**, 16 सितंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भारतीय जनता पार्टी पर जमकर हमला किया है। उन्होंने शनिवार को कह दिया कि भाजपा के लोगों को छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़ियों से तकलीफ है। मुख्यमंत्री हैदराबाद रवाना हो रहे थे।



इससे पहले पत्रकारों से चर्चा के दौरान उन्होंने यह बयान दिया। भूपेश बघेल ने परिवर्तन यात्रा में छत्तीसगढ़ महतारी की तस्वीर लगाए जाने का जिक्र करते हुए कहा- इन्हें (भाजपा) छत्तीसगढ़ से तकलीफ है, छत्तीसगढ़ियों से तकलीफ है। महतारी की तस्वीर मजबूरी में लगाए हैं, सीढ़ी चढ़ने की जगह पर तस्वीर लगाई है। ये आदत से बाज नहीं आ रहे हैं। हमेशा छत्तीसगढ़ के लोगों को पैरों तले रौदते रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा- इनकी मानसिकता नहीं बदलेगी। चोर चोरी से जाए हेरा फेरी से न जाए। अब छत्तीसगढ़ी महतारी की याद आ रही है, कौशल्या माता की याद आ रही है, प्रदेश के लोगों को दबाने का काम, कुचलने का काम किए। बस्तर जाओ तो बस्तर के लोगों को नक्सली समझकर गोली से भूनने का काम ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤




## सर्वेक्षण

### डीबी लाइव के सर्वे में कांग्रेस को राहत

# छत्तीसगढ़ व राजस्थान में कांग्रेस की सरकार

**नई दिल्ली, 16 सितम्बर (देशबन्धु)।** देश के पांच राज्यों में विधानसभा के चुनाव का ऐलान एक महीने बाद होना है। और चुनावों को लेकर देशबन्धु डीबी लाइव ने जनता के बीच पहुंचकर यह पता लगाने की कोशिश की है कि अगर आज चुनाव हों तो किसकी सरकार बनेगी।

*राजस्थान और छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनावों को लेकर शनिवार को जो सर्वे डीबी लाइव पर प्रसारित हुआ। उसमें कांग्रेस दोनों ही राज्यों में अपनी सरकार बचाती हुई दिखाई दे रही है। दोनों ही राज्यों में अभी कांग्रेस की सरकार है और ये सरकार बची रहने की उम्मीद दिखाई दे रही है।*

***छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सीट घटेंगी***- *छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनावों में इस बार कांग्रेस को सीटों के मामले में नुकसान होता दिखाई दिखाई दे रहा है। तो बीजेपी की सीटें दोगुनी से भी ज्यादा होती दिखाई दे रही हैं। लेकिन फिर भी कांग्रेस के पास ही सत्ता रहेगी ये भी तय है। कांग्रेस को 48 से 60 सीटें मिलने का अनुमान है। तो भाजपा को 28 से 40 सीटें मिल सकती हैं। जबकि अन्य के हिस्से में 0 से 4 सीटें जा सकती है। यानी पांच साल बाद एक बार फिर छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार आसानी से बनती दिखाई दे रही है।*

- कांग्रेस को राजस्थान में सरकार के साथ सीटों का भी फायदा
- बीजेपी की छत्तीसगढ़ में सीटें बढ़ेंगी, लेकिन सत्ता से दूर रहेगी

***राजस्थान में कांग्रेस को सीटों का भी फायदा***-*राजस्थान में विधानसभा चुनाव के परिणाम एक बार फिर* ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# साहित्य

# हिन्दू या मुसलमान

कहानी

■ धर्मवीर भारती



सरकारी अस्पताल के बरामदे में 30 लाशें एक कतार में रक्खी हुई थीं। लाशें, नहीं उन्हें लाशें कहना गलत होगा, मगर उन्हें जिन्दा भी नहीं कहा जा सकता था। वे सूखी हड्डियों के मुरदार ढाँचे जिन पर जर्द, झुर्रीदार चमड़ा मढ़ा हुआ था । कलकत्ते की विभिन्न सड़कों से मुरदे उठाकर लाये गये थे इलाज के लिये । उन्हें भूख की बीमारी हो गयी थी और इसीलिये वे चलते-चलते सड़क पर गिर पड़ते थे और धीरे-धीरे दम तोड़ देते थे । हिन्दोस्तान जैसे खराब आबोहवा के देश में जहाँ आये दिन एक बीमारी चल पड़ती है, यह भी एक नयी बीमारी चल निकली थी। झुण्ड के झुण्ड लोग गाँवों से चल पड़ते और चलते-चलते बिना दायीं और बायीं पटरी का ख्याल किये गिर पड़ते और फिर उठने का नाम न लेते। शासकों ने समझा यह सत्याग्रह का कोई नया तरीका है मरने दो; मेडिकल विभाग ने समझा यह मलेरिया की कोई नयी किस्म है जो बंगाल के लिए साधारण बात है। लेकिन बीमारी बढ़ती गयी। जब सड़कों पर पड़ी हुई लाशों की वजह से, मारवाड़ियों की मोटरें, दफ्तर की बसें और फौज की लारियों के आने-जाने में रुकावट होने लगी तो हमारी मेहरबान सरकार को फिक्र हुई, और इसीलिए वे 30 भुखमरे, सरकारी अस्पताल में जाँच के लिए लाये गये और सावधानी से बरामदों में नरम और सीले हुए पक्के फर्शों पर लिटा दिये गये ।

डाक्टर परेशान थे, नर्सों परेशान थीं। यह भी क्या बीमारी है ? और एकदम से तीस नये मरीज ।

बरामदे में शान्ति थी । एक सुनसान कब्रगाह की तरह डरावनी खामोशी । मुरदे खामोश थे। एकाएक खटखट की आवाज हुई और एक नर्स बरामदे की सीढ़ियों पर चढ़ती हुई दीख पड़ी। चढ़ने में उसका मोजा नीचे खिसक गया और वह रुक कर उसे ठीक करने लगी। उसके जूतों की खटखट शायद किसी भुखमरे के बेहया दिल से जा टकराई। उसने करवट बदली। नर्स आगे बढ़ी और जब उसके पास से गुजरने लगी तो उसने बेबस निगाहें उठाकर नर्स की ओर देखा और बहुत प्रयत्न कर बोला- 'पानी।'

नर्स पल भर को ठिठकी ।

'उहँ, कहाँ तक कोई काम करे सुबह से पोशाक भी तो नहीं सम्हाल पायी हूँ।' वह आगे बढ़ गयी ।

मरीज की प्यासी पसलियों से फिर दर्दनाक कराह उठी- 'पानी ।'

'मरने दो !' नर्स ने कहा। और बगल के कमरे में एक शीशे के सामने खड़े होकर गले में बँधे रूमाल की गाँठ खोलने लगी ।

'पानी ', घुटती हुई आवाज़ बोली। वह अभागा मरीज भी अपनी जिन्दगी और मौत की गाँठ खोलने में व्यस्त था ।

नर्स परेशान थी । गाँठ खुल ही नहीं रही थी। वह आदमी चुप हो गया। नर्स ने अपनी पोशाक ठीक की और चली गयी।

मरीज की कराह बन्द न हुई । बगल की लाश में कुछ हरकत हुई और कम्बल उठाकर एक बुढ़िया ने सर बाहर निकाला। उसके बाद वह उठी और कंकालों की तरह लड़खड़ाते हुए एक टीन के डब्बे में पानी लायी और मरीज के मुँह से लगा दिया। पहला घूँट गले से उतरा मगर दूसरा घूँट हिचकी के कारण नीचे गिर गया। बुढ़िया ने क्षण भर मायूसी से मरीज की ओर देखा और उसके बाद चुपचाप कम्बल के नीचे लुढ़क गयी ।

इतने में नर्स डाक्टर को साथ लेकर लौटी और प्यासे मरीज की ओर इशारा किया। डाक्टर ने स्टेथेस्कोप लगाकर देखा। उस कम्बख्त की प्यास हमेशा के लिए बुझ गयी थी । डाक्टर ने स्टेथेस्कोप हटाया और अजीब आवाज में कहा - 'खतम।'...

फिर जेब से नोटबुक निकाली। घड़ी देखकर टाइम दर्ज किया और नर्स से पूछा - 'यह भुखमरा कहाँ से लाया गया था।'

'सप्लाई आफिस के सामने से ! नर्स ने जवाब दिया।

'हिन्दू था, या मुसलमान ।'

'मालूम नहीं।'

'मालूम नहीं ? अच्छा इसके बगलवाले मरीज से पूछो ?'

नर्स ने बगल वाले मरीज को उठाया। वह नहीं उठा। डाक्टर ने जूते से कम्बल उलट दिया और डाँटकर कहा- 'उठो ?'

बुढ़िया काँपकर उठ बैठी ।

'यह आदमी कौन था ?' डाक्टर ने पूछा ।

> बरामदे में शान्ति थी । एक सुनसान कब्रगाह की तरह डरावनी खामोशी । मुरदे खामोश थे। एकाएक खटखट की आवाज हुई और एक नर्स बरामदे की सीढ़ियों पर चढ़ती हुई दीख पड़ी। चढ़ने में उसका मोजा नीचे खिसक गया और वह रुक कर उसे ठीक करने लगी। उसके जूतों की खटखट शायद किसी भुखमरे के बेहया दिल से जा टकराई।

'हुजूर यह आदमी भूखा था ।'

'भूखा था ? यह कौन पूछता है-ठीक से जवाब दो।' डाक्टर ने डाँटा ।

'देखो ! यह सरकारी काम है ! नर्स ने आहिस्ते से समझाया- 'सरकार यह नहीं पूछती कि यह आदमी भूखा था या प्यासा । सरकार यह पूछती है कि यह आदमी हिन्दू था या मुसलमान ? बोलो अस्पताल के रजिस्टर में दर्ज करना है।'

'मालूम नहीं हुजूर !' बुढ़िया बोली ।

'उहँ जाने दो। अच्छा उधर वाले मरीज से पूछो ?'

उधर वाला मरीज बोला ही नहीं। नर्स ने डाँटकर पूछा तब भी उसने जवाब नहीं दिया, क्योंकि वह मर चुका था और मुरदों को मजहब की पहचान नहीं होती क्योंकि वे ईश्वर के समीप पहुँच जाते हैं।

डाक्टर एक और नया मुरदा देखकर चिन्तित हुआ। उसने स्टेथेस्कोप लेकर जाँच करनी शुरू की। लगभग इक्कीस भुखमरे मर चुके थे ।

डाक्टर ने अपने सहकारी को बुलाया और कहा - 'देखो इन बचे हुए भुखमरों को एक-एक तेज इंजेक्शन देकर निकाल दो। वरना ये भी मर जायँगे ।'

'यदि यहाँ नहीं तो बाहर मर जायँगे ! सहकारी ने उत्तर दिया। 'बाहर मरने की परवाह नहीं । यहाँ मरेंगे तो सरकार की बदनामी होगी। और देखो - अखबार को रिपोर्ट दो कि कुल 7 की मौत हुई। बाकी यहाँ लाने के पहले ही मर चुके थे। समझे।' और थोड़ी देर बाद बाकी भुखमरे निकाल दिये गये ।

बुढ़िया बेहद कमजोर थी। वह पाँच कदम चली और बैठ गयी। पेट में जब भूख आँतों को मरोड़ने लगी तब वह फिर उठी और किसी तरह घसीटती हुई आगे बढ़ी।

बगल में एक साबुन की कम्पनी थी जिसके दरवाजे पर एक मोटा दरबान बैठा था । बुढ़िया उसके सामने गयी और हाथ फैला दिये। लेकिन कुछ बोल न पायी। गले में आत्मसम्मान आकर रुँध गया। दरबान ने देखा और एक क्रूर हँसी हँसकर बोला- 'चल ! चल ! आगे बढ़, अगर तू जवान होती तो इज्जत बेचने पर शायद 8-10 पैसे मिल भी जाते- अब किस बिरते पर भीख माँगने आयी है। - चल हट ?'

बुढ़िया की झुर्रीदार पलकों में दो बेहया आँसू झलक गये ।

वह चलने को मुड़ी कि दरबान बोला- 'तुझे खैरात चाहिए । यहाँ खैरात की कमी नहीं। हिन्दुस्तानी तो अपने बाप के मरने पर खैरात करते हैं, फिर जिन्दा लाशों के लिए क्यों न खैरात करेंगे। उधर जा, वहाँ सेठों ने ढाबा खोल रक्खा है।'

बुढ़िया उधर की ओर चली। भोजनालय के द्वार पर बेहद भीड़ थी । हड्डियों के अनगिनत कंकाल प्रेतों की भाँति सूखे हाथ फैलाकर बैठे थे। उबले हुए ज्वार की महक हवा में फैल रही थी। बुढ़िया ने एक गहरी साँस ली जैसे साँसों के सहारे पेट भरने की कोशिश कर रही हो ।

कार्यकर्ताओं ने जुआर की खिचड़ी से भरी हुई एक देग लाकर सामने रक्खी और करछुल से निकालकर जुआर बाँटने लगे। एक हंगामा-सा मच गया। बुढ़िया उठी और कुत्ते को भगाकर देग खिसकाने का व्यर्थ प्रयास करने लगी ।

इतने में एक कार्यकर्त्ता चीखा- 'देखो ! देखो उसने देग छू ली।' 'देग छू ली ! हिन्दू है या मुसलमान ?'

'मुसलमान मालूम होती है।'

'निकाल दो कमबख्त को ?'

बुढ़िया लाञ्छना से पीड़ित होकर उठ गयी। उसका कसूर क्या था ?

वह उठी और सर झुकाकर चल दी।

सामने ही एक दूसरा ढाबा था। उसकी हिम्मत न हुई वहाँ जाने की, लेकिन उस पर चाँद-तारे का एक हरा झण्डा लगा हुआ था । उसको कुछ सान्त्वना हुई और वह वहाँ चली गयी। सामने एक वालन्टियर था । उसने रोका - 'यहाँ सिर्फ मुसलमानों को खाना मिलता है ।

'मैं भी मुस्लिम हूँ' बुढ़िया ने जवाब दिया । 'सामने के ढाबे से खाकर आयी है, काफिर है; साफ काफिर, शक्ल से नहीं देखते।' दूसरा वालन्टियर बोला-

'भाग ! भाग ! यहाँ काफिरों की गुजर नहीं चल हट ?'

बुढ़िया का चेहरा तमतमा गया और चीखकर बोली-

'खुदा के बन्दो ! अल्लाह ने अनाज के दानों पर मजहब की छाप लगाकर नहीं भेजा है। तुम्हारी ओछी बात सुनकर मुझे अपने मुसलमान होने में शरम आती है । '

'पागल है ?' एक बोला-

'भूख से दिमाग खराब हो गया है।'

'अल्लाह काफिरों को ऐसी ही सजा देता है।'

बुढ़िया कहती ही गयी - 'तुम काफिरों को खाना नहीं देते, मत दो। मत दो कमबख्तो ! वह धरती अभी कहीं नहीं गयी जिसने हम सब को बिना मजहब के ख्याल के पैदा किया है। तुम्हारा अनाज लेने के बजाय उसी धरती पर मर जाना मैं ज्यादा पसन्द करूँगी। खुदा तुम्हारा भला करे ।'

और वह हाँफती हुई एक ओर चली गयी।

दूसरे दिन कलकत्ते के एक प्रमुख दैनिक में छपा था-

'बंगाल के इस अकाल में समस्त भारत, प्रान्त और धर्म का भेद-भाव भुलाकर सहायता कर रहा है। मारवाड़ियों और इस्फहानियों, दोनों ने सार्वजनिक भोजनालय खोले हैं। इस सम्बन्ध में हम सरकारी अस्पतालों की मूल्यवान सहायता भी नहीं भुला सकते। हम इन सबके हृदय से कृतज्ञ हैं।'

इसके नीचे एक छोटी-सी नगण्य और महत्त्वहीन खबर छपी थी ।

'यद्यपि सरकारी अस्पतालों के कार्य से भुखमरों की संख्या में भारी कमी है, फिर भी अभी मौतें बराबर हो रही हैं। मुस्लिम ढाबे के नजदीक एक बुढ़िया की लाश पायी गयी है जो ठीक वक्त से अस्पताल न पहुँच पाने के कारण मर गयी।

यह नहीं समझ में आता कि लाश जलायी जाय या दफनाई जाय, क्योंकि यह पहचान नहीं पायी है कि बुढ़िया हिन्दू थी या मुसलमान... ।'

## कविता

■ सौरभ सेन राही

ये सब जो चल रहा है
सदियों से चल रहा है,
चूंकि चलते रहना
जीवित
होने का भ्रम है
इसलिए यह क्रम है,
बिना किसी सार्थकता के
कुछ भी बोलना,
कुछ भी सुनना,
कुछ भी देखना
कुछ भी करना,
वृथा जीना वृथा मरना,
सैकड़ों कहानियों की
अनगिन कल्पनाओं की
बहुरंगी कतरनें अपनी
जीवेषणा के खोल में
भरे हुए जीते रहना
और हलाहल पीते रहना
फिर एक दिन आयेगा
सबका गला रूंध जायेगा
सब देखेंगे अपनी नंगी
आंखों से शमशान मे
बदलते इस उपवन की
त्रासदी
और हम कुछ न बोल
पायेंगे
केवल निकलेगी कंठ
से लहू की धार
हांफते चिल्लाते सब
सुनेंगे हाहाकार
कामनाओं का इच्छित
अधिभार
तमस मे डूबते प्राणों का
चीत्कार
संभवत: कोई सुन पाये
मुक्तिपथ भी चुन पाये
फिर भी यह निश्चित है
अस्तित्व की करुण
पुकार
हमे बुलाती रहेगी
अंतरशून्य को जगाती
रहेगी
मेरे मित्र तुम सुन लेना
मुक्ति का पथ तुम चुन
लेना।

छत्तीसगढ़

## ग़ज़ल



■ असरार-उल-हक़ मजाज़

हुस्न को बे-हिजाब होना था
शौक़ को कामयाब होना था

हिज्र में कैफ़-ए-इज़्तिराब न पूछ
ख़ून-ए-दिल भी शराब होना था

तेरे जल्वों में घिर गया आख़िर
ज़र्रे को आफ़्ताब होना था

कुछ तुम्हारी निगाह काफ़िर थी
कुछ मुझे भी ख़राब होना था

रात तारों का टूटना भी %मजाज़%
बाइस-ए-इज़्तिराब होना था

व्यंग्य

■ मुकेश राठौर

# हिंदी के घर हिंदी दिवस



%हिंदी दिवस% के अवसर पर शहर के प्रतिष्ठित इंग्लिश मीडियम स्कूल के कुछ सोशल मीडिया कवि टाइप हिंदी प्रेमी शिक्षक, हिंदी के घर पहुंचे 7जैसे %वृद्ध दिवस% पर बेटे-बहू और %शिक्षक दिवस% पर भूतपूर्व छात्र क्रमश: वृद्धाश्रम और विद्यालय पहुंचते हैं7 पहुंचाना भी चाहिए क्योंकि जो दिवस जिसके लिए आरक्षित है,कम से कम उस दिन तो उसे याद करना बनता ही है7 वरना दिवस बनाने और मानने का औचित्य ही क्या रह जायेगा ! मालूम हो कि हिंदी कभी इस स्कूल की प्रधान हुआ करती थी लेकिन जब से विद्यालय स्कूल बना और अंग्रेजी प्रिंसिपल हुई हिंदी %अवशेषी अंग % बनकर रह गई और फिर शनै-शनै अनियमित होते-होते एक दिन शाला त्यागी हो गई7 जैसे घरों में डेढ़ सयानी बहूओं के आने के बाद सासों के साथ होता है7

सुना हैं कि अंग्रेजी पढ़ने-पढ़ाने वाले लोग सभ्य होते हैं, अंग्रेजी ओढ़ते हैं, अंग्रेजी बिछाते हैं, अंग्रेजी खाते हैं, अंग्रेजी पीते हैं, सभ्यता तो वैसे ही आ जाती है, कदाचित इसीलिए यहां के कुछ सुधि शिक्षक हर साल अपने स्कूल की संस्थापक भाषा हिंदी को याद कर लिया करते हैं. जैसे पार्टियों में मार्गदर्शक बनकर बैठे वरिष्ठ नेताओं को गाहे-बगाहे याद कर लिया जाता है. बहरहाल %हिंदी डे% मनाने हेतु वे शॉल,श्रीफल,फूलमाला और प्रशस्ति पत्र लेकर पहुंचे। अपनी मातृभाषा के लिए इतना वार्षिक खर्चा तो बनता है. आजकल सम्मान पर होने वाले खर्च राशि,देने वाले हाथ और स्थान से सम्मान का वज़न तौला जाता है.

हिंदी प्रेमियों ने देखा एक पुराने से कमरे में घर की दादी माँ %संस्कृत% खाट पर पड़े कराह रही है. दूसरे कमरे में मां %हिंदी% उदास लेटी है, अपनों की उपेक्षा से संस्कृत की सांस रुद्ध हो रही थी तो हिंदी की हालत हिंग्लिश हो गई थी. सिरहाने और पैताने बोलियां खड़ी हैं. इस चिंता में कि किसी दिन दादी और मां को कुछ हो गया तो हमें घर में कौन पूछेगा ! 卐मां तब तक मायका卐 अब जबकि हिंदी की ही एक बेटी %निमाड़ी% का उन्नीस सितंबर को जन्मदिन आने वाला है ,लेकिन...! 卐 मां खुश नहीं तो कुछ नहीं卐 ओ मां, ओ मां...के बाद भी हिंदी द्वारा %हुंकारा% तक न दिए जाने से इन हिंदी प्रेमियों को 卐आवत ही हरषै नहीं,नैनन नहीं सनेह卐 वाली फीलिंग हुई, कुछ और बोलते इससे पहले ही एक बोली बतियाने लगी कि मां को साल भर बोलने के बदले एक दिन उन पर बोल कर सब पानी बोल डाल जाते हैं, मां जब विद्यालय जाती थी बहुत खुश थी, कहती अंग्रेजों के जमाने में बहुत दुख झेले। मैं ही नहीं मेरी बेटियां भी दुनिया पर राज करेगी।अफ़सोस अंग्रेज चले गए मगर अंग्रेजी छोड़ गए. जैसे-जैसे विद्यालय छूटा ,उम्मीद की डोर छूटती गई। वह आप से बात नहीं करना चाहती।

हिंदी के सम्मान की प्रतीक्षा में खड़े हिंदी प्रेमियों ने कहा कि हम हिंदी का दुख समझते हैं,हमें पता है कि वे स्वाभिमानी है। वे नहीं आएंगी तभी तो हम खुद चलकर आ गए। प्लीज उन्हें समझाइये। कुछ देर की तो बात है. यकीन मानिए सालभर डिस्टर्ब नहीं करेंगे। इस बीच हिंदी खुद आ गई। बोली मैं सम्मान के लिए तैयार हूं लेकिन घर बैठे नहीं !मुझे विद्यालय में सम्मानित कीजिये। मुझे मेरे पद पर प्रतिष्ठित कीजिये। हिंग्लिश बन चुकी हिंदी के फिर से स्कूल लौटने की बात पर हिंदी प्रेमियों के होश उड़ गए, कहां तो वे फॉरमैलिटी निभाने आये। थे और कहां हिंदी फिर फॉर्म में लौट आई. उन्हें अपने बच्चों और पेरेंट्स के हिंदी-हिंदी हो जाने का भय सताने लगा, वे सम्मान सामग्री वहीं छोड़ उल्टे पांव लौट गए. 7

## हाना

दाई मरे धिया बर धिया मरे पिया बर।

मां-बेटी बर चिंतित रहिथे अउ बेटी ह अपन पति बर चिंतित रहिथे।कोनो मनखे ह कोनो बर बहुते काम करथे बदला म ओ मनखे ह अउ कोनो बर धियान देथे तब ये हाना ल केहे जाथे।

## शब्द अरथ

1. चूरा- हाथ के कड़ा, चूड़ा
2. चूरी- हाथ के चूड़ी, कंगन
3. चुरुआ- एक हाथ की अंजलि,चुरुवा
4. चुरुक- खट्टा, थोड़ा सा
5. चुरुमुरु- हाथ-पैर को सिकोड़ने की क्रिया
6. चुर्रुकहा- अत्यधिक खट्टा
7. चुरई- पका हुआ
8. चुरैना- सोडा, राख-मिट्टी को गरम पानी में घोल डुबाया हुआ कपड़ा
9. चुरोना- पकाना
10. चुरोल- पकाया हुआ।

# छत्तीसगढ़ के तीजा के रौनक

छत्तीसगढ़ म तीजा म सियान नारी घलो मायके आथे। पौराणिक कथा के अनुसार दण्डकारण्य म पार्वती ह शिव जी ल पाये बर तपस्या करे रहिस हे। आदिवासी समुदाय म ये कहिनी के रुप म मिलथे। उंहा तीजा जगार चलथे। येला चार महिला मन रातभर गाथें।

ये तिहार भासो मास के शुक्ल पक्ष के तृतीया के दिन मनाये जाथे। येला छत्तीसगढ़ के सरगुजा क्षेत्र ले ले के बस्तर तक मनाये जाथे। पोला तिहार ले येखर तैयारी शुरु हो जथे। विवाहित बेटी बहिनी मन ल भाई ह लेय बन जाथे। येमन मायके आथें अउ करु भात खा के तीजा उपास रहिथें। छत्तीसगढ़ के बस्तर अंचल में भी ये तिहार ल मनाये जाथे।

तीजा तिहार म शंकर-पार्वती के पूजा करे जाथे। इस उपास ल कुंवारी कन्या मन घलो मनवांछित वर के कामना, अउ विवाहित नारी मन अपन सुहाग के रक्षा बर करथें। निसंतान नारी ह संतान प्राप्ति बर भी करथे। तीज के दिन उपास करे के नियम हावय।

बिहनिया सबले पहिली सब नारी मन मिलके बाजा-गाजि, मोहरी वादक मन संग नदी जाथें। नदी के किनारे के रेत ल साफ धो के सात मुट्ठी एक परात म रखथें। कुछ महिला मन गीत भी गाथें। गीत के सार होथे के पार्वती मैया तोर सरिख हमन घलो ये उपास ल करे हावन। हमन ल आशीर्वाद देवव के हमन ये उपास ल पूरा कर सकन। आप मन. हमर सुहाग के रक्षा करहु अउ सबो नारी मन ल सौभाग्यवती रखना।

तीजा उपास बस्तर के सबो आदिवासी मन नइ मनावयं, फेर बस्तर मअन्य जतका भी जाती हावंय जइसे कोष्टा, पनारा, धाकड़, ठाकुर, ब्राह्मण, बैरागी, गाड़ा-घसिया, सतनामी, कलार, राजपूत, मन ये तिहार ल बहुत उत्साह ले मनाथे। हलबा, भतरा जनजाति म ये.प्रचलित हे। पहले भतरा जनजाति येला नइ मनावत रहिस हे फेर बाद म मनाये ले लगगे।

ओ परात के रेती के दू भाग करथें। अउ शिव पार्वती बनाथें। उही जगह ह फूल, चावल, धूप, दीप, कलश अउ फल ले पूजा करथें। कोनों भी नारी जेखर नवा नवा बिहाव होय हे तेन ,कुंवारी जेन उपाह रखे हावय या फेर जेखर भी पहिला तीज उपास हे या निस्संतान नारी ह अपन सिर म रेत के गौरा ल उठाथे अउ जलत कलश ल दूसर कोनों भी नारी बोह के पूजा करे के जगह म लानथें।

पूजा स्थान म बांस की कमचिल ल चौकोर बांधके एक नवा कपड़े ल या साड़ी ल ढक के फुलेरा बनाथे।, ओखर नीचे चावल, आटा, हल्दी ले चौक पूरके पीढ़ा रखथें। पीढ़ा ऊपर बालीगौरा रखे परात ल रख देथें। येखर सामने म दिया जलत कलश ल रखथें। भोग परसाद बनाथें।बस्तर डाहर कोनो कोनो जगह म अमुस तिहार या हरेली के बाद ले तीजा जगार शुरु हो जथे या फेर जेन मन मन्नत रखथे तेन मन रखथें। तीजा जगार म धनकुल वाद्य यंत्र के उपयोग होथे ये कारण येला धनकुल कहिथें।

शाम की दीया-बाती के बाद सब अपन-अपन घर के काम बुता ल निपटा के फुलेरा की जगह म पहुंचथें। इहाँ रामायण पाठ, भजन-कीर्तन करथें। जगार रखे जाथे तब जगार.गाथें।

पहिली गौरी गणेश के पूजा करथें ओखर बाद शंकर पार्वती के विशेष करे जाथे। भगवान शंकर में कनेर फूल, बेलपत्र चढ़ाथें अउ माता पार्वती म मदार के फूल अउ दूसर फूल के संग श्रृंगार के सामान चढ़ाथें। रात भर जागके अखंड ज्योत के रक्षा करथें।आरती करे के बाद सब फेर भजन-कीर्तन करथें।

दूसर दिन बिहनिया पूजा करे के बाद आरती करथें अउ सब पानफूल ल परात म रख के सिर ऊपर रखके विसर्जन करे बर.जाथें। जाये के बेरा म संग म मोहरी अउ बाजा बाजत रहिथें।

विसर्जन के बेरा म तरिया किनारे परात ल रख के फेर एक बेर पूजा करथें। लगातार गाना गावत रहिथें। जल म दीया ल छोड़ देथें। परात के रेत ल सात बार घूमावत ,गाना गावत जल में प्रवाहित कर देथें। घर वापस आके अपन उपास ल.खोलथें। फलाहार करथें। तीजा तिहार.छत्तीसगढ़ म करीब करीब सब जाती म अइसने मनाये जाथे फेर बस्तर.म तीजा जगार खास होथे।.भक्तिभाव ज्यादा रहिथे। सार्वजनिक मनाथे। फूलेरा रखथे।

आज बासी याने पहिली दिन के बनाये ठंडा खाना के जगह ताजा बने ले लगगे हावय। संस्कृति म बदलाब होवत हावय फेर गाँव आज भी वइसने हावय शहर बदल गे हावय।

**सुधा वर्मा**

# माता बहिनी मन के निर्जला व्रत तीजा

हमर छत्तीसगढ़ के लोक-परब म सब ले बड़का अऊ सबले सुग्घर, दाई-दादा, भाई-बाहिनी के मया-पिरित के रंग मां रंगे तीजा के परब ला माने जाथे।जेकर अगोरा ल हमर दाई-बाहिनी मन ला बछर भर ले रहिथे। जइसे ही पोरा के परब हर लकठाथे। बहिनी मन अपन भाई के डहर ल देखना शुरू कर देथे। अउ जईसे ही भाई हा बाहिनी ला लेवा के ले जाथे।बहिनी अपन दुवारी मा जाके जिंनगी के सुख-दुख ला अपन हिरित-पिरीत, सखी-सहेली, अउ दाई-दादा करा गोठिया के धन्य हो जाथे। तीजा के पहिली दिन, दाई-बहिनी मन अपन जम्मो सगा-सोदर घर किंजर-किंजर के करू भात खाथें।दुसर दिन फेर उपवास रहिथे।आज के दिन माता बाहिनी मन सोला सिंगारी करके अपन पति के नाम निर्जला व्रत ला शुरू कर देथें। सम्मक घर-दुवारी, खोर-गली मा चहल-पहल दिखे लागथे।घरो-घर ,किसम -किसम के रोटी-पीठा, सोन-सोन महमहात रहिथे।संगे-संग दाई- बाहिनी मन के हंसी-ठिठोली,मया-पिरित के गोठ-बात,देखे म मन मोह लेथे। ए परब के दूसर दिन मही भात खाय अउ खवाय जाथे। जेकर बात अलग होथे। सुहागिन दाई-बाहिनी मन के कठिन उपवास के परब तीजा भादो मास के शुक्ल पक्ष म तीज के दिन होथे। एला हरितालिका परब भी कहे जाथे। ए परब म तीजा के दिन माता बहिनी मन निर्जला उपवास रहिथें। बिहनिया के बेरा म एला शुरू करथें अऊ फेर पहाती रात के झुलझूलहा बेरा मा भगवान भोले नाथ गौरी पार्वती के पूजा-अर्चना करके अपन उपवास ला पूरा करथें। ए तीज परब के संबंध म सुग्घर कथा आथे -

एक बार दक्ष प्रजापति के बेटी सती,शंकर भगवान के अर्धांगिनी रिहिसे। लेकिन राजा दक्ष हर भगवान शंकर के घोर अपमान अउ उपेक्षा कर दिस, एला देख के पार्वती हर क्षुब्ध हो के ओतकेच बेरा म यज्ञ कुंड म कूद के अपन प्राण ल त्याग दिस। फेर ऊही माता हर पर्वतराज हिमालय के घर म जनम लिस अउ ओहर पार्वती बनिस।

एकर एक ठन अउ प्रसंग आथे कि नारद मुनि के कहे म राजा हिमांचल पार्वती के बिहाव ला भगवान विष्णु करा, करवाय के इच्छा करिस। लेकिन पार्वती के मन ला देख के उकर सखी मन ओला हरण कर के कटकटात जंगल म एक ठन कंदरा म ले गिन। इहां पार्वती हर इही दिन माटी के शिवलिंग स्थापना करके भगवान ला पाए खातिर परण करिस। ओकर तपस्या ले भगवान शंकर प्रसन्न हो गिन,अऊ जेहर बिहाव नई करे के परण करईया,पार्वती के कठिन तपस्या ला देख के अपन अर्धांगिनी रूप म स्वीकार कर लिन। इही कारण से तीजा परब ल माता बहिनी मन कठिन निर्जला उपवास रखथें। अइसनहा उपवास रखे मा उमन ल सुग्घर चरित्रवान पति प्राप्त होथे। अऊ सुहागिन माता मन अपन पति के उमर ल लम्बा करे के वरदान पाथें।अउ दु, चार दिन रहिके फेर दाई-बाहिनी मन अपन जनम दुवारी ला छोड़ के अपन ससुरार विदा हो जाथें।

अईसन बेरा म दाई-दादा अपन मया ल अमर रखे खातिर सुंदर कपड़ा-लत्ता, साड़ी भेंट करथें।जेहर मईके के सबले बड़े भेंट माने जाथे।जेमा दाई-दादा के आशीष अऊ मया दुलार हर समाय रहिथे।

**-अशोक पटेल 'आशु'**
**तुस्मा,शिवरीनारयण**

# तीजा के करूभात

तीजा-पोरा हा हमर छत्तीसगढ़ के माई लोगन बर विशेष तिहार हरे। राखी के बाद सब के मन मा एक अलग से खुशी झलकथे के अब तीजा-पोरा आही अउ खुशी हो ही। काबर नहीं साल भर मा एक बार ये तिहार हर आथे। वइसे तो हर तिहार हा एके घांव आथे, फेर ये तीजा मा माईलोगन मन अपन-अपन मइके जाथे। मइके के नाम म जम्मों महिला मन एक गोंड़ मा खड़े रहिथे। नवा-नेवरनीन मन हा आठे मनाथे अउ घेरी-बेरी फोन कर के अपन भाई-माई मन ला बुलावत रहिथे। साल मा कतको बार मइके जाही फेर तीजा मा नइ जाही ता घेरी-बेरी पारा-पड़ोस संग गोठिया डरथे। अई ये दारी मैं तीजा नइ गए हंव बहिनी अब्बड़ सुरता आवत हे दाई-बाबू, भाई-भतीजा मन के। अपन अंचरा म आंसू पोछत बतावत रहिथे। फेर यहू तिहार हर दिनोंदिन कम होवत जावत हे। एके दिन बर जाथे अउ लुगरा धर के आ जाथे।

ये तिहार हर पोरा ले शुरू हो के गणेश चतुर्थी तक रहिथे। करुभात के विशेष महत्व रहिथे ये तिहार म। घर-घर माई लोगन मन घूम-घूम के करेला साग खाये ला जाथे। वो दिन काकरो घर साग नइ पूछे, काबर कि सबो घर तो करेला ह बने रहिथे अउ बजार म करेला के भाव अगास छुअत रहिथे, एकरो दिन आथे। रात किन माई लोगन मन अपन-अपन लोग-लइका ला धर के घरोघर जाथे। अइ चल न बहिनी करेला चीखे बर जाबोन या इही बहाना सबों झन संग भेंट मुलाकात हो जाही।

करू भात काबर खाये जाथे - करेला अउ चना अधिकांश घर म बनथे अउ येला खा के माई लोगन मन उपास रहिथे। करेला काबर खाय जाथे येखर वैज्ञानिक कारण भी हे, करेला मा विशेष प्रकार से पोषक तत्व मिले रहिथे। येमा विटामिन सी, मैंगनीज,पोटेशियम जइसे तत्व मिले रहिथे। येहा औषधि के भी काम करथे। करेला मा पानी के मात्रा मौजूद रहिथे जेकर से प्यास बहुत कम लगथे, अउ चना मा कैल्सियम किसम-किसम के पोषक तत्व के भर मार रहिथे। शरीर ला ऊर्जा देथे। ओकर कारण से माई लोगन मन ह करेला याने की करुभात खा के दूसर दिन निर्जला उपवास रहिथे।

**करू भात काबर खाये जाथे - करेला अउ चना अधिकांश घर म बनथे अउ येला खा के माई लोगन मन उपास रहिथे। करेला काबर खाय जाथे येखर वैज्ञानिक कारण भी हे, करेला मा विशेष प्रकार से पोषक तत्व मिले रहिथे। येमा विटामिन सी, मैंगनीज,पोटेशियम जइसे तत्व मिले रहिथे। येहा औषधि के भी काम करथे। करेला मा पानी के मात्रा मौजूद रहिथे जेकर से प्यास बहुत कम लगथे।**

पुरखा के बात - हमर छत्तीसगढ़ मा करेला साग ला विशेष महत्व दिए जाथे। सियान मन बहुत सोच विचार कर के नियम ला बनाए हे ताकि आने वाला पीढ़ी येकर लाभ उठा सकें। कभू-कभू लगथे की पुरखा मन ये समय ला जानत रिहिन का... के आने वाला पीढ़ी के मन निर्जला उपास नइ रहे सकें। येकर कारण करेला मा विशेष फायदा देख के उपास के पहिली दिन करू भात खाये के नियम बनाए हे। ताकि महिला मन येकर लाभ उठा सकें अउ पुरखा के मान रख सकें ।

आज के पीढ़ी ला विशेष ध्यान रखना चाहिए अउ भरपूर लाभ घलो उठाना चाहिए। ये प्रकार से करुभात खाये के महत्व हे।

**-प्रिया देवांगन प्रियू, राजिम**

## तीजा पोरा के तिहार

आगे आगे आगे तीजा पोरा के तिहार आगे
गुदगुद गुदगुद नांदिया बईला ला दौड़ाबो
चंउर ह तो मिले नई रेती धुर्रा पीस पोरा चलाबो
हमर संस्कृति अउ तिहार मन अइसने प्रकृति ले जुड़े हवे
बईला के पूजा किसान मितानी के बात हवे
कीथे घलो की यही दिन सुवा ह जनम धरथे
धान के फसल म यही दिन तो दूध भरथे
घोरवा चिला के मान अजब हे
तेकरे सती हमर तिहार गजब हे
पोरा तिहार के बिहनिया ले दाई ल तेलइ बैठाबो
दीदी तीर फोन लगा के तीजा लेबर आवत हों कहीके चेताबो
ठेठरी खुर्मी बड़ा सोंहारी संग गुजिया भजिया ला खाबो
भाई भैया संग बहिनी दीदी ला तीजा लेवा के लाबो
आगे तिहार तीजा पोरा के
अब तो सह्मग तिहार मनाबो।।

**-लेमेंद्र साहू, 'अनुराग'**
**परसदा ( मोखा ), गुंडरदेही बालोद**

# हमर लोक तिहार: तीजा परब

हिन्दू परम्परा म तीजा परब के विशेष महत्व माने गेहे, सुहागिन माईलोगन मन अपन घरवाला के लंबा उमर बर वरत ल करथें। तीजा के ए परब ह मां पारवती पर आधारित हे , एकरे सेती तीजा के दिन म गौरी-शंकर के पूजा करे जाथे।

भारत के अउ दूसर राज्य म सुहागिन माईलोगन मन तो वरत रखथे फेर, संग म कुंवारी नोनी मन तको जेनला सुयोग्य वर चाहिये रहिथे ओहा तको तीजा के ए वरत के पालन करथे अउ तीजा मनाथे। फेर हमर छत्तीसगढ़ म ए वरत ल सुहागिन माईलोगन मन ही करथे अऊ इंकरे मन के द्वारा ही तीज परब म वरत अउ पूजा करे जाथे।

तीजा परब के महत्ता-ए वरत म सुहागिन मन अपन घरवाला के लम्बा आयु बर अउ सौभाग्य के रक्छा बर ए वरत के पालन अड़बड़ कठोरता ले करथे। ए वरत म निर्जला ऊपवास रखे जाथे।

**तीजा परब ले जुड़े हावय एकठन पौरानिक कथा-**

नारद ह पारबती के बाबू ले किहिस कि तोर बेटी ह अड़बड़ बछर ले तपस्या करे हे उही ले प्रसन्न होके श्री बिसनु ह आपमन के बेटी ले विवाह करे के इच्छा रखथे। ए कारण ले मेंहा ए संदेसा ल आपमन तक पहुंचाये ल आय हंव। ओकर बाबू ह किहिस कि-मोला कोई आपत्ति नई हे कहिके। एमा नारद जी ह विष्णु ल ए विवाह बर स्वीकृति बता दिस। जब पारवती ल ए बात मालूम होईसे त ओहा अड़बड़ दुख होके प्रान त्यागे के सोंचे ल लग गे। ऐला देखके ओकर एकझन सहेली ह ओला घना जंगल में जाके भगवान के तपस्या करे के सलाह दिस। पारवती ह अंतस मन ले भगवान शंकर के तपस्या करेला लग गे। भाद्र पक्छ शुक्ल तृतिया के दिन वरत करके शिवलिंग के पूजा अउ रात जागके तपस्या करके सेती शिवजी प्रसन्न होके परघट होगे अऊ ओला अपन अर्धांगनी स्वीकार कर लिस। संकर जी ह पारवती ले किहिस कि ए तीजा वरत ल जेन स्त्री ह मन से करही ओकर सुहाग ह तोर असन पवित्र होही। अउ ओकर रक्छा भी मेंहा स्वयम करहूं कहिके।

के दिन के होथे तीज तिहार ह- तीज तिहार के पहिली दिन करू भात खाथे। सबो दाई, दीदी बहिनी मन एक दूसर घर जाके करू भात खाथे ओकर बाद ले रात ले लेके दू रात अउ एक दिन तक तीजहारिन मन ह कठिन निर्जला उपास रहिथे, ए वरत ह पूरा होए के बाद फरहरी करथे। फरहर के दिन तीजहारिन मन ह अपन मायके म देय नवा लुगरा ल पहिनके शंकर पारवती के पूजा करथे अउ अपन उपास ल टोरथे। ए दिन घर म रंग-रंग के छत्तीसगढ़ी पकवान सुंहारी बड़ा, भजिया, ठेठरी, खुरमी आदि अड़बड़ अकन ले पकवान चुरथे।

**गणेश्वर पटेल**

# छत्तीसगढ़ी भाखा के जबर खासियत

शब्द ल एक बार उचारे म आने अरथ अउ दू पइत संघरा उचारे म उहिच शब्द के आनेच अरथ।

हमर महतारी भाखा छत्तीसगढ़ी के ए जबर खासियत आय, के एमा कुछ अइसनो शब्द हे, जेला एक पइत उचारे म वोकर अरथ आने जनाथे, त उचिह शब्द ल सरलग दू पइत उचारे म वोकर अरथ बदल जाथे. आवौ देखथन अइसने एकाध शब्द मनला- हमर इहां एक शब्द हे- गाड़ा। गाड़ा ल सबो जानथें, एकर छोटे रूप ल गाड़ी कहिथन, जे बइला फांद के कहूँ आए-जाए या कुछ समान डोहारे के काम आथे. हमन लइका राहन त भँइसा गाड़ा अउ बइला गाड़ी दूनों च म बरात जावन. कभू-कभू धान लुवई के मौका म सीला बीने बर घलो वो खार म जवइया गाड़ा या गाड़ी म बइठ के चल देवत राहन।

गाड़ा शब्द के दूसर अरथ इहां धान नापे के एक इकाई के रूप म घलो होथे। सियान मन धान मिंजाई के सीजन म पूछ परथें- ए बछर तुंहर घर के गाड़ा धान लुएव गा? ए जगा इही गाड़ा शब्द ह कतका बोरा या कतका क्विंटल धान होइस। एकर रूप म बउरे जावत हे। तब इहां नापे खातिर बड़े काठा अउ छोटे काठा के उपयोग करे जावय। बड़े काठा म लगभग तीन तीन किलो असन धान आवय त छोटे काठा म दू किलो के पुरति। इही काठा ल जब बीस बार नापे जावय, त वो एक खांड़ी कहावय अउ फेर बीस खांड़ी हो जावय त वोला एक गाड़ा कहे जावय।

अब देखौ इही गाड़ा शब्द के दू पइत संघरा उचरई ल- गाड़ा-गाड़ा बधाई कहे म एकर अरथ ह एकदम बदल जाथे। अब एकर अरथ ह सैकड़ों अउ हजारों गुना बधाई देवई हो जाथे। अनंत अउ अनगिनत बधाई देना हो जाथे। ठउका अइसने एक अउ शब्द देखन- झारा-झारा शब्द ल सुनते मन म बरा-सोंहारी बनाए के बेरा तेलहा कराही ले चुरे-पके बरा-सोंहारी ल निकाले के काम आने वाला एक औजार के सुरता आ जथे।

अब इहीच झारा शब्द ल दू पइत संघरा कर के देखन, त ए ह रांधे-चुराए के अपन औजार वाले रूप ल छोड़ के जेवन-पानी खातिर नेवता देवइया शब्द बन जाथे- आज फलाना मंडल घर कुल देवता पूजा के नेवता हे गा, तुमन ल उंहचे जेवन खातिर झारा-झारा नेवता हे। अब ए नेवता खातिर इही झारा शब्द ह दू पइत संघरा उचारे म जम्मो परिवार ल संघरा नेवता देवइया शब्द बनगे हे। ए आय हमर छत्तीसगढ़ी भाखा के महानता अउ मौलिकता।

**-सुशील भोले,**
**संजय नगर, रायपुर**

# कमेलिन नोनी

**नही गुरुजी! मोर काकी के इलाज बर कमाये ला लागही मोला। सबके किस्मत में विद्या धन नइ राहय। मोरो मा नइ होही...? फेर लांघन नइ मरो गुरुजी मेंहा अउ मोर काकी-कका बर जिये ला लागही! कका बिगड़ाहा होगे हावय तब महुं तो अपन आदत ला मइलाहा नइ कर सकवं गुरुजी! कंचन के विचार ल सुन के गुरुजी गदगद होगे। भलुक वोकर घर जाय बर नइ खंधिस कंचन हा फेर गुरुजी के अंतस म घर बना डारिस।**

कहिनी

चौमासा के घरी। किसान मन के मन कुलकत हे ऐसो के पानी-बादर ल देख के। इही करिया-करिया बादर तो आय जौन ह किसान ल भविस के आस देखाथे। भलुक करिया हाबे ते का होइस? रंगीन सपना के उजास घला देखाथे। कोइली के कुहुक-कुहुक पपीहा के पिहिप-पिहिप अउ मैना के चैंक-चैंक अब्बड़ सुग्घर लागत हाबे। ...अउ चिरई जाम के पिंजरा म धंधाये मिट्ठू के बोली, अब्बड़ गुरतुर लागथे। करिया-बादर ले जादा करिया-करिया चिरई जाम (जामुन)... ? मुंहू म पानी आ जाथे। ललचा जाथे-मन हा।

सबरदिन बरोबर वोकरो मन ललचावत हावय अब्बड़। पांखी रिहितिस ते उड़िया जातेंव-अगास ला अमरे बर। रंग रिहितिस ते बगर जातेंव-इंद्रधनुष कस। अंजोर रिहितिस ते बन जातेंव जोगनी-रिगबिग-रिगबिग बरे बर अउ पइसा रिहितिस ते बन जातेंव- महुं ह विद्यार्थी। नवा स्कूल ड्रेस, टाई, जूता-मोंजा पहिर के इतरातेंव। चुन्दी ल पाटी पारे, आंखी म काजर आंजे नवा बस्ता टिफिन डब्बा धरे स्कूल जातेंव-वोकरो मन कलबलावत हाबे।

बारा-पंद्रा बच्छर के नोनी आय वोहा-कंचन। कोनो राजकुमारी नोहे फेर स्कूल के आगू के जगह ह वोकरे आय-पोगरी। जंगल के जम्मो रुख-राई वोकरे आय। बेरा बखत म टोर लेथे फल-फलहरी ल। जौन घरी तौन रिकम के जिनिस। जिमीकांदा, चार, तेंदू, केरा, गभोती अउ केछरवा कांदा ले बुचरवा कांदा जम्मो मिलथे नोनी कंचन करा। इही जम्मो ल बिन के आनथे अउ स्कूल के आगू म पसरा लगा के बेच लेथे।

हमर छत्तीसगढ़ ह पोठ राज आय। जम्मो कोती अइसन दिखथे...अउ बस्तर के मोहाटी कांकेर जिला चारामा में ये जम्मो मनमोहनी जिनिस अब्बड़ सुग्घर दिखत हाबे। शहरिया अउ गंवइहा जम्मो के मन ल भाथे।

आज अपन पसरा म चिरई जाम अउ सरई बोड़ा बेचत हाबे कंचन हा। जम्मो अवइया-जवइया मन चिथो-चिथो कर डारिस।

'कतका किलो हरे सरई बोड़ा ह नोनी?

नवा-नवा उतरे हाबे अभिन सरई बोड़ा हा। अभिन मेछराये के बेरा हाबे। मेछरावत हाबे अपन दाम मा। नवा बइला के नवा सिंग चल रे बइला टिंगे-टिंग। कतको झन पूछिस अउ हिरक के देखे बिना मुंहू करू करत चल दिस। तब कोनो के मोल भाव नइ पटे के सेती लहुटगे। ...अउ कोनो हा मोल-भाव करत हाबे।

दू सौ रुपिया पाव ले कमती नइ होवय सेठ...।

एक सौ तीस रुपिया पाव लगा न ओ !

अब्बड़ बेरा ले जोजियावत हाबे सेठ हा। नब्बे रुपिया ले शुरू करके पांच-पांच रुपिया बढ़त एक सौ तीस रुपिया तक अमरे हाबे।

जंगल-झाड़ी,कांटा-खूंटी, अझमहा-निझमहा मा किंजरबे तब मिलथे सरई बोड़ा हा सेठ ! हुडरा-बघवा, चितवा-भालू ले ओरभेट्टा हो जाथे कभु-कभु। पाछु बच्छर तो कमारिन दीदी ल भालू खखोल दे रिहिन। लटपट बाचीस। अतका सस्ता म नइ पोसाये सेठ !

भाव नइ पटिस। अब नोनी कंचन के गोठ सुनके अपन सोना-चांदी के दुकान कोती सुटूर-सुटूर रेंग दिस सेठ हा। आज तो बेरा हाबे सेठ ले बदला हेरे के। पाछु दरी काकी के माला टुटगे रिहिस, बना के दिस तब एक्को पइसा कमती नइ करिस। अब्बड़ कहे रिहिन पांच रुपिया चिल्हर नइ हाबे सेठ! जी छड़ा के मांगे रिहिन। कंचन फुसफुसाइस।

बोड़ा का हरे बड़का गुरुजी?

स्कूल कोती ले तीन झन मास्टर आवत हाबे गोठ-बात करत।

अब्बड़ गरमी ले तिपे भुंइयां म अकरस पानी गिरथे। ये बेरा तापमान आद्रता अउ दंद-कुहर जादा रहिथे तब सरई रुख के जर हा एक रिकम के केमिकल के स्राव करथे। जिहां फंगस ह एसोसिएशन करके अपन ग्रोथ करथे अउ सादा चीनी बाटी बरोबर अपन आकार बना लेथे। इही ला सरई बोड़ा कहिथन। जौन अब्बड़ मिठाथे-गुरतुर। मौसमी जिनिस आय अउ लाने म अब्बड़ मिहनत लागथे वोकरे सेती अब्बड़ महंगा बेचाथे।

ऐहा अब्बड़ पुसटई घला होथे। खनिज, लवन, विटामिन अउ आयरन अब्बड़ रहिथे।

लंच के बेरा आवय। स्कूल के तीनों मास्टर मन रोज आथे पसरा म कुछु जिनिस बिसाये बर-बड़का मंझला अउ नान्हे मास्टर। अब कंचन के पसरा के तीर म आगे। लइका मन के खेल-खेलई ल मगन होके देखत हाबे नोनी कचन हा। कोनो लइका झूलना झूलत हाबे तब कोनो लइकामन छू-छुवउल खेलत हाबे।

के रुपिया आय चिरई जाम हा?

कंचन के धियान टूटिस अउ आगू म गुरुजी मन ल देख के हड़बड़ागे। टुपटुप-टुपटुप पांव परिस।

एक सौ बीस रुपिया किलो आय सर! सौ रुपिया लगाहूं।

भलुक अवइया-जवइया मन पूछिन तब एको पइसा कम नइ करिस कंचन ह फेर बिन मोल-भाव करे आगू ले चिरई जाम के भाव कम कर दिस।

बड़का गुरुजी ह किलोभर भर बिसा डारिस चिरई जाम ल जम्मो स्टॉफ बर। भलुक किलो भर तौलिस फेर वोकर ले आगर रिहिस।

गु गु...गुरुजी एक गोठ रिहिस। पूंछव का?

कंचन के आंखी म आंसू छलछलावत रिहिस। अब्बड़ दिन के पूछे के उदिम करत रिहिस फेर आज सामरथ करिस कचन हा।

पूछ न बेटी! का बात आय?

गुरूजी! हमन जंगल के रहवइया आन। अब्बड़ रुख-राई लगाथन। हमर कोती गुंगुवा उड़इया कल-कारखाना घला नइ हाबे। जौन ऑक्सीजन ल मइलाहा कर देथे तभो ले गांव वाला बर ऑक्सीजन कइसे कमती परगे कोरोना दरी मा? शहरिया मन बाचगे अउ गवइया मन काबर मरगे? हमर परसा डोली बाहरा खेत ल बेचिन तब एक ठन ऑक्सीजन सिलेंडर बिसाइस कका ह। अइसन बिपत के बेरा सिलेंडर अब्बड़ महंगा काबर बेचाथे गुरुजी?

गुरुजी अकबकागे। ससन भर देखे लागिस नोनी कंचन ला। सांवर बरन दाढ़ी म तीन बुंदिया गोदना तेरा-चौदह बच्छर के नोनी चिरहा ओन्हा पहिरे। कजरारी आंखी नरी म ताबीज अउ बजरहा खिनवा पहिरे। गोल उदास चेहरा ल देखे लागिस गुरुजी हा।

कोरोना महामारी विश्व त्रासदी आय बेटी! कतको झन के जम्मो परिवार सिरागे एमा। इही तो बेरा रिहिस, अपन अउ बिरान चिन्हे के। मानवता ल जाने के। आज घला कतको अस्थि के विसर्जन नइ होये हाबे। मालखाना म धुर्रा खावत परे हे। पुलिस के रजिस्टर म लावारिस हाबे। भलुक वोकर संपत्ति के सुख भोगइया कोरी-खइरखा हे।

गुरुजी गुन डारिस जम्मो ल छिन भर मा। वोकरो एकलौता हीरा बेटा ल लील डारिस कोरोना ह ऑक्सीजन के कमती होय ले।

का करबो बेटी! प्रकृति महतारी के आगू जम्मो नतमस्तक हावन ओ।

बड़का गुरुजी किहिस अउ रोनहुत होगे। लइका मन के सकेलाये के घण्टी घला बाजगे अब। कांपत थरथरावत गुरुजी लटपट स्कूल अमरिस अउ लझरंग ले खुर्सी म बइठगे। नोनी कंचन के कोंवर चेहरा ह आंखी-आंखी म झूलत हाबे अउ गोठ ह कान म चोट करत हाबे। पढ़इया लइका मन के मूल्यांकन कर डारिस गुरुजी हा। फेर पसरा वाली नोनी के कइसे मूल्यांकन करही ? कोन श्रेणी मा राखही ए बी सी...।

गुनत-गुनत आठवीं क्लास म पढ़ाये लागिस-पराक्रमी राजा के कहानी। जौन अपन राज के विस्तार करे बर कतको झन सिपाही के वध करके वोकर लइका मन ल अनाथ कर डारिस। असली पराक्रमी कोन आय-युद्ध में लड़इया सिपाही हा कि अनाथ लइका जौन जीवन भर आंसू लेके जीही? नान-नान जिनिस बर कुकुर गत होही? पढ़े के उम्मर म मुड़ी म बोझा डोहारही, बाजार म पसरा लगाही।

गुरुजी ल आज पढ़ाये के मन नइ होइस। कभु जुच्छा खुर्सी म कंचन के बइठे के सपना देखथे गुरुजी ह तब कभू घेरी-बेरी खिड़की के ओ पार धियान चल देवय जिहां कंचन पसरा लगाए हाबे।

कंचन आधा बोड़ा ले जादा ल बेच डारिस अब अउ चिरई जाम तो उरक घलागे। सोना-चांदी के दुकान वाला इहां के नामी सेठ ह फेर लहुट के आगे हावय कंचन के पसरा म सरई बोड़ा बिसाये बर।

हे... हे... अब तो छंटागे नोनी बोड़ा हा। अब डेढ़ सौ मा एक पाव दे दे।

सेठ हाँसत किहिस अउ फेर जोजियाये लागिस।

नहीं सेठ! आज तो रेट कमती नइ होवय।

निच्चट ढीठ हस टूरी! छंटवा माल ल घला कमती नइ करस। बैपार करे बर घला नइ आवय।

ढीठ करे बर तो तुहरे मन ले सीखे हंव सेठ! जइसे तुमन आनी-बानी के टेक्स लगाथो तभो ले दू पइसा कमती नइ करो-कोनो जिनिस मा। भलुक बैपार करे बर नइ आवय फेर मया बढ़ाये ला आथे सेठ! हमर तो अब्बड़ लरा-जरा हाबे अभिन बेचत भर ले बेचहूं ताहन घर जाके फोकट म बांटहू।

सेठ के मुंहू उघरा होगे। अतका महंगा जिनिस ल फोकट मा बांटबे?

काबर नइ बांटहू सेठ! वोहू मन तो हमन ल देथे। रउतइन ह मही देये रिहिन काली, सोनारिन दाई ह गोलेन्दा भाटा। गोंदली के फोरन डार के बनाये रिहिन मोर काकी हा। अब्बड़ मिठाइस रात के साग ल आज बिहनिया घला खाये रेहेंन चाट-चाट के।... वोकरो करजा ल छूटे ल लागही?

तुम छत्तीसगढ़िया मन भलुक अब्बड़ कमा लेथो फेर खाये ला नइ जानव। सब साग मा प्याज लसुन डार के स्वाद ला बिगाड़ देथो।

इही गोंदली तो हरे सेठ! जौन मइनखे के गरमी ला उतारथे।... अउ पइसा के गरमी ला घला उतारथे। तहुं मन ला खाना चाहिए। कंचन के गोठ चटकन कस लागिस सेठ ला। ऐती-ओती देखे लागिस।

तुमन तो भलुक प्याज खाये ला छोड़ देये हव फेर ब्याज खाये बर कब छोड़हु सेठ!

सिरतोन सेठ के मुंहू करू होगे। पच्च ले थुकिस अउ गुटखा के पाउच के जिनिस ला चभलाये लागिस। रुपिया ले भरे बेग ल एक खांध ले दूसर खांध म पलटिस अउ फेर जोजियाये लागिस।

डेढ़ सौ म एक पाव दे दे नोनी! सरई बोड़ा। अतका बेरा ले एक-दू झन अउ बिसा डारिस। बांचे-खोंचे चिरई जाम ल तो उरक घला गे। ले सेठ अब्बड़ जोजियाथस। आधा किलो लेबे तब लगाहुं डेढ़ सौ रुपिया पाव-तीन सौ के आधा किलो।

नहीं! एक पाव भर दे।

अब्बड़ अकन माई-पिला हाबो सेठ! आधा किलो ह पुरही। ले ले।

सेठ लिस आधा किलो अउ बड़का गड्डी ले पांच सौ के कड़कड़ाती नोट ल निकाल के दिस कंचन ला। बचत पइसा ला झोंकिस अउ अपन बड़का सोना-चांदी के दुकान कोती चल दिस। सांझ होगे स्कूल के घंटी बाजिस अउ छुट्टी के बेरा होगे। किलो-बाट टुकनी ला सकेलिस। बोरी ले सिलाये नानकुन पाल ल घरियाइस अउ घर लहुटे के तियारी करत हाबे। फेर उदुप ले देखथे ते पोटा कांप जाथे। जवनहा आवय। माते हाबे छत्तीसगढ़ के सरकारी रसा म। पांव लड़भड़ावत हाबे अउ मुंहू ले भभका आवत हे। काकी के कनिहा पीरा के पांच रुपिया के दवई लेये बर पइसा नइ हे कहिके हाथ ल झर्रा देये रिहिस बिहनिया अउ अभिन? संझा बेरा खुद पी के झुमरत हाबे।

दे टूरी पइसा दे, कतका कमाये हस?

तकादा करे लागिस। कंचन के सगे कका आय।

आज जादा नइ कमाये हंव कका! तभो ले, चल घर में दुहुं।

अभिन तो सेठ ह गड्डी निकालत रिहिस तोला देये बर। लबरी, मोला लबारी मारथस। कतका चामड़ी डांटे हाबे जम्मो बुकनी ला झर्रा देहूं घर जाहूं तब। अभिन दे मोला पइसा।

दारू के सेती अइसने गोठियावत हस कका ! नइ पीयस तब अब्बड़ दुलारथस। काबर अब्बड़ दारू पीथस कका! झन पीये कर।

नानकुन टूरी! मोला बरजथस। मंदहा ला झन बरज। मंदहा बांच जाथे अउ बरजईया मन मर जाथे। तोर दाई-ददा अब्बड़ बरजे मोला-झन पी सिरा जाबे अइसे फेर उही मन सिरागे कोरोना मा।

सिराना रिहिन तब जम्मो परिवार मर जातेंव। दाई-ददा दुनो कोई मरगे अउ टूरी ला छोड़ दिस। अब पढ़ाई-लिखाई शादी-बिहाव के खर्चा मोर माथे परगे। खेत घला बेचागे का थोथना मा बिहाव करहूं तोर... ?

झोला के चार सौ ला झटक लिस कका हा अउ फेर सरकारी अमृत दुकान कोती रेंग दिस बड़बड़ावत। आजकल नाचा नंदागे फेर गम्मत देखइया कमती नइ हे। सकेलागे भीड़। कोनो कमेलिन नोनी के मान नइ राखिस भलुक दांत खिसोर के हाँसिस जम्मो कोई। लइका आय ते का होइस? वोकरो मान हाबे। फेर आज गांव के सियान मन घला भीष्म पितामह बनगे अउ जौन बेरा भीष्म पितामह आंखी मुंदथे तब सिरतोन महाभारत होथे। इहां तो महुआ रस के नरवा बोहावत हे कोन दुरपति बाचही? स्कूल के छुट्टी होगे। जम्मो लइका अब अपन-अपन घर जावत हाबे। गुरुजी घला,फेर कंचन के रोनहुत बरन ला देख के अतरगे। तीर मा आके अउ गोठिया डारिस।

बेटी तोला पढ़े के साध हाबे ते स्कूल मा आ जाबे।

नहीं गुरुजी! पइसा कमा के नइ जाहूं तब मोर कका हा मारही नंगते ले। भलुक मोर काकी अब्बड़ मया करथे फेर कका बखानथे। टूरा रहितेस तब राखतेंव। कोट-कोट ले दाइज-डोल आतिस फेर तेहां तो टूरी आस-खरचा करइया। घर ला जुच्छा करइया। भलुक कोनो संग भाग जाबे फेर बिहाव के खरचा झन कराबे कहिथे। कहां भागे के गोठ करथे गुरुजी कका हा? जौन भागथे तौन मन ला पइसा नइ लागे?

गुरुजी फेर मुक्का होगे। आंखी म आंसू आगे। कुछु गुनिस अउ उदुप ले कहिथे।

बेटी! मोर घर रहिबे चल, जतका पढ़बे पढ़ाहूं। अपन बेटी बना के जतन करहूं।

नहीं गुरुजी! भलुक कका हा मोला मर जाये कहिके सरापथे फेर काकी अब्बड़ मया करथे। मोर बिना वोहू हा नइ जी सकही। गुरुजी! वोला छोड़ के नइ जाववं। नवा नत्ता जोरे बर जुन्ना नत्ता ला नइ टोरो गुरुजी!

गुरुजी देखते रहिगे कंचन के चेहरा ला। गरब अउ साभिमान मा सिरतोन कंचन बरोबर चमकत हाबे।

ठीक हे तोर कका ला रोजी ले मतलब हे न। मेंहा देहूं तोला पइसा। फेर काली ले बुता झन करबे सिरिफ पढ़बे।

नहीं गुरुजी! मोर काकी के इलाज बर कमाये ला लागही मोला। सबके किस्मत में विद्या धन नइ राहय। मोरो मा नइ होही... ? फेर लांघन नइ मरो गुरुजी मेंहा अउ मोर काकी-कका बर जिये ला लागही! कका बिगड़ाहा होगे हावय तब महुं तो अपन आदत ला मइलाहा नइ कर सकवं गुरुजी!

कंचन के विचार ल सुन के गुरुजी गदगद होगे। भलुक वोकर घर जाय बर नइ खंधिस कंचन हा फेर गुरुजी के अंतस म घर बना डारिस। अब कॉपी-किताब बिसाये बर चलदिस गुरूजी हा। नोनी भलुक कतको कमा ले आखर अंजोर तो सब ला चाही।

ठीक हे बेटी! तोला रोज पढ़ाहूं छुट्टी के पाछू। तभे तो पोठ बनबे। अपन अधिकार ला जानबे। अपन घर मा भलुक रहा फेर कोनो भी जिनिस के कमती होही अपन बाबूजी समझ के मांग लेबे।

गुरुजी के गोठ सुनके टुपटुप-टुपटुप पांव परिस कंचन हा। आंखी ले आंसू आवत हाबे अब। गुरुजी घला अपन एकलौता बेटा के दुख ला बिसरा डारिस कंचन ला देख के। जम्मो लइका मन नाचत-कूदत घर लहुटत हाबे काली नवा उछाह संग स्कूल लहुटे बर। कंचन घला अपन डलिया टुकनी ला मुड़ी मा बोहो के घर कोती लहुटत हाबे अब। ससनभर देखत हाबे गुरुजी हा लुसुर-लुसुर रेंगइया कंचन ला, कमेलिन नोनी अउ गुणवती नोनी ला।

**चन्द्रहास साहू द्वारा श्री राजेश चौरसिया**
**आमातालाब रोड श्रध्दानगर धमतरी**

## यमनी सरकार ने हौथियों के साथ शांति वार्ता का स्वागत किया

अदन (यमन)। हौथी विद्रोहियों के एक प्रतिनिधिमंडल के नए दौर की शांति वार्ता के लिए सऊदी अरब पहुंचने के बाद यमनी सरकार ने कहा है कि वह देश में आठ साल के गृह युद्ध को समाप्त करने के लिए उठाये जा रहे सभी क़दमों का स्वागत करती है। शुक्रवार को एक संक्षिप्त प्रेस बयान में, यमनी विदेश मंत्रालय ने सऊदी अरब, ओमान, संयुक्त राष्ट्र और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के अन्य सदस्यों द्वारा चलाये जा रहे शांति प्रयासों के लिए अपना पूर्ण समर्थन घोषित किया।

# देश विदेश

# किम जोंग की यात्रा के दौरान किसी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं : रूस


**मॉस्को**, 16 सितम्बर (एजेंसियां)। रूस ने कहा है कि उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन की रूस की यात्रा के दौरान किसी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए गए हैं। उत्तर कोरियाई नेता फिलहाल रूस की यात्रा पर हैं। रूसी राष्ट्रपति भवन क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने शुक्रवार को संवाददाताओं से कहा, किसी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए गए और किसी पर हस्ताक्षर करने की कोई योजना नहीं थी। समाचार पत्र 'डॉन' ने शनिवार को बताया कि रुस का बयान ऐसे समय में आया है जब पश्चिमी देश इस बात पर



चिंता व्यक्त कर रहे हैं कि दोनों अलग-थलग देश हथियार सौदे की तैयारी कर रहे हैं। श्री किम ने इस सप्ताह की शुरुआत में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की।माना जाता है कि रुस यूक्रेन में लड़ाई जारी रखने के लिए उत्तर कोरियाई गोला-बारूद खरीदने में दिलचस्पी रखता है जबकि उत्तर कोरिया अपने मिसाइल कार्यक्रम को विकसित करने के लिए रूस की मदद चाहता है। पश्चिमी देशों ने रूस और उत्तर कोरिया को हथियार सौदा करने के खिलाफ चेतावनी दी है। उन देशों का मानना है कि कोई भी सौदा उत्तर कोरिया पर प्रतिबंधों की अवहेलना करेगा। बुधवार को श्री किम से मुलाकात के बाद श्री पुतिन ने कहा कि उन्होंने सैन्य सहयोग के लिए 'संभावनाएं' देखीं। उन्होंने कहा कि रूसी सुदूर पूर्व के अपने विस्तारित दौरे के हिस्से के रूप में श्री किम ने शुक्रवार को प्रमुख रूसी इंजीनियरिंग केंद्र, कोम्सोमोल्स्क-ऑन-अमूर में एक रूसी सैन्य विमानन कारखाने का दौरा किया। उन्होंने रूस के सुखोई एसयू-35 और एसयू-57 लड़ाकू विमानों का उत्पादन देखा और एसयू-35 की एक प्रदर्शन उड़ान देखी।

**पश्चिमी देश हथियार सौदे की तैयारी पर जता रहे हैं चिंता**

## शीर्ष डीपीआरके नेता ने रूसी विमानन संयंत्र का दौरा किया



**सोल।** डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया (डीपीआरके) के शीर्ष नेता किम जोंग उन ने शुक्रवार को रूस के सुदूर पूर्व के औद्योगिक केंद्र कोम्सोमोल्स्क-ऑन-अमूर में पहुंच कर एक प्रमुख विमानन संयंत्र का दौरा किया। आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने शनिवार को यह जानकारी दी। वर्कर्स पार्टी ऑफ कोरिया के महासचिव और डीपीआरके के राज्य मामलों के अध्यक्ष किम जोंग ने यूरी गगारिन एविएशन प्लांट की यात्रा के दौरान, इसकी तकनीकी विशिष्टताओं और उड़ान प्रदर्शन का विस्तृत विवरण देखने के लिए एसयू -57 फाइटर जेट पर सवार हुये और एसयू -35 फाइटर जेट का उड़ान प्रदर्शन देखा। रिपोर्ट में कहा गया है कि उन्होंने कारखाने में उत्पादित यात्री विमनों के प्रदर्शन के बारे में भी जाना। रिपोर्ट में कहा गया है कि किम जोंग रूसी विमान निर्माण उद्योग की स्वतंत्र क्षमता और आधुनिकता से काफी प्रभावित हुये। यूरी गगारिन एविएशन प्लांट 1934 में स्थापित किया गया था और यह रूसी रक्षा उद्योग और हवाई परिवहन उद्योग का एक महत्वपूर्ण आधार है।

## युद्ध के कारण यूक्रेन में ऐतिहासिक स्थल खतरे में : यूनेस्को

**कीव**, 16 सितम्बर (एजेंसियां)। यूनेस्को ने कहा है कि रूस के साथ चल रहे युद्ध के कारण यूक्रेन की राजधानी कीव और ल्वीव शहर में ऐतिहासिक स्थलों के नष्ट होने का खतरा है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र सांस्कृतिक निकाय के अनुसार, इन स्थलों में कीव में प्रतिष्ठित सेंट सोफिया कैथेड्रल, शहर के कीव-पेचेर्सक लावरा की मध्ययुगीन इमारतें और ल्वीव में ऐतिहासिक केंद्र शामिल हैं। इन स्थलों को यूनेस्को की ख़तरे में पड़ी विश्व विरासत की सूची में रखा गया है। एक बयान में, यूनेस्को ने कहा कि उसकी विश्व धरोहर समिति ने निष्कर्ष निकाला है कि युद्ध के कारण इन संपत्तियों पर खतरा है। सीधे हमले के खतरे का सामना करते हुए, ये स्थल बमबारी के कारण खतरे में हैं।

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, लविवि के ऐतिहासिक पुराने शहर की स्थापना मध्य युग में हुई थी और इसने 13वीं से 20वीं शताब्दी तक एक प्रशासनिक, धार्मिक और वाणिज्यिक केंद्र के रूप में अपनी वास्तुकला और सांस्कृतिक विरासत को बनाए रखा है। इसे 1998 में विश्व विरासत सूची में जोड़ा गया था। सेंट सोफिया कैथेड्रल, 11वीं शताब्दी में बनाया गया था और इसे तुर्की में हागिया सोफिया को टक्कर देने के लिए डिजाइन किया गया था, जो उस समय कॉन्स्टेंटिनोपल का हिस्सा था। यह उस युग की कुछ जीवित इमारतों में से एक है। कीव-पेचेर्स्क लावरा की स्थापना कैथेड्रल के लगभग उसी समय हुई थी।

## सुडोकू 6319

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | | | | | | 3 | |
| | | 1 | 3 | | 8 | | | |
| | | 8 | | | | 7 | | |
| | 1 | 2 | 6 | | | | 8 | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 3 | 9 | | | | 7 | 2 | 1 | |
| | | 3 | | | | 1 | | |
| | | | 5 | | 3 | 4 | | |
| | 2 | | | | | | 9 | 3 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : रविवार 17 सितम्बर, 2023 भाद्र शुक्ल पक्ष 3

### राशिफल

मेष - आर्थिक और व्यावसायिक दृष्टि से आज का दिन लाभदायक रहेगा। लंबे समय का आर्थिक आयोजन पूरा कर सकेंगे। व्यवसायिक योजनाएं बना सकेंगे। परोपकार के उद्देश्य से किए गए काम से आपका मन खुश रहेगा। स्वास्थ्य बना रहेगा।

वृषभ - परिश्रम की अपेक्षा कम परिणाम मिलने पर भी आप निष्ठापूर्वक काम को आगे बढ़ाएंगे। आपके क्षेत्र की विशालता और वाणी की मधुरता अन्य लोगों को प्रभावित करेगी। उससे लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

मिथुन - आज आपका कुछ ज्यादा ही इमोशनल बना रहेगा। विशेष रूप से पानी वाली जगहों पर जाने से बचें। मन किसी बात को लेकर उलझन में रहेगा। आज आपमें निर्णयशक्ति का अभाव रहेगा।

कर्क - आज काम की सफलता आपकी राह देख रही है। इस कारण आपका आनंद उत्साह दोगुना होगा। मानसिक ताजगी और खुशी का अनुभव होगा। मित्रों, सगे-संबंधियों के साथ मुलाकात और पर्यटन पर जाने का कार्यक्रम बनेगा।

सिंह - आपका दिन मिश्रित फलदायी होगा। लंबी अवधि का आयोजन आपको दुविधा में डालेगा। काम में निर्धारित सफलता नहीं मिलेगी। परिवार में मेल-मिलाप का वातावरण रहेगा।

कन्या - आपकी वाणी का माधुर्य नए संबंध स्थापित करने में उपयोगी साबित होंगे। वैचारिक समृद्धि बढ़ेगी। व्यापार- धंधे में लाभ के साथ सफलता मिलेगी। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य भी बना रहेगा।

तुला - आज आपको स्वास्थ्य का ध्यान रखना पड़ेगा। मानसिक स्वास्थ्य में भी कमी रहेगी। मनमाना व्यवहार आपको मुसीबत में डाल सकता है। वाणी पर संयम रखें, अन्यथा किसी के साथ झगड़े-फसाद की आशंका है।

वृश्चिक - नौकरी-धंधा और व्यवसाय के क्षेत्र में आज आपको लाभ होगा। इसके साथ मित्रों, सगे- संबंधियों और बुजुर्गों से भी लाभ मिलेगा। सामाजिक समारोह, पर्यटन आदि पर जा सकेंगे। शरीर और मन से आप खूब खुश रहेंगे।

धनु - काम में सफलता का दिन है। नए काम की शुरुआत कर सकेंगे। व्यापारी अपने बिजनेस का आयोजन और विस्तार अच्छी तरह कर सकेंगे। नौकरी में उच्च पदाधिकारी आपकी पदोन्नति के लिए विचार करेंगे।

मकर - आपका आज का दिन मिश्रित फलदायी होगा। बौद्धिक कामों और व्यवसाय में नई विचारधारा अमल में लाएंगे। लेखन और साहित्य से संबंधित प्रवृत्तियों में आपकी रचनात्मकता दिखाई देगी।

कुंभ - नकारात्मक विचारों से मन में हताशा पैदा होगी। इस समय मानसिक उद्वेग और क्रोध की भावना का अनुभव करेंगे। खर्च बढ़ेगा। वाणी पर संयम न रहने के कारण परिवार में मनमुटाव और झगड़े की संभावना है।

मीन - दैनिक कामों से बाहर निकल कर आज आप घूमने- फिरने और मनोरंजन के पीछे समय व्यतीत करेंगे। स्वजनों तथा मित्रों के साथ पिकनिक पर जा सकते हैं।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## सड़क हादसे में एक ही परिवार के नौ सदस्यों की मौत




**इस्लामाबाद**, 16 सितम्बर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के दक्षिणी सिंध प्रांत के घोटकी जिले में शुक्रवार की रात एक सड़क दुर्घटना में दूल्हा सहित एक परिवार के नौ सदस्यों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, घोटकी में सुक्कुर-मुल्तान मोटरवे पर रवंती ग्रामीण क्षेत्र में एक कंटेनर ट्रेलर ने एक वाहन को टक्कर मार दी। वाहन में दूल्हा समेत परिवार के नौ लोग सवार थे। पुलिस, बचाव दल और स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे और पूरी तरह से क्षतिग्रस्त वाहन में से तीन शव और छह घायलों को निकाला। पुलिस के अनुसार, सभी घायलों ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने कहा कि पीड़ित परिवार सिंध के खैरपुर जिले के बाबरलोई शहर का निवासी था। परिवार के लोग शादी समारोह में शामिल होने के लिए पूर्वी पंजाब प्रांत जा रहा था।

## पाकिस्तान के आईएसआई प्रमुख नदीम अंजुम को मिला सेवा विस्तार

**इस्लामाबाद**, 16 सितम्बर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल नदीम अंजुम को सेवा विस्तार दिया गया है। द न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, इस संबंध में एक समरी को गुरुवार देर रात मंजूरी दे दी गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि इससे पहले, इंटेलिजेंस ब्यूरो के महानिदेशक फुआद असदुल्लाह को पिछले साल दिसंबर में बरकरार रखा गया था, जब पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने उनकी सेवानिवृत्ति से एक सप्ताह पहले उन्हें तीन साल का विस्तार दिया था। नदीम अंजुम को 20 नवंबर 2021 को फैज हमीद की जगह डीजी आईएसआई



**नदीम अंजुम को 20 नवंबर 2021 को फैज हमीद की जगह बनाया गया था डीजी आईएसआई**

बनाया गया था। इससे पहले, वह कराची कोर के कमांडर थे, जहां उन्होंने सितंबर 2019 में थ्री-स्टार जनरल के पद पर पदोन्नति के बाद से सेवा दी थी। मोहरा शेखान, गुज्जर खान के मूल निवासी, अंजुम को सितंबर 1988 में कमीशन दिया गया था और वह पाकिस्तान सैन्य अकादमी के 78वें लॉन्ग कोर्स में थे। वह पंजाब रेजिमेंट से हैं। नदीम ने संघीय प्रशासित जनजातीय क्षेत्र (अब खैबर पख्तूनख्वा में विलय) के अशांत हिस्सों से लेकर बलूचिस्तान और नियंत्रण रेखा पर विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। द न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने कुर्रम एजेंसी में एक ब्रिगेड की कमान संभाली और इसके महानिरीक्षक के रूप में फ्रंटियर कांस्टेबुलरी, बलूचिस्तान का नेतृत्व किया। उन्होंने ब्रिटेन में रॉयल कॉलेज ऑफ डिफेंस स्टडीज से स्नातक की उपाधि प्राप्त की और अमेरिका के होनोलूलू में एशिया-पैसिफिक सेंटर फॉर सिक्योरिटी स्टडीज से मास्टर डिग्री प्राप्त की।

## बीआरआई पर भारत के विरोध का कारण 'चीन-पाक आर्थिक कॉरिडोर'

**नई दिल्ली**, 16 सितम्बर (एजेंसियां)। इटली ने हाल ही में संपन्न जी-20 दिल्ली शिखर सम्मेलन के दौरान स्पष्ट रूप से संकेत दिया था कि वह चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) को छोड़ने की योजना बना रहा है। हालांकि, यह कई मध्य एशियाई और यहां तक कि यूरोपीय देशों (जैसे इटली) से बहुत अधिक समर्थन हासिल करने में कामयाब रहा, जिन्होंने इसके माध्यम से एशिया में अपने व्यापार को बढ़ावा



**इटली ने भी हाल ही में बीआरआई को छोड़ने का दिया है संकेत**

देने की संभावना देखी, भारत इस परियोजना का लंबे समय से विरोधी रहा है। बीआरआई पर भारत के विरोध का मुख्य जोर यह रहा है कि चीन-पाकिस्तान आर्थिक कॉरिडोर (सीपीईसी) जो बीआरआई का हिस्सा है, उसकी क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता का उल्लंघन है क्योंकि इसमें वह भूमि भी शामिल है जिस पर भारत अपना दावा करता है। भारत ने इस पहल में पारदर्शिता और खुलेपन की कमी की ओर भी इशारा किया है। भारत बीआरआई की अवधारणा का विरोध कर रहा है, क्योंकि यह 2017 में वास्तविक कार्यान्वयन के तहत आया था।

## ऑस्ट्रेलिया में भीषण गर्मी की चेतावनी जारी

**सिडनी**, 16 सितम्बर (एजेंसियां)। आस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) राज्य में इस सप्ताह से लेकर अगले सप्ताह तक भीषण गर्मी की चेतावनी जारी की गई है। मौसम के इस मिजाज को देखते हुए सिडनी मैराथन 2023 के लिए करीब 42 हजार धावकों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। एनएसडब्ल्यू स्वास्थ्य मंत्रालय (एनएसडब्ल्यू हेल्थ) ने शुक्रवार को जारी एक बयान में बताया कि राज्य के कई क्षेत्रों में अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से अधिक होने का अनुमान है। एनएसडब्ल्यू हेल्थ के स्वास्थ्य सुरक्षा के कार्यकारी निदेशक जेरेमी मैकएनल्टी ने चेतावनी देते हुए कहा , गर्म मौसम की स्थिति में राज्य के कुछ हिस्सों में साल के इस समय में तापमान सामान्य से 10 डिग्री सेल्सियस तक अधिक होगा और एनएसडब्ल्यू स्वास्थ लोगों को अपना ख्याल रखने का अपील करता है,(

## वर्ग पहेली 6319

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | ■ |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | ■ | २३ | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. देश के पूर्व प्रधानमंत्री का नाम जिनका जन्मदिन चार वर्षों एक बार आता है
३. गतिरोध
५. आकर्षक, उच्चकोटि का
६. किराया भाड़ा
७. पानी से भरा, सजल
९. निवासी (उर्दू)
१०. भारतीय सेवा का एक अंग
१२. तबाही, बाढ़
१३. रक्तवाहिनी, नस, नाड़ी
१४. पुलिस का सिपाही
१६. और, एवं
१८. मुर्गा के सिर का आभूषण
२०. निपुणता
२१. आवश्यकता (उर्दू)
२३. टकराव, भिड़ंत

**ऊपर से नीचे:-**

१. सौदेबाजी
२. लाल कमल
३. अप्रसन्न, खफ़ा
४. भ्रम, भ्रांति, संशय (उर्दू)
५. उत्तेजित करना, भड़काना
८. ज्यों का त्यों
१०. जीर्ण-शीर्ण
११. नौकर, खिदमतगार
१२. नम्र, प्रार्थी
१३. धुला हुआ, निर्मल
१४. प्रार्थी
१५. सामर्थ्य, शक्ति
१७. थाली
१८. परिश्रमी
१९. सियार
२२. खुशी

### वर्ग पहेली-6318

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ श | नैः | २ श | नैः | ■ | ■ | 3 वि | घ्न | ४ ह | र्ता |
| शि | ■ | शि | ■ | ५ प | थि | क | ■ | त्या | ■ |
| ६ क | टु | व | च | न | ■ | ७ ल | ह | रा | ८ ना |
| ला | ■ | द | ■ | ९ प | त | न | ■ | ■ | ज |
| ■ | १० आ | ना | ११ जा | ना | ■ | ■ | १२ ई | ध | न |
| ■ | जा | ■ | र | ■ | १३ नि | प | ट | ■ | ख |
| १४ प | द | १५ र | ज | ■ | वि | ■ | ■ | १६ सा | १७ रा |
| ल्ल | ■ | स | ■ | १८ आ | दा | १९ ता | ■ | ह | ■ |
| २० वि | द्रो | ही | ■ | र्थि | ■ | २१ मी | मां | स | २२ क |
| त | ■ | २३ न | र | क | पा | ल | ■ | ■ | ष्ट |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1598- नीदरलैंड के नाविकों ने मॉरीशस की खोज की।
1761- कोसाब्रोमा का युद्ध लड़ा गया।
1778- अमेरिका और भारतीय जनजातियों के बीच पहली संधि (फोर्ट पिट) पर हस्ताक्षर किये गये।
1828- क्यूशू, जापान में आये भयानक तूफान से लगभग 10,000 लोग मारे गए थे।
1914- एंड्रयू फिशर तीसरी बार ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री बने।
1934- तत्कालीन सोवियन रूस लीग ऑफ नेशनंस में शामिल हुआ।
1941 - न्यूजीलैंड की लेबर पार्टी ने मृत्युदंड समाप्त कर दिया।
1949 - द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) की स्थापना हुई।
1950 - प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्म।
1956 - भारतीय तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग का गठन हुआ।
1956 - ऑस्ट्रेलिया में पहली बार टेलीविजन पर प्रसारण हुआ।
1956 - नॉर्मन बकले ने अपने मोटरबोट में विश्व जल गति रिकॉर्ड को तोड़ा।
1957 - मलेशिया संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुआ।
1974 - बंगलादेश, ग्रेनेडा और गिनी बिसाऊ संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुए।
1976 - नासा ने सार्वजनिक रूप से अपने पहले स्पेस शटल का खुलासा किया।
1988 - दक्षिण कोरिया के सोल में ग्रीष्मकालीन ओलंपिक का आयोजन हुआ।
2004 - यूरोपीय संसद ने मालदीव पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव पारित किया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### मणिपुर व नूंह की घटना से...

'इंडिया' गठबंधन से घबराई मोदी सरकार- प्रधानमंत्री और भोजपा नेताओं के हमलों से हमारे 'इंडिया' गठबंधन की 3 बैठकों की सफलता का अंदाजा लगाया जा सकता है। हमारा कारवां जैसे-जैसे आगे बढ़ेगा, इनके हमले तेज होंगे। 'इंडिया' गठबंधन की मुंबई में हुई बैठक के बाद ईडी, आईटी, सीबीआई को सरकार ने विपक्षी नेताओं से राजनीतिक बदला लेने के लिए लगा दिया है। ये स्वस्थ लोकतंत्र की भावना के खिलाफ है, लेकिन अफसोस कि यही हकीकत है।

159 लोगों को आमंत्रित किया गया - तेलंगाना के हैदराबाद में कांग्रेस वर्किंग कमेटी की दो दिन चलने वाली इस बैठक के दौरान पांच राज्यों में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कई चरणों में चर्चा होगी। इस बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत, छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल समेत कई नेता शामिल हुए हैं। रविवार को विस्तारित सीडब्ल्यूसी की बैठक होगी, जिसमें सभी राज्य पार्टी प्रमुखों और सीएलपी नेताओं के अलावा संसदीय दल के पदाधिकारियों, केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्यों को आगामी चुनावों के लिए रणनीति बनाने के लिए आमंत्रित किया गया है। वेणुगोपाल ने कहा कि हमने 159 लोगों को आमंत्रित किया, उनमें से 147 रविवार को बैठक में भाग ले रहे हैं।

बारामुल्ला में सेना ने ...

करने के लिए ड्रोन और हेलीकॉप्टरों को तैनात किया गया है। बुधवार को आतंकवादियों ने 19 राष्ट्रीय राइफल्स के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष धोंचक, जम्मू-कश्मीर पुलिस के उपाधीक्षक हुमायूं भट और एक सैनिक की हत्या कर दी।

**उच्च तकनीक उपकरणों का उपयोग**

इस जंग में उच्च तीव्रता वाले ऑपरेशनों में भारतीय सेना बल सटीक आग के उच्च प्रभाव के साथ-साथ निगरानी और गोलाबारी के वितरण के लिए उच्च तकनीक वाले उपकरणों उपयोग कर रही है। सेना की उत्तरी कमान ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, सेना कमांडर, उत्तरी कमान ने अनंतनाग के कोकेरनाग वन क्षेत्र में चल रहे ऑरेशन की समीक्षा की है।

### भाजपा के लोगों को छत्तीसगढ़ और ...

यही ये लोग करते रहे हैं। भाजपा के परिवर्तन यात्रा के रथ पर महतारी की तस्वीर सीढ़ी के पास लगाने की वजह से शुक्रवार को कांग्रेस ने विरोध भी जताया था। रायपुर में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का पुतला जलाया गया था। विधायक विकास उपाध्याय शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे के नेतृत्व मे कार्यकर्ताओ ने कोतवाली चौक के सामने भाजपा नेताओ के खिलाफ जमकर नारेबाजी की थी।

**छत्तीसगढ़ की चिंता थी तो देकर जाते**

शुक्रवार को रायपुर आए केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने प्रदेश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली में अनाज की गड़बड़ी का दावा किया। अधिकारियों से कहा कि केंद्र पूरा धान खरीदता है कोई स्थानीय मंत्री कहे कि स्टेट पैसा देता है तो उसपर केस करें, क्योंकि पूरा पैसा केंद्र देता है। इसके जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा- इनका काम केवल झूठ बोलना है।मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा के नेताओं को जनता नकार रही है। आज से 4 साल पहले कृषि मंत्री रविंद्र चौबे अधिकारियों को लेकर गए थे, तब पीयूष गोयल ने ही कह दिया था कि आप समर्थन मूल्य से अधिक दे रहे हैं तो हम आपका चावल नहीं लेंगे, हमें बाजार में बेचना पड़ा। फिर से आकर झूठ बोलकर जा रहे हैं। हमें तो विभाग से 6 हजार करोड़ लेना है , आए थे तो देकर जाते, प्रदेश के लोगों का हित चाहते तो देकर जाना था।

**भाजपा के नेताओं का मौसम खराब**

भूपेश बघेल ने कहा कि अमित शाह यहां के नेताओं से नाराज हैं। पिछले दिनों भाजपा के आरोप पत्र लॉन्च कार्यक्रम में भीड़ नहीं थी। अन्य कार्यक्रमों में भी लोग नहीं आ रहे। ये लोग कहते हैं मौसम खराब होने की वजह से नहीं आ रहे, मौसम ठीक है, मौसम का बहाना बना रहे हैं। मौसम तो इनके नेताओं का ठीक नहीं है।

**छत्तीसगढ़ व राजस्थान में ...**

से कांग्रेस के पक्ष में दिखाई दे रहे हैं। सर्वे में कांग्रेस को 94 से 122 और बीजेपी को 60 से 88 और अन्य के खाते में 8 से 28 सीटें मिलने का अनुमान है। राज्य में अशोक गहलोत की योजनाओं का लाभ कांग्रेस को मिलता हुआ दिखाई दे रहा है। तो दूसरी ओर वसुंधरा राजे सिंधिया की नाराजगी बीजेपी पर भारी पड़ सकती है।

## दुनिया को जानें

### अमेरिका ने यूनिवर्सल फ्लू वैक्सीन का परीक्षण किया शुरू

**लॉस एंजिल्स**, 16 सितम्बर (एजेंसियां)। अमेरिका ने एक नए यूनिवर्सल फ्लू वैक्सीन की जांच शुरू कर दी है। यह घोषणा यूएस नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ (एनआईएच) ने की है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, यूएस नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एलर्जी एंड इंफेक्शियस डिजीज (एनआईएआईडी) द्वारा प्रायोजित परीक्षण, सुरक्षा और प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया उत्पन्न करने की क्षमता के लिए फ्लुमोस-वी2 नामक टीके का परीक्षण करेगा। वैक्सीन को एनआईएआईडी के वैक्सीन रिसर्च सेंटर के शोधकर्ताओं द्वारा डिजाइन किया गया है। इसे स्व-संयोजन नैनोकण मचानों पर दोहराए जाने वाले पैटर्न में इन्फ्लूएंजा वायरस हेमाग्लगुटिनिन प्रोटीन के हिस्से को प्रदर्शित करके कई अलग-अलग इन्फ्लूएंजा वायरस उपभेदों के खिलाफ एंटीबॉडी प्रेरित करने के लिए डिजाइन किया गया है। वायरस प्रोटीन के इन हानिरहित टुकड़ों के संपर्क में आने से प्रतिरक्षा प्रणाली वास्तविक वायरस को पहचानने और उससे लड़ने के लिए तैयार हो जाती है। शुक्रवार को एनआईएच के अनुसार, जब जानवरों पर परीक्षण किया गया, तो प्रायोगिक टीके के परिणामस्वरूप मजबूत एंटीबॉडी प्रतिक्रियाएं हुईं।

# खेल जगत

## रोहन बोपन्ना विदाई डेविस कप मुकाबले के लिए तैयार

**लखनऊ,** 16 सितम्बर (एजेंसियां)। करीब 23 साल के लंबे अंतराल पर डेविस कप की मेजबानी कर रही नवाब नगरी लखनऊ रविवार को भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना के आखिरी डेविस कप मुकाबले की गवाह बनेगी। टेनिस के विश्व कप के रूप में माने जाने वाले डेविस कप में विश्व ग्रुप-2 के मुकाबले शनिवार को गोमती नगर के विजयंत खंड मिनी स्टेडियम में भारत के शशिकुमार मुकुंद और मोरक्को के यासिन डिलीमी के बीच एकल मैच से शुरू हो गये। दूसरा एकल सुमित नागल और एडम माउंडिर के बीच खेल जायेगा। रविवार को रोहन बोपन्ना और युकी भांबरी की भारतीय जोड़ी मोरक्को के इलियट बेनचेट्रिट और यूनुस लालामी लारौसी से मुकाबला करेगी। बोपन्ना ने हाल ही में अमेरिकी ओपन के युगल फाइनल में प्रतिस्पर्धा करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बनकर इतिहास रचा था।



# अगर मैं थोड़ी सामान्य बल्लेबाजी करता तो हम जीत जाते : शुभमन गिल

**कोलंबो,** 16 सितंबर (एजेंसियां)। सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने अपना पांचवां एकदिवसीय शतक व्यर्थ जाने के बाद स्वीकार किया कि उन्हें टीम को संभालना चाहिए था। अगर उन्होंने सामान्य रूप से बल्लेबाजी की होती तो 266 रनों का पीछा किया जा सकता था। शुक्रवार को एशिया कप के रोमांचक सुपर फोर मैच में बांग्लादेश ने भारत को छह रनों से हरा दिया।

आर प्रेमदासा स्टेडियम की कठिन पिच पर, जहां उनकी टीम के बहुत कम साथी बल्ले से अच्छा प्रदर्शन कर पाए, गिल ने बांग्लादेश के चार सदस्यीय स्पिन आक्रमण के खिलाफ 133 गेंदों में 121 रनों की शानदार पारी खेली। उन्होंने अपने पैरों और क्रीज का अच्छा इस्तेमाल किया और आठ चौके और पांच छक्के लगाते हुए स्ट्राइक-रोटेशन पर भी भरोसा किया। लेकिन गिल का, मेहदी हसन की धीमी और ऑफ स्टंप से बाहर की डिलीवरी पर लॉन्ग ऑफ पर कैच आउट होना, मैच में निर्णायक मोड़ बन गया और अक्षर पटेल की 42 रन की शानदार पारी के बावजूद, भारत 259 रन पर आउट हो गया।

गिल ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, जब आप बल्लेबाजी कर रहे होते हैं तो बहुत अधिक एड्रेनालाईन होता है, कभी-कभी आप गलत अनुमान लगाते हैं। यह मेरी ओर से गलत अनुमान था। जब आप आउट हुए, तो आपने देखा कि बहुत समय बचा था। अगर मैंने थोड़ी सामान्य रूप से बल्लेबाजी की होती या उतनी आक्रामक तरीके से नहीं, तो हमें जीत हासिल करने में सक्षम होना चाहिए था। उन्होंने कहा,सौभाग्य से, यह हमारे लिए फाइनल नहीं था। ये उस तरह की सीख हैं जो एक बल्लेबाज के रूप में आप लेना चाहते हैं और आगे बढ़ना चाहते हैं। सौभाग्य से, यह मैच हमारे लिए फाइनल नहीं था और एक बल्लेबाज के रूप में ये उस तरह की सीख हैं। मुझे यह सीख लेना पसंद है और इसमें सुधार करना पसंद है।

गिल ने 2023 में वनडे में 1000 रनों का आंकड़ा भी पार कर लिया और बांग्लादेश के खिलाफ कठिन परिस्थितियों में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन ने विभिन्न परिस्थितियों में उनकी अनुकूलन क्षमता का प्रदर्शन किया। धीमे विकेटों पर, बहुत सारी डॉट गेंदें होती हैं। एक बल्लेबाजी समूह के रूप में हमारी बातचीत डॉट गेंदों को कम करने और स्ट्राइक रोटेट करने पर है। ट्रैक धीमा था और टर्न ले रहा था, इसलिए सिंगल लेना आसान नहीं है, खासकर नए बल्लेबाजों के लिए। बात इसे देर तक और शरीर के करीब खेलने की थी। धीमी विकेटों पर, विकेट के स्क्वायर पर अधिक रन बनते हैं और नीचे की ओर कम। तो, उद्देश्य यही था।



हालाँकि बांग्लादेश के स्पिनरों ने सामूहिक रूप से केवल चार विकेट लिए, लेकिन वे बीच के ओवरों में रन-फ्लो को रोकने में सक्षम थे, गिल ने कहा कि एक पहलू अभी भी भारत के लिए प्रगति पर है। कोई चिंता की बात नहीं है, लेकिन निश्चित रूप से यह एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें हम सुधार करना चाहते हैं। यहां आने से पहले हमने बेंगलुरु में एक शिविर लगाया था और इसी तरह के विकेटों पर अभ्यास किया था। विश्व कप इतना लंबा टूर्नामेंट है, और जैसे-जैसे हम टूर्नामेंट में आगे बढ़ेंगे, विकेट थोड़े धीमे होते जाएंगे। आने वाले बल्लेबाजों के लिए स्ट्राइक रोटेट करना और डॉट गेंदों को कम करना आसान नहीं है। बल्लेबाजी इकाई और गेंदबाजी समूह के रूप में हम इस पर काबू पाना चाहते हैं।

## एशिया कप फाइनल के लिए वाशिंगटन को बुलाया गया

एशिया कप के फाइनल से पहले बंगलादेश के खिलाफ मैच के दौरान चोटिल हुये ऑलराउंडर अक्षर पटेल के कवर के रूप में वॉशिंगटन सुंदर को बुलाया गया है। वाशिंगटन सुंदर अक्षर पटेल के कवर के रूप में श्रीलंका के खिलाफ रविवार को होने वाले फाइनल से पहले कोलंबो में भारत की एशिया कप टीम के साथ जुड़ने के लिए रवाना हो गए हैं। बंगलादेश के साथ एशिया कप के सुपर फोर के अंतिम मैच में अक्षर चोटिल हो गए थे। अभी तक यह साफ नहीं है कि अक्षर पटेल फाइनल में खेलेंगे या नहीं, हालांकि भारतीय टीम प्रबंधन ने एहतियातन सुंदर को कोलंबो बुलाया है। उल्लेखनीय है कि बंगलादेश के खिलाफ शुक्रवार को सुपर फोर मुकाबले में थ्रो से चोट लगने के बाद अक्षर की बांह में सूजन आ गई है। ईएसपीएनक्रिकइन्फो का मानान है कि अक्षर के हाथ में कोई फ्रैक्चर नहीं है और यह कदम सिर्फ एहतियाती है क्योंकि बल्लेबाजी के दौरान क्रीज में फुल-स्ट्रेच डाइव लगाने का प्रयास करते समय अक्षर की कलाई पर भी चोट लग गई थी। अक्षर ने हैमस्ट्रिंग की जकड़न की भी शिकायत की, जिस पर बल्लेबाजी करते समय टेप लगाने की जरूरत पड़ी। फाइनल के लिए उनकी उपलब्धता पर अंतिम फैसला लेने से पहले अगले 24 घंटों तक उनकी निगरानी की जाएगी । वॉशिंगटन एशियन गेम्स के लिए चुनी गई भारतीय् क्रिकेट टीम में भी शामिल हैं और जल्द ही कोलंबो में टीम से जुड़ जाएंगे। वॉशिंगटन का एशिया कप के फाइनल में टीम इंडिया से जुड़ना चौंकाने वाला नहीं है क्योंकि श्रीलंका के बैटिंग ऑर्डर में बाएं हाथ के कई बल्लेबाज हैं। वाशिंगटन की ऑफ ब्रेक गेंदबाजी पावरप्ले में टीम इंडिया के कारगर साबित हो सकती है। अक्षर पटेल वर्ल्ड कप के लिहाज से टीम इंडिया के लिए काफी अहम खिलाड़ी हैं। इसी वजह से भारतीय टीम मैनेजमेंट उनके साथ कोई जोखिम नहीं ले सकती हैं। सुपर फोर के अंतिम मैच में चोट लगने के बावजूद अक्षर ने बल्लेबाजी जारी रखी और टीम फिजियो ने समय समय पर आकर उनकी कलई में स्प्रे किया। उन्होंने भारत के 266 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 38 गेंदों में 42 रनों की शानदार पारी खेली। भारत आखिरकार छह रन से जीत हासिल करने से चूक गया।

# जेसन रॉय की फिटनेस का स्तर इस समय सबसे बड़ी चिंता का विषय : इयोन मोर्गन

**लंदन,** 16 सितंबर (एजेंसियां)। इंग्लैंड के 2019 वनडे विश्व कप विजेता कप्तान इयोन मोर्गन का मानना है कि दाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज जेसन रॉय की फिटनेस का स्तर इस समय सबसे बड़ी चिंता का विषय है, खासकर तब जब वह पीठ की ऐंठन के कारण न्यूजीलैंड पर टीम की 3-1 वनडे सीरीज जीत से चूक गए थे।

उनकी अनुपस्थिति में, बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज डेविड मलान ने सलामी बल्लेबाज के रूप में अपनी संभावनाओं का भरपूर फायदा उठाया है। मलान ने श्रृंखला में पहले 54 और 96 रन बनाने के बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ चौथे वनडे में 127 रन बनाए और 21 पारियों में 1,000 वनडे रन पूरे किए, जिसमें उनका औसत 61.52 रहा।

मॉर्गन ने स्काई स्पोर्ट्स पर कहा, अब सबसे बड़ी चिंता रॉय की फिटनेस का स्तर है। उन्हें आयरलैंड श्रृंखला में खेलना है क्योंकि आप इस समय चयन बैठक में किसी भी आत्मविश्वास के साथ नहीं बैठ सकते हैं और उन्हें विश्व कप के लिए चुन सकते हैं। उन्हें इससे गुजरना होगा।

रॉय ने मॉर्गन की कप्तानी में खेला जब उन्होंने लॉर्ड्स में नाटकीय समापन के बाद घरेलू धरती पर 2019 में पुरुष वनडे विश्व कप जीता। अगस्त में, रॉय को 15 सदस्यीय टीम में नामित किया गया था, जिसे इंग्लैंड 5 अक्टूबर से 19 नवंबर तक भारत में ट्रॉफी की रक्षा के लिए ले जाएगा।

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल आथर्टन ने रॉय की चल रही फिटनेस चिंताओं के प्रति सहानुभूति व्यक्त करते हुए कहा कि पीठ की ऐंठन से निपटना मुश्किल है। मुझे लगता है कि (रॉय की स्थिति) कई कारणों से चिंताजनक है, जिसमें मार्च के बाद से 50 ओवर के क्रिकेट में उनकी कमी भी शामिल है, जब उन्होंने बांग्लादेश में अच्छा प्रदर्शन किया था।



उन्होंने थोड़ा विटैलिटी ब्लास्ट, थोड़ा अमेरिका में मेजर लीग क्रिकेट, थोड़ा सा हंड्रेड खेला है, इसलिए यह श्रृंखला 50 ओवर के क्रिकेट की लय से फिर से परिचित होने का अवसर होगी जो कि टी20 से बिल्कुल अलग है, खासकर ऑर्डर के शीर्ष पर।

दूसरी चिंता चोट के प्रकार को लेकर है। मैं अपने अनुभव से कहता हूं कि पीठ की ऐंठन से निपटना मुश्किल होता है क्योंकि वे अचानक आते हैं और जब आप उन्हें प्राप्त करते हैं तो वे आपके दिमाग के पीछे होते हैं। आपको इस पर पूरा भरोसा नहीं है। आथर्टन ने यह भी बताया कि विश्व कप के लिए भारत में लगातार यात्रा करने से रॉय को टीम में अपनी जगह बरकरार रखने में मदद मिलेगी। भारत में इस टूर्नामेंट की प्रकृति का मतलब है कि आप एक स्थान से दूसरे स्थान तक उड़ान भर रहे हैं। हर दिन एक उड़ान का दिन है, अलग-अलग होटल, अलग-अलग बिस्तर, बहुत सारी यात्राएं, जो उस प्रकार की चोट के लिए अच्छा नहीं है। इंग्लैंड ने अभी तक अंतिम टीम का नाम नहीं बताया है और कौन जानता है, रॉय इसमें शामिल नहीं हो पाएं।

## वर्षों के संघर्ष और बलिदान का फल मिला है : बिचू देवी

**बेंगलुरु,** 16 सितंबर (एजेंसियां)।। फुटबॉल के प्रति गहरी दीवानगी वाले राज्य मणिपुर में पली-बढ़ी बिचू देवी खारीबाम का फुटबॉलर बनने की इच्छा होना कोई आश्चर्य की बात नहीं है। लेकिन नियति ने उसके लिए कुछ और ही सोच रखा था। बिचू ने याद किया, मणिपुर से होने के कारण फुटबॉल को चुनना मेरे लिए स्वाभाविक था। मुझे खेल खेलना पसंद था, लेकिन यह मेरे पिता ही थे जिन्होंने सुझाव दिया कि मुझे हॉकी में हाथ आजमाना चाहिए क्योंकि फुटबॉल टीम में जगह नहीं बन पा रही थी। उन्होंने मुझसे कहा कि अगर मुझे हॉकी पसंद नहीं है, तो यह ठीक रहेगा और मैं हमेशा फुटबॉल के लिए वापस आ सकती हूं।

एक बार जब मैंने खेलना शुरू किया, तो मुझे खेल से प्यार होने लगा। मैं एक स्ट्राइकर के रूप में खेलती थी लेकिन मैदान पर मेरी चपलता और मेरी ऊंचाई को देखते हुए, मेरे एक कोच ने मुझे गोलकीपिंग की कोशिश करने की सलाह दी। लेकिन मैं कभी ऐसा नहीं बनना चाहती थी । शुरुआत में यह मेरे लिए कठिन था, हालांकि, जैसे-जैसे समय बीतता गया, मैंने इसे अपनाना शुरू कर दिया। यह सच है कि जो कुछ भी होता है, अच्छे के लिए होता है। अगर यह सब नहीं होता, तो मैं यहां नहीं होती। 2023 में तेजी से आगे बढ़ते हुए, हॉकी स्टिक उठाए हुए लगभग एक दशक बाद, मणिपुर की युवा खिलाड़ी 19वें एशियाई खेलों के लिए हांगझाऊ जा रही है, जहां भारत स्वर्ण के लिए प्रतिस्पर्धा करेगा। अर्जेंटीना में 2018 युवा ओलंपिक में आकर्षक प्रदर्शन के साथ अपनी सफलता हासिल करने के बाद से उनका करियर तेजी से आगे बढ़ रहा है, जहां भारत ने ऐतिहासिक रजत पदक जीता था।

# पाकिस्तानी टीम को वनडे विश्व कप से पहले बड़ा झटका, गेंदबाज नसीम के विश्वकप खेलने पर संशय

**कोलम्बो** 16 सितंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान को वनडे विश्वकप से पहले एक बड़ा झटका लगा है, उनके तेज गेंदबाज नसीम शाह के विश्व कप से बाहर होने की आशंका है। तेज गेंदबाज नसीम का स्कैन करने पर उनके दाहिने कंधे की चोट का पता चला , जो शुरुआती आशंका से कहीं ज्यादा गंभीर है।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने यह नहीं बताया है कि नसीम की चोट कितनी गंभीर है। गेंदबाज के दाहिने कंधे के नीचे की मांसपेशियों में चोट लगने के कारण दुबई में उसका स्कैन कराया गया , जो उन्हें सोमवार को भारत के खिलाफ गेंदबाजी करते समय लगी थी। वह अपने ओवर के बीच में मैदान से बाहर थे और बाद में प्रतियोगिता से बाहर हो गए।

पाकिस्तान के दूसरे गेंदबाज हारिस रउफ ने भी साइड स्ट्रेन के कारण पांच ओवर के बाद गेंदबाजी नहीं की और पाकिस्तान ने विश्व कप से पहले एहतियात के तौर पर श्रीलंका के खिलाफ उन्हें आराम दिया।



नसीम को अभी लम्बे समय तक मैदान से बाहर रहने पर विचार किया जा सकता है। साल के अंत में ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज़ में उनकी टीम में जगह बनाने पर भी संदेह जताया जा रहा है और वह 2024 में पाकिस्तान सुपर लीग में भी खेलने से चूक सकते हैं।

एक वनडे गेंदबाज के रूप में उनकी विकेट चटकाने की क्षमता बहुत अधिक है। उन्होंने केवल 14 मैचों में 17 से कम की औसत से 32 विकेट लिए हैं। इस 20 वर्षीय तेज गेंदबाज को अपने करियर के शुरुआती दौर में कई चोटों की समस्या का सामना करना पड़ा है। वह 17 साल की उम्र में पीठ की चोट के कारण अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सिर्फ एक साल बिताने के बाद 14 महीनों के लिए दूरी बनाए रहना पड़ा था। उनकी वापसी के छह सप्ताह बाद काउंटी चैम्पियनशिप में कंधे की एक और चोट ने उन्हें एक महीने के लिए टीम से बाहर कर दिया था।

## सार संक्षेप

### एशिया कप फाइनल से पहले श्रीलंका को चोट का झटका

**कोलंबो।** पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप सुपर फोर मुकाबले में चोट के शिकार हुये श्रीलंका के हरफनमौला महेश थीक्षणा भारत के खिलाफ रविवार को खेले जाने वाले खिताबी मैच के लिये उपलब्ध नहीं होंगे। पाकिस्तान के खिलाफ सुपर फोर मैच के दौरान उनकी दाहिनी हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया था। शनिवार को आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया कि स्कैन के बाद मांसपेशियों में चोट की पुष्टि हुई। चयनकर्ताओं ने थीक्षाणा की जगह सहान अराचिगे को टीम में शामिल किया है। अराचिगे ने अब तक दो वनडे मैच खेले हैं। वह मध्यक्रम में बल्लेबाजी करते हैं और ऑफ-ब्रेक गेंदबाजी करते हैं। थीक्षाणा की चोट मेजबान टीम के लिए बड़ा झटका है। वह श्रीलंका के लिए एक प्रमुख खिलाड़ी थे और उन्होंने पांच मैचों में 29.12 की औसत से आठ विकेट लिए थे। वह रिहैबिलिटेशन के लिए हाई परफॉर्मेंस सेंटर लौटेंगे।

### हांगझाऊ में एथलीट गांव खुले, चीनी दल ने प्रवेश किया

**हांगझाऊ।** हांगझाऊ एशियाई खेल गांव का उद्घाटन समारोह शनिवार को यहां आयोजित किया गया, जो मेजबान चीन के खेल प्रतिनिधिमंडल के लिए टीम के स्वागत समारोह के रूप में भी कार्य करता है। गांव के मेयर ली हुओलिन ने स्वागत भाषण के साथ दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वयंसेवक और अन्य कर्मचारी उच्च स्तरीय सेवाएं प्रदान करने और इसे सभी के लिए सुरक्षित, गर्म और आरामदायक घर बनाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे।

# विश्व कप में भारत बेहद मजबूत गेंदबाजी लाइनअप के साथ उतरे : रैना

**नई दिल्ली,** 16 सितंबर (एजेंसियां)। भारत के पूर्व क्रिकेटर और 2011 वनडे विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रहे सुरेश रैना का मानना है कि मौजूदा टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी आगामी वनडे सीरीज में एक बहुत मजबूत गेंदबाजी लाइन-अप की जरूरत है ताकि उन्हें अगले महीने के शोपीस इवेंट विश्व कप में किसी भी टोटल का बचाव करने का आत्मविश्वास मिल सके। एकदिवसीय विश्व कप से पहले, भारत और ऑस्ट्रेलिया क्रमशः 22, 24 और 27 सितंबर को मोहाली, इंदौर और राजकोट में तीन मैचों की 50 ओवरों की श्रृंखला खेलेंगे। रैना ने जियोसिनेमा पर कहा, इंदौर का मैदान बहुत छोटा है और राजकोट का ट्रैक समतल है। इसके अलावा, ऑस्ट्रेलियाई टीम ने मोहाली में काफी खेला है और इसलिए मेरा मानना है कि उनका पलड़ा भारी रहेगा। इन छोटे मैदानों में, 340-350 के स्कोर का भी पीछा किया जा सकता है और भारतीय टीम को विश्व कप में किसी भी तरह के स्कोर का बचाव करने के लिए एक बहुत मजबूत गेंदबाजी लाइनअप की आवश्यकता होगी। रैना को यह भी लगता है कि शार्दुल ठाकुर और मोहम्मद शमी गेंद के साथ अहम भूमिका निभाते हैं, साथ ही रवींद्र जडेजा भी, खासकर तब जब ऑस्ट्रेलिया के पास कई बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं। हां, उनके पास बल्लेबाजी क्रम में बहुत सारे बाएं-दाएं संयोजन हैं। मेरे लिए शार्दुल ठाकुर एक्स-फैक्टर होंगे। निश्चित रूप से, मोहम्मद शमी।



मैं शमी को चुनूंगा क्योंकि उसके पास अपनी गेंदों को स्विंग कराने और यॉर्कर फेंकने का कौशल है। ऑस्ट्रेलियाई टीम में बहुत सारे बाएं हाथ के खिलाड़ी हैं और यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या रवींद्र जड़ेजा विकेट लेने में कामयाब होते हैं। सीरीज के लिए अपने प्रमुख खिलाड़ियों के बारे में पूछे जाने पर रैना ने कहा, %रोहित शर्मा सीरीज के दौरान सबसे ज्यादा रन बनाएंगे।

## विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया को झटका, ट्रैविस हेड को फ्रैक्चर

**केप टाउन,** 16 सितंबर (एजेंसियां)। विश्व कप से पहले आस्ट्रेलिया को तगड़ा झटका लगा है जब उसके सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेली जा रही एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय (वनडे) सीरीज के चौथे मुकाबले में घायल हो गए। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेली जा रही मौजूदा सीरीज के चौथे वनडे में गेराल्ड कोएत्ज़ी की एक खतरनाक तरीके से उठी एक शॉर्ट गेंद लगने से हेड के बाएं हाथ में फ्रैक्चर हो गया। ऑस्ट्रेलियाइ बल्लेबाज़ विश्व कप में खेलने के लिए समय पर फिट होंगे या नहीं यह कहना अभी मुश्किल है

मैकडॉनल्ड्स ने आईसीसी के हवाले से कहा, यह एक फ्रैक्चर है। यह कितना गंभीर है और उन्हें ठीक होने में कितना समय लगेगा, इसका पता स्कैन के बाद लगेगा। मुझे लगता है कि ट्रैविस हेड के बारे में विस्तार से तभी बताया जा सकता है जब वह स्कैन के लिए जाएंगे। मैं कोई डॉक्टर नहीं हूं, लेकिन मुझे लगता है कि यह चोट ज़्यादा है। विश्व कप नजदीक आ रहा है और ऐसे में यह होना बेहद दुखद है। हेड को विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलिया की प्रारंभिक 15-खिलाड़ियों की टीम में शामिल किया गया है और 29 वर्षीय खिलाड़ी को आठ अक्टूबर को चेन्नई में मेजबान भारत के खिलाफ टूर्नामेंट के अपने टीम के शुरुआती मैच के लिए फिट होने के लिए अब कड़ी मेहनत का सामना करना पड़ेगा।



विश्व कप में प्रतिस्पर्धा करने वाली टीमों को टूर्नामेंट के लिए अपनी अंतिम 15-खिलाड़ियों की टीम आईसीसी को सौंपने के लिए 28 सितंबर तक का समय दिया गया है और उस तारीख के बाद कार्यक्रम आयोजकों की अनुमति से ही बदलाव किए जा सकते हैं। यदि हेड को बाहर कर दिया जाता है तो ऑस्ट्रेलिया के पास उनकी जगह लेने के लिए मार्नस लाबुशेन और हार्ड-हिटिंग ऑलराउंडर टिम डेविड जैसे विकल्प मौजूद होंगे।

# भारत आंकड़ों के आधार पर क्रिकेट खेलता है और अक्सर अपने आंकड़ों को लेकर चिंतित रहता है : साइमन डूल

**लंदन,** 16 सितंबर (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज साइमन डूल ने पुरुष वनडे विश्व कप से पहले भारतीय टीम पर तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि उनके बल्लेबाज आंकड़ों के आधार पर क्रिकेट खेलने में ज्यादा रुचि रखते हैं और अक्सर अपने आंकड़ों को लेकर भी काफी चिंतित रहते हैं। भारत, 1983 और 2011 का चैंपियन, अपने 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप अभियान की शुरुआत 8 अक्टूबर को चेन्नई के एमए चिदंबरम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ करेगा।

डूल ने स्काई स्पोर्ट्स पर कहा, निडर क्रिकेट उनका मुद्दा है। वे पर्याप्त रूप से निडर क्रिकेट नहीं खेलते हैं। वे आंकड़ों पर आधारित क्रिकेट खेलते हैं और वे अक्सर अपने आंकड़ों को लेकर चिंतित रहते हैं। और मेरे लिए यही वह क्षेत्र है जिसके बारे में मैं उनकी बल्लेबाजी को लेकर चिंतित हूं। डूल ने यह भी कहा कि कठिन परिस्थितियों में निडर होकर खेलने में भारत की असमर्थता ने उन्हें हाल के आईसीसी टूर्नामेंटों में निराश किया है। उनके पास सारी प्रतिभाएं हैं और अगर दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी नहीं भी हैं तो उनमें से कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी हैं। लेकिन यह टूर्नामेंट के सही समय पर निडर क्रिकेट खेलने के बारे में है और मुझे लगता है कि पिछले कुछ विश्व कप में इसी बात ने उन्हें निराश किया है।

वे वहां जाकर जोखिम नहीं लेते क्योंकि वे इस बात को लेकर बहुत चिंतित रहते हैं कि क्या कहा जा सकता है या क्या छापा जा सकता है या कोई उनसे टीम में उनकी जगह के बारे में क्या पूछ सकता है। यही वह क्षेत्र है जिससे मैं चिंतित हूं। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन डूल के विचारों से सहमत थे। दूसरी चीज़ जिस पर उन्हें काबू पाना होगा वह है दबाव। अब आप तर्क देंगे कि एक भारतीय क्रिकेटर हर वक्त दबाव में रहता है. लेकिन 2011 (2013 चैंपियंस ट्रॉफी) के बाद से शायद वे आईसीसी आयोजनों में पिछड़ गए हैं, जब वे नॉकआउट चरण तक पहुंचते हैं। हम विश्व टी20 में एडिलेड में थे, जहां उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ औसत से कम स्कोर बनाया और इंग्लैंड ने उन्हें (दस विकेट से) हरा दिया। 2019 विश्व कप सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ उस पिच पर जो थोड़ा अच्छा प्रदर्शन कर रही थी, उन्होंने आगे बढ़ने का प्रयास किया।



उन्होंने कहा, जब आप नॉकआउट चरण में पहुँचते हैं, तो उन्हें बराबरी से ऊपर जाना होता है और उन्हें थोड़ा निडर क्रिकेट खेलना होता है। जब वे सेमीफ़ाइनल में पहुँचते हैं और दबाव होता है तब भी उन्हें निडर क्रिकेट खेलने की ज़रूरत होती है।

> **भारतीय खिलाड़ी पर्याप्त रूप से निडर क्रिकेट नहीं खेलते हैं। वे आंकड़ों पर आधारित क्रिकेट खेलते हैं और वे अक्सर अपने आंकड़ों को लेकर चिंतित रहते हैं। और मेरे लिए यही वह क्षेत्र है जिसके बारे में मैं उनकी बल्लेबाजी को लेकर चिंतित हूं: साइमन डूल**

नासिर ने कहा कि भारत के लिए उन्हें जो एकमात्र चिंता दिखती है वह यह है कि उनके बल्लेबाज अपने हाथ नहीं घुमाते हैं और उनके गेंदबाज बल्ले से ज्यादा अच्छा प्रदर्शन नहीं करते हैं। शायद उनमें जो कमी है वह यह है कि यदि आप उनके बल्लेबाजों को देखें, तो उनके बल्लेबाज गेंदबाजी नहीं करते हैं और उनके गेंदबाज बल्लेबाजी नहीं करते हैं। इसलिए उनकी टीम के लिए यह एक अलग स्थिति है कि वह इंग्लैंड में जहां सभी ऑलराउंडर मौजूद हैं या ऑस्ट्रेलिया में जहां सभी ऑलराउंडर मौजूद हैं। इंग्लैंड के 2019 वनडे विश्व कप विजेता कप्तान इयोन मोर्गन का मानना है कि घरेलू परिस्थितियों में खेलने से भारत को अन्य टीमों पर भारी बढ़त मिलेगी, लेकिन उन्हें निडर होकर खेलने और बाहरी शोर से दूर रहने की जरूरत है।

मुझे याद है कि भारत ने पिछली गर्मियों में यहां का दौरा किया था। राहुल द्रविड़ ने कोच के रूप में अपनी शुरुआती प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हम निडर क्रिकेट खेलना चाहते हैं। वे लगातार द्विपक्षीय सीरीज जीत रहे हैं, लेकिन टी20 विश्व कप में हार गए, जो एक नए कोच के रूप में उनकी पहली परीक्षा थी। एडिलेड में उन्हें यह सही नहीं लगा, लेकिन घरेलू परिस्थितियाँ आपको एक निश्चित स्तर का आराम और आदत देती हैं। वे पहले से ही वर्षों से आगे बढ़ चुके हैं, यह एक ऐसा लाभ है जो अन्य टीमों के पास नहीं है। उन्होंने निष्कर्ष निकाला, इसलिए भारत में शोर को रोकना बहुत आसान होगा क्योंकि उन्होंने पहले भी ऐसा किया है लेकिन ऐसा करने का निर्देश कप्तान और कोच से आएगा।

### सुडोकू 6319 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 2 | 1 | 5 | 9 | 3 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 3 | 7 | 8 | 6 | 4 | 2 |
| 2 | 3 | 8 | 9 | 4 | 6 | 7 | 5 | 1 |
| 7 | 1 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 | 8 | 9 |
| 6 | 8 | 5 | 1 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 | 1 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 7 | 2 | 9 | 1 | 6 | 5 |
| 1 | 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 4 | 2 | 7 |
| 5 | 2 | 7 | 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 3 |

देशबन्धु

# [अर्थ जगत]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| भारती एयरटेल | 2.37 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 2.23 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 1.66 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.57 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 1.51 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एशियन पेंट | 1.32 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनीलीवर | 1.26 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 0.80 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 0.69 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 0.49 प्रतिशत |

### सर्राफा

| दिल्ली | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 59820 |
| बिटुर | 54850 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 47,600 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 71,900 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 82.98 | 83.20 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2500-3000 |
| गेहूं दडा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2290 |
| मैदा | 945-950 |
| चोकर | 620-630 |

### चीनी-गुड़

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### चावल

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 3500-4000 |
| परमल | 1500-1850 |
| चावल सेला | 3000-3100 |
| आरआर (आठ ) | 1650-1670 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 8150-8250 |
| उड़द दाल | 11000-11100 |
| मूंग दाल | 10000-10100 |
| अरहर दाल | 10500-10600 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 16 सितम्बर (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में लगातार तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज भी टिकाव रहा, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



## बीआरआई भागीदार देश तेजी से अपना रहे आईएमएफ से बेलआउट का विकल्प

**नई दिल्ली,** 16 सितम्बर (एजेंसियां)। बेनन एक रिसर्च स्कॉलर और स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी में फ्रीमैन स्पोगली इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल स्टडीज के सेंटर ऑन डेमोक्रेसी, डेवलपमेंट एंड द रूल ऑफ लॉ में ग्लोबल इंफ्रास्ट्रक्चर पॉलिसी रिसर्च इनिशिएटिव के प्रबंधक हैं। फुकुयामा फ्रीमैन स्पोगली इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल स्टडीज में ओलिवियर नोमेलिनी सीनियर फेलो और स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी में इंटरनेशनल पॉलिसी में फोर्ड डोर्सी मास्टर के निदेशक हैं।





हाल के वर्षों में आईएमएफ ने जिन देशों को समर्थन देने के लिए हस्तक्षेप किया है, उनमें श्रीलंका (2016 में 1.5 अरब डॉलर), अर्जेंटीना (2018 में 57 अरब डॉलर), इथियोपिया (2019 में 2.9 अरब डॉलर), पाकिस्तान (2019 में 6 अरब डॉलर), इक्वाडोर (6.5 डॉलर) शामिल हैं। 2020 में अरब), केन्या (2021 में 2.3 अरब डॉलर), सूरीनाम (2021 में 68.8 करोड़ डॉलर), अर्जेंटीना फिर से (2022 में 44 अरब डॉलर), जाम्बिया (2022 में 1.3 अरब डॉलर), श्रीलंका फिर से (2023 में 2.9 अरब डॉलर) और बांग्लादेश (2023 में 3.3 अरब डॉलर)। इनमें से कुछ देशों ने नई आईएमएफ क्रेडिट सुविधाएं लागू होने के तुरंत बाद अपने बीआरआई ऋणों की अदायगी फिर से शुरू कर दी। उदाहरण के लिए, 2021 की शुरुआत में, केन्या ने नैरोबी को केन्या के हिंद महासागर बंदरगाह मोम्बासा से जोड़ने वाली एक संघर्षरत चीनी-वित्त पोषित रेलवे परियोजना के लिए ब्याज भुगतान में देरी पर बातचीत करने की मांग की।

हालांकि, अप्रैल में आईएमएफ द्वारा 2.3 बिलियन डॉलर की क्रेडिट सुविधा को मंजूरी देने के बाद बीजिंग ने केन्या में अन्य चीनी-वित्तपोषित परियोजनाओं पर ठेकेदारों को भुगतान रोकना शुरू कर दिया। परिणामस्वरूप, केन्याई उपठेकेदारों और आपूर्तिकर्ताओं को भुगतान मिलना बंद हो गया। लेख में कहा गया है कि उस साल बाद में, केन्या ने घोषणा की कि वह अब चीन से ऋण राहत के विस्तार की मांग नहीं करेगा और रेलवे परियोजना के लिए 761 मिलियन डॉलर का ऋण भुगतान किया। कुछ विश्लेषकों ने तर्क दिया है कि बीआरआई उभरते बाजारों में मौजूदा ऋण संकट का कारण नहीं है।

**■ आईएमएफ द्वारा 2.3 बिलियन डॉलर की क्रेडिट सुविधा को मंजूरी देने के बाद बीजिंग ने केन्या में अन्य चीनी-वित्तपोषित परियोजनाओं पर ठेकेदारों को भुगतान रोकना शुरू कर दिया**

वे बताते हैं कि मिस्र और घाना जैसे देशों पर चीन की तुलना में बांडधारकों या आईएमएफ और विश्व बैंक जैसे बहुपक्षीय ऋणदाताओं का अधिक बकाया है और वे अभी भी अपने ऋण बोझ का प्रबंधन करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। लेख में कहा गया है, लेकिन इस तरह के तर्क समस्या को गलत तरीके से चित्रित करते हैं, जो कुल मिलाकर खराब बीआरआई ऋण नहीं है, बल्कि छिपा हुआ बीआरआई ऋण भी है।

जर्नल ऑफ़ इंटरनेशनल इकोनॉमिक्स में 2021 के एक अध्ययन के अनुसार, विकासशील दुनिया के लिए चीन के लगभग आधे ऋण 'छिपे हुए' हैं, जिसका अर्थ है कि वे आधिकारिक ऋण आंकड़ों में शामिल नहीं हैं। अमेरिकन इकोनॉमिक एसोसिएशन द्वारा 2022 में प्रकाशित एक अन्य अध्ययन में पाया गया कि ऐसे ऋणों के परिणामस्वरूप 'छिपे हुए डिफ़ॉल्ट' की एक श्रृंखला हुई है। छिपे हुए ऋण के साथ पहली समस्या संकट के निर्माण के दौरान होती है, जब अन्य ऋणदाताओं को पता नहीं होता है कि दायित्व मौजूद हैं और इसलिए वे क्रेडिट जोखिम का सटीक आकलन करने में असमर्थ हैं।





## ओला ने बेंगलुरु में बाइक टैक्सी सेवा फिर से शुरू की

**बेंगलुरु,** 16 सितम्बर (एजेंसियां)। ओला के सह-संस्थापक एवं कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) भाविश अग्रवाल ने शनिवार से इलेक्ट्रिक बाइक टैक्सियों का संचालन फिर से शुरू करने की घोषणा की। श्री अग्रवाल ने आज यहां कहा कि ओला के एस1 इलेक्ट्रिक स्कूटर को शहर में बाइक टैक्सी के रूप में चलाया जाएगा। उन्होंने कहा, 'आज बेंगलुरु में ओला बाइक फिर से शुरू हो रही है। यह घोषणा कर्नाटक प्राइवेट ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के बंद के मद्देनजर आई है, जिसमें कांग्रेस सरकार से बेंगलुरु में टैक्सी संचालन पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है। इससे पहले, यात्रियों को ले जाने पर ऑटो रिक्शा चालकों द्वारा बाइक टैक्सी सवारों पर हमला करने के कुछ मामले सामने आए थे। ओला ने पहले बेंगलुरु में बाइक टैक्सी सेवा शुरू की थी लेकिन फिर उसे वापस ले ली। श्री अग्रवाल ने माइक्रोब्लॉगिंग साइट पर बाइक टैक्सियों की कीमतों की भी घोषणा की।

उन्होंने कहा कि पांच किलोमीटर की सवारी के लिए 25 रुपये और 10 किलोमीटर के लिए 50 रुपये तय किए गए हैं। उन्होंने कहा कि कीमत सबसे कम और सफर बहुत आरामदायक है, साथ ही यह पर्यावरण के लिए भी बढ़िया है।अगले कुछ महीनों में इस सेवा को पूरे भारत में बढ़ाया जाएगा।

## जिंसों में टिकाव

नई दिल्ली, 16 सितम्बर (एजेंसियां)। स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर पड़ने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के साथ ही दाल दलहन और अनाज मंडी में टिकाव रहा।



तेल-तिलहन: इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सोया रिफाइंड, वनस्पति तेल, सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल और पाम ऑयल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

दाल-दलहन: दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के दाम टिके रहे।

अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

## सोना 1880-1830 डॉलर के दायरे में रहने का अनुमान: एम के वेल्थ

मुंबई, 16 सितम्बर (एजेंसियां)। सम्पत्ति बाजार में जोखिमों का विश्लेषण एवं निवेश समाधान सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनी की एक ताजा रिपोर्ट में कहा गया कि अभी आने वाले कुछ समय तक वैश्विक बाजार में सोने का भाव 1880-1830 डॉलर प्रति औंस के एक लंबे दायरे में नीचे-ऊपर जा सकता है। वर्तमान में सोने के भाव 1960 डॉलर के दायरे में हैं। नेविगेटर शीर्षक से इस रिपोर्ट में कहा गया है कि सोने का बाजार पिछले एक महीने से 1880-1960 डॉलर के बीच है जबकि पिछले दो महीनों के दौरान गोल्ड ईटीएफ से निवेश की निकासी देखी गई थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि ईटीएफ में हाल के हफ्तों के दौरान पुन: कुछ पूंजी प्रवाह तेज हुआ है। इससे इस महंगी धातु में मजबूती आ सकती है। रिपोर्ट में कहा गया कि बाजार में सोने में उतार-चढ़ाव मूलत: दो कारकों, अमेरिकी ब्याज दरों की दिशा और अमेरिकी डॉलर की



दिशा से जुड़ा होता है। अमेरिका में ब्याज दरें बढ़ने की संभावनाओं से डालर की विनिमय दर में भी मजबूती आने की संभावनाएं बनी हुई हैं।

अमेरिकी फेडरल रिजर्व के प्रमुख ने अपने पिछले सम्बोधन में साफ किया था कि देश में मुद्रास्फीति पर लगाम लगाने के लिए अभी ब्याज दर और बढ़ने की जरूरत पड़ सकती है। पहले अमेरिकी अर्थव्यवस्था के प्रदर्शन को लेकर चिंता और अनिश्चितताएं व्यक्त की जा रही थीं , जिससे निवेश के विकल्प के रूप में सोने में चमक आ गयी थी , पर वे अनिश्चितताएं सही साबित नहीं हुई और अमेरिका में बेरोजगारी कम हुई है जो अर्थव्यस्था की मजबूती का संकेत है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस समय व्यापारियों को कुछ विकसित देशों में आर्थिक नरमी है और उसकी गहनता को लेकर चिंता है। इससे सोने की मांग तेज होने की संभावना कम है। रिपोर्ट का निष्कर्ष है कि मुद्रास्फीति और अनिश्चितताओं का वातावरण सोने को बढ़त दे सकता था, अगस्त की जैक्सन होल बैठक में फेडरल रिजर्व के चेरमैन जेरॉम पावेल के संबोधन केबाद मुद्रास्फीति के खिलाफ अमेरिकी फेड की लड़ाई का महत्व अधिक हो गया है। रिपोर्ट अनुसार ऐसे वातावरण में निकट अवधि में सोने का बाजार सीमित दायरे में दिखेगा।

### सार संक्षेप

#### वाणिज्यिक वाहन निर्माता एसएमएल इसुजु पर पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने लगाया जुर्माना

चेन्नई। पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पीपीसीबी) ने पर्यावरण संरक्षण कानूनों के उल्लंघन के लिए वाणिज्यिक वाहन निर्माता एसएमएल इसुजु पर पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। एसएमएल इसुजु के अनुसार, पीपीसीबी ने उसके पास पड़ी बैंक गारंटी को भुनाकर पांच लाख रुपए का जुर्माना लगाया है और सीवी निर्माता को 15 दिनों के भीतर पीपीसीबी की टिप्पणियों का पालन करने और अनुपालन रिपोर्ट जमा करने को कहा है। कंपनी को शुक्रवार को पीपीसीबी से आदेश/निर्देश प्राप्त हुए। एसएमएल इसुजु के अनुसार, पीपीसीबी की कुछ टिप्पणियां इस प्रकार हैं: भंडारण सुविधा एक से तीन साल तक खतरनाक कचरे को संग्रहीत करने के लिए पर्याप्त नहीं है। खतरनाक कचरा खुले में और ठोस कचरे के साथ मिश्रित रूप में पाया गया था। बस बॉडी प्लांट में, प्राइमर कोट सेक्शन में भी खामियां पाई गईं। सैंडिंग भी खुले में किया जा रहा था जिससे उत्सर्जन हो रहा था। पर्यावरण निकाय ने यह भी देखा कि एफआरपी (फाइबर रिइनफोर्स्ड पॉलिमर) निर्माण प्रक्रिया में कोई उत्सर्जन नियंत्रण या उपचार प्रणाली नहीं थी, और अपशिष्ट जल लाइनों के साथ अलग मापने वाले उपकरण उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। पीपीसीबी ने आगे बताया कि ट्रीटमेंट प्लांट के इनलेट पर कोई तेल और ग्रीस ट्रैप उपलब्ध नहीं कराया गया है। एसएमएल इसुजु के अनुसार, उसने पीपीसीबी की टिप्पणियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की है।

#### एमजीएम होटल में हैकिंग से एफटीसी अध्यक्ष लीना खान भी प्रभावित

सैन फ्रांसिस्को। अमेरिकी संघीय व्यापार आयोग (एफटीसी) की अध्यक्ष लीना खान लास वेगास के एमजीएम होटलों में से एक में ठहरे हजारों मेहमानों में से एक थीं, क्योंकि एमजीएम रिसॉर्ट्स इंटरनेशनल को बड़े पैमाने पर हैकिंग का सामना करना पड़ा, इससे वेबसाइट ठप होने के कारण इसकी स्लॉट मशीनें और एटीएम बंद हो गए।

## इटली के पैर पीछे करने से चीन के 'बेल्ट एंड रोड' को बड़ा झटका लगना तय

**नई दिल्ली,** 16 सितम्बर (एजेंसियां)। इटली की वापसी से बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) को एक और झटका लगेगा। चीनी बैंक जोखिम भरे ऋणों के खतरे को कम करना चाहते हैं। काउंसिल फॉर फॉरेन रिलेशंस में डेविड सैक्स लिखते हैं कि चीन बढ़ती घरेलू आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहा है। डेविड सैक्स काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस (सीएफआर) में एशिया स्टडीज के फेलो हैं। सैक्स ने कहा कि यूरोपीय देश तेजी से अपनी अर्थव्यवस्थाओं को 'जोखिम मुक्त' करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं और चीन पर आर्थिक निर्भरता बढ़ाने के अनिच्छुक होंगे, जिससे संभावना नहीं है कि कोई भी बड़ी अर्थव्यवस्था जल्द ही बीआरआई में शामिल हो जाएगी। ऐसा प्रतीत होता है कि इटली बीआरआई से हटने के लिए तैयार है, जो इस पहल के अधूरे वादों



और चीन के प्रति देश के रणनीतिक पुनर्मूल्यांकन से निराशा का प्रतिबिंब है। बेल्ट एंड रोड पहल से इटली का हटना आर्थिक लाभ की कमी और चीन की अधिक मौलिक रणनीतिक पुनर्विचार से निराशा को प्रतिबिंबित करेगा। सैक्स ने कहा कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की 2019 में रोम यात्रा के दौरान, इटली ने चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) में शामिल होने वाला सात (जी 7) देशों का पहला समूह बनकर संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोप को चौंकाया था। बीआरआई अब तक का सबसे बड़ा वैश्विक बुनियादी ढांचा उपक्रम है। यह समझना मुश्किल नहीं है कि बीआरआई ने इटली को क्यों लुभाया। एक दशक के भीतर तीन मंदी से जूझने के बाद, इटली निवेश आकर्षित करने और चीन के विशाल बाजार में इतालवी निर्यात की पहुंच का विस्तार करने पर विचार कर रहा था। उस समय कई इटालियंस यूरोप से परित्यक्त महसूस कर रहे थे। जबकि, लोकलुभावन सरकार यूरोपीय संघ (ईयू) पर संदेह कर रही थी और अपनी निवेश जरूरतों को पूरा करने के लिए चीन की ओर रुख करने को तैयार थी। इटली ने चीनी ध्यान और निवेश के लिए दूसरों को मात देने की उम्मीद में बीआरआई पर हस्ताक्षर करने के लिए अपने राजनीतिक वजन का लाभ उठाने का अवसर देखा।

### बीआरआई पर भारत के विरोध का कारण 'चीन-पाक आर्थिक कॉरिडोर'

**नई दिल्ली।** इटली ने हाल ही में संपन्न जी20 दिल्ली शिखर सम्मेलन के दौरान स्पष्ट रूप से संकेत दिया था कि वह चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) को छोड़ने की योजना बना रहा है। हालांकि, यह कई मध्य एशियाई और यहां तक कि यूरोपीय देशों (जैसे इटली) से बहुत अधिक समर्थन हासिल करने में कामयाब रहा, जिन्होंने इसके माध्यम से एशिया में अपने व्यापार को बढ़ावा देने की संभावना देखी, भारत इस परियोजना का लंबे समय से विरोधी रहा है। बीआरआई पर भारत के विरोध का मुख्य जोर यह रहा है कि चीन-पाकिस्तान आर्थिक कॉरिडोर (सीपीईसी) जो बीआरआई का हिस्सा है, उसकी क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता का उल्लंघन है क्योंकि इसमें वह भूमि भी शामिल है जिस पर भारत अपना दावा करता है। भारत ने इस पहल में पारदर्शिता और खुलेपन की कमी की ओर भी इशारा किया है। भारत बीआरआई की अवधारणा का विरोध कर रहा है, क्योंकि यह 2017 में वास्तविक कार्यान्वयन के तहत आया था। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने पहली बार 2013 में इसकी संकल्पना की थी और इसे आर्थिक विकास और साझेदारी को बढ़ावा देने की पहल के रूप में पेश किया गया था। जिससे इसके लिए साइन अप करने वाले सभी मेजबान देशों को लाभ होगा, जबकि कूटनीतिक रूप से इसका उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को गहरा करना था।

## कर्नाटक सरकार ने 7,660 करोड़ रुपए की 91 परियोजनाओं को दी मंजूरी



**बेंगलुरु,** 16 सितम्बर (एजेंसियां)। कर्नाटक सरकार की राज्य स्तरीय सिंगल विंडो क्लीयरेंस कमेटी (एसएलएसडब्ल्यूसीसी) ने 18,146 रोजगार सृजन क्षमता वाले 7,659.52 करोड़ रुपए के 91 औद्योगिक निवेश प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। शनिवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। राज्य मंत्री एम.बी.पाटिल की अध्यक्षता में एसएलएसडब्ल्यूसीसी समिति ने 50 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश वाली 26 परियोजनाओं को मंजूरी दी, जिनकी कुल लागत 5,750.73 करोड़ रुपए है। इनमें 13,742 नौकरियां पैदा करने की क्षमता है। कुछ शीर्ष निवेशकों में मारुति सुजुकी इंडिया, एकस कंज्यूमर, साउथ वेस्ट माइनिंग, टाटा सेमीकंडक्टर, और क्रिप्टन (इंडिया) सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। कुल 91 प्रस्तावों में से, लगभग 57 निवेश परियोजनाएं 15 करोड़ रुपए से 50 करोड़ रुपए के बीच हैं, जिनकी कुल लागत 1,144.94 करोड़ रुपए है, जो कर्नाटक के भीतर 4,404 रोजगार सृजन की क्षमता का वादा करती है। समिति ने 763.85 करोड़ रुपए के अतिरिक्त निवेश वाली आठ परियोजनाओं को भी मंजूरी दी।

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, MANISH TEKRIWAL S/O SANTOSH KUMAR TEKRIWAL resident of HOUSE NO.F- 8 2ND FLOOR MODERN COMPLEX MOTI BAGH CHOWK RAIPUR (C.G.) 492001 have changed my old name MANISH TEKRIWAL S/O SANTOSH KUMAR TEKRIWAL so in future I should be recognized by my new name that is MANISH KUMAR TEKRIWAL S/O SANTOSH KUMAR TEKRIWAL in all Government and other documents.

**MANISH KUMAR TEKRIWAL**
HOUSE NO.F- 8 2ND FLOOR MODERN COMPLEX MOTI BAGH CHOWK RAIPUR (C.G.) 492001

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, MUKESH AGRAWAL S/O GOPAL PRASAD AGRAWAL resident of HIG 24 NEAR AIMS HOSPITAL MARUTHI ENCLAVE TATIBANDH RAIPUR (C.G.) 492099 have changed my old name MUKESH AGRAWAL S/O GOPAL PRASAD AGRAWAL so in future I should be recognized by my new name that is MUKESH KUMAR AGRAWAL S/O GOPAL PRASAD AGRAWAL in all Government and other documents.

**MUKESH KUMAR AGRAWAL**
HIG 24 NEAR AIMS HOSPITAL MARUTHI ENCLAVE TATIBANDH RAIPUR (C.G.) 492099

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, RAKESH AGRAWAL S/O GOPAL PRASAD AGRAWAL resident of HIG 24 NEAR AIMS HOSPITAL MARUTHI ENCLAVE TATIBANDH RAIPUR (C.G.) 492099 have changed my old name RAKESH AGRAWAL S/O GOPAL PRASAD AGRAWAL so in future I should be recognized by my new name that is RAKESH KUMAR AGRAWAL S/O GOPAL PRASAD AGRAWAL in all Government and other documents.

**RAKESH KUMAR AGRAWAL**
HIG 24 NEAR AIMS HOSPITAL MARUTHI ENCLAVE TATIBANDH RAIPUR (C.G.) 492099

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, ARWA MOHAMMED SAIFUDDIN HIRANI D/O MOHAMMED SAIFUDDIN HASAN ALI HIRANI resident of 23/285, WARD NO 23, KHAPARGANJ, OPPOSITE BOHRA MADARSA, BILASPUR (C.G.) 495001 have changed my old name ARWA MOHAMMED SAIFUDDIN HIRANI D/O MOHAMMED SAIFUDDIN HASAN ALI HIRANI so in future I should be recognized by my new name that is ARWA VANAK W/O ADNAN VANAK in all Government and other documents.

**ARWA VANAK**
23/285, WARD NO 23, KHAPARGANJ, OPPOSITE BOHRA MADARSA, BILASPUR (C.G.) 495001

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, MARUWADA RAM SARMA S/O BHAWANI SHANKAR MARUVADA resident of H.NO.B-11 FACE 2, GOLDEN ARCADE RAM DARVAR KOTA, RAIPUR (C.G.) have changed my old name MARUWADA RAM SARMA S/O BHAWANI SHANKAR MARUVADA so in future I should be recognized by my new name that is RAMA SHARMA MARUVADA S/O BHAWANI SHANKAR MARUVADA in all Government and other documents.

**RAMA SHARMA MARUVADA**
H.NO.B-11 FACE 2, GOLDEN ARCADE RAM DARVAR KOTA, RAIPUR (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, SUNIL KUMAR GUPTA S/O RAM RATAN GUPTA resident of BUNGLOW NO. 171, SAPPHIRE GREENS VIDHANSABHA ROAD AMA SEONI RAIPUR (C.G.) have changed my son old name PRANAY KUMAR GUPTA S/O SUNIL KUMAR GUPTA so in future I should be recognized by my son new name that is PRANAY GUPTA S/O SUNIL KUMAR GUPTA in all Government and other documents.

**SUNIL KUMAR GUPTA**
BUNGLOW NO. 171, SAPPHIRE GREENS VIDHANSABHA ROAD AMA SEONI RAIPUR (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, MANISH AGRAWAL S/O RADHESHYAM AGRAWAL resident of 14/717/1, L-9, VINOBA NAGAR BILASPUR (C.G) 495001 have changed my son old name SAMREET AGRAWAL S/O MANISH AGRAWAL so in future I should be recognized by my son new name that is SAMRIT AGRAWAL S/O MANISH AGRAWAL in all Government and other documents.

**MANISH AGRAWAL**
14/717/1, L-9, VINOBA NAGAR BILASPUR (C.G) 495001

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, RADHEY SHYAM AGRAWAL S/O LATE SHREE RAM PRASAD AGRAWAL resident of 14/717/1, L-9, VINOBA NAGAR BILASPUR (C.G) 495001 have changed my old name RADHEY SHYAM AGRAWAL S/O LATE SHREE RAM PRASAD AGRAWAL so in future I should be recognized by my new name that is RADHESHYAM AGRAWAL S/O LATE SHREE RAM PRASAD AGRAWAL in all Government and other documents.

**RADHESHYAM AGRAWAL**
14/717/1, L-9, VINOBA NAGAR BILASPUR (C.G) 495001

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, NAVYA KUMAR TEKRIWAL S/O MANISH KUMAR TEKRIWAL resident of FLAT NO. 8 SECOND FLOOR MOHTEE BAGH CHOWK MODERN COMPLEX BABU JAG JEEVAN RAM WARD RAIPUR (C.G.) 492001 have changed my old name NAVYA KUMAR TEKRIWAL S/O MANISH KUMAR TEKRIWAL so in future I should be recognized by my new name that is NIKUNJ TEKRIWAL S/O MANISH KUMAR TEKRIWAL in all Government and other documents.

**NIKUNJ TEKRIWAL**
FLAT NO. 8 SECOND FLOOR MOHTEE BAGH CHOWK MODERN COMPLEX BABU JAG JEEVAN RAM WARD RAIPUR (C.G.) 492001

# दुनिया रंग-बिरंगी



### क्रिसमस के अवसर पर रिलीज होगी शाहरूख खान की फिल्म डंकी

**मुंबई।** बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान की फिल्म डंकी क्रिसमस के अवसर पर रिलीज हो सकती है। शाहरुख खान की इस वर्ष पठान और जवान जैसी सुपरहिट फिल्में प्रदर्शित हुई है। शाहरूख की अगली रिलीज फिल्म डंकी होगी। राजकुमार हिरानी के निर्देशन में बन रही फिल्म डंकी में शाहरूख के साथ तापसी पन्नू की अहम भूमिका है। शाहरूख खान ने कहा कि माशाल्लाह, भगवान पठान के साथ बहुत दयालु रहे हैं और उससे भी ज्यादा जवान के साथ। हमने 26 जनवरी गणतंत्र दिवस से पठान के साथ शुरुआत की, फिर जन्माष्टमी के मौके पर हमने फिल्म जवान रिलीज की।अभी नया साल और क्रिसमस आने वाला है, उसमें हम डंकी लेकर आएंगे। मैं सभी धर्मों को मानता हूं।

## शोधकर्ताओं का ड्यूटी के दौरान झपकी लेने का खुलासा

# 90-30 मिनट की झपकी का फॉर्मूला उनींदापन से निपटने में मददगार

**टोक्यो,** 16 सितम्बर (एजेंसियां)। एक नए अध्ययन खुलासा हुआ है कि रात की ड्यूटी के दौरान 120 मिनट की झपकी की तुलना में 90 मिनट की झपकी और उसके बाद 30 मिनट की झपकी उनींदापन और थकान को दूर करने में अधिक प्रभावी है। साइंटिफिक रिपोर्ट्स जर्नल में प्रकाशित अध्ययन में 2012 से 2018 तक रात की शिफ्ट में झपकी पर किए गए पायलट स्टडी के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया।

हिरोशिमा विश्वविद्यालय के ग्रेजुएट स्कूल ऑफ बायोमेडिकल एंड हेल्थ साइंसेज में नर्सिंग विज्ञान के प्रोफेसर, अध्ययन की एकमात्र लेखक सनाई ओरियामा ने कहा कि लंबी अवधि के प्रदर्शन को बनाए रखने के लिए 90 मिनट की झपकी और कम थकान के स्तर व तेज़ प्रतिक्रियाओं को बनाए रखने के लिए 30 मिनट की झपकी, झपकी के रणनीतिक संयोजन के रूप में सुबह की कार्यकुशलता और सुरक्षा के लिए मूल्यवान हो सकती है।



- शिशुओं को पालने वाली माताओं में नींद की कमी की थकान को कम करना
- शाम 4 बजे से सुबह 9 बजे की शिफ्ट के दौरान सतर्कता

ओरियामा ने झपकी लेने के बाद और शाम 4 बजे से सुबह 9 बजे की शिफ्ट के दौरान सतर्कता और प्रदर्शन की तुलना करने के लिए पिछले पायलट अध्ययनों की दोबारा जांच की। उन्होंने पाया कि आधी रात को समाप्त होने वाली 120 मिनट की झपकी से उनींदापन का अनुभव और भी बदतर हो गया। हालांकि, दो झपकी- 90 मिनट की झपकी, आधी रात तक चलने वाली और 30 मिनट की झपकी, जो सुबह 3 बजे समाप्त होती है, यह उनींदापन से बचाती है। ओरियामा ने कहा कि मैं काम के प्रकार और दिन के समय के आधार पर कई झपकियों को संयोजित करने में सक्षम होना चाहती हूं, और ऐसी झपकियां चुनना चाहती हूं जो उनींदापन, थकान को कम करने और प्रदर्शन को बनाए रखने में प्रभावी हों।

उदाहरण के लिए, रात की शिफ्ट, जो शाम 4 बजे से अगली सुबह 9 बजे तक चलती है, 90 मिनट और 30 मिनट की एक विभाजित झपकी, जो क्रमशः 12 बजे और 3 बजे समाप्त होती है, 120 मिनट की मोनोफैसिक झपकी की तुलना में अधिक प्रभावी मानी जाती है, जो 12 बजे समाप्त होती है। दिलचस्प बात यह है कि जिन लोगों को 90 मिनट की झपकी के दौरान सोने में अधिक समय लगा, उन्हें उचिडा-क्रैपेलिन परीक्षण (यूकेटी) में खराब अंक मिले, जो एक समयबद्ध बुनियादी गणित परीक्षा है, जिसका उद्देश्य किसी कार्य को करने में गति और सटीकता को मापना है।

ओरियामा ने कहा कि निष्कर्ष नए माता-पिता के लिए भी मददगार हो सकते हैं। ओरियामा ने कहा कि इस अध्ययन के नतीजों को न केवल रात की शिफ्ट में काम करने वालों पर लागू किया जा सकता है, बल्कि शिशुओं को पालने वाली माताओं में नींद की कमी की थकान को कम करने के लिए भी लागू किया जा सकता है।

# अपनी दुल्हन परिणीति को लाने के लिए नाव से बारात लाएंगे राघव चड्ढ़ा

**जयपुर,** 16 सितम्बर (एजेंसियां)। आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद राघव चड्ढ़ा दुल्हन परिणीति चोपड़ा को लाने के लिए उदयपुर में नाव से बारात लाएंगे। सूत्रों के मुताबिक, बारात 24 सितम्बर को निकलेगी। इससे पहले पिछोला झील के बीच स्थित होटल ताज में राघव की सेहरा बंदी का कार्यक्रम होगा। इसके बाद ताज होटल से दुल्हन परिणीति को लेने के लिए राघव के साथ बारात निकलेगी। बारात नाव में होगी और पास के होटल लीला पहुंचेगी। इसकी तैयारियां भी जोर-शोर से चल रही हैं। बताया जा रहा है कि नावों की सजावट



में मेवाड़ी परंपरा की झलक भी देखने को मिलेगी। लीला पैलेस होटल पिछोला झील के पास स्थित है। इसके सुइट से झील, ताज होटल, सिटी पैलेस आदि देखा जा सकता है। दूल्हा-दुल्हन के कमरों के अलावा होटल में मेहमानों के लिए बुक किए गए सुइट्स को भी खूबसूरती से डिजाइन किया गया है।

होटल में तीन स्पेशल वेडिंग वेन्यू हैं। मेवाड़, मेवाड़ टेरिस और मारवाड़, जिसमें शादी की सभी रस्में होंगी। दरअसल होटल में कमरों को 8 कैटेगरी में बांटा गया है, जिनका रोजाना किराया 47,000 रुपए से लेकर 10 लाख रुपए तक है।

# नासा के अंतरिक्ष यात्री व चालक दल के साथी पहुंचे आईएसएस

**वाशिंगटन,** 16 सितम्बर (एजेंसियां)। नासा के अंतरिक्ष यात्री लोरल ओहारा और दो अंतरिक्ष यात्री सुरक्षित रूप से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर पहुंच गए। इससे यहां निवासियों की संख्या 10 हो गई है।

ओहारा, साथ ही ओलेग कोनोनेंको और रोस्कोस्मोस के निकोलाई चुब को ले जाने वाला सोयुज एमएस-24 अंतरिक्ष यान शनिवार की सुबह स्टेशन के रासवेट मॉड्यूल पर पहुंचा। ओहारा, जो कक्षीय चौकी पर छह महीने का प्रवास शुरू कर रहे हैं, और कोनोनेंको और चूब, जो दोनों कक्षीय चौकी पर एक वर्ष बिताएंगे, प्रौद्योगिकी विकास, पृथ्वी विज्ञान, जीव विज्ञान और



मानव अनुसंधान में विज्ञान और अनुसंधान पर काम करेंगे।

नासा ने एक बयान में कहा, यह ओहारा के लिए पहली, कोनोनेंको के लिए पांचवीं और चुब के लिए पहली अंतरिक्ष उड़ान है।

रिकॉर्ड तोड़ने वाले नासा के अंतरिक्ष यात्री फ्रैंक रुबियो और रोस्कोस्मोस के अंतरिक्ष यात्री सर्गेई प्रोकोपयेव और दिमित्री पेटेलिन के प्रस्थान के बाद, अभियान 70, 27 सितम्बर को शुरू होगा।

रुबियो ने हाल ही में एक अमेरिकी द्वारा सबसे लंबी एकल अंतरिक्ष उड़ान का रिकॉर्ड तोड़ दिया। परिक्रमा प्रयोगशाला में एक साल तक रहने के बाद, तिकड़ी 27 सितंबर को कजाकिस्तान में उतरेगी, जिस समय रुबियो ने अंतरिक्ष में 371 दिन बिताए होंगे, जो अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री द्वारा सबसे लंबी एकल अंतरिक्ष उड़ान है।

पिछले महीने के अंत में, चार देशों का प्रतिनिधित्व करने वाला चार लोगों का एक अंतरराष्ट्रीय दल, कक्षीय प्रयोगशाला में एक विज्ञान अभियान के लिए, स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान पर सवार होकर आईएसएस पहुंचा था।

# भारतीय लोक व जनजातीय कला पर प्रदर्शनी आयोजित

**नई दिल्ली,** 16 सितम्बर (एजेंसियां)। ऑनलाइन शिक्षण मंच 'रूफटॉप' 16 से 19 सितम्बर तक देश भर के लोक और आदिवासी कला रूपों की एक प्रदर्शनी 'इंडियार्ट' पेश करेगा। यह कलमकार गैलरी, बीकानेर हाउस, राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित किया जा रहा है। इसमें लाइव आर्ट वर्कशॉप और पेशेवर रूप से तैयार किए गए कला पाठ्यक्रमों को शामिल किया गया है। प्रदर्शनी में नौ भारतीय कला रूपों और लगभग 30 मास्टर कलाकारों की भागीदारी होगी।



यह ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म की पहली प्रदर्शनी है जो भारत के समृद्ध सांस्कृतिक परिदृश्य का जश्न मनाएगी। इसमें वारली कला की सरल सुंदरता से होकर 'माता नी पचेड़ी' की भक्ति कला को प्रदर्शित किया जाएगा। इसमें भीलों और गोंडों की कला, मधुबनी पेंटिंग और तेलंगाना के चेरियाल स्क्रॉल का भी प्रदर्शन किया जाएगा। इनमें से प्रत्येक कला रूप पौराणिक विषयों और कहानी कहने और पूजा करने के अनूठे तरीकों की खोज करता है।

कला रूपों और कलाकारों में भील के लिए भूरी बाई और लाडो बाई, गोंड के लिए वेंकट सिंह श्याम, चेरियाल के लिए डी. वेंकट रमण और मल्लेशराम पौसा, मधुबनी पेंटिंग के लिए अंबिका देवी, अवधेश कुमार कर्ण, दुलारी देवी और हेमा देवी, माता नी पचेड़ी के लिए किरण चितारा, चंद्रकांत चितारा, किरीट चितारा और सतीश चितारा, फड़ के लिए अभिषेक जोशी और कल्याण जोशी, पिछवाई के लिए राजाराम शर्मा, वारली के लिए प्रवीण म्हासे, अनिल वांगड और विजय म्हासे शामिल हैं। राजस्थान की लघु चित्रकला में जयपुर स्कूल से शम्मी बन्नू और आशाराम मेघवाल, जोधपुर स्कूल से संपतराज बोचिया, देवगढ़ स्कूल से वीरेंद्र बन्नू, किशनगढ़ स्कूल से कुशननारायण जांगिड़, मेवाड़ स्कूल से भंवर लाल कुमावत, महावीर जैसे सात अलग-अलग लघु विद्यालयों की भागीदारी होगी।

रूफटॉप ऐप के संस्थापक और सीईओ कार्तिक गग्गर कहते हैं, 'इंडियार्ट विभिन्न लोक और आदिवासी कलाओं को एक मंच पर प्रदर्शित करने का हमारा प्रयास है। इस प्रदर्शनी के साथ, हम न केवल इस विषय पर जागरूकता पैदा करना चाहते हैं बल्कि हमारे देश के सांस्कृतिक एकीकरण की जीवंतता भी प्रस्तुत करना चाहते हैं।

# दिव्यांग बच्चों ने प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर दी अनोखी बधाई

**लखनऊ,** 16 सितम्बर (एजेंसियां)। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर नेत्रहीन बच्चों ने उन्हें खास बधाई दी है। जन्मदिन से एक दिन पहले बच्चों ने 1.25 किमी लंबा विशालतम बधाई पत्र तैयार किया। इसे नेशनल एसोसिएशन फॉर ब्लाइंड संस्था के

### 1.25 किमी का लिखा संदेश

400 नेत्रहीन बच्चों ने दो माह की कठिन परिश्रम से तैयार किया है। इस पर बच्चों ने प्रधानमंत्री द्वारा किये गए 9 वर्षों की उपलब्धियों को दर्शाया है। इस दौरान सभी बच्चों ने एक स्वर में उनकी तारीफ करते हुए उनके दीर्घायु की कामना की। उन्हें देश का सबसे शक्तिशाली नेता बताया है। नेशनल एसोसिएशन फॉर ब्लाइंड के अध्यक्ष राजेश सिंह दयाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रति बच्चों का प्रेम और स्नेह ही है, जो बच्चों ने उनके जन्मदिन के मंगल एवं शुभ दिन पर बधाई एवं शुभकामना स्वरुप 1.25 किमी विश्व का लंबा



विशालतम बधाई संदेश पत्र समर्पित किया। उन्होंने कहा कि पीएम ने जनसेवा और राष्ट्रसेवा को सदैव ही सर्वोपरि रखा है। उनके नेतृत्व में भारत का मान-सम्मान लगातार बढ़ता रहे। कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों द्वारा प्रधानमंत्री को समर्पित गीत की प्रस्तुति मनमोहक थी। बच्चों की प्रस्तुति ने सभी जनमानस को मंत्रमुग्ध कर दिया। बदलते मौसम और बारिश भी दिव्यांग बच्चों के हौसलों को डिगा नहीं सका। यह श्रृंखला विश्व रिकॉर्ड में भी दर्ज किया जाएगा।

# आईएएस टीना डाबी के घर गूंजी किलकारी, बेटे को दिया जन्म

**जयपुर,** 16 सितम्बर (एजेंसियां)। आईएएस अधिकारी दंपत्ति टीना डाबी और प्रदीप गवांडे ने शनिवार को शहर के एक प्राइवेट अस्पताल में अपने पहले बच्चे का स्वागत किया। डाबी जैसलमेर में जिला कलेक्टर के पद पर काम करते हुए जुलाई से छुट्टी पर थीं। जब से उनके बेटे के जन्म की खबर आई, तब से सोशल मीडिया पर हर तरफ से बधाई संदेश आ रहे हैं। टीना डाबी 2015 में तब मशहूर हुई जब उन्होंने यूपीएससी में टॉप किया। इसके बाद उन्होंने मार्च 2018 में आईएएस अधिकारी अतहर आमिर खान से शादी की, जो उसी बैच में



दूसरे स्थान पर थे। शादी के बाद दोनों अधिकारी राजस्थान कैडर में ही रहे। 2020 में आमिर ने अपना ट्रांसफर जम्मू-कश्मीर कैडर में करा लिया। वे प्रतिनियुक्ति पर जम्मू-कश्मीर गए। उसी साल नवंबर में, जोड़े ने जयपुर के फैमिली कोर्ट में तलाक के लिए अर्जी दायर की और अगस्त 2021 में उन्हें डिक्री सौंप दी गई।

# फेस्टिव कैंपेन 'खुशियां अपनों की, और अपनी भी' की घोषणा

**नई दिल्ली,** 16 सितम्बर (एजेंसियां)। जैसे-जैसे फेस्टिव सीजन करीब आ रहा है, अमेज़न इंडिया ने लेटेस्ट कैंपेन, 'खुशियां अपनों की, और अपनी भी', की घोषणा की है।

जो कस्टमर्स को साल की खुशियों के इन पलों में प्रियजनों के साथ-साथ खुद का ध्यान रखने के लिए भी प्रोत्साहित करने के लिए एक अनूठा / दिल छू लेने वाला दृष्टिकोण अपनाता है। इस फेस्टिव सीजन में खुद का ध्यान और खुद से प्यार के महत्व को याद दिलाता है और 'हम' में तुम भी जरूरी हो' की भावना को प्रोत्साहन देता है। कैंपेन 15 सितम्बर, 2023 को सभी डिजिटल मीडियम पर शुरू हुआ है। कैंपेन के लिए एक दिलचस्प यूजर-जनरेटिड कंटेंट तैयार किया गया है, जिसमें कस्टमर्स से 'खुशियां अपनों की, और अपनी भी' की अपनी कहानियों को शेयर करने का आग्रह किया गया है। चुनी गई विजेता कहानियों को अलग-अलग मीडियम पर प्रकाशित किया जाएगा।

नूर पटेल, वाइस प्रेजीडेंट, अमेजन इंडिया ने कहा, यह कैंपेन आज के समय में खुद को जानने और खुद का ख्याल रखने के विषय पर आधारित है। हमारा कैंपेन कस्टमर्स इनसाइट्स पर आधारित है और कस्टमर्स को अपने प्रियजनों के साथ-साथ अपनी जरूरतों का ख्याल रखते हुए फेस्टिव सीजन मनाने को प्रेरित करता है।

इस फेस्टिव सीजन में, अमेजन आपके लिए 'खुशियां अपनों की, और अपनी भी' कैंपेन के माध्यम से (हम_में_मैं) लेकर आया है। कहानी में सबसे पहले एक मां को आने वाली फेस्टिव सीजन के लिए तैयारी करते हुए दिखाया गया है, जो खुद को छोड़कर बाकी सबके बारे में सोचती है। कोई भी उसे अपने लिए कुछ न पाने का बहाना बनाते हुए देखने के लिए लगभग तैयार है, जैसा कि हमने अपने जीवन में कई गृहिणियों को करते देखा है, लेकिन जल्दी ही यह स्थिति बदल जाती है जो दर्शाता है कि उसने सच में अपने बारे में भी सोचा है। क्लासिक मॉम हयूमर, मां और बेटी के बीच मज़ाक तथा भारतीय भावनात्मक बारिकियों के साथ लैस ये कैंपेन, किसी भी व्यक्ति के चेहरे पर आसानी से मुस्कान ला देता है।

# टाइटल गीत लिखने में माहिर थे हसरत जयपुरी

**मुम्बई,** 16 सितम्बर (एजेंसियां)। हिन्दी फिल्मों में जब भी टाइटल गीतों का जिक्र होता है, गीतकार हसरत जयपुरी का नाम सबसे पहले लिया जाता है। वैसे तो हसरत जयपुरी ने हर तरह के गीत लिखे लेकिन फिल्मों के टाइटल पर गीत लिखने में उन्हें महारत हासिल थी। हिन्दी फिल्मों के स्वर्ण युग के दौरान टाइटल गीत लिखना बड़ी बात समझी जाती थी। निर्माताओं को जब भी टाइटल गीत की जरूरत होती थी तब हसरत जयपुरी से गीत लिखवाने की गुजारिश की जाती थी। उनके लिखे टाइटल गीतों ने कई फिल्मों को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी। हसरत जयपुरी के लिखे कुछ टाइटल गीत हैं दीवाना मुझको लोग कहें, दिल एक मंदिर है, रात और दिन दीया जले, तेरे घर के सामने इक घर बनाऊंगा, तेरे घर के सामने, ऐन इवनिंग इन पेरिस, गुमनाम है कोई बदनाम है कोई, दो जासूस करें महसूसआदि।

15 अप्रैल 1922 को जन्में हसरत जयपुरी मूल नाम इकबाल हुसैन ने जयपुर में प्रारंभिक शिक्षा हासिल करने के बाद अपने दादा फिदा हुसैन से उर्दू और फारसी की तालीम हासिल की। बीस वर्ष का होने तक उनका झुकाव शेरो-शायरी की तरफ होने लगा और वह छोटी-छोटी कविताएं लिखने लगे। वर्ष 1940 में नौकरी की तलाश में हसरत जयपुरी ने मुम्बई का रूख किया और आजीविका चलाने के लिए वहां बस कंडक्टर के रूप में नौकरी करने लगे। इस काम के लिए उन्हें मात्र 11 रुपए प्रति माह वेतन मिला करता था। इस बीच उन्होंने मुशायरों के कार्यक्रम में भाग लेना शुरू किया। उसी दौरान एक कार्यक्रम में पृथ्वीराज कपूर उनके गीत को सुनकर काफी प्रभावित हुए और उन्होने अपने पुत्र राजकपूर को हसरत जयपुरी से मिलने की सलाह दी।

राजकपूर उन दिनों अपनी फिल्म 'बरसात' के लिए गीतकार की तलाश कर रहे थे। उन्होंने हसरत जयपुरी को मिलने का न्योता भेजा। राजकपूर से हसरत जयपुरी की पहली मुलाकात 'रायल ओपेरा हाउस' में हुई और उन्होंने अपनी फिल्म बरसात के लिए उनसे गीत लिखने की गुजारिश की। इसे महज संयोग ही कहा जाएगा कि फिल्म बरसात से ही संगीतकार शंकर जयकिशन ने भी अपने सिने कैरियर की शुरूआत की थी। राजकपूर के कहने पर शंकर जयकिशन ने हसरत जयपुरी को एक धुन सुनाई और उसपर उनसे गीत लिखने को कहा।



धुन के बोल कुछ इस प्रकार थे

*अंबुआ का पेड़ है वहीं मुंडेर है*
*आजा मेरे बालमा काहे की देर है*

शंकर जयकिशन की इस धुन को सुनकर हसरत जयपुरी ने गीत

लिखा

*जिया बेकरार है छाई बहार है*
*आजा मेरे बालमा तेरा इंतजार है*

वर्ष 1949 में प्रदर्शित फिल्म बरसात में अपने इस गीत की कामयाबी के बाद हसरत जयपुरी गीतकार के रूप में अपनी पहचान बनाने में सफल हो गए। बरसात की कामयाबी के बाद राजकपूर, हसरत जयपुरी और शंकर-जयकिशन की जोडी ने कई फिल्मो में एक साथ काम किया। हसरत जयपुरी की जोड़ी राजकपूर के साथ वर्ष 1971 तक कायम रही। संगीतकार जयकिशन की मृत्यु और फिल्म मेरा नाम जोकर और कल आज और कल की बाक्स आफिस पर नाकामयाबी के बाद राजकपूर ने हसरत जयपुरी की जगह आनंद बख्शी को अपनी फिल्मों के लिए लेना शुरू कर दिया।

हसरत जयपुरी ने तीन दशक लंबे अपने सिने करियर में 300 से अधिक फिल्मों के लिये लगभग 2000 गीत लिखे। अपने गीतों से कई वर्षो तक श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करने वाला यह शायर और गीतकार 17 सितम्बर 1999 को संगीतप्रेमियों को अपने एक गीत की इन पंक्तियों

**तुम मुझे यूं भूला ना पाओगे**
**जब कभी भी सुनोगे गीत मेरे**
**संग संग तुम भी गुनगुनाओगे**

की स्वर लहरियों में छोड़कर इस दुनिया को अलविदा कह दिया।

# कोविड संबंधी गलत सूचना को नियंत्रित करने में विफल रहा फेसबुक

**वाशिंगटन,** 16 सितम्बर (एजेंसियां)। दुनिया के सबसे बड़े सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक की कोविड-19 वैक्सीन मिसइंफॉर्मेशन पॉलिसी गलत सूचना से निपटने में प्रभावी नहीं है। एक नई स्टडी से पता चला है कि इसके लिए केवल एल्गोरिदम के बजाय इसका समग्र डिजाइन अधिक जिम्मेदार है।

अमेरिका में जॉर्ज वाशिंगटन विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं के नेतृत्व में और साइंस एडवांसेज जर्नल में प्रकाशित स्टडी में पाया गया कि फेसबुक के प्रयासों को प्लेटफॉर्म के कोर डिज़ाइन फीचर्स द्वारा कमजोर कर दिया गया था।

प्रमुख अध्ययन लेखक और इंजीनियरिंग प्रबंधन और सिस्टम इंजीनियरिंग के एसोसिएट प्रोफेसर डेविड ब्रोनियाटोव्स्की ने कहा कि गलत सूचना और अन्य ऑनलाइन नुकसान से



प्रभावी ढंग से निपटने के लिए, हमें कंटेंट और एल्गोरिदम से आगे बढ़कर डिजाइन और आर्किटेक्चर पर भी ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है।

परिणाम बताते हैं कि कंटेंट को हटाना या एल्गोरिदम बदलना अप्रभावी हो सकता है, अगर यह उस चीज को नहीं बदलता है जिसे करने के लिए प्लेटफॉर्म डिजाइन किया गया है।

शोधकर्ताओं ने पाया कि जहां फेसबुक ने कोविड-19 महामारी के दौरान बहुत सारी एंटी-वैक्सीन कंटेंट को हटाने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए, लेकिन एंटी-वैक्सीन कंटेंट के साथ समग्र जुड़ाव पूर्व रुझानों से कम नहीं हुआ और कुछ मामलों में तो बढ़ भी गया।

### कंटेंट को हटाना या एल्गोरिदम बदलना अप्रभावी

अध्ययन लेखक और सार्वजनिक स्वास्थ्य के प्रोफेसर लोरियन एब्रोम्स ने कहा कि यह खोज अविश्वसनीय रूप से चिंताजनक है। यह उस कठिनाई को दर्शाता है जिसका सामना एक समाज के रूप में हमें सार्वजनिक स्थानों से स्वास्थ्य संबंधी गलत सूचनाओं को हटाने में करना पड़ता है। जिस कंटेंट को नहीं हटाया गया, उसमें ऑफ-प्लेटफ़ॉर्म, कम विश्वसनीयता वाली साइटों के लिंक और गैब और रंबल जैसे 'अल्टरनेटिव' सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर विशेष रूप से एंटी-वैक्सीन ग्रुप्स में गलत सूचना के लिंक में वृद्धि हुई थी। इसके अलावा, फेसबुक पर शेष एंटी-वैक्सीन कंटेंट कम नहीं बल्कि गलत सूचनात्मक बन गई, जिसमें वैक्सीन के दुष्प्रभावों के बारे में सनसनीखेज झूठे दावे शामिल थे, जो अक्सर वास्तविक समय में फैक्ट-चैक करने के लिए बहुत नए थे। इसके अलावा, एंटी-वैक्सीन सामग्री उत्पादकों ने प्रो-वैक्सीन कंटेंट उत्पादकों की तुलना में प्लेटफॉर्म का अधिक प्रभावी ढंग से उपयोग किया। हालांकि दोनों के पास बड़े पेज नेटवर्क थे, लेकिन एंटी-वैक्सीन कंटेंट उत्पादकों ने पेज, ग्रुप्स और यूजर्स के न्यूज फीड में कंटेंट वितरण को अधिक प्रभावी ढंग से समन्वित किया।




प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

टीचर ने साइंस लैब में अपनी जेब से सिक्का निकाला और एसिड में डाला, फिर बच्चों से पूछा कि ये सिक्का घुल जाएगा या नहीं।
**बच्चा**- सर, नहीं घुलेगा।
**टीचर**- शाबाश, लेकिन तुम्हें कैसे पता?
**बच्चा**- सर अगर एसिड में डालने से सिक्का घुलता, तो आप सिक्का हमसे मांगते, ना कि अपनी जेब से निकालते



# सर्व आदिवासी समाज ने ताड़मेटला मुठभेड़ को फर्जी मुठभेड़ बताते हुए एक दिवसीय धरना कर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

## 15 दिवस के भीतर दोषियों पर कार्रवाई नहीं करने पर उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

**सुकमा,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। 05 सितंबर को ताड़मेटला में हुए मुठभेड़ की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग करते हुए एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री ने नाम एसडीएम को सर्व आदिवासी समाज बस्तर संभाग बैनर तले ने ज्ञापन सौंपा। इस दौरान बडीं संख्या में सर्व आदिवासी समाज के पदाधिकारी एवं समाज के सदस्य मौजूद थे। आपको बता दें सर्व आदिवासी समाज बस्तर संभाग ने मुठभेड़ को फर्जी बताते हुए पुलिस पर आरोप लगाया है कि पुलिस ने ग्रामीणों को मृतक के शव को ना सौंपते हुए उन्हें शव को जलाने भी नही दिया। जबकि ग्रामीणों ने आधे जले शव को अगले दिन अपने रीति रिवाज से जलाया है। उन्होंने कहा कि यह पहली घटना होगी जिसमें परिवार वालों को शव नही सौंपा गया और साक्ष्य को छुपाने के पूरा प्रयास किया गया। जिससे स्पष्ट है कि यह एक फर्जी मुठभेड़ है और पुलिस ने दोनों ग्रामीणों पर एक-एक लाख का इनाम घोषित कर दिया जबकि इन दोनो का सुकमा दोरनापाल और चिंतलनार आना जाना रहता था तो इन्हें पहले क्यों नही पकड़ा गया। जिन्हें पुलिस नक्सली बता रही है उनमें से एक तो पुलिस वाले के घर ट्रैक्टर भी चलाता था उस वक्त गिरफ्तारी क्यों नही किया गया। सर्व आदिवासी समाज ने मुख्यमंत्री से ताड़मेटला फर्जी मुठभेड़ की उच्च स्तरीय जांच कराते हुए दोषियों के विरुद्ध अपहरण, हत्या, साक्ष्य छुपाने और आदिवासी परंपरा के विरुद्ध शव को जलाने का मामला पंजीबद्ध कर दोषियों पर कठोर कार्यवाही करने और मृतक परिवार को एक-एक करोड़ रुपये का मुआवजा एवं उनके परिवार से एक को नौकरी देने की मांग की है।



15 दिवस के भीतर कार्यवाही नहीं हुई तो करेंगे उग्र आंदोलन द्रु उमेश

सर्व आदिवासी समाज उमेश सुण्डाम ने कहा कि ताड़मेटला मुठभेड़ पूरी तरीके से फर्जी मुठभेड़ है। पुलिस ने दोनों निर्दोषों को 04 सितम्बर को चिंतलनार से पकड़कर रात तकरीबन 08 बजे गड़गड़मेटा के जंगलों में गोली मारकर हत्या कर दी गई। नक्सलियों के नाम पर प्रमोशन पाने के लिए इस प्रकार लगातार भोलेभाले आदिवासियों को मारना सरासर अन्याय है। कोई आवाज उठाने वाला नही है इसलिए लगातार आदिवासियों पर अत्याचार किया जा रहा है। इस पूरे मामले पर केंद्र व राज्य सरकार चुप्पी साधे हुए हैं। हम ताड़मेटला मुठभेड़ की सीबीआई जांच की मांग रखे हैं। अगर 15 दिवस के भीतर दोषियों पर कार्रवाई नही होती है तो सर्व आदिवासी समाज उग्र आंदोलन करेगा।

# गांधीनगर वार्डवासियों ने चौपाटी में उप स्वास्थ्य केंद्र बनाने का किया विरोध



**जगदलपुर,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। नगर निगम जगदलपुर के अंतर्गत गांधीनगर वार्ड में गंगा मुंडा तालाब के एक छोर में विगत 10 वर्ष पूर्व बनी चौपाटी स्थल पर वर्तमान में स्थानीय पार्षद विक्रम डांगी के द्वारा उप स्वास्थ्य केंद्र के लिए भवन निर्माण हेतु भूमि पूजन कराया जाकर, निर्माण कार्य प्रारंभ कराया गया। कार्य प्रारंभ होने पर स्थानीय निवासियों को इसकी जानकारी हुई। स्थानीय निवासियों ने पार्षद विक्रम डांगी से कहा कि, वार्ड में बहुत सारे अन्य जगह खाली पड़ी हुई है, ऐसे किसी भी एक स्थल को चयन कर, वहां पर उप स्वास्थ्य केंद्र बनाया जाए। इस स्थान पर सौंदर्यकरण की दृष्टि से गंगामुंडा तालाब के ऊपर 10 वर्ष पूर्व चौपाटी बनाई गई है। इस चौपाटी स्थल के खाली जगह को कांक्रीट कर इसका बहुउद्देशीय उपयोग की दृष्टि से सुरक्षित रखना जरूरी है। चौपाटी के आसपास निवास करने वाले ज्यादातर गरीब अत्यंत गरीब वर्ग से हैं। यहां पर स्थानीय गरीब परिवार अपने सारे उत्सव, महोत्सव, सुख दुख के कार्य, धार्मिक आयोजन भी करते हैं। यह जगह वार्ड वासियों के साथ,- उत्तर पूर्वी भारतीयों का छठ महापर्व के दौरान भी जब हजारों की संख्या में छठवर्ती और उनके परिजन इस स्थल पर आते हैं तो यहां मेला के स्वरूप भीड़ होता है। ऐसे में, इस जगह पर भवन बनाने पर जगह की उपयोगिता खराब होगी। वार्ड वासियों के निवेदन को स्थानीय पार्षद ने महत्व नहीं दिया। ऐसे में वार्ड वासियों ने निगम आयुक्त की अनुपस्थिति में निगम ई ई को ज्ञापन देकर अपना विरोध दर्ज कराया है और, आग्रह किया है कि, हॉस्पिटल बनाने का हम विरोध नहीं करते है लेकिन, वार्ड में जगह और भी है उस जगह पर हॉस्पिटल बने। यदि यहां हमारे निवेदन सुझाव के बाद भी कार्य प्रगति पर रहेगा तो वार्डवासी इसका विरोध करेंगे। कार्य रुकवाने हेतु वार्डवासी किसी भी स्तर तक अपना विरोध दर्ज करने को तैयार हैं। ज्ञापन देने के दौरान रवि कश्यप, शशिनाथ पाठक, प्रमिला कपूर, डिकेश नाग, प्रेम शेट्टी, गणपत, हसेंद्र, कविता सेठी, उमेश यादव भीम कश्यप के साथ बड़ी संख्या में वार्ड वासी उपस्थित रहे।

# सक्षम अध्यनारायणी द्वारा तीज मिलन आयोजन



**जगदलपुर,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। सनातन क्षेत्रीय मंच (सक्षम) आद्यनारायणी की माताओं व बहनों ने शुक्रवार को शहर के सिरहासार भवन में तीज मिलन समारोह का आयोजन किया। इस दौरान जहां महिलाओं ने कई स्पर्धाएं आयोजित की, वहीं उन्होंने पूरे विधि-विधान से तीज पर्व भी बनाया। इसके साथ ही महिलाओं ने एक-दूसरे के पैरों में माहुर लगाकर श्रृंगार किया, वहीं भगवान गौरीशंकर की पूजा कर तिलक लगाया। इसके अलावा हुई विभिन्न स्पर्धाओं में महिलाओं ने कई तरह के खेल भी खेले। बाद में महिलाओं ने गरबा भी खेला। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने भारत माता की आरती के साथ ही भगवान गौरीशंकर की आरती की। कार्यक्रम में करीब 500 से ज्यादा महिलाएं शामिल हुई। सक्षम आद्यनारायणी प्रभारी इंदु नाग ने बताया कि हर साल तीज मिलन का कार्यक्रम इसी तरह सक्षम आद्यनारायणी द्वारा आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ये है कि ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को तीज पर्व का महत्व पता चले। इसके साथ ही उन्हें अपनी संस्कृति और परंपरा से जुड़ने का एक माध्यम मिल सके। बड़ी संख्या में पहुंची महिलाओं ने धूमधाम से तीज पर्व मनाया।

**भारत माता व शिव पार्वती की आरती से हुआ आयोजन का शुभारम्भ**

# हल्बा कचोरा में सीसी सड़क निर्माण के लिए विधायक ने किया भूमिपूजन



**जगदलपुर,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। संसदीय सचिव व जगदलपुर विधायक रेखचंद जैन शनिवार को शहर से लगे हल्बा कचोरा में सीसी सडकों समेत अन्य विकास कार्यों का भूमिपूजन करने पहुंचे थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में बुजुर्गों को माला पहनाकर जब उन्होने उनका स्वागत किया तो भवन ग्रामीणों की तालियों से गूंज उठा। सामुदायिक भवन में संबोधन देने से पूर्व संसदीय सचिव व विधायक रेख चंद जैन ने दुलार देई, गंगादेई, दंतेश्वरी माता समेत अन्य ग्राम देवी-देवताओं का जयकारा लगवाया। राज्य सरकार के द्वारा पिछले चार साल में करवाए गए विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी देते मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का जयकारा भी लगवाया। केंद्र की भाजपा सरकार के समय मंहगाई चरम पर होने की बात कहते कांग्रेस को फिर से आशीर्वाद देने की अपील की। कोरोना काल में कांग्रेस जनों के द्वारा की गई सेवाओं का भी स्मरण करवाया। भूपेश है तो भरोसा है, का नारा भी लोगों से लगवाया। कांग्रेस व भूपेश सरकार पर भरोसा रखने की वजह भी बताई।

### कांग्रेस के समय हुआ विकास

पूर्व उप सरपंच दिनेश सिंह ने कहा कि हलबा कचोरा का समग्र विकास कांग्रेस शासनकाल में हुआ था। उन्होने कहा कि प्रस्तावित सड़क से लोगों को आवाजाही में आसानी होगी। सरपंच प्रकाश नाग ने कहा कि विधायक रेखचंद जैन ने कभी भी गांव के लोगों को निराश नहीं किया है। सहज, सरल छवि के साथ उनकी सर्व सुलभता के कारण आगामी चुनाव में भी इस ग्राम पंचायत का सहयोग कांग्रेस को मिलता रहेगा। भाजपा के 15 साल बनाम कांग्रेस के 5 साल के शासन को लोग देख रहे हैं। विधायक जैन जब भी गांव में आए हैं, कुछ न कुछ अवश्य दिया है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रदीप देवांगन, विद्याधर जीराम ने भी संबोधित किया।

### 7.61 लाख से बनेंगी सड़कें

हल्बा कचोरा में जीत घर से जागेश जीराम घर तक, तुलाराम घर से जागेश जीराम घर तक तथा सोनूराम घर से गायत्री मंदिर तक तीन सीसी सडकों का निर्माण 7.61 लाख रुपये की लागत से किया जाएगा। सामुदायिक भवन में लोकार्पण समारोह पश्चात आयोजित कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रदीप देवांगन, सरपंच प्रकाश नाग, धूरगूड़ा सरपंच दुर्गा ऊद्दे, आड़ावाल सरपंच जयंती कश्यप, विद्याधर जीराम, पूर्व उप सरपंच दिनेश सिंह, राजेश राय, उप सरपंच लोकनाथ समेत ग्रामीण, राजीव युवा मितान क्लब सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद थे। कार्यक्रम संचालन विजय सिंह ने किया।

# इंडियन स्वच्छता लीग का महापौर ने किया शुभारंभ



**जगदलपुर,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। नगर पालिका निगम के तहत इंडियन स्वच्छता लीग का शुभारंभ महापौर सफीरा साहू ने दलपत सागर आइलैंड से किया। इंडियन स्वच्छता लीग का आगाज महापौर श्रीमती साहू ने शहर के विभिन्न स्कूलों से आयें छात्र-छात्राओं को स्वच्छता शपथ दिलाकर किया। स्वच्छता शपथ के पश्चात महापौर के नेतृत्व में जनप्रतिनिधि, ब्रांड एंबेसडर, युवोदय के वॉलिंटियर, स्कूल के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक शिक्षिका के द्वारा रैली निकाल कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। महापौर ने स्वच्छता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान महापौर ने अपने उद्बोधन में कहा कि 16 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा चलाया जाएगा जिसमें शहर में स्वच्छता को लेकर विभिन्न आयोजन आयोजित किए जाएंगे। शहर की साफ सफाई हमारी प्राथमिकता है इसमें सभी का सहयोग जरूरी है। हम सबको मिलकर हमारे जगदलपुर शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाना है। स्वच्छता पखवाड़े में विभिन्न स्वच्छता संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। स्वच्छता पखवाड़ा में प्रतिदिन शहर के प्रत्येक चार वार्डों में सफाई अभियान के साथ वार्ड के लोगों को सफाई संबंधी समस्याओं का निदान किया जाएगा। स्वच्छता पखवाड़े में जनप्रतिनिधियों के साथ वार्ड के नागरिक, व्यवसायी व अन्य संगठनों को भी इस अभियान में जोड़कर साफ सफाई के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जाएगा। इसी कड़ी में 20 सितंबर को सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में निगम स्वच्छता विभाग के कर्मचारियों, स्वच्छता दीदीयों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। साथ ही शासन के अन्य योजनाओं के संबंध में कर्मचारियों को जानकारी दी जाएगी। इस दौरान पार्षद योगेंद्र पांडे, ललिता राव, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर अजय पाल, रामनरेश पांडे, डीके पाराशर, रतन व्यास, स्वच्छता विभाग के हेमंत श्रीवास, दामोदर, विनय शर्मा, सुशील कर्मा पीआईयू योगेश पांडे, रुपेश व युवोदय के वालंटियर, स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

**2 अक्टूबर तक चलाया जाएगा स्वच्छता पखवाड़ा**

# परिवर्तन यात्रा को मिल रहे अपार जनसमर्थन से घबराई कांग्रेस : रामाश्रय



**जगदलपुर,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा से प्रारंभ हुई भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन यात्रा को मिल रहा अपार जन समर्थन। यह संकेत दे रहा है कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार का अंत निश्चित है। भाजपा की परिवर्तन यात्रा छत्तीसगढ़ की जनभावना का प्रकटीकरण है। गुमराहवादी, अनर्गल प्रलाप की कांग्रेसी राजनीति को आने वाले विधानसभा के चुनाव में प्रदेश की जनता पराजित करने जा रही है। परिवर्तन यात्रा को मिल रहा भारी जनसमर्थन संकेत है कि प्रदेश की जनता कांग्रेस की सरकार से त्रस्त व हताश है। उक्ताशय के विचार भाजपा जिला महामंत्री रामाश्रय सिंह ने व्यक्त करते हुए कहा है।

उन्होंने आगे कहा कि परिवर्तन यात्रा कांग्रेस के कुशासन के पराभव का शंखनाद है। पूरे पाँच वर्ष प्रदेश की सरकार ने केंद्र सरकार को कोसने और भ्रष्ट लोगों को संरक्षण देने व उनकी पैरोकारी में व्यस्त रही है। परिवर्तन यात्रा की सफलता से घबराई कांग्रेस अनर्गल प्रलाप में उतर आई है। भाजपा नेताओं से सवाल पूछने से पहले कांग्रेस यह बताये कि क्या 2003 से पहले प्रदेश में लगभग 49 वर्षों के उनके शासन काल में बस्तर को कालापानी की संज्ञा नही दी जाती थी, क्या बस्तर के गरीब आदिवासी आपके शासन के दौरान नमक के बदले >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# विश्व ओजोन दिवस पर विशेष व्याख्यान का आयोजन



**जगदलपुर,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में 16 सितंबर को विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राणिशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डा. सुशील दत्ता थे।


डॉ दत्ता ने बताया कि ओजोन लेयर धरती के वायुमंडल की एक परत है जो सूरज से सीधी आती किरणों को रोकती है। ओजोन परत सूरज की खतरनाक अल्ट्रावायलेट किरणों को छानकर धरती पर भेजता है। ओजोन लेयर धरती के वायुमंडल की एक परत है जो सूरज से सीधी आती किरणों को रोकती है। ओजोन परत सूरज की खतरनाक अल्ट्रावायलेट किरणों को छानकर धरती पर भेजता है। उन्होंने बताया कि हम घर पर एसी और फ्रिज का इस्तेमाल करते हैं और इनसे जो गैस निकलती है वो ओजोन परत को नुकसान पहुंचाती है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अतुल त्रिवेदी ने कहा कि हम घर पर एसी और फ्रिज का इस्तेमाल करते हैं और इनसे जो गैस निकलती है वो ओजोन परत को नुकसान पहुंचाती है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अतुल त्रिवेदी ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा हर वर्ष 16 सितंबर को ओजोन दिवस मनाया जाता है और साल 2023 में विश्व ओजोन दिवस की थीम च्मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल-फिक्सिंग द ओजोन लेयर एंड रिड्यूसिंग दे क्लाइमेंट चेंजज् यानी >> शेष पृष्ठ 9 पर >

**एसी और फ्रिज से निकलने वाली गैस ओजोन परत को नुकसान पहुंचाती है : प्रो. दत्ता**

# 8 लाख के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



**जगदलपुर,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा चुनाव 2023 को दृष्टिगत रखते हुये थाना नगरनार अंतर्गत फारेस्ट नाका धनपुंजी में 15 के रात्रि में उड़ीसा से जगदलपुर की ओर आ रही वाहनों को चेक किया गया जा रहा था कि चेकिंग दौरान कार क्रमांक ओडी 30 ई 5411 को चेक करने पर वाहन के अंदर बैग में भरा नगदी रकम कुल 8,00,000/ लाख रूपये (आठ लाख रूपये) मिला। मौके पर अनावेदकगणों के द्वारा उक्त नगदी रकम के संबंध में कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं करने पर उक्त नगदी रकम किसी अपराध से संबधित होने के संदेह पर धारा 102 जा.फौ. के तहत जप्त कर अनावेदकगणों के खिलाफ कार्यवाही करते हुये मामला कायम कर न्यायालय पेश किया गया है।

# अरविंद केजरीवाल ने चुनावी रेवड़ी बांटने का किया वादा

## झमाझम बारिश के बीच हजारों की संख्या में उपस्थित थे पूरे बस्तर संभाग से आए लोग



**जगदलपुर,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी द्वारा शहर के लालबाग मैदान में शनिवार को एक विशाल आम सभा का आयोजन किया गया जिसमें आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक व दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तथा पंजाब के मुख्यमंत्री भागवत मान ने लोगों को संबोधित किया। पंजाब के मुख्यमंत्री भागवत मान ने अपने निराले व्यगात्मक अंदाज में अपने राज्य में किया जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुए उन्हें यहां भी लागू करने का वादा किया तथा राष्ट्रीय संयोजक व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आमसभा को संबोधित करते हुए भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम लिए बगैर उनके योजनाओं और घोषणा को लक्ष्य कर काफी आलोचना किए। सभा में उपस्थित लोगों से आई लव इंडिया, भारत माता की जय और सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा नारा भी लगवाया। छत्तीसगढ़ वासियों को अपने 10 गारंटीयों का वचन कर विस्तृत विवरण दिया।

**बिजली गारंटी:** दिल्ली और पंजाब की तरह छत्तीसगढ़ में भी हर महीने हर घर को 300 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी। छत्तीसगढ़ के सभी गांव और शहरों में बिना कट लगे 24 घंटे बिजली दी जाएगी। छत्तीसगढ़ में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने पर सारे पुराने बकाया घरेलू बिजली बिल माफ किए जाएंगे

**शिक्षा गारंटी:** छत्तीसगढ़ के हर बच्चे को अच्छी और फ्री शिक्षा दी जाएगी। दिल्ली की तरह सभी सरकारी स्कूलों को शानदार बनाया जाएगा। दिल्ली की तरह छत्तीसगढ़ में भी प्राइवेट स्कूलों की नाजायज़ फीस नहीं बढ़ने देंगे। 4. सभी कच्चे शिक्षकों को पक्का किया जाएगा। शिक्षकों के सभी खाली पद भरे जाएंगे। शिक्षकों को शिक्षण के अलावा और कोई भी अन्य कार्य नहीं दिया जाएगा।

**स्वास्थ्य गारंटी:** दिल्ली की तरह छत्तीसगढ़ के हर नागरिक के लिए मुफ्त और अच्छे इलाज का इंतजाम किया जाएगा।

दिल्ली की तरह सभी दवाइयाँ, टेस्ट और ऑपरेशन मुफ्त किए जाएंगे। दिल्ली की तरह हर गांव और वार्ड में मोहल्ला क्लीनिक खोला जाएगा। छत्तीसगढ़ के सभी मौजूदा सरकारी अस्पतालों को शानदार बनाया जाएगा और नए सरकारी अस्पताल खोले जाएंगे। सभी रोड एक्सीडेंट मरीजों को पूरे छत्तीसगढ़ में मुफ्त इलाज की सुविधा दी जाएगी।

**भ्रष्टाचार मुक्त छत्तीसगढ़ की गारंटी:** दिल्ली की तरह छत्तीसगढ़ में भी भ्रष्टाचार को पूरी तरह खत्म किया जाएगा। किसी भी सरकारी दफ्तर में काम करवाने के लिए आपको वहां नहीं जाना पड़ेगा। दिल्ली की तरह एक फोन नंबर जारी करेंगे, आप उस फोन पर कॉल करके काम बताओ, कोई सरकारी कर्मचारी आपके घर आकर काम करके जाएगा। आपको किसी को रिश्वत देने की जरूरत नहीं होगी।

**रोजगार गारंटी:** हर बेरोजगार को रोजगार मुहैया करवाया जाएगा। जब तक नौकरी नहीं मिलती तब तक हर बेरोजगार को ?3000 महीना बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा। लगभग 10 लाख बेरोज़गारों को सरकारी नौकरी में भर्ती किया जाएगा। नौकरियों की भर्ती में सिफारिश और भ्रष्टाचार खत्म कर पारदर्शिता लाई जाएगी, आम जनता को नौकरी के अवसर दिए जाएंगे।

**महिलाओं के लिए गारंटी:** 18 वर्ष से अधिक आयु की सभी महिलाओं को हर महीने 1000 रुपए स्त्री सम्मान राशि दी जाएगी।

**तीर्थ यात्रा गारंटी:** दिल्ली की तरह छत्तीसगढ़ के सभी बुजुर्गों को उनके पसंद के किसी भी पवित्र तीर्थ स्थान पर मुफ्त यात्रा करवाई जाएगी। वहां आना-जाना, रहना खाना सब मुफ्त होगा।

**शहीद सम्मान राशि की गारंटी:** भारतीय सेना और छत्तीसगढ़ पुलिस के जवान अगर सेवा के दौरान शहीद होते हैं तो उनके परिवार को 1 करोड़ रुपए की सम्मान राशि दी जाएगी।

**कर्मचारी वर्ग के लिये गारंटी:** सभी विभागों के संविदा, प्लेसमेंट, ठेका व अनियमित कर्मचारियों को नियमित करेंगे। संविदा व ठेका प्रथा बंद करेंगे।

**पेसा कानून:** छत्तीसगढ़ में सरकार बनने की एक माह के अंदर ग्राम सभा को पूरा अधिकार प्रदान करते हुए राज्य में पेसा कानून लागू किया जाएगा।

**झमाझम बारिश में कुर्सी से अपने सर को ढका दर्शकों ने**

# दंतेवाड़ा में 24 को कैंसर जांच-उपचार का मेडिकल कैंप

**दंतेवाड़ा,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। कैंसर की जांच और उपचार के लिए दंतेवाड़ा जिले में एक बड़ा शिविर, आरोग्यम् मेडिकल कैंप, रविवार 24 सितंबर को जिला अस्पताल में आयोजित हो रहा है। सुषमा विंग्स आफ कैंसर सपोर्ट सोसायटी बाल्को मेडिकल सेंटर नया रायपुर और बस्तर चेंबर ऑफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज दंतेवाड़ा ब्रांच की ओर से यह नि:शुल्क आयोजन सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया जा रहा है।

आयोजन के संदर्भ में व्यापारी संघ एवं मां दंतेश्वरी रिलीफ सोसायटी दंतेवाड़ा के सदस्यों ने प2त्रकार वार्ता में विस्तृत जानकारी दी। इस शिविर में गर्भाशय के कैंसर, सरवाईकल कैंसर, स्तन कैंसर के चिकित्सकीय परीक्षण किये जायेंगे। शिविर में कैंसर रोग विशेषज्ञ, एमडी मेडिसिन, शिशु रोग विशेषज्ञ, ब्लड प्रेशर, शुगर, मनोरोग चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। शिविर में विशेष रूप से बाल्को मेडिकल सेंटर से कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. मऊ राय, डॉ. भंवर शर्मा महारानी अस्पताल जगदलपुर, डॉ. महेश मिश्रा नोडल अफसर एनसीडी, डॉ. आरबीपी गुप्ता एमडी मेडिसिन महारानी अस्पताल जगदलपुर, डॉ. राज गुप्ता महारानी अस्पताल जगदलपुर तथा डॉ. मरियम केए मनोचिकित्सक मेडिकल कॉलेज जगदलपुर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। शिविर में बाल्को की मोबाइल कैंसर जांच वैन भी मौजूद रहेगी, जहां मरीजों की विस्तृत जांच होगी। इसमें मेमोग्राफी मशीन, थर्मल स्केनिंग, मुख कैंसर परीक्षण तथा स्त्री रोग संबंधी परीक्षण होंगे।

सुषमा विंग्स की श्रीमती शशि गुप्ता ने बताया कि इस शिविर में जांच उपचार नि:शुल्क होंगे। शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को कैंसर रोग के बारे में जागरूक करना है। इसकी जल्दी पहचान होने पर उपचार में आसानी होती है। विलंब से जानकारी होने पर ईलाज में भी कठिनाई होती है। कैंसर को दहशत का पर्याय माना जा रहा है, इस भ्रम को तोड़ना है। कैंसर कर ईलाज संभव है, बशर्ते समय से इसका पहचान हो जाए। बीजापुर, सुकमा और कोंडागांव में इस तरह का शिविर आयोजित हो चुका है। दंतेवाड़ा में



**नि:शुल्क शिविर में मौजूद रहेंगे प्रदेश के विशेषज्ञ चिकित्सक**

यह पहला शिविर है। समाज सेवा के क्षेत्र में इस पहल में दंतेवाड़ा व्यापारी संघ और जिला अस्पताल का महत्वपूर्ण सहयोग मिल रहा है। सिविल सर्जन डॉ. कपिल देव कश्यप ने बताया कि शिविर के लिए जिला अस्पताल में पूरी सुविधा दी जा रही है। उप स्वास्थ्य केन्द्रों तक इसकी जानकारी दी गई है। मरीजों को वहां से शिविर स्थल जिला अस्पताल लाने नि:शुल्क वाहन सुविधा रहेगी, नाश्ते का भी प्रबंध रहेगा। स्वास्थ्य विभाग का जमीन अमला इसके लिए पूरी तरह सजग है। व्यापारी संघ के मनोज सुराना ने बताया कि शिविर के लिए सर्व आदिवासी समाज, गायत्री परिवार, पंचायत सचिव व अन्य समाज सेवियों की मदद ली जा रही है। अधिक से अधिक लोगों तक इसका प्रचार-प्रसार हो रहा है, ताकि मरीज ग्रामीण शिविर में जांच और उपचार के लिए पहुंच सके। बाल्को की मेडिकल वैन उपलब्ध रहेगी तो इससे काफी मदद मिलेगी। पत्रवार्ता में जानकारी दी गई कि कोंडागांव के शिविर में 15 कैंसर मरीजों की पहचान हुई थी। बीजापुर में लगभग 8 सौ ग्रामीणों का परीक्षण हुआ था। बस्तर में मुख कैंसर के ज्यादा संभावना रहती है, क्योंकि यहां तंबाकू और गुड़ाखू का बहुतायत प्रयोग होता है। शिविर में पंजीयन के लिए मोती सालेचा मो. नं. 9424270761, रजनीश सुराना- 8085400555, प्रमोद गुप्ता- 9425260121, मनोज सुराना- 8889840488 तथा मनुवर्गीस- 9425260792 से संपर्क किया जा सकता है। चिकित्सकीय परीक्षण के पंजीयन की अंतिम तिथि 20 सिंतबर निर्धारित की गई है। प्रथम 5 सौ लाभार्थी को प्राथमिकता मिलेगी। शिविर का समय 24 सितंबर को सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक तय किया गया है। मरीज ज्यादा रहने पर समय बढ़ाया जा सकता है। पत्रवार्ता के दौरान श्रीमती सुनीता बोथरा, चेंबर महामंत्री विमल बोथरा, चेंबर मंत्री सुनील, उपाध्यक्ष दंतेवाड़ा मोती सालेचा, दंतेवाड़ा व्यापारी संघ अध्यक्ष मनोज सुराना, प्रमोद गुप्ता, मनुवर्गीस व अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# विस चुनाव तैयारी को तेज करने, कलेक्टर ने नोडल अधिकारियों की बैठक ली

**कोण्डागांव,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। कोण्डागांव कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी की अध्यक्षता में विधान सभा चुनावों की तैयारी को तेज करने के लिए आज कलेक्टोरेट के भूतल पर स्थित सभाकक्ष में नोडल अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेमप्रकाश शर्मा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सीमा ठाकुर सहित नोडल अधिकारी उपस्थित थे। जहां कलेक्टर ने निष्पक्ष निर्वाचन सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से प्राप्त सभी निर्देशों को नोडल अधिकारियों को उपलब्ध कराने के निर्देश नोडल अधिकारियों को उपलब्ध कराने, निर्वाचन हेतु आवश्यक सभी मतदान सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ ही मतदान दलों को चेकलिस्ट उपलब्ध कराने, इवीएम के रखरखाव तथा परिवहन के संबंध में ईवीएम मैनुअल का अक्षरश: पालन करने, निर्वाचन के दौरान कानून व्यवस्था, शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने, दिव्यांगजनों के चिन्हांकन करने तथा उनकी सहायता के लिए आवश्यकता अनुसार मतदान केन्द्रों में व्हील चेयर, ब्लाइंड स्टिक उपलब्ध कराने के साथ ही युवोदय कोंडानार के स्वयंसेवकों को भी नियुक्त करने, कलेक्टर ने निर्वाचन की घोषणा के साथ ही आदर्श आचरण संहिता का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करते हुए सभी शासकीय संपत्ति से राजनीतिक दलों से संबंधित झंडे, बैनर, पोस्टर आदि हटाने, वाहनों में राजनैतिक दलों के झंडों के उपयोग हेतु निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित करने, कोलाहल अधिनियम, शस्त्र अधिनियम का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक तैयारी करने, रैली, सभा, जुलूस इत्यादि आयोजन के लिए राजनैतिक दलों को सुविधा एप से आवेदन के लिए प्रोत्साहित करने, निर्वाचन के दौरान मतदाताओं को प्रभावित करने वाले प्रलोभन सामग्री के वितरण तथा आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन से संबंधित शिकायतों के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित करने के साथ ही शिकायतों का निराकरण समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित करने, कोई भी अनपेक्षित व्यक्ति वहां प्रवेश न कर सके इसलिए निर्वाचन संबंधी कार्य में नियुक्त सभी कर्मचारियों को परिचय पत्र जारी करने, मतदान सामग्री के वितरण के साथ ही मतदान दलों की रवानगी कार्य को सुगमतापूर्वक किए जाने पर जोर देते हुए उन्होंने मतदान दलों के लिए आवश्यकतानुसार वाहनों का प्रबंध सुनिश्चित करने, बुथ स्तरीय अधिकारियों के माध्यम से मतदाता पर्ची का वितरण शीघ्र किए जाने, ताकि उन मतदाताओं की सूची भी तैयार की जा सके, जिन्हें मतदाता पर्ची नहीं दी गई है, के साथ ही निर्वाचन कार्य में नियुक्त कर्मचारियों को डाक मतपत्र तथा निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र प्रदान करने तथा इसका उल्लेख मतदाता सूची में करने के निर्देश भी दिए।

# कल से सुरभि कालोनी में गणेशोत्सव की धूम

**11 दिन आस्था, भक्ति और श्रद्धा का मेला**



**दंतेवाड़ा,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा की सुरभि कालोनी में इस वर्ष भी गणेशोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन 18 से 28 सितंबर तक रहेगा। 18 सितंबर सोमवार शाम 6 बजे गणपति स्थापना होगी और विधिविधान के साथ पूजा संपन्न होगी। इसके बाद 19 सितंबर से प्रतिदिन प्रात: और संध्या कालीन पूजा होगी। सुबह की पूजा साढ़े 8 बजे और शाम की पूजा 7 बजे से प्रारंभ होगी। 28 सितंबर गुरूवार को सुबह की पूजा साढ़े 8 बजे होगी और हवन के बाद भण्डारा होगा तथा इसी दिन अपरान्ह 3 बजे विसर्जन होगा। उल्लेखनीय है कि काफी लंबे समय से गणेशोत्सव का आयोजन सुरभि कालोनी में पूरी आस्था और श्रद्धा के साथ किया जा रहा है। इसमें सभी कालोनी वासियों के साथ ही शहर के लोग भी शामिल होते हैं।

# स्कूल सफाई कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

**भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी से मिला समर्थन**



**नारायणपुर,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। नारायणपुर जिले के शासकीय स्कूलों में पदस्थ सफाई कर्मचारियों ने छत्तीसगढ़ स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ जिला नारायणपुर के तत्वावधान में अंशकालीन से पूर्णकालीन करने की एक सूत्रीय मांग को लेकर बखरूपारा नारायणपुर में पिछले 4 सितंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे हैं। स्कूल सफाई कर्मचारियों के आंदोलन को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का समर्थन मिला है।आज भाकपा के जिला सचिव का. फूलसिंग कचलाम के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने धरना स्थल पहुंचकर आंदोलनरत कर्मचारियों को अपना समर्थन दिया। भाकपा जिला सचिव ने कहा कि प्रदेश सरकार स्कूल सफाई कर्मचारियों की मांग को शीघ्र पूरा करें।इस बीच स्कूल सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों तिलसू यादव एवं जुगनू गावड़े ने कहा कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होगी तब-तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा। इस अवसर पर भाकपा के जिला सचिव कामरेड फुलसिंग दादा, एवं प्रकाश दुग्गा, कामरेड निलेश नाग, कामरेड अर्जुन दुग्गा, उज्यारसिंह कचलम , कॉमरेड संतु मंडावी , कॉमरेड विजय कचलाएम, सन्नु सलाम , रवि कोर्राम , कॉमरेड बुधराम कोर्राम , राजेंद्र करंगा, कामरेड सेंटर वड्डे, लाचिम मात्रा , कॉमरेड बीरेंद्र नाग , अंतू कोर्राम , तेज नाग , लाल चंद कोर्राम , पाडिया मंडावी , लाल साय पोटाई, पांडे कोर्राम सहित सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# साक्षरता दिवस पर टेकनार स्कूल में रैली

**दंतेवाड़ा,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। माध्यमिक शाला टेकनार संकुल टेकनार जिला दंतेवाड़ा में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर साक्षरता रैली और बच्चों के द्वारा शिक्षा पर आधारित मनमोहक चित्रकला का प्रदर्शन भी किया गया। समय-समय पर शाला में बच्चों की रुचियों को ध्यान में रखते हुए सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाता है।



## सार-संक्षेप

### दंतेवाड़ा को सुंदर बनाने स्वच्छता अभियान



**दंतेवाड़ा,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। इंडियन स्वच्छता लीग सीजन 2 अंतर्गत निकाय क्षेत्र में मुख्य नगर पालिका अधिकारी समेत निकाय के जन प्रतिनिधियों, स्वच्छता दीदियों, सफाईकर्मियों एवं कर्मचारियों के द्वारा स्वच्छता ड्राइव चलाया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी पवन मेरिया ने बताया कि यह स्वच्छता पखवाड़ा 2 अक्टूबर तक आयोजित होगा। स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने के साथ ही नागरिकों के साथ मिलकर श्रमदान करते हुए शहर को स्वच्छ बनाने के लिए रैली निकाली जाएगी। स्वच्छता की शपथ ली जाएगी। हम सबने यह ठाना है, दंतेवाड़ा को स्वच्छ बनाना है, सभी रोगों की एक दवाई, आसपास रखें साफ सफाई, जैसे नारों के साथ शानदार अंदाज में अभियान प्रारंभ हुआ। इस दौरान श्रीमती पायल गुप्ता (अध्यक्ष), धीरेन्द्र प्रताप सिंह (उपाध्यक्ष), मनोज मालवीय, संजय विश्वकर्मा, मनोज गुप्ता, कोमल सिंह साहू, नितेश मृगा समेत निकाय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

### आकांक्षी ब्लॉक फैलो पद के लिए आवेदन 29 तक

**जगदलपुर,** 16 सितम्बर। कार्यालय कलेक्टर जिला बस्तर द्वारा मिशन संचालक, नीति आयोग के निर्देशानुसार वित्तीय वर्ष 2023-24 में जिला बस्तर के विकासखण्ड तोकापाल में स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, जल संसाधन वित्तीय समावेश और बुनयादी जैसे कार्यों को बढ़ावा देने के लिये आकांक्षी ब्लॉक फैलो का 01 पद नियुक्ति किया जाना है। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासी इच्छुक, उम्मीदवारों से 29 सितम्बर 2023 तक शाम 05.30 बजे तक शैक्षणिक योग्यता अनुसार दिये गये संलग्न निर्धारित प्रारूप में जिला के विभागीय वेबसाईट 222.bastar.gov.in पर ऑनलाईन लिंक में आवेदन - अवलोकन कर सकते हैं एवं कार्यालयीन समय में जिला पंचायत बस्तर में भी आवेदन पत्र जमा किया जा सकता है। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त होने वाले ऑनलाईन आवेदन पत्र कोई विचार नहीं किया जायेगा।

# मानव श्रृंखला बनाकर दिया मतदान का संदेश

**दंतेवाड़ा,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर विनीत नंदनवार के निर्देशानुसार बारसूर तहसील स्तर पर आज स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इसमें स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी विद्यालय बारसूर, शा कन्या स्वामी आत्मानंद हिंदी विद्यालय बारसूर, शा हिंदी उ. मा विद्यालय छिंदनार, शा हाईस्कूल पोटाकेबिन के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। छात्रों के लिए मतदाता जागरूकता के तहत विभिन्न विधा क्विज प्रतियोगिता, रंगोली, भाषण,कविता,स्थानीय भाषा में नारा लेखन इत्यादि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था और विद्यार्थियों ने उत्साह से सभी विधाओं में हिस्सा लिया एवं शपथ लिया कि वे घरों में जाकर अपने परिजनों को अवश्य मतदान करने प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम के अंत में 300 से अधिक विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बना कर सभी को मतदान देने के लिए जागरूक किया। इस दिशा में नगरीय क्षेत्रों सहित ग्रामीण इलाकों में मतदाता जागरूकता शिविर एवं रैली आयोजन सहित ईव्हीएम और वीवीपैट मशीन का प्रदर्शन कर मतदाताओं को निर्वाचन में अवश्य मतदान करने अभिप्रेरित किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान तहसीलदार बारसूर संतोष धुर्वे, सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सुश्री भवानी पुनेम, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग (बारसूर ) प्राचार्य नब्बी लाल नरेटी, प्रवीण नाग, प्राचार्य जेडी नाग संकुल समन्वयक भूपेंद्र श्रीवास, बनीत नाग, चंद्र कुमार राणा, मनोज शेंडे, सुश्री माधुरी एवं समस्त विद्यालय के प्रभारी शिक्षक उपस्थित रहे। इसके साथ ही लाइवलीहुड कॉलेज में मतदान के लिए स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई।



- **बारसूर तहसील के 3 स्कूली बच्चों की शानदार पहल**
- **मतदाता जागरूकता के लिए क्विज, रंगोली और भाषण स्पर्धा**

# एनएमडीसी बचेली परियोजना में मुख्य सतकर्ता अधिकारी (सीवीओ) के द्वारा कार्यशाला का आयोजन




**बचेली,** 16 सितंबर। सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 के तहत बचेली परियोजना में मुख्य सतकर्ता अधिकारी (सीवीओ) के द्वारा कार्यशाला का आयोजन सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 के तारतम्य में एनएमडीसी, बचेली परियोजना के प्रशिक्षण संस्थान में आज 16 सितंबर को बी. विश्वनाथ, आईआरएसएस, मुख्य सतकर्ता अधिकारी द्वारा निवारक सतर्कता के संबंध में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया और अधिकारियों के ज्ञान संवर्धन के लिए मार्गदर्शन तथा कुछ केस स्टडी अभ्यास कराया गया। प्रतिभागियों के लिए पीआइडीपीआई से सम्बंधित विडिओ और सीएमडी का सन्देश का वीडियो भी चलाया गया। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख श्री बी वेंकटश्वरलु, अधिशासी निदेशक ने निवारक सतर्कता के बारे में अभिभाषण दिये। रविन्द्रनारायण, मुख्य महाप्रबंधक (वर्क्स) ने निवारक सतर्कता के सकारात्मक पहलुओं पर अपने विचार प्रस्तुत किये। इस अवसर पर पी रामय्यन, मुख्य महाप्रबंधक (अनु. एवम से.)अनु., धर्मेन्द्र आचार्य, महाप्रबंधक (कार्मिक), प्रदीप मोरसिया, महाप्रबंधक( विद्युत), पंकज दर्यापुरकर, सतर्कता अधिकारी तथा बचेली काम्प्लेक्स के अधिकारियों उपस्थित थे।

# धान की फसल में झुलसा रोग की आशंका



**दंतेवाड़ा,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डिप्रोशन बंजारा एवं वैज्ञानिकों का पूर्वानुमान है कि आगामी दिनों में वर्तमान मौसम की स्थिति को देखते हुए जिला दन्तेवाड़ा के किसानों के खेत में धान के फसल में लगने वाले जीवाणु जनित झुलसा रोग (बैक्टीरियल लीफ ब्लाईट) होने की संभावना है। इस रोग के प्रारंभिक लक्षण की पहचान उनके पत्तियों पर रोपाई या बुआई के 20-25 दिन बाद दिखाई देते है। लक्षणों में सर्वप्रथम पत्ती के किनारे का भाग हल्का हरापन लिये हुए पीला रंग का होने लगता है, साथ ही यह रोग पत्ती की मुख्य नस की ओर एवं निचले हिस्से की ओर तेजी से फैलने लगता है। इससे पूरी पत्ती मटमैले पीले रंग की होकर सूख जाती है। रोग ग्रसित पौधे कमजोर हो जाते हैं। उनमें कंसे कम निकलते है एवं दाने पूरी तरह नहीं भर पाने के कारण पैदावार कम हो जाती है। जिले के किसानों को इस रोग के रोकथाम हेतु स्यूडोमुनास पॉवडर 5 ग्राम प्रति लीटर पानी या नीम ऑईल दवा 10 ग्राम प्रति लीटर पानी की दर से छिड़काव कर रोग के संक्रमण को कम किया जा सकता है। किसान खेत में जल का जमाव अनावश्यक रूप से नहीं करें।

- **कृषि वैज्ञानिकों का पूर्वानुमान**
- **किसानों को बतायी बचाव की तकनीक**

## प्रादेशिकी का शेष...

### परिवर्तन यात्रा को मिल रहे...

कीमती चिरौंजी देने पर मजबूर नहीं थे,क्या एनएमडीसी का मुख्यालय हैदराबाद में हो यह निर्णय तत्कालीन कांग्रेस की सरकार का नही था। रामाश्रय सिंह ने आगे कहा कि 2003 के पहले समूचे बस्तर में सड़कों की क्या स्थिति थी। भाजपा के शासन में आने के बाद बस्तर में सड़कों का जाल,बस्तर विश्वविद्यालय, जावंगा में एजुकेशन हब,मेडिकल कॉलेज, नर्सिग कॉलेज,नगरनार स्थित स्टील प्लांट सहित सैकड़ों जनहित के कार्य भाजपा शासन की देन हैं। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस की राष्टीय पहचान झूठी पार्टी और अनर्गल प्रलाप करने वाली की बन चुकी है। भाजपा को छत्तीसगढ़ में अपने शासन के लिए कांग्रेस के प्रमाणीकरण की आवश्यकता नही है। प्रदेश व बस्तर की जनता अपनी शुभचिंतक भारतीय जनता पार्टी से भलीभाँति परिचित हैं। जनता का आशीर्वाद भाजपा के साथ है। आसन्न विधानसभा के चुनाव में झूठी व भ्रष्टाचारी कांग्रेस के कुशासन का अंत निश्चित है।

### विश्व ओजोन दिवस पर...

च्मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल- ओजोन परत की मरम्मत और जलवायु परिवर्तन को कम करनाज् रखी गई है। कार्यक्रम का संचालन एवं अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन प्रो. किरन साहू ने किया। इस अवसर पर अतिथि शिक्षक श्रद्धा पाठक, पुष्पा जैन, राहुल महावर, समीक्षा मांझी, आयुष नोटवानी, श्रुति देवांगन, कपिल सरैया एवम छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# धान खरीदी की बायोमेट्रिक व्यवस्था, 31 अक्टूबर तक नए किसानों का किया जाएगा पंजीयन

**कोण्डागांव,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। खरीफ वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में पारदर्शिता के लिए बायोमेट्रिक आधारित खरीदी प्रणाली लागू की जा रही है, जिसमें किसान अपना बायोमेट्रिक आधार (अंगूठा लगाकर) प्रमाणीकरण के पश्चात् धान की बिक्री कर सकता है। पूर्व में पंजीकृत किसानों को अपने पंजीयन को कैरी फारवर्ड करने के लिए 30 सितंबर 2023 तक समय दिया गया है। इसके लिए सभी किसानों को आधार कार्ड के साथ संबंधित समिति में जाकर आवेदन करना होगा। किसानों का समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के दौरान कोई असुविधा न हो इसके लिए उनके परिवार एवं रिश्तेदारों को नामिनी बनाने की सुविधा प्रदान की गई है, जिनमें माता, पिता, पति, पत्नी, पुत्र, पुत्री, दामाद, पुत्रवधु, सगा भाई, बहन शामिल हैं। इसके अतिरिक्त समर्थन मूल्य पर धान खरीदी हेतु कलेक्टर द्वारा विश्वसनीय व्यक्ति की नियुक्ति धान खरीदी केंद्रों में की जाएगी, जो धान खरीदी में सहयोग प्रदान करेंगे। हिस्सेदार, बटाईदार, अधिया रेगहा के तहत गतवर्ष की भाँति पंजीयन किया जाएगा। इसके फसल उगाने वाले कृषकों के लिए खेत का मालिकाना हक रखने वाले किसान स्वयं पंजीयन करा सकेंगे अथवा संबंधित कृषक के नामिनी के तौर पर पंजीयन करा सकता है। यदि किसी कारणवश पंजीकृत किसान अपना नामिनी अथवा आधार नंबर परिवर्तन कराना चाहता है तो उसका अनुमोदन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं तहसीलदार द्वारा किया जा सकता है। आधार प्रमाणीकरण यदि बायोमेट्रिक के माध्यम से सफलतापूर्वक दर्ज नहीं होता है, तब अंतिम विकल्प के रुप में आधार से लिंक मोबाईल नंबर से ओटीपी भेजकर किसान नामांकित व्यक्ति का पहचान प्रमाणीकरण का विकल्प भी दिया गया है। गतवर्ष पंजीकृत किसानों का पंजीयन उनके मृत्यु एवं अन्य कारणों से निरस्त किए जाने हेतु ऐसे किसानों की जानकारी तहसीलदारों को प्रेषित की जाएगी। तदउपरातन्त तहसीलदार को प्रदान लॉगिन आईडी से किसान पंजीयन निरस्त की कार्रवाई की जाएगी। जिले के सभी किसानों से खरीफ वर्ष 2023-24 में नवीन पंजीयन एंव गत् वर्ष के पंजीयन में सुधार के संबंध में अपने संबंधित समिति से संपर्क कर किसान पंजीयन अपडेट करायें। किसान पंजीयन एवं पंजीयन संशोधन हेतु आवेदन समिति से ही प्राप्त कर सकते है। सभी किसान से अपील की जाती है कि 31 अक्टूबर 2023 तक किसान पंजीयन से संबंधित अपना कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें। जिससे समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में किसी प्रकार से कोई भी समस्या न हो।

- **पहले से पंजीकृत किसानों को 30 तक कराना होगा पंजीयन को कैरी फारवर्ड**
- **नामिनी की भी देनी होगी जानकारी, समितियों में देना होगा आवेदन**

**कलेक्टर ने की अपील**

कलेक्टर दीपक सोनी ने जिले के सभी पूर्व पंजीकृत किसानों से 30 सितंबर तक अपने धान विक्रय पंजीयन को कैरी फारवर्ड कराने की अपील की है, जिससे धान विक्रय में किसी प्रकार की समस्या न हो। इसके साथ ही नवीन पंजीयन हेतु आवेदन की अपील भी की गई है।

**16 से 30 सितंबर तक किया जाएगा किसान चैपालों का आयोजन**

कलेक्टर ने धान खरीदी की नई बायोमेट्रिक प्रणाली की जानकारी सभी किसानों को देने के लिए 16 से 30 सितंबर तक सभी क्षेत्रों में किसान चैपालों का आयोजन करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।

# खुशवंत साहेब ने ग्राम मुनगी और बहानाकाड़ी का किया दौरा



**आरंग,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में जल्द ही विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। जिसकी तैयारी में भारतीय जनता पार्टी का हर एक कार्यकर्ता लग गया है। इसी कड़ी में बीजेपी के युवा और ऊर्जावान नेता गुरु खुशवंत साहेब ने अपनी पार्टी के कई कार्यकर्ताओं के साथ आरंग विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मुनगी और बहानाकाडी का दौरा किया और जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान कई लोगों को बीजेपी ज्वाइन कराया।

खुशवंत साहेब ने आम जनता से बातचीत करते हुए केंद्र सरकार की कई कल्याणकारी नीतियों के बारे में बताया। खुशवंत गुरु ने पीएम आवास योजना पर बातचीत करते हुए कहा प्रदेश की कांग्रेस सरकार आम जनता का अधिकार छीन रही है और पीएम आवास योजना में भी घोटाला कर रही है। शराबंदी का वादा करके सत्ता में काबिज होने वाली भूपेश सरकार आज खुलेआम नशे का कारोबार कर रही है। ऐसी सरकार को हमे उसकी सही जगह दिखानी होगी और आने वाले चुनाव में जनता की पावर दिखानी होगी।

इस दौरान यहाँ धर्मगुरु खुशवंत साहेब के अलावा दिनेश्वरी टंडन (जनपद सदस्य), अशोक बंजारे (सरपंच बहानाकाडी एवं जिला महामंत्री भाजपा ) , राजलाल कोसले जी(पंच) ,पुष्प कुर्रे (महिला कमांडो अध्यक्ष) सुरेन्द्र भारती ( बीजेपी कार्यकर्ता), सरपंच जीवन घ्रितलहरे , उपसरपंच अशोक वर्मा , शकुन्तला वर्मा (अध्यक्ष महिला समिती), कलावती देवांगन और मीडिया प्रभारी कान्हा कृष्णा कश्यप समेत भाजपा के अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ तृतीय सोपान स्काउट-गाइड व निपुण रोवर-रेंजर जांच शिविर संपन्न

**कोण्डागांव,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ जिला संघ कोण्डागांव एवं कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जिला स्तरीय तृतीय सोपान स्काउट-गाइड एवं निपुण रोवर-रेंजर जांच शिविर 9 से 13 सितम्बर तक संबलपुर में 5 दिवसीय जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसके अंतिम दिवस में महाशिविर ज्वाल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मातलाम, बुधराम नेताम एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला मुख्य आयुक्त व सर्व आदिवासी समाज अध्यक्ष बंगाराम सोढ़ी उपस्थित रहे। महाशिविर ज्वाल कार्यक्रम में प्रतिभागियों के द्वारा पंथी, सुवा, कर्मा, सरगुजिहा, रेला नृत्य नुक्कड़ नाटक प्रस्तुतिकरण किए गए जो आकर्षण के केन्द्र रहे।

इस शिविर में स्काउट-गाइड के छात्र-छात्राओं का तृतीय सोपान एवं रोवर स्काउट-रेंजर के छात्र-छात्राओं का निपुण जाँच परीक्षा लिया गया। स्काउटिंग-गाइडिंग के पाठ्यक्रम के विषय वस्तु से संबंधित विभिन्न विषयों पर जाँच परीक्षा लिया गया। जिसमें प्रमुख रूप से आंदोलन की जानकारी, स्काउटिंग-गाइडिंग की उत्पत्ति, स्काउटिंग-गाइडिंग का इतिहास, विभागवार जीवन उपयोगी दक्षता पदक की जानकारी, गाँठों, फांसों, बंधन, ट्रेसल, मचान बनाना, विपरीत समय में राष्ट्रहित में हम कैसे उपयोगी हों, दुर्घटना अथवा बाढ़ की स्थिति में कैसे जीवन को सुरक्षित किया जा सकता है, जीवन रक्षक डोरी, प्रथमोपचार, टेंट बनाना, गैजेट्स बनाना, ध्वज-शिष्टाचार, बी.पी. सिक्स, साहित्य की जानकारी, नियम-प्रतिज्ञा, प्रार्थना, झंडा गीत, राष्ट्रगान, विभिन्न प्रकार के आग लगाने एवं बुझाने की उचित विधियों की जानकारी, डुबते हुए व्यक्ति को बचाने की जानकारी, आपदा प्रबंधन की सामान्य जानकारी, आत्म सुरक्षा कैसे करें, इत्यादि विभिन्न विषयों पर परीक्षा लिया गया साथ ही राज्य पुरस्कार एवं राष्ट्रपति पुरस्कार स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर पाठ्यक्रम की बेसिक जानकारी दिया गया।

## महाशिविर ज्वाल कार्यक्रम में जिपं अध्यक्ष देवचंद मातलाम हुए शामिल

शिविर संचालक और जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) भीषभ देव साहू ने स्काउटिंग गाइडिंग के विषय में अवगत कराते हुए कहा कि स्काउटिंग गाइडिंग विश्व व्यापी संस्था है जो जीवन उपयोगी पाठ्यक्रम के साथ प्रतिभागी को कौशल उन्नयन के अलग-अलग माध्यम उपलब्ध कराता है। जिसे अलग-अलग पाठ्यक्रम के माध्यम से सीखकर उस विषय वस्तु में प्रतिभागी दक्ष हो सके, जिसमें गार्डनर, कम्युनिटी वर्कर, रक्तदाता, मैकेनिक, विद्युत उपकरन सुधारक, मोबाईल सुधारक, एम्बुलेंस मैन बैज, डिजास्टर प्रिपेयर्डनेस, नागरिक सुरक्षा, तैराकी, एथलीट, डिजास्टर मैनेजमेंट, कार-पेन्टर, मोटर वाहन-सुधारक, रूरल वर्कर, इकोलॉजिस्ट, स्वॉइल कंजर्वेशन, रैंबलर, एयरमैन, नाविक, प्रथमोपचारक, आदि महत्वपूर्ण विषयों पर दक्षता पदक पूर्ण कर स्काउट-गाइड चरण बद्ध तरीके से राज्य पुरस्कार, एवं राष्ट्रपति पुरस्कार तक पहुँच पाते हैं। जो प्रतिभागी इस जाँच परीक्षा में उत्तीर्ण होंगे वे आगामी 09 माह तक राज्य पुरस्कार स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर पाठ्यक्रम पर कार्य कर राज्य पुरस्कार जाँच परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए आवेदन कर पायेंगे। आवेदन के चयन होने के उपरांत स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर उक्त जाँच शिविर में सम्मिलित हो पायेंगे। शिविर के सफल संचालन हेतु जिला से गठित प्रशिक्षित संचालक मण्डल में शिविर संचालक भीषभ देव, मुख्य परीक्षक ऋषिदेव सिंह, सहायक परीक्षक स्काउट विभाग श्यामलाल कोर्राम, चमन लाल सोरी, कोमल राम साहू, सहायक परीक्षक गाइड विभाग नीलम श्रीवास्तव, संगीता सोरी, चार्टर मास्टर जगदीश देवांगन, काउंसलर उग्रेश चन्द्र मरकाम, सहायक शिविर संचालक शैलेन्द्र सोनभद्र, पुरषोत्तम निषाद, खोगेन्द्र प्रकाश नाग, शशिकला ठाकुर, हेमलता बोगिया, चंचला साहू, भरत सिंह सिदार उपस्थित रहे।

# मतदान करेंगे और स्वच्छ सरकार चुनेंगे

**भानुप्रतापपुर,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस सभी लोकतांत्रिक देश के लिए महत्वपूर्ण तिथि है, हमारा देश विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है! अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस को मनाने का उद्देश्य तब सार्थक होगा जब हम स्वयं मतदान के साथ देश-प्रदेश के अंतिम व्यक्ति को भी मतदान के लिए प्रोत्साहित कर निष्पक्ष मतदान करेंगे और स्वच्छ सरकार का चुनाव करेंगे! शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस के अवसर पर डॉ रश्मि सिंह प्राचार्य द्वारा मुख्य अतिथि के आसंदी से सम्बोधित करते हुए उक्त वक्तव्य कही गई।



विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित वरिष्ठ प्राध्यापक श्यामानंद डेहरिया ने संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र में मतदान का अधिकार हमारे मौलिक अधिकारों को मजबूती प्रदान करता है, क्योंकि किसे चुनना है और किसे नहीं चुनना है? उसके लिए हम स्वतंत्र होते है। कार्यक्रम को वाणिज्य विभागाध्यक्ष कमलकिशोर प्रधान, विभागाध्यक्ष विज्ञान संकाय डॉ नसीम अहमद मंसूरी, रासेयो के जिला संगठक व आईक्यूएसी समन्वयक रितेश कुमार नाग, अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष योगेश कुमार यादव ने भी संबोधित किया! कार्यक्रम की अध्यक्षता राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष मुकेश कुमार डहरवाल ने की।

अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस के अवसर पर राजनीति विज्ञान विभाग व अर्थशास्त्र विभाग द्वारा एमए के नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का स्वागत कार्यक्रम एवं एमए 2023 के बैच में सबसे अधिक अंक प्राप्त करने वाले राजनीति विज्ञान के क्रमशः रैन सिंह कांगे को प्रथम व देवंतीन राणा को द्वितीय स्थान प्राप्त किये। अर्थशास्त्र विभाग में प्रीति विश्वास प्रथम व दिव्या टांडिया द्वितीय को महाविद्यालय की ओर से मोमेंटो, गिफ्ट व पुष्पगुच्छ प्रदान किया गया।

इस अवसर पर प्रमुख प्राध्यापकगण क्रमशः नंदनी कश्यप, सुषमा चालकी, स्नेहा रितेश नाग, उपासना निषाद, आस्था शर्मा, दिव्या बाघमार, निशा तिवारी,जीवन साहू, ईश्वर सिन्हा, श्रीदाम ढाली, धनेश्वर बांधे, जीवन लाल साहु, ईश्वर सिन्हा, धनेश्वर बांधे, श्रीदाम ढाली सहित राजनीति विभाग के टुपेश कोसमा, छात्र माहेश्वरी टांडिया, दीपिका कोर्राम, याशिका बघेल, प्रभा ठाकुर, अंजली मिश्रा, राजकुमार कुलदीप, अमृत कमेटी, अनुप कुमार कोमरा, लखन तुलवी, हामिद खान, जतिन ध्रुव सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं व महाविद्यालय स्टाफ और उपस्थित थे!

# सर्व आदिवासी समाज ने सौंपा ज्ञापन

## ताडमेटला के फर्जी मुठभेड़ में निर्दोष आदिवासियों की मौत के मामले में



**कोण्डागांव,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। सुकमा जिले के ग्राम ताड़मेटला में हुए फर्जी मुठभेड़ में दो निर्दोष आदिवासियों की मौत के मामले को लेकर आज सर्व आदिवासी समाज जिला कोण्डागांव ने आदिवासी भवन से एसडीएम कार्यालय तक रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कोण्डागांव सर्व समाज जिला अध्यक्ष बंगाराम सोढ़ी सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे। सर्व आदिवासी समाज कोण्डागांव जिला अध्यक्ष बंगाराम सोढ़ी ने कहा ताड़मेटला में सुरक्षा बलों द्वारा दो आदिवासियों को नक्सली बताते हुए फर्जी मुठभेड़ में मार दिया गया है। हम चाहते हैं मामले की उच्च स्तरीय जांच हो और दोषी पाए जाने पर, ऐसा कृत्य करने वाले दाशियों पर कठोर कार्रवाही हो। साथ ही मृतक के परिजनों को 1 करोड़ मुआवजा राशि व सरकारी नौकरी सरकार प्रदान करे। मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# आईटीबीपी में 'हिंदी पखवाड़े' का शुभारंभ

**कोण्डागांव,** 16 सितम्बर (देषबन्धु)। केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री के आह्वान पर आईटीबीपी में 'हिंदी पखवाड़े' का शुभारंभ किया गया।

कोंडागांव, छत्तीसगढ़ 14 सितंबर आज देश के केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने पूणे, महाराष्ट्र में 'तृतीय राष्ट्रीय राजभाषा सम्मेलन' का आगाज करते हुए 'हिंदी दिवस' का शुभारंभ किया और केंद्रीय सरकार के सभी कार्यालयों में 14 से 29 सितंबर 2023 तक 'हिंदी पखवाड़ा' आयोजित करने का आह्वान किया, जिसके अनुसरण में सामरिक क्षेत्रीय मुख्यालय (भुवनेश्वर) आईटीबीपी में 'हिंदी पखवाड़े' का विधिवत शुभारंभ राणा युद्धवीर सिंह डी.आई.जी. द्वारा किया गया। इस शुभारंभ समारोह में क्षेत्रीय मुख्यालय, खोर्द्धा (ओडिशा) को भी ऑनलाइन माध्यम से जोड़ा गया, जिसमें क्षेत्रीय मुख्यालय के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। श्री सिंह द्वारा कार्यालय के सभी पदाधिकारियों को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दी और हिंदी को सरल रूप में अपनाने की बात कही।



उल्लेखनीय है कि कार्यालय में हिंदी पखवाड़े का आयोजन हिंदी को प्रोत्साहित करने के लिए किया जा रहा है। राजभाषा अधिकारी, क्षेत्रीय मुख्यालय ने अवगत कराया कि हिंदी पखवाड़े के दौरान कुल 7 हिंदी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। जो विशेष रूप से हिंदी भाषी कर्मिकों के लिए आयोजित की जा रही है। सभी से इन प्रतियोगिताओं में बढ़चढ़ कर भाग लेने के लिए कहा गया है। विदित हो कि प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर 'हिंदी दिवस' के रूप में मनाया जाता है, क्योंकि इसी दिन संविधान सभा ने देवनागरी लिपि में लिखी जाने वाली हिंदी को राष्ट्र की राजभाषा के रूप में अंगीकार किया था। इस अवसर पर सभी से ज्यादा से ज्यादा हिंदी में काम करने का भी आह्वान किया गया।

# पुलिया के समीप अनियंत्रित होकर पलटा निलगिरी से भरा ट्रक, चालक की मौत



**कोण्डागांव,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। नेशनल हाईवे-30 पर ग्राम दूधगांव के समीप पुलिया के पास एक निलगिरी से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे चालक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस थाना कोंडागांव के अंतर्गत नेशनल हाईवे 30 पर ग्रात दूधगांव समीप पुलिया के पास 15 और 16 सितम्बर की दरम्यानी रात में नीलगिरी से भरा ट्रक क्र.सी.जी.18 जेडसी 1321 अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दुर्घटना में ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई है। ट्रक के परिचालक ने बताया कि वे जगदलपुर से निलगिरी भरकर कोंडागांव आ रहे थे, इसी दौरान दूधगांव के समीप पुलिया के पास ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। इस घटना में ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई एवं परिचालक को मामूली चोटें ही आई है।

# सलमान नवाब को मिली कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता की जिम्मेदारी

**बचेली,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी में बदलाव शुरू हो गया है. दीपक बैज ने राज्य इकाई के अध्यक्ष बनने के बाद मीडिया विभाग में बड़ा फेरबदल किया है. उन्होंने 21 युवा प्रवक्ताओं की एक नई लिस्ट जारी की है. जिसमें दंतेवाड़ा जिले के सलमान नवाब राहुल कर, आशीष चौबे जैसे पार्टी नेताओं को प्रवक्ता के तौर पर नामित किया है. इनके अलावा भी इस टीम का हिस्सा बहुत से युवा नेता हैं। दंतेवाड़ा के युवा नेता सलमान नवाब को प्रक्ता बनाया गया है।



जिससे जिले के युवाओं ने खुशी ज़ाहिर कर बधाई दी तो वहीं सलमान नवाब ने भी राहुल गांधी, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, विधायक देवतीकर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास, रास्ट्रिय महासचिव व छत्तीसगढ़ प्रभारी डा पलक वर्मा, यूथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा, रास्ट्रीय महासचिव कोको पाड़ी, रास्ट्रीय प्रवक्ता सुबोध हारीतवाल, छबिंद कर्मा, राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रभारी आर्यन शर्मा, विमल सलाम समेत दंतेवाड़ा जिले के समस्त युवाओं का धन्यवाद करते हुए कहा लगातार तीसरी बार प्रदेश प्रवक्ता का दायित्व सौंपा गया मैं अपनी जिम्मेदारी को अच्छे से और पार्टी के प्रति लगाव के साथ काम कर निभाऊंगा। सलमान नवाब अपने पढ़ाई के दौरान एनएसयूआई से नेता बने और अपने क्षेत्र में नेताओं की श्रेणी में अपना स्थान अंकित किया। वैसे तो सलमान नवाब एनएसयूआई के बाद कांग्रेस पार्टी के ज़िला मीडिया प्रभारी बने फिर ज़िला संयोजक सोशल मीडिया के दायित्व को निभाया जिसके बाद पार्टी ने कार्यकारी विधानसभा अध्यक्ष के रूप में चुनकर उनका कद और बड़ा दिया उनका पार्टी के प्रति समर्पित और निष्ठा को देखते प्रदेश संयोजक मीडिया विभाग सौंपा गया लगातार पार्टी के साथ कदम से कदम मिलाकर चलते एक दशक बीता और पार्टी नई जिम्मेदारी युवा प्रदेश प्रवक्ता का ज़िम्मा सौंपा हैं।

# स्वच्छता अभियान पखवाड़ा

**भानुप्रतापपुर,** 16 सितंबर। स्वच्छ भारत सुंदर भारत अभियान के अंतर्गत नगरी निकाय में स्वच्छता के छत्तीसगढ़ मॉडल एवं सोर्स एग्रीगेशन प्लास्टिक बेंन नागरिक जिम्मेदारियां के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा 2023 अंतर्गत स्वच्छता अभियान पखवाड़ा इंडियन स्वच्छता लीग के अंतर्गत रैली का आयोजन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय भानुप्रतापपुर के द्वारा किया गया जिसमें रैली विद्यालय से प्रारंभ होकर नगर पंचायत कार्यालय मुख्य नगर पालिका अधिकारी के उद्बोधन के बाद नगर भ्रमण करते हुए च्व्हम सब ने ठाना है भानुप्रतापपुर को स्वच्छ नगर बनाना हैज्ज स्वच्छता ही सेवा है गंदगी जानलेवा हैज्ज सभी लोगों की एक दवाई घर में रखो साफ सफाईज्ज एवं च्विकसित हो राष्ट्र हमारा स्वच्छ हो देश हमाराज्ज इन स्लोगन के माध्यम से बच्चों द्वारा नगर के लोगों को स्वच्छता का संदेश देकर प्रेरित किया गया उक्त कार्यक्रम में श्री पी आर भारद्वाज प्राचार्य श्री ऐंन जी पाल श्री बी एन राय श्री एक नरवास व्याख्याता डी डी यदु संदीप चंद्राकर डी नायक राष्ट्रीय सेवा योजना नेशनल कैडेट कोर एनसीसी जूनियर रेड क्रॉस इको क्लब के लगभग 340 छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए उक्त कार्यक्रम के संबंध में प्रभारी शिक्षक भागीरथी नायक ने बताया कि भानुप्रतापपुर नगर को स्वच्छ बनाने हेतु लोगों से अपील की जा रही है कि हमारा कर्तव्य है हम अपने घरों, कार्यालयों, विद्यालय हॉस्पिटल तालाबों आदि स्थानो पर स्वच्छता बनाए रखें ताकि हमारा भानुप्रतापपुर स्वच्छ निर्मल भानुप्रतापपुर के रैंकिंग में प्रथम स्थान आ सके इस उद्देश्य से रैली के माध्यम से लोगों को प्रेरित किया जा रहा है।




# ट्रक पलटी चालक घायल

**भानुप्रतापपुर,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। संबलपुर से दुर्गूकोंदल की ओर जा रही ट्रक क्रमांक सीजी-7 बीए 6186 चवेला के पास पलट गई। दुर्घटना में ट्रक ड्राइवर को गंभीर चोटें आईं हैं। ट्रक सकरा पुल के पास सामने से आ रही वाहनों को साईड देते समय पलट गई है। ट्रक रंधावा ब्रदर्स भानुप्रतापपुर की है। दुर्गूकोंदल संबलपुर मार्ग सकरा है। इस मार्ग में निजी वाहनों के अलावा भारी वाहन भी बड़ी संख्या चलते हैं। सड़क साईड सोल्डर भी खंडहर है, इस कारण हादसा बढ़ रहा है।



# भाजयुमो मोदी के जन्मदिवस को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाएगी



**नारायणपुर,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व के आवहान पर भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को सेवा पखवाड़े के रूप में मनाएगी। इसके तहत अनेक कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। भाजयुमो जिला महामंत्री दिपेन्द्र भोयर, भाजयुमो जिलाउपाध्यक्ष द्वय तेजप्रकाश अंगीरा व नरेंद्र नाग ने शनिवार को पत्रकार वार्ता कर बताया कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन है। उसी दिन से सेवा पखवाड़े की शुरुआत होगी जिला मुख्यालय मे 18सितंबर को रक्तदान शिविर आयोजित होगा। 19 से 24 सितंबर के बीच आयुष्मान भवः कार्यक्रम आयोजित होगा। 25 सितंबर को दीन दयाल उपाध्याय की जयंती को बूथ स्तर पर मनाया जाएगा। 26 सितंबर से एक अक्तूबर तक संपर्क अभियान चलाया जाएगा। जबकि दो अक्तूबर को गांधी जयंती के मौके पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इन सभी कार्यक्रमों में भाजयुमो के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्त्ताओ की भूमिका सुनिश्चित होगी।

# विस चुनावों हेतु नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर दिए गए दायित्व

**कोण्डागांव,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। आगामी विधान सभा आम निर्वाचन-2023 की तैयारी हेतु जिला स्तर पर निर्वाचन के प्रत्येक गतिविधि के लिए नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी को सौंपे गये दायित्व अनुसार कार्य के संपादन की संपूर्ण जिम्मेदारी दी गयी, जिसके लिए एस.पी. वाय. अक्षय कुमार को जिला एवं अनुभाग क्षेत्रान्तर्गत कानून एवं शांति व्यवस्था संबंधी सम्पूर्ण कार्यवाही, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोण्डागांव प्रेमप्रकाश शर्मा को मतगणना से संबंधित टेबुलेशन रिजल्ट शीट का प्रपत्र तैयार कराना एवं सारणीकरण करना, मतगणना की सम्पूर्ण व्यवस्था, मतदान दलों का गठन, स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल की बाह्य व्यवस्था, स्ट्रांग रूम की आंतरिक व्यवस्था, माइक्रो ऑब्जर्वर की नियुक्ति एवं उनके दायित्व निर्वहन की मॉनिटरिंग, स्वीप प्लान से संबंधित समस्त कार्य, कोलाहल अधिनियम के अंतर्गत आदेश जारी करना, शस्त्र जमा करने का आदेश जारी करना, आई.पी.सी.की धारा 144 के तहत् आदेश जारी करना, पुलिस के साथ समन्वय स्थापित करना, मतदान सामग्री वितरण-वापसी, निर्वाचन से संबंधित समस्त प्रशिक्षण की जिम्मेदारी दी गयी है।

वनमण्डलाधिकारी कोण्डागांव रमेश जांगड़े को मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी, वीडियो निगरानी टीम, लेखा टीम, उड़नदस्ता एवं स्थायी निगरानी समिति का गठन, संयुक्त कलेक्टर मनोज केसरिया को मीडिया अनुवीक्षण एवं अनुप्रमाणन समिति मीडिया से संबंधित समस्त कार्य, आदर्श आचरण संहिता एवं कानून व्यवस्था, निर्वाचन संबंधी बैठकों का आयोजन एवं समस्त तैयारी करवाना, वीडियो एवं फोटोग्राफी, वीडियो निगरानी एवं अवलोकन दल, उड़नदस्ता दल स्थैतिक निगरानी दल, वीडियो सर्विलांस टीम का गठन एवं मानिटरिंग, मतदान दलों की रवानगी एवं वापसी हेतु रूट चार्ट तैयार करना मतदाता सूची का मुद्रण एवं परीक्षण, चिन्हित प्रति तैयार करना, वितरण, नकल आवेदन प्राप्त होने पर नकल प्रदाय करना, डिप्टी कलेक्टर निकिता मरकाम को ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपैट से संबंधित एफएलसी कार्य संपादन, ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपीएटी का रेण्डमाईजेशन एवं उससे संबंधित समस्त कार्य, नि:शक्त सहायता केन्द्र, निर्वाचन सामग्री, डिप्टी कलेक्टर कावेरी मरकाम को डाक मतपत्र, सेवा मतदाता, प्रवासी मतदाता से संबंधि समस्त कार्य, कंट्रोल रूम एवं सहायता केंद्र, समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों का परिचय पत्र जारी करना, डिप्टी कलेक्टर अनिकेत साहू को यातायात व्यवस्था का समस्त कार्य, सर्व अनुविभागीय अधिकारी कोंडागांव, केशकाल, फरसगांव रैली, सभा, भवन इत्यादि की अनुमति जारी करना संपत्ति विरूपण अधिनियम से संबंधित कार्य, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रिटर्निंग अधिकारी विकासखंड केशकाल नामांकन प्राप्ति से संबंधित का समस्त कार्य, अनुविभाग्य अधिकारी राजस्व रिटर्निंग विकासखंड कोण्डागांव नामांकन प्राप्ति से संबंधित समस्त कार्य, सर्व अन्य विभाग के अधिकारी राजस्व आरओ कोण्डागांव, केशकाल को दिव्यांग मतदाता, एएसडी मतदाताओं की जानकारी तैयार करना, मतदाता परिचयों का विवरण, डिप्टी कलेक्टर अंकित चैहान को संवाद योजना एवं प्लानिंग संबंधित समस्त कार्य, शिकायत संबंधित पत्रों पर कार्यवाही, जिला स्तरीय संवाद प्लान तैयार करना, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग टी.आर.मेश्राम को प्रेक्षकगणों के लिए सत्कार व्यवस्था से संबंधित समस्त कार्य, जिला खाद्य अधिकारी दिनेश्वर प्रसाद को भोजन व्यवस्था, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आरके सिंह को चिकित्सा व्यवस्था, जिला कोषालय अधिकारी चंद्रशेखर मेंढेकर को मतपत्र का मुद्रण, ईव्हीएम में लगने वाले अभ्यर्थियों की सूची का मुद्रण, ईडीसी का मुद्रण एवं वितरण, निर्वाचन व्यय लेखा टीमों का गठन एवं मॉनिटरिंग, डीआईओ एनआईसी हेमंत भगत को कंप्यूटर से संबंधित समस्त कार्यों की जिम्मेदारी प्रदान की गयी है। सभी नोडल अधिकारियों के कार्यों के समन्वय एवं सहयोग के लिए उप निर्वाचन अधिकारी सीमा ठाकुर को जिम्मेदारी दी गयी है।

# संकुल स्तरीय बैठक



**भानुप्रतापपुर,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। आज 16 सितंबर को संकुल प्रचार्य की उपस्थिति में संकुल स्तरीय बैठक संकुल केंद्र परवी के अंतर्गत प्रा.शा.केवटी में बैठक आयोजित की गई। जिसके निरीक्षण हेतु खण्ड स्त्रोत समन्वयक आरएल नुरूटी सर द्वारा किया गया साथ ही, नवोदय, सुग्घर पढ़वईया, विद्यांजली, वीरगाथा को लेकर शिक्षकों से विस्तर पूर्वक चर्चा कर शिक्षकों को शिक्षा गुणवत्ता सुधार पर विशेष ध्यान देने की समझाइश दी गई बैठक में एसआर कचलाम संकुल प्राचार्य ,प्रीतम उइके संकुल समन्वयक व प्रा.शा./मा.शा./हाईस्कूल के संस्था प्रमुख सभी उपस्थित रहे।

उल्टा पुल्टा

चंटी- बारिश होने की सबसे ज्यादा खुशी घर के खिड़की दरवाज़ों को होती है।
बंटी- वो कैसे?
चंटी- खुशी के मारे फूल ही जाते हैं।

# कंफ्यूज कांग्रेस में छिड़ा है गृहयुद्ध : सावंत

## भूपेश पर जमकर गरजे गोवा के मुख्यमंत्री कहा- शैलजा बताये कहां गई कांग्रेस टिकट की लिस्ट



**रायपुर,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन यात्रा में उमड़ रहे जन-सागर को देखकर कांग्रेस दहशत में आ गई है और अब वो मान चुकी है कि छत्तीसगढ़ में अब वे सत्ता में नहीं आने वाले है, उन्हें लूट करने का मौका नहीं मिलने वाला है। श्री सावंत ने कहा कि भाजपा ने जब 21 प्रत्याशियों की घोषणा की तब कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा ने कहा था कि 6 सितम्बर को कांग्रेस के प्रत्याशियों की घोषणा कर दी जाएगी। आज 16 सितम्बर है, और अब तक कांग्रेस के प्रत्याशी घोषित नहीं हुए है। यह स्पष्ट है कि कांग्रेस हार के भय से पूरी तरह कॅन्फ्यूज हो चुकी है। कांग्रेस में प्रतिदिन केवल लड़ाइयों की खबरें आ रही हैं।

गोवा के मुख्यमंत्री श्री सावंत ने कहा कि कांग्रेस द्वारा किए जा रहे घोटालों से पूरे देश की जनता हैरान है। केन्द्र सरकार की राज्य को पूरी मदद मिलने के बावजूद राज्य की जनता तक कांग्रेस पैसा नहीं पहुंचने देती। अब अगर केन्द्र द्वारा भेजी जा रही सहायता जनता को चाहिए तो जरूरी हो गया है कि छत्तीसगढ़ में भी डबल इंजन की सरकार लानी होगी। केन्द्र एवं प्रदेश, दोनों में भाजपा की सरकार होने से छत्तीसगढ़ तेज गति से विकास करेगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आकांक्षा के अनुरूप यहाँ भी सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण का मार्ग प्रशस्त होगा। श्री सावंत ने शनिवार को यहाँ एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण का विजन रखते हुए आगामी 25 वर्षों में भारत को समृद्ध करने का लक्ष्य तय किया है। श्री सावंत ने कहा कि किसानों के इस प्रदेश में केन्द्र सरकार ने कांग्रेस की सरकार होने के बावजूद 74 हजार करोड़ रुपए की राशि धान की खरीदी पर दी है एवं पिछले 5 वर्षों में 2 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन एवं करों की हिस्सेदारी के रूप में दी है।

श्री सावंत ने धान खरीदी और सेंट्रल पूल में लिए जा रहे चावल को लेकर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा फैलाये जा रहे झूठ पर निशाना साधते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में किसानों द्वारा उत्पादित धान का शत प्रतिशत चावल केन्द्र सरकार खरीदेगी। अब भी छत्तीसगढ़ की कुल उपज का 80 फीसदी से ज्यादा मूल्य केंद्र सरकार दे रही है। 2500 रुपए में धान खरीदी के दावे करके जिस तरह प्रदेश सरकार झूठे दावे कर रही है उसी तरह चावल खरीदी को लेकर भी कांग्रेस की सरकार झूठ बोल रही है। मोदी सरकार प्रदेश की जनता के लिए भरपूर पैसा दे रही है, लेकिन कांग्रेस की सरकार सारा पैसा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ाकर गांधी परिवार की सेवा में लगा रही है।

मुख्यमंत्री श्री सावंत ने कहा कि कांग्रेस शासन की विफलता, जन घोषणा पत्र से वादाखिलाफी व सरकार में चल रहे भ्रष्टाचार, इन्हीं तीन बड़े मुद्दों के साथ भाजपा परिवर्तन यात्रा निकाल रही है। 2 हजार करोड़ रुपए का शराब घोटाला, 1300 करोड़ रुपए से अधिक का गौठान घोटाला कर चुकी छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब अन्न कल्याण योजना में भी भ्रष्टाचार की सारी हदें लांघ दीं। कोरोना काल में च्प्रत्येक व्यक्तिज् के लिए 5 किलो अतिरिक्त मुफ्त चावल केंद्र ने भेजा परंतु भूपेश सरकार ने उसमें भी गबन करके 5 हजार करोड़ रुपए से अधिक का घोटाला कर डाला। श्री सावंत ने कहा कि जल जीवन योजना के तहत प्रत्येक घरों में स्वच्छ जल पहुंचने के लिए केंद्र की योजना में कमीशन का खेल होने के कारण टेंडर रद्द हो गया। प्रदेश सरकार की अकर्मण्यता और कमीशनखोरी के चलते आज इस योजना में छत्तीसगढ़ देश में 28 वें स्थान पर है। ईडी ने 2000 करोड़ से अधिक का शराब घोटाला उजागर किया जिसमें मुख्यमंत्री के खास महापौर एजाज ढेबर के भाई अनवर गिरफ्तार हुए। ईडी ने बताया कि यह पैसा वे अपने च्पॉलिटिकल मास्टरज् को भेजते हैं।

मुख्यमंत्री श्री सावंत ने कोयला घोटाला की चर्चा करते हुए कहा कि इस मामले में मुख्यमंत्री सचिवालय की उपसचिव सौम्या चौरसिया पिछले कई महीनों से जेल में बंद है। उसके साथ दो आईएएस अफसर को भी गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में अभी तक 500 करोड़ रुपए की संपत्ति अटैच की जा चुकी है। श्री सावंत ने कहा, महादेव सट्टा एप को लेकर प्रदेश के युवाओं को सट्टा के दलदल में फँसाने वाले गेम के लिए मुख्यमंत्री के सबसे खास विनोद वर्मा पर आरोप लगे हैं। पुलिस मुख्यमंत्री से जुड़े लोगों से पूछताछ कर रही है। श्री सावंत ने छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार की वादाखिलाफी और विश्वासघात पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि गंगाजल हाथ में लेकर कसम खाकर पूर्ण शराबबंदी का वादा करने वाली कांग्रेस की सरकार ने वादाखिलाफी और प्रदेश की मातृ-शक्ति के साथ विश्वासघात कर घर-घर शराब पहुंचाने की व्यवस्था की। कोरोना काल तक में कांग्रेस की इस भूपेश सरकार ने शराब की नदियाँ बहाने का शर्मनाक कृत्य किया। इसी प्रकार दैनिक, संविदा, अनियमित कर्मचारियों को नियमित करने का वादा करके उसे अब तक पूर्ण नहीं किया।

गोवा के मुख्यमंत्री श्री सावंत ने कहा कि 10 लाख बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया, लेकिन चुनाव देखकर अभी शुरुआत की है और इसमें भी अपनी जटिल शर्तें थोपकर बेरोजगारों के साथ छल-कपट किया है। महिला समूहों को कर्ज माफ की बात की थी, वह पूरा न कर उनसे रेडी टू ईट का संचालन भी छीन लिया। श्री सावंत ने कहा कि कांग्रेस का जन घोषणा पत्र बनाने वाले संयोजक टी.एस. सिंहदेव, जो अभी उपमुख्यमंत्री है, स्वयं कहते हैं कि हमने 12 वादे पूरे किए, 12 पर काम चल रहा है और 12 वादों पर हम अभी काम शुरू नहीं कर पाए हैं। केद्र सरकार द्वारा आयुष्मान भारत योजना लागू किये जाने से हुए लाभ और प्रदेश सरकार की विफलताओँ का जिक्र श्री सावंत ने कहा कि आदिवासी क्षेत्रों में इलाज के अभाव में 39000 से अधिक बच्चों की मौत प्रदेश सरकार के स्वास्थ्यगत ढाँचे की विफलता का जीता-जागता प्रमाण है। इसी प्रकार केंद्र द्वारा पैसे भेजने के बावजूद राज्यांश न देने के कारण प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 16 लाख ग्रामीण आवास नहीं बँट पाए। इसी प्रकार महिलाओं की सुरक्षा के मोर्चे पर भी प्रदेश की कांग्रेस सरकार बुरी तरह विफल रही है। अनुसूचित जाति, जनजाति व अन्य महिलाओं के साथ लगातार दुष्कर्म और सामूहिक दुष्कर्म की घटनाएं कांग्रेस के शासनकाल में लगातार बढ़ी हैं। बढ़ते अपराधों ने प्रदेश में कानून-व्यवस्था और कानून के राज का मखौल उड़ाया है, छत्तीसगढ़ में जंगलराज कायम हो गया है।

पत्रकार वार्ता के दौरान भाजपा प्रदेश मंत्री जगदीश (रामू) रोहरा, प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी, सह प्रभारी अनुराग अग्रवाल, रायपुर (शहर) जिला भाजपा अध्यक्ष जयंतीभाई पटेल और पूर्व आईएएस गणेश शंकर मिश्रा भी उपस्थित थे।

# आचार संहिता के पहले जारी करेगी भाजपा घोषणा पत्र

## जनता से सुझाव लेने 15 उपसमितियों का गठन



**रायपुर,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी घोषणा पत्र समिति की बैठक खत्म हो गई है। मीटिंग के बाद समिति के संयोजक विजय बघेल ने बताया है कि मेनिफेस्टो कब तक बनकर तैयार हो जाएगा। बघेल ने कहा कि आचार सहिंता से पहले भाजपा का घोषणा पत्र तैयार हो जाएगा।

विजय बघेल ने कहा कि छोटी पार्टीयों ने घोषणा पत्र जारी कर दिया है, लेकिन हम तो लोगों के बीच में जा रहे हैं। विधानसभा में लोगों के बीच जाकर विचार मंथन कर रहे हैं। हमारी पार्टी बहुत गंभीर है। लोग खुद आ रहे हैं और अपने मन की बात भी बता रहे हैं। वे विश्वास भरी निगाह से हमारे पास आ रहे हैं। उनके विश्वास में खरा उतरना हमारा कर्तव्य है। हम घर में बैठकर घोषणा पत्र तैयार नहीं करेंगे। लोगों के सुझाव पर आधारित घोषणा पत्र बनेगा। उन्होंने बताया कि आज की बैठक में दो-तीन मुद्दों पर बात हुई। 65 विधानसभा का दौरा पूरा किया है, सरगुजा बिलासपुर संभाग की जिम्मेदारी सहित 33 विधानसभाओं में मैं दौरा किया। 25 विधानसभा में अभी बाकी है 8 दिन के अंदर यहां का दौरा पूरा हो जाएगा। 15 उप समिति बनाई हैं। अलग-अलग विभागों से संबंधित जो सुझाव आएंगे। किसानों, महिलाओं, युवाओं, कलाकारों, स्वास्थ्य और शिक्षा से संबंधित 15 उप समिति है। विजय बघेल ने बताया कि अब तक 65 विधानसभा से 1 लाख 35 हजार सुझाव मिले हैं। बघेल ने कहा कि उद्योग व्यापारी से संबंधित अधिकारी कर्मचारी से संबंधित अलग-अलग समितियां में भेजेंगे विचार मंथन करेंगे। सीए अर्थशास्त्री के साथ बैठकर विचार करेंगे। हम किसी की नकल नहीं करते हम अकल का प्रयोग करते हैं। नकल वह करें। कांग्रेस से लोगों का विश्वास उठ गया है। 5 साल धोखा दिए शराब बंदी के बाद नशाबंदी की बात कह रहे हैं।

# अखिलेश यादव 25 को प्रदेश दौरे पर



**रायपुर,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव नजदीक हैं। जिसे लेकर प्रदेश की राजनीतिक सरगर्मियां बढ़ गई हैं। प्रदेश में लगातार सभी पार्टियों के दिग्गज नेता चुनावी सभा कर रहे है, इसी कड़ी में उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव 25 सितंबर को छत्तीसगढ़ के दौरे पर रहेंगे।

अखिलेश यादव राजधानी रायपुर में एक सभा को संबोधित करेंगे। रायपुर में सभा के अलावा राज्य स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होंगे। जहां चुनाव को लेकर अखिलेश यादव कार्यकर्ताओं में जोश भरेंगे।

जानकारी के मुताबिक राजधानी के अग्रसेन धाम फुंडहर में राज्य स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन होगा। जिसे अखिलेश यादव संबोधित करेंगे। बताया जा रहा है कि अखिलेश यादव से पहले कार्यक्रम का जायजा लेने सपा के प्रदेश प्रभारी दिलीप कुमार वर्मा 17 सितंबर यानी कल रायपुर पहुंचेंगे और कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर पदाधिकारी-कार्यकर्ताओं से चर्चा करेंगे।

# रेलवे ने फिर रद्द की दर्जनभर से अधिक ट्रेनें



**रायपुर,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। मध्य रेलवे के वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी रेलवे स्टेशन में वाशेबल अप्रोन का कार्य किया जाएगा। यह कार्य 16 सितम्बर से अर्थात 35 दिनो तक वाशबले अप्रोन का कार्य किया जाएगा। इसके कार्य के फलस्वरुप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली कुछ यात्री गाड़ियो का परिचालन प्रभावित रहेगा।

रद्द होने वाली गाड़ियों में 16, 18, 21, 23, 25 एवं 28 सितम्बर, को दुर्ग से चलने वाली 12823 दुर्ग-निज़ामुद्दीन संपर्क क्रांति एक्सप्रेस, 17, 19, 22, 24, 26 एवं 29 सितम्बर को निज़ामुद्दीन से चलने वाली 12824 निज़ामुद्दीन-दुर्ग संपर्क क्रांति एक्सप्रेस, 19 एवं 26 सितम्बर को दुर्ग से चलने वाली 12549 दुर्ग-उधमपुर एक्सप्रेस, 21 एवं 28 सितम्बर को उधमपुर से चलने वाली 12550 उधमपुर-दुर्ग एक्सप्रेस, 16 एवं 28 सितम्बर को कोरबा से चलने वाली 18237 कोरबा-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस, 18 एवं 30 सितम्बर को अमृतसर से चलने वाली 18238 अमृतसर- कोरबा छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस, 16, 18, 19, 20, 21, 23, 25, 26, 27 एवं 28 सितम्बर को निज़ामुद्दीन से चलने वाली 12410 निज़ामुद्दीन-रायगढ़ गोडवाना एक्सप्रेस, 18, 20, 21, 22, 23, 25, 27, 28, 29 एवं 30 सितम्बर को रायगढ़ से चलने वाली 12409 रायगढ़-निज़ामुद्दीन गोडवाना एक्सप्रेस, 19, 22 एवं 26 सितम्बर को दुर्ग से चलने वाली 22867 दुर्ग-निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस, 20, 23 एवं 27 सितम्बर को निज़ामुद्दीन से चलने वाली 22868 निज़ामुद्दीन-दुर्ग एक्सप्रेस, 20 एवं 27 सितम्बर को दुर्ग से चलने वाली 20847 दुर्ग-उधमपुर एक्सप्रेस तथा 21 एवं 28 सितम्बर, को उधमपुर से चलने वाली 20848 उधमपुर-दुर्ग- एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

# कांग्रेस का वार रूम तैयार, आधुनिक तकनीक से सीधे बूथ तक होगी पहुंच



सभी 90 सीट पर प्रोफेशनल लोगों की फील्ड टीम तैयार

**रायपुर,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। कांग्रेस के वार रूम का मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने उद्घघाटन किया। कांग्रेस के वार रूम में अलग-अलग विशेषज्ञता वाले लोगों की टीम तैयार की गई है। इसमें बड़ी संख्या में प्रोफेशनल्स भी हैं। यहीं से प्रदेश भर में संगठन पर बूथ स्तर तक पैनी नजर के साथ, जन भावनाओं को टटोलकर रणनीति तय की जा रही है।

कांग्रेस वार रूम के पदाधिकारियों ने बताया कि टीम में डाटा इंटेलिजेंस यूनिट, पालिटिकल इंटेलिजेंस यूनिट, ग्राउंड कैंपेन टीम, फील्ड मैनेजमेंट टीम, सोशल मीडिया प्रबंधन टीम, डिजिटल मीडिया एंड पब्लिकेशन टीम, मीडिया मानीटरिंग टीम, फेक न्यूज़ मानीटरनिंग सेल, बूथ मैनेजमेंट टीम, ट्रेनिंग डिपार्टमेंट, काल सेंटर, कनेक्ट सेंटर, स्टूडियो शामिल हैं।

सभी 90 विधानसभा सीट पर प्रोफेशनल लोगों की फील्ड टीम बनाई गई है। कांग्रेस सरकार के संदेश को पहुंचाने के साथ ही विपक्ष की नाकामियों को हर नागरिक के मोबाइल फोन तक पहुंचाने की रणनीति यह टीम तैयार कर रही है। वार रूम से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टेक्नोलाजी का इस्तेमाल किया जाएगा। इस टेक्नोलाजी के द्वारा मुख्यमंत्री एक ही समय में व्यक्तिगत रूप से लाखों मतदाताओं से जुड़ पाएंगे। कनेक्ट सेंटर में दिन रात 100 लोग रहेंगे, जो बूथ से सीधे जुड़े रहेंगे।

## इंदिरा प्रियदर्शनी बैंक घोटाला

# पेशी में नहीं आने वाले चार आरोपियों को कोर्ट में हाजिर होने का आदेश

**रायपुर,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। बीमारी का बहाना बनाकर लंबे समय से कोर्ट पेशी में नहीं आने वाले इंदिरा प्रियदार्शनी बैंक घोटाले के चार आरोपियों को न्यायाधीश ने अगली पेशी में कोर्ट में उपस्थित होने का आदेश दिया है। इंदिरा प्रियदर्शनी बैंक में हुए करोड़ों रुपये के घोटाले की सुनवाई शुक्रवार को न्यायिक मजिस्ट्रेट भूपेंद्र बसंत ने की, जिसमें पूर्व सुनवाई में अभियोजन की तरफसे विशेष लोक अभियोजक और उप महाधिवक्ता संदीप दुबे द्वारा मामले के आरोपियों की पिछले कई वर्षों से कोर्ट पेशी में उपस्थित नहीं होने पर उन सभी की जमानत निरस्त करने और कोर्ट में उपस्थित नहीं होने का कारण बीमारी बताने पर जिला मेडिकल बोर्ड से रिपोर्ट पेश करने का आवेदन प्रस्तुत किया था। इस पर न्यायालय ने सभी अभियुक्तों उपस्थित रहने और आवेदन का जवाब देने का आदेश दिया था। शुक्रवार को कोर्ट में आरोपित बैंक के पूर्व मैनेजर उमेश सिन्हाए रीता तिवारी किरण तिवारी सुलोचना आदिल सरोजनी उपस्थित हुईं जबकि मुख्य आरोपी नीरज जैन सहित चार अन्य उपस्थित नहीं हुए। उन्होंने अपने अधिवक्ताओं के माध्यम से आवेदन पेश कर बताया कि उन्हें विभिन्न बीमारी है इसलिए कोर्ट में उपस्थित नहीं हो सकते। न्यायालय ने इनकी आज की उपस्थिति माफ करने के साथ ही आदेश दिया कि सभी आरोपित अगले पेशी में अवश्य उपस्थित होकर अभियोजन के आवेदन का जवाब दें। आरोपी रीता तिवारी की ओर से कोर्ट में एक आवेदन पेश कर बताया गया कि अभियोजन न्यायालय के आदेश से प्रकरण में आगे की जांच. पड़ताल की जा रही है इसलिए प्रकरण की आगे की सुनवाई स्थगित रखी जाए। न्यायालय ने इस आवेदन पर अभियोजन को जवाब देने का समय दिया है। इस पर अब अगली सुनवाई 23 सितंबर को होगी।



# महादेव एप के मुख्य संचालक सौरभ की शादी में शामिल हुए थे बॉलीवुड के सितारे

**रायपुर,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। ऑनलाइन सट्टे का कारोबार चलाने वाले सौरभ चंद्राकर की शादी का वीडियो सामने आया है। छत्तीसगढ़ के भिलाई का रहने वाला सौरभ चंद्राकर इन दोनों ईडी के रडार पर है। दुबई में बैठकर सौरभ अपने साथी रवि उप्पल के साथ ऑनलाइन सट्टे का धंधा चला रहा है। हवाला के जरिए कई सौ करोड़ रुपयों का हेरफेर होता है। प्रवर्तन निदेशालय की टीम उसे ढूंढ रही है। एक दिन पहले शुक्रवार को ही रायपुर, कोलकाता, भोपाल, मुंबई के अलग.अलग ठिकानों में छापेमारी के बाद 417 करोड़ की अवैध संपत्ति जब्त की गई। परिवर्तन निदेशालय ने अपनी जांच में पाया कि सौरभ चंद्राकर ने फ़रवरी में शादी की। इसमें 200 करोड रुपए खर्च किए गए। हवाला के जरिए यह पैसे इवेंट कंपनी और बॉलीवुड सितारों तक पहुंचा। शादी में सनी लियोनीए नेहा कक्कड़, एली एवराम, आतिफ असलम, राहत फ्तेह अली खान, अली असगर ,विशाल दादलानी, टाइगर श्रॉफ् भाग्यश्री ,पुलकित सम्राट, कृति खरबंदा, नुसरत भरूचा, कृष्णा अभिषेक जैसे दर्जन भर बॉलीवुड सितारों ने परफॅार्म किया।



**सितारों पर भी कार्रवाई की तैयारी**

मोस्ट वांटेड सटोरिया सौरभ चंद्राकर इस वीडियो में हाथों में मेहंदी सजाकर अपनी दुल्हन के साथ नजर आ रहा है। बॉलीवुड सेलिब्रिटीज ने इसकी शादी और रिसेप्शन के कार्यक्रम में डांस किया गाने गाए। खबर है कि इन सभी को हवाला के जरिए मोटी रकम ट्रांसफ्र की गईए इसकी जांच भी अब म्क् कर रही है। सूत्रों की माने तो इन सेलिब्रिटीज पर भी कार्रवाई का शिकंजा म्क् कस सकती है।

**पूल पार्टी और नाइट भी**-दुबई के आलीशान होटल में यह शादी मुंबई की इवेंट कंपनी त1 इवेंट ने आयोजित करवाई। मुंबई में इस कंपनी के दफ्तर में भी प्रवर्तन निदेशालय ने छापेमारी की। पता चला कि इस कंपनी को सौरभ चंद्राकर ने अवैध तरीके से हवाला के जरिए 112 करोड रुपए पहुंचा है 42 करोड रुपए की होटल की बुकिंग हुई थी।

**प्राइवेट जेट से परिजन पहुंचे दुबई**

प्राइवेट जेट के जरिए परिजनों को दुबई पहुंचाया गया और ऑनलाइन सट्टे के पैसे से यह आलीशान शादी की गई। शुक्रवार को आधिकारिक बयान में प्रवर्तन निदेशालय की ओर से कहा गया कि सौरभ चंद्राकर और उसके गुर्गों तक पहुंचने के लिए हर मुमकिन कोशिश की जा रही है। दुबई में भी ईडी् अपनी जांच को आगे बढ़ा रही हैए चंद्राकर को पकड़ा जा सके।

# विश्वकर्मा जयंती पर प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का करेंगे शुभारम्भ

**रायपुर**, 16 सितंबर (देशबन्धु)। विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर 17 सितम्बर, 2023 को आईआईसीसी, द्वारका, नई दिल्ली में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का वर्चुअल माध्यम से शुभारम्भ करेंगे। यह कार्यक्रम पूरे देशभर में आयोजित किया जा रहा है। रायपुर में यह कार्यक्रम भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास महासंघ (ट्राईफेड), रायपुर के संयोजन में और केन्द्रीय जनजातीय कार्य राज्यमंत्री श्रीमती रेणुका सिंह सरूता के मुख्य आतिथ्य में, प्रातः 10 बजे से साइंस कॉलेज मैदान, रायपुर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभाकक्ष में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के ग्रामोद्योग मंत्री, गुरू रूद्र कुमार, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री, कवासी लखमा, रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुनील सोनी और रायपुर से विधायक बृजमोहन अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कारीगरों और शिल्पकारों के सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार और उनके जीवन में गुणात्मक बदलाव लाने के उद्देश्य से प्रधान मंत्री विश्वकर्मा योजना की शुरूआत की जा रही है। इस योजना के तहत कारीगरों और शिल्पकारों के उत्पादों और सेवाओं की पहुंच घरेलू बाजारों के साथ ही साथ वैश्विक बाजारों तक सुनिश्चित किया जाना है।



प्रधान मंत्री विश्वकर्मा योजना सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा शुरू की गई एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है, जो कारीगरों और शिल्पकारों को संपार्श्विक मुक्त ऋण, कौशल प्रशिक्षण, आधुनिक उपकरण, डिजिटल लेनदेन के लिए प्रोत्साहन और बाजार तक पहुंच के माध्यम से समग्र और अंत-से-अंत तक लिंकेज समर्थन और सहायता प्रदान करती है। बढ़ई (सुथार), नाव निर्माता, कवच बनाने वाला, लोहार (लोहार), हथौड़ा और टूल किट निर्माता, ताला बनाने वाला, सुनार (सुनार), कुम्हार (कुम्हार), मूर्तिकार (मूर्तिकार) / पत्थर तराशने वाला / पत्थर तोड़ने वाला, मोची (चर्मकार) / जूता बनाने वाला / फुटवियर कारीगर, मेसन (राजमिस्त्री), टोकरी निर्माता / टोकरी वेवर-चटाई निर्माता / कॉयर बुनकर / झाडू निर्माता, गुड़िया और खिलौना निर्माता (पारंपरिक), नाई (नाई), माला निर्माता (मालाकार), धोबी (धोबी), दर्जी ( दारज़ी) और मछली पकड़ने का जाल निर्माता आदि जैसे 18 व्यापारों में लगे कारीगर और शिल्पकार इस योजना के लिए पात्र हैं। पीएम विश्वकर्मा प्रमाण पत्र और आईडी कार्ड, कौशल उन्नयन, टूलकिट प्रोत्साहन, ऋण सहायता, डिजिटल लेनदेन के लिए प्रोत्साहन, विपणन समर्थन पीएम विश्वकर्मा योजना के प्रमुख घटक हैं।

हाथ और औजारों से काम करने वाला और उपरोक्त परिवार-आधारित पारंपरिक व्यवसायों में से एक में, असंगठित क्षेत्र में स्वरोजगार के आधार पर जुड़ा हुआ एक कारीगर या शिल्पकार, पीएम विश्वकर्मा के तहत पंजीकरण के लिए पात्र होगा। पंजीकरण की तिथि पर लाभार्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए। लाभार्थी को पंजीकरण की तिथि पर संबंधित व्यापार में संलग्न होना चाहिए और स्व-रोज़गार/व्यवसाय विकास के लिए केंद्र सरकार या राज्य सरकार की समान क्रेडिट-आधारित योजनाओं के तहत ऋण नहीं लेना चाहिए।

# जुबानी आरोप लगा रहे है प्रधानमंत्री से लेकर केंद्रीय मंत्री तक : कांग्रेस

**रायपुर,** 16 सितंबर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, जेपी नड्?डा, गोवा के मुख्यमंत्री बीते दो दिनों में दर्जनों राष्ट्रीय नेता छत्तीसगढ़ आकर राज्य सरकार पर केवल जुबानी आरोप लगा कर चले जाते है ।जवाब में शनिवार को कांग्रेस नेताओं ने पत्रकार वार्ता में आरोपों का जवाब देते हुए जमकर हमला किया।

कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला और धनंजय ठाकुर ने कहा- भाजपा की केंद्र सरकार ने पहले ईडी, आईटी भेजकर कांग्रेस सरकार की छवि खराब करने का काम किया। अब प्रधानमंत्री से लेकर केन्द्रीय मंत्री बिना किसी पद की मर्यादा का ख्याल रखे झूठ पर झूठ बोल रहे है। पहले केन्द्रीय मंत्री आते है, झूठ बोलते है, गलत आरोप लगाते है, बिना किसी ठोस प्रमाण के आधारहीन बाते किये, उसके बाद प्रधानमंत्री आये राज्य सरकार पर झूठा आरोप तो लगाया ही छत्तीसगढ़ में जी-20 के सम्मेलन पर भी सफेद झूठ बोलकर गए। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा भी आये झूठ बोले, उसके बाद अचानक केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल आते है वे प्रेस कांफ्रेंस करके सफेद झूठ बोलते है राज्य के राशन वितरण और चावल खरीदी पर झूठ बोलकर जाते है। उसके बाद गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत आते है वे भी बेसिर पैर की तथ्यहीन बाते करके गए। कांग्रेस नेताओं ने कहा- नरेन्द्र मोदी, प्रमोद सांवत, नड्डा तीनों ही सनातन धर्म के बारे में भी भाषणबाजी करके गये। कांग्रेस को सनातन की शिक्षा देने के बजाय भाजपा आत्म अवलोकन करें गोवा में प्रमोद सांवत की सरकार में तीन-तीन मंदिर तोड़े गये पूरे गोवा में विरोध हुआ, उस पर मोदी-सांवत जवाब दें।



**राम का काम करने वाले भूपेश बघेल कोसे बड़ा कौन सनातनी है**

उन्होंने कहा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से बड़ा सनातनी कौन हो सकता है? 15 साल तक जिन माता कौशल्या, भगवान राम को भुला दिया उन माता कौशल्या के मंदिर का जीर्णोद्धार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया। भगवान राम वन गमन पथ को बनाने का काम भूपेश सरकार ने किया है। राम वन गमन पथ पांच स्थानों पर भगवान राम की विशाल प्रतिमा स्थापित की जा चुकी है। छत्तीसगढ़ के सभी नगर निकायों में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कृष्ण कुंज बनाया है। राम और कृष्ण के काम को करने वाली कांगेस सरकार को भाजपाई सनातन की शिक्षा न दें तो बेहतर है।

**पीयूष गोयल ने केंद्रीय मंत्री पद की मर्यादा को गिराया**

पीयूष गोयल ने राज्य सरकार पर धान,चावल की खरीदी एवं वितरण में गड़बड़ियों के जो आरोप लगाये गये हैं, वे निहायत गैर जिम्मेदाराना है। केन्द्रीय मंत्री से यह अपेक्षा की जाती है कि वे तथ्य परक एवं गंभीर बात करेंगे। लेकिन पीयूष गोयल के आरोप देखकर लगता है कि जैसे भाजपा का कोई मोहल्ला छाप नेता अनर्गल बातें कर रहा है। पीयूष गोयल द्वारा यह बताया गया है कि वे एफ.सी.आई. की आकस्मिक जांच करने रायपुर पहुंचे थे। उन्होंने निरीक्षण एफ.सी.आई. का किया तथा आरोप ऐसे लगाये जैसे उन्होंने राज्य की राशन दुकानों का निरीक्षण किया हो। उनको चाहिए था कि पहले ये तो बताएँ कि एफसीआई के निरीक्षण में उन्हे क्या गड़बड़ियां मिली और वे उन पर क्या कार्यवाही कर रहे हैं? पीयूष गोयल के आरोप शरारत पूर्ण है। भाजपाई एक भी गरीब को सामने नहीं ला सकते जिसे निर्धारित मात्रा में चावल न मिला हो।

# प्रधानमंत्री से लेकर भाजपाध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री आरक्षण बिल पर क्यों चुप हैं? : कांग्रेस

**आरक्षण बिल पर भाजपा के रवैया को कांग्रेस जनता तक ले जाएगी**

**रायपुर,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। आरक्षण संशोधन विधेयक राजभवन में 9 महीनों से अटका हुआ है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि अभी तक राजभवन ने इस पर हस्ताक्षर नहीं किया है। प्रदेश में चुनावी दौरे पर भाजपा के बड़े-बड़े नेता आ रहे प्रधानमंत्री, भाजपा अध्यक्ष से लेकर केंद्रीय मंत्री तक आ रहे लेकिन राजभवन में रूके आरक्षण बिल पर सब मौन है। भाजपा के कारण आरक्षण बिल राजभवन में रूका हुआ है। भाजपा के आरक्षण विरोधी रवैय्ये को कांग्रेस जनता के बीच लेकर जायेगी। भाजपा आरक्षित वर्ग के गरीबों के हितों में बाधक बनी हुई है। आरक्षण संशोधन विधेयक में आदिवासी समाज के लिये 32 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था है। आरक्षण विधेयक राजभवन में रुका है तो इसका खामियाजा आदिवासी समाज को सबसे ज्यादा हो रहा।



बैज ने कहा कि भाजपा अपने राजनैतिक हितों के लिये प्रदेश की जनता के हितों में बाधा पैदा कर रही है। कांग्रेस सरकार द्वारा पारित करवाये गये आरक्षण संशोधन विधेयक में ओबीसी के लिये भी 27 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ओबीसी वर्ग से आते है लेकिन ओबीसी वर्ग के हितों के खिलाफ जाकर वे लोग भी आरक्षण विधेयक को राजभवन में रोकवाये है। प्रदेश का सभी समाज भाजपा के षड़यंत्रों को समझ रहा है आने वाले चुनाव में आरक्षण बिल बड़ा मुद्दा होगा।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सर्व समाज को आरक्षण देने अपना काम पूरी ईमानदारी से करके सभी वर्गो के लिये आरक्षण का प्रावधान किया है। केइस विधेयक में अनुसूचित जनजाति के लिये 32 प्रतिशत, अनुसूचित जाति के लिये 13 प्रतिशत तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के लिये 27 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है। आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग के लोगो को भी 4 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है। 76 प्रतिशत का आरक्षण सभी वर्गो की आबादी के अनुसार निर्णय लिया है। यह विधेयक यदि कानून का रूप लेगा तो हर वर्ग के लोग संतुष्ट होंगे। इस विधेयक को विधानसभा ने सर्वसम्मति से पारित किया है इसको रोकना जनमत का अपमान है।

# दो दिवसीय विश्वकर्मा जयंती समारोह आज से गांधी मैदान में

**रायपुर,** 16 सितंबर। भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर विगत 8 वर्षों से जिला सिविल कांट्रेक्टर वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा भाव आयोजन किया जाता रहा है इस अवसर पर श्रमिकों के लिए पंजीयन कार्ड स्वास्थ्य शिविर एवं उन्हें अन्य योजनाओं की जानकारी दी जाती है इसके अलावा कंपनियों द्वारा मजदूरों को वहां किट वितरण किया जाता है जो सुरक्षा के लिए होता है साथ ही श्रमिकों के मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक एवं मनोरंजक कार्यक्रमों का आयोजन संगठन द्वारा किया जाता है इस अवसर पर समस्त कॉन्टैक्टर एवं संगठन के सदस्य उपस्थित रहकर अपना सहयोग प्रदान करते हैं संगठन के अध्यक्ष शिवनारायण ताम्रकार ने बताया कि आयोजन का यह 9 वा वर्ष है आयोजन में श्रमिकों के लिए जो शासन द्वारा योजनाएं चलाई जा रही है उसका लाभ उन्हें दिलाने का प्रयास किया जाता है एवं उनको जानकारी दी जाती है श्री ताम्रकार ने बताया कि विश्वकर्मा जयंती समारोह में भगवान विश्वकर्मा की पूजा एवं मूर्ति स्थापना दोपहर 2:00 बजे सन्नी अग्रवाल कर्मकार मंडल अध्यक्ष द्वारा एवं एवं भंडारा का कार्यक्रम अमित जोगी की उपस्थिति में होगा तत्पश्चात विशिष्ट अतिथि द्वारा शाम 7:00 से सम्मान समारोह एवं पुरस्कार वितरण के कार्यक्रम तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध गायिका सीमा कौशिक द्वारा मोगरा के फूल की प्रस्तुति होगी इसके अलावा श्रमिकों के हितों का ध्यान रखते हुए उनके लिए स्वास्थ्य शिविर पंजीयन कार्ड एवं अन्य मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं इस भाव आयोजन के लिए शासन एवं प्रशासन का पूरा-पूरा सहयोग मिलता है।






**रायपुर।** फेडरेशन ऑफ एजुकेशनल सोसायटीज् छत्तीसगढ़ एवं अशासकीय प्राचार्य मंच, रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में आज रंग मंदिर गांधी चौक छोटापारा रायपुर में अशासकीय अनुदानित एवं निजी शालाओं के सेवानिवृत एवं कार्यरत वरिष्ठ लगभग 200 शिक्षको को सम्मानित किया गया।

# खरोरा व आरंग थाने का आकस्मिक निरीक्षण

**रायपुर,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। थाना खरोरा एवं आरंग का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा थाने स्तर पर संधारित किये जाने वाले समस्त दस्तावेजो रजिस्टरों व फाइलों के नियमित व समुचित संधारण हेतु समुचित निर्देश दिए गए। थाने के कामकाज की समीक्षा करते हुए थाना खरोरा एवं आरंग के थाना प्रभारियों एवं विवेचकों के प्रकरणों की उनके द्वारा की जा रही कार्यवाही की समीक्षा की गई तथा लंबित अपराध शिकायत मर्ग के प्रकरणों के डायरी एवं दस्तावेजों का अवलोकन कर लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण करने निर्देशित किया गया। इसके साथ ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा थाने में आने वाले फरियादियों व पीड़ितों से बेहतर व्यवहार रखने के निर्देश दिए तथा कोई भी प्रार्थी या पीड़ित यदि कोई शिकायत लेकर थाने आता है तो उस पर तत्काल कार्यवाही करने हेतु निर्देश देने के साथ ही क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैधानिक गतिविधियों नहीं होने देने तथा ऐसी अवैधानिक गतिविधियां करने वालों के विरुद्ध तत्काल कड़ी कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। उनके द्वारा थाना आरंग क्षेत्रांतर्गत ग्राम निस्दा स्थित हाईवे रोड में थाना आरंग पुलिस के साथ अन्य जिलो राज्यों से आने वाले वाहनों के चेकिंग प्वाइंट का निरीक्षण भी किया गया। इसके साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए नाकेबंदी प्वाईंट लगाकर मुस्तैदी पूर्वक दोपहिया वाहन चारपहिया वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग करने के निर्देश देने के साथ ही शराब, नगदी रकम, सोना चांदी सहित चुनाव से संबंधित अन्य सामग्रियों की अवैध रूप से परिवहन को रोकने एवं कार्यवाही करने सहित विधानसभा चुनाव सम्बन्धी आवश्यक जानकारी एकत्र करने निर्देशित करते हुए विधानसभा चुनाव के संबंध में अन्य आवश्यक दिशा.निर्देश भी दिये गये। थाना प्रभारियों को थाना क्षेत्रों में विजिबल पुलिसिंग कर अड्डेबाजों, असामाजिक तत्वों सहित संदिग्ध व्यक्तियों, दोपहिया चारपहिया वाहनों, होटल,लॉज एवं ढ़ाबा की चेकिंग करने सहित रात्रि गश्त को पुख्ता एवं मुस्तैदी पूर्वक करने एवं बाहरी व्यक्तियों पर सतत निगाह रखने कहा गया। इसके साथ ही गुण्डा बदमाश एवं निगरानी बदमाश तथा अपराधिक तत्वों जिनकी संलिप्तता अपराधों में रहती है उन पर विशेष निगाह रखकर उनकी गतिविधियों के संबंध में जानकारी लेने तथा समय.समय पर उन पर वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश भी दिये गये। इस दौरान थाना प्रभारी आरंगए थाना प्रभारी खरोरा सहित उक्त थानों के अधिकारीध्कर्मचारी उपस्थित रहें।



**फरियादी व पीड़ित से बेहतर व्यवहार रखने के निर्देश**

## निधन

### प्रेमशंकर साहू

**पलारी,** 16 सितंबर। ग्राम भवानीपुर के प्रेमशंकर साहू उम्र 65 वर्ष प्रतिष्ठित नागरिक एवं पूर्व उप-सरपंच ग्राम पंचायत भवानीपुर का आज आकस्मिक निधन हो गया। वे ओंकार साहू के भैया व देवनारायण, तामेश्वर व धन्नू साहू के पिता थे। उनके दाह संस्कार कार्यक्रम में परिवार ग्राम के कीर्तन मंडली के साथ ग्रामीण जन उपस्थित रहे।



### मंगल राम सलूजा

**सरायपाली,** 16 सितंबर। स्थानीय जय स्तंभ चौक निवासी मंगल राम सलूजा (80) का आकस्मिक निधन शनिवार 16 सितंबर को रायपुर के एक निजी अस्पताल में हो गया। अंतिम संस्कार आज 17 सितंबर रविवार सुबह 9 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा। स्व. मंगतराम पंकज मोबाइल के भूपेश पंकज के पिता व गौरव के दादा थे।



### अंकुश यादव

**रायपुर,** 16 सितम्बर। पुरानी बस्ती बंधवापारा निवासी अंकुश यादव 26 वर्ष का दुखद निधन 16 सितंबर को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार महादेवघाट मुक्तिधाम में सम्पन्न हुआ। वे श्रीमती सोनारिन यादव के पोते, हेमलाल यादव के पुत्र एवं टंकेश्वर यादव और नेहा यादव के भाई थे। रायपुर यादव समाज ने उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।



## अवैध शराब का परिवहन व बिक्री, 4 गिरफ्तार

**रायपुर,** 16 सितंबर। नशे के विरूध्द व्यापक अभियान कार्यवाही के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण नीरज चन्द्राकर के दिशा निर्देशन व नगर पुलिस अधीक्षक माना सुश्री कल्पना वर्मा के पर्यवेक्षण में थाना मंदिर हसौद मे 04 आरोपियो के विरूद्ध प्रकरण में अलग.अलग कार्यवाही करते हुए उक्त आरोपियों के कब्जे से कुल 63 पौवा अवैध शराब कीमत 6930रूपये बिक्री करते जप्ती कार्यवाही की गई है। मुखबीर से सूचना मिली की ग्राम बकतरा में भगवतीबंजारे द्वारा अवैध शराब बिक्री किया जा रहा है तभी थाना मंदिर हसौद प्रआर शांतनु बंजारे हमराह स्टाफ के साथ रेड कार्यवाही कर आरोपी भगवती बंजारे के कब्जे से 17 पौवा अवैध शराब देशी मदिरा मशाला किमती 1870 जप्त किया गया।

# रामायण नगर के बच्चों को मिट्टी के बैल व खिलौने बांटकर मनाया टीम जिन्दगी ने पोला त्यौहार

**खिल उठे बच्चों के चेहरे नांदिया बइला और चुकिया पोरा पाकर**

**रायपुर,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। टीम ज़िन्दगी ना मिलेगी दोबारा ने हर साल की तरह इस बार भी छतीसगढ़ के पारम्परिक पोला त्योंहार को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर संस्था की संस्थापक अध्यक्ष सुषमा तिवारी सहित उनकी टीम के सदस्यों ने सुंदर नगर वार्ड के रामायण नगर बस्ती में जाकर छोटे छोटे बच्चों को मिटटी के बैल, खिलौने, चुकिया पोरा बांटकर तथा परम्परागत पकवान खिला कर यह त्यौहार अत्यंत रोचक ढंग से मनाया व खुशी का इजहार किया। खिलौने पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुवे बच्चों को खेल खेल में इस पर्व का महत्व भी बताया। ज्ञात हो की यह संस्था नेह मुस्कान योजना के तहत साल भर शहर के किसी न किसी स्लम एरिया के बस्ती में जाकर छोटे छोटे बच्चों को खिलौने बांटने का काम अपने स्वयं की व्यवस्था से करती है।



इस कार्यक्रम में उनके साथ संस्था के संरक्षक अजय शर्मा, बिहारी लाल शर्मा सीमा अग्रवाल, चंद्रसेना दिवांन, नीरू अग्रवाल अनामिका दुबे, स्वाति सोनी ,..पूजा छाबड़ा विनीता शर्मा कौशिल्या कश्यप हेमलता तिवारी रश्मि अजय शर्मा सीमा विजय शर्मा..आदि उपस्थित रहे।

## ऑनलाइन सट्टा संचालित करते सटोरिया गिरफ्तार



**रायपुर,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। शासन के मंशानुसार रायपुर जिले में सट्टा एवं जुआ पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर द्वारा रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपतित्र अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों सहित प्रभारी ए.सी.सी.यू को निर्देशित किया गया हैं। इस दौरान थाना डी.डी.नगर पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि थाना डी.डी.नगर कामाख्या भोजनालय के पास एक व्यक्ति मोबाईल फोन में ऑनलाईन सट्टा का संचालन कर रहा है। जिस पर थाना प्रभारी डी.डी.नगर को सटोरिये को रंगे हाथ गिरफ्तार करने निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी डी.डी.नगर के नेतृत्व में थाना डी.डी.नगर पुलिस की टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम देवेन्द्र देवांगन निवासी पुरानी बस्ती रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखें आईफोन को चेक करने पर आईफोन में ऑनलाईन सट्टा संचालित करना पाया गया। जिस पर आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से नगदी रकम 5,000 रूपये तथा 01 नग आईफोन जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थान छ.ग.जुआ प्रतिषेधअधिनियम 2022 की धारा 07 के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही किया गया।

# परिवहन विभाग का सभी चेक पोस्ट पर चेकिंग अभियान जारी

**रायपुर,** 16 सितंबर। विधानसभा चुनाव 2023 की तैयारी में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था की दृष्टि से निर्वाचन आयोग के निर्देशन में प्रदेश के सभी 16 टोल पोस्ट पर एवं 7 उड़नदस्तों के माध्यम से परिवहन विभाग द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए सभी चेकिंग प्वाइंट्स पर मुस्तैदी पूर्वक चारपहिया तथा माल वाहक वाहनों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के साथ ही निर्धारित मात्रा से अधिक नगद रकम, शराब, बिना वैध दस्तावेज के परिवहन किए जा रहे सोना-चांदी व अन्य मूल्यवान सामग्री सहित चुनाव को प्रभावित करने वाले अन्य सामग्रियों की अवैध रूप से परिवहन को रोकने एवं कार्यवाही करने के लिए परिवहन विभाग द्वारा आवश्यक प्रयास किया जा रहा है। निर्वाचन आयोग द्वारा आगामी चुनावों को दृष्टिगत रखते हुए आवश्यक दिशा निर्देश सभी विभागों को दिये गये थे जिसके तारतम्य में परिवहन आयुक्त श्री दीपांशु काबरा द्वारा परिवहन विभाग के सभी प्रवर्तन प्रभारियों को वाहनों की सघन जांच तथा अवांछित सामग्रियों के परिवहन के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिये गये हैं। परिवहन विभाग के राज्य के अपने सभी सीमाओं पर स्थित 16 परिवहन चेकपोस्ट तथा राज्य के भीतर संचालित 7 परिवहन उड़नदस्तों के माध्यम से सतत रूप से वाहनों की गहन चेकिंग की जा रही है।



# ट्रक चालक व हेल्पर से चाकू की नोक पर लूट 2 आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। राजधानी में पुलिस ने ट्रक चालक व हेल्पर के साथ हुई लूट के मामले को सुलझा लिया हैं इस दौरान 2 आरोपी युवक पकड़े गए हैं बताया गया किप्रार्थी ललित निषाद ने थाना मंदिर हसौद में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह चालक का कार्य करता है। 13 सितबंर को वाहन डम्फर क्रमांक सीजी 05ध्एजे 7709 में अपने हेल्पर के साथ गिट्टी भरने के लिए एयरपार्ट होते हुए नकटी रोड स्थित गोयल गिट्टी खदान जा रहा था रात में 2 बजे रावणभांठा जुन्नाडीह बस्ती मंदिर हसौद के पास पहुंचा था इसी दौरान 04 अज्ञात व्यक्ति प्रार्थी के वाहन के सामने आकर उसके वाहन को रोकते हुए प्रार्थी के वाहन में चढ़कर प्रार्थी तथा उसके साथी हेल्पर पर अपने पास रखें चाकू को टिका कर उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए उनके पास रखे नगदी एवं मोबाईल फोन को लूट कर फरार हो गये। जिस पर अज्ञात आरोपियो के विरूद्ध थाना मंदिर हसौद में धारा 392 34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी मंदिर हसौद के नेतृत्व में थाना मंदिर हसौद पुलिस द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी तथा उसके साथी हेल्पर से विस्तृत पूछताछ करते हुए अज्ञात आरोपियों की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल तथा उसके आस.पास लगे सीण्सीण्टीण्व्हीण् कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करने के साथ ही प्रकरण में अज्ञात आरोपियों की पतासाजी हेतु मुखबीर भी लगाये गये। इसी दौरान टीम के सदस्यों को घटना में संलिप्त आरोपी के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा मंदिर हसौद निवासी सूरज सोनवानी की पतासाजी कर पकड़ा गया। कड़ाई से पूछताछ करने सूरज सोनवानी द्वारा मंदिर हसौद निवासी राजू उर्फ प्रदीप भारती तथा अन्य 02 साथी के साथ मिलकर लूट की उक्त घटना को कारित करना स्वीकार किया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा प्रकरण में संलिप्त राजू उर्फप्रदीप भारती की भी पजासाजी कर पकड़ा गया। दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूट का नगदी रकम जप्त कर उनके विरूद्ध कार्यवाही की गई।प्रकरण में संलिप्त अन्य आरोपी फरार है जिनकी पतासाजी कर गिरफ्तार करने के हरसंभव प्रयास किये जा रहे है।



# गणेश चतुर्थी 19 से, भौरा-बांटी, फल और सब्जियों के बीजों से बनी प्रतिमा रहेगी आर्कषण का केन्द्र



**रायपुर,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। गणेश चतुर्थी का त्योहार 19 सितंबर को मनाया जाएगा इसके लिए जगह.जगह गणपती स्थापना की तैयारियां की जा रही हैं इसी कड़ी में रायपुर में छत्तीसगढ़ ओलंपिक की तर्ज पर गणपति जी बनाए गए हैं फल, फूल, सब्जियों, भौरा.रेत, बांटी, गिल्ली, डंडा, कॉफी के बीज सहित विभिन्न अनाजों और फ्लाहारी गणेश जी भी एक यादव मूर्तिकार परिवार ने तैयार किया है।

## 500 भौरा, 1000 बांटी, 700 गिल्ली डंडा से बने गणेशजी

इस परिवार ने 500 भौराए 1000 बांटी, 700 गिल्ली डंडा से गणेश की प्रतिमा को तैयार किया है पारिजात और सीसम की लकड़ी से गिल्ली डंडा बना है, मूर्तिकार राशि यादव ने बताया कि बलमहाराज गणेश उत्सव समिति डंगनिया में यह गणपति जी विरजमान होंगे, इसे बनाने में 3 महीने लगे, जब छत्तीसगढ़ में ओलंपिक की शुरुआत हुई तभी इस थीम को सोच लिए थे, तभी से इस पर काम शुरू किया है इस गणपती को फल, फूल सब्जियों के बीज से बनाया गया है, इस मुर्ति को 15 दिन में तैयार किया गया ह ये उपचारित बीज हैं घर में उगाने पर इसमें सब्जी उग जाएंगे पूर्व राज्यमंत्री भाजपा के वरिष्ठ नेता जेपी शर्मा के घर ये गणपति विराजमान होंगे।

## कॉफी के बीज से बने गणपतिजी

इस गणपती जी को कॉफी के बीजों से तैयार किया गया है कच्चे और भुना हूआ दो प्रकार के बीजों से इस गणेश जी बनाया गया है हीं इनका मुकुट पेपर स्ट्रॉ से बनाया गया है इसके अलावा मौली धागा, मोती, धान, चावल से भी गणेश जी बनाया गया है, इस बार पेपर क्राफ्ट के गणपती ज्यादा डिमांड में है।

## विभिन्न अनाजों से तैयार की गई मूर्तियां

गणेश भगवान की ज्वेलरी मक्के के दाने से तैयार की गई है जब की सफेद और काले तिल के भी गणेश जी बनाए गए हैं साबुत फ्ल्ली से उनका धोती बना है सोयाबीन उड़द का भी इस्तेमाल किया गया है।

मूर्तिकार राशि यादव बताती हैं कि पिताजी शिवचरण यादव ने 13 साल पहले इको फ्रेंडली और यूनिक गणेश बनाने का शुरुआत किए थे उसके बाद से ही पूरा परिवार मूर्तियां बनाते आ रहा है। महादेव घाट के पास ढूढ़ते रह जाओगे के नाम से पिछले 40 साल से दही पापड़ी का ठेला भी लगाते आ रहे हैं बरसात के दिनों में गुपचुप की बिक्री बंद हो जाती हैं तो मूर्तियों का काम करते है

# कालोनी बनी, पर नहीं बनी सड़क

**रायपुर,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। राजधानी के वार्ड क्रमांक 60 चंद्रशेखर आजाद में रावतपुरा फेस एक्टित कोडस एकेडमी के पीछे की गली नंबर 4 केलाबाड़ी में कालोनी तो बन गई परंतु यहां की सड़कें आज तक नहीं बनीं है। कॉलोनाइजर द्वारा प्लॉट काट के बेचा गया हैए लेकिन कॉलोनी के अंदर सड़के नहीं बनने से वहां के लोगों को आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मकान बेचते समय सड़क, बिजली, पानी की पूरी व्यवस्था करने का वादा किया गया था, लेकिन मकान बनने के बाद ये व्यवस्था चरमराई हुई है। यहां के रहवासियों को कई समस्याओं से गुजरना पड़ रहा है। यहां बिजली तो है, लेकिन अभी तक घरो में मीटर नहीं लगा है पर बना दिए गए है लेकिन न तो सड़क और न ही नाली की सुविधा दी जा रही है। लोग दलदल में रहने को मजबूर है। सावन की पहली बरसात में ही पानी सड़कों में भर जा रहा है एक रहवासी ने बताया कि यह निवासरत लोगों ने सड़क बनाने के लिए पार्षद सावित्री साहू से कहा लेकिन उन्होंने इस ओर ध्यान नहीं दिया यहां रहवासी कई बार नगर निगम में भी इसकी शिकायत कर चुके है मगर इसका कोई समाधान नहीं हो सका रास्तों में ट्रैक्टरों की निकलने से गड्ढ़ों में तब्दील हो गए हैं। इससे दो पहिया तो दूर रात्रि में पैदल निकलना तक मुश्किल हो रहा है। कई बार बच्चे रास्ते में गिर जाते हैं। रही बची कसर को नाली निर्माण न होने से रास्ते में हो रहे जलभराव ने पूरी कर दी है। मोहल्लावासी मजबूरन ही दूषित पानी से निकल रहे हैं। कॉलोनाइजर तो प्लाट की बचकर निकल जाते हैं। ऐसे में सड़क व नाली बनाने की जिम्मेदार नगर पालिका पर आ जाती है। एक रहवासी ने बताया कि सर्दी व गर्मी में तो नाली के पानी कम होने से इधर.उधर से निकल जाते है लेकिन बारिश के मौसम में गिरने का भग बना रहता है। सुहाना माधवानी ने बताया कि रास्त में सड़क व नाली तो दूर रास्ता भी बडाबड़ है। ऐसे में दो पहिया वाहन को निकाल लेते है लेकिन चार पहिया वाहन नहीं निकाल पा रहे है। मकान के सामने सड़क नहीं इली है। नाली नहीं होने से दुषित पानी गढ़ में भरा है। इससे संक्रामक बीमारिया होने का खतरा बना हुआ

**बरसात का पानी कच्चे रास्ते में**




# वाट्सएप पर शातिर ने लगाई कंपनी के डायरेक्टर की फोटो

**रायपुर,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में डीवी प्रोजेक्ट लिमिटेड कंपनी के डायरेक्टर की फोटो वाट्सएप में लगाकर सीएफओ से लाखों की ठगी का मामला सामने आया है। ठग ने इमरजेंसी बताकर ठगी की वारदात की है। अज्ञात ठग ने दो बार में 55 लाख 55 हजार 311 रुपये की ठगी की है। ठग ने महज एक घंटे में इस वारदात को अंजाम दिया। तेलीबांधा थाना पुलिस ने अज्ञात ठग के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तेलीबांधा थाने में डीवी प्रोजेक्ट लिमिटेड के सीएफओ सतीश कुमार सरावगी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई। प्रार्थी ने बताया कि उसे कंपनी के खातों के संचालन के लिए अधिकृत किया गया है। प्रार्थी के नंबर में 14 सितंबर को वाट्सएप पर एक मैसेज आया है। इसमें कंपनी के डायरेक्टर दिनेश कुमार पटेल की फोटो लगी थी। मैसेज में कहा गया कि 25 लाख 90 हजार 609 रुपये अमन कुमार शर्मा के एकाउंट में आरटीजीएस के माध्यम से पैसे का भुगतान करने का निर्देश दिया गया। प्रार्थी ने पहले पैसे का भुगतान नहीं किया तो बार.बार मैसेज कर दवाब बनाया जाने लगा। इसके बाद कंपनी के लैंडलाइन नंबर पर एक फोन आया और उसमें कहा गया कि सीएफ्ओ को बोल दिया जाए कि मैसेज पर तत्काल कार्रवाई करें। यह भी कहा गया कि सतीश से फोन पर बात नहीं हो पा रही है। डायरेक्टर व्यस्त हैं तत्काल कार्रवाई की जाए। जिसके बाद बताए गए अकाउंट पर पहली किस्त में अमन कुमार के खाते में 25 लाख 90 हजार 609 रुपये आरटीजीएस के माध्यम से खाते में डाल दिए गए। इसके बाद सैफुल्ल हुसैन के खाते में 29 लाख 64 हजार 720 रुपये डाल दिए गए।

**एक घंटे में ठग लिए 55 लाख 55 हजार रुपए**

**जब मालिक से पूछा तब पता चला कि ठगी हुई:** इस बात की जानकारी दूसरे दिन जब सतीश ने डायरेक्टर दिनेश कुमार पटेल से बात कर दी तो उन्होंने मनाकर दिया। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा किसी को भुगतान करने के लिए नहीं कहा गया। इसके बाद ठगी का एहसास होने पर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई।

**पूर्व में भी हो चुकी है ठगी और प्रयास:** इससे पहले भी रायपुर में ठगी के ऐसे मामले सामने आ चुके हैं। सिविल लाइन थाना क्षेत्र में नूडल्स कंपनी के डायरेक्टर की फोटो वाट्सएप में लगाकर मैनेजर से लाखों की ठगी की गई थी। गिफ्ट कार्ड भेजने के नाम पर अज्ञात ठग ने चार लाख 60 हजार रुपये ठग लिए थे। इसके अलावा वंदना ग्लोबल लिमिटेड सिलतरा में एमडी की तस्वीर अपने वाट्सएप की डीपी पर लगाकर शातिर ठग ने कंपनी में कार्यरत वाइस प्रेसिडेंट डवलपमेंट को वाट्सएप पर वाइस काल किया। इसके बाद अमेजन के ई.वाउचर को लिंक पर भेजने का झांसा देकर साढे पांच लाख रुपये ठग लिए गए। इसमें दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था। वहीं ठग मंत्री और अधिकारियों के नाम से ठगी का प्रयास कर चुके हैं। जिसमें आइएएस और आइपीएस अधिकारियों ने ठगी की शिकायत की थी।

**इंटरनेट से निकालते हैं जानकारी:** आरोपी बड़ी.बड़ी कंपनियों के डायरेक्टरों की फोटो इंटरनेट से निकालते हैं। वेबसाइट के जरिए पूरी डिटेल जुटाते हैं। उसमें नंबर भी होता है। यहां तक कि मैनेजर का नंबर रहा है। ऐसे में ठग आसानी से मैनेजर को अपने जाल में फंसाते हैं। मैनेजर डायरेक्टर की बात नहीं काटते और ठग के कहे अनुसार पैसे पेमेंट कर देते हैं।

## धारदार चाकू के साथ आरोपी युवक पकड़ाया



**रायपुर,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। थाना मंदिर हसौद पुलिस की टीम द्वारा थाना मंदिर हसौद क्षेत्रांतर्गत ग्राम छतौना चौक के पास हाथ में धारदार चाकू लेकर आम लोगों को आतंकित करते आरोपी चंदन दिवान पिता सुनील दिवान उम्र 22 वर्ष निवासी पलौद थाना मंदिर हसौद जिला रायपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखें 01 नग धारदार चाकू जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना मंदिरहसौद में धारा 25 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।




## अवैध शराब बेचते युवक पकड़ाया



**रायपुर,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। पुलिस को सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम बोरिया कला में एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब विक्रय कर रहा है कि मौके पर पुलिस स्टाफरवाना किया गया जो आरोपी जावेद खंडेलवाल के कब्जे से कुल 34 पऊवा देसी मदिरा मसाला कीमती 3740 बिक्री रकम 220 रुपए जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 34 ;2द्ध आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया एवं संपूर्ण कार्यवाही पश्चात रिमांड हेतु माननीय न्यायालय रवाना किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस टीम द्वारा लगातार अवैध शराब विक्रेताओं के खिलाफकार्यवाही किया जा रहा है।






उल्टा पुल्टा

चंटी- बारिश होने की सबसे ज़्यादा खुशी घर के खिड़की दरवाज़ों को होती है।
बंटी- वो कैसे?
चंटी- खुशी के मारे फूल ही जाते हैं।

# योजनाओं का लाभ उठाकर अपना एवं अपने बच्चों के जीवन को सफल बनाएं : ताम्रध्वज

## श्रमिक एवं नियोजक सम्मेलन व सम्मान समारोह




**दुर्ग,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। गृह मंत्री, लोक निर्माण एवं कृषि मंत्री ताम्रध्वज साहू आज आयोजित श्रमिक एवं नियोजक सम्मेलन व सम्मान समारोह में शामिल हुए। समारोह को सम्बोधित करते हुए मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि श्रमिक सम्मेलन का उद्देश्य शासन की योजनाओं की जानकारी एवं उसका लाभ सभी संगठित एवं असंगठित क्षेत्र में कार्य करने वाले श्रमिकों तक पहुंचाना है। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में अपना पंजीयन कराकर इन योजनाओं का लाभ उठाकर अपना एवं अपने बच्चों के जीवन को सफल बनाने को कहा।

उन्होंने कहा कि श्रमिकों के लिए 66 प्रकार की योजनाएं संचालित है, ताकि श्रमिकों के साथ-साथ उनके बच्चों को भी योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने इस योजना का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने को कहा, जिससे श्रमिक व अन्य जनप्रतिनिधि शासन की योजनाओं का लाभ उठा सके। उपाध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल केशव बंटी हरमुख ने कहा कि श्रम कल्याण मंडल द्वारा श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जाती है। अब तक करीब 45 लाख श्रमिकों का पंजीयन किया जा चुका है।

श्रमिक एवं नियोजक सम्मेलन व सम्मान समारोह में असंगठित क्षेत्र के अंतर्गत मुख्यमंत्री सशक्ति सहायता योजना के 53, मिनीमाता महतारी जतन योजना के 49, मुख्यमंत्री सियान सहायता योजना के 11, मुख्यमंत्री सायकल सहायता योजना के 1310, मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति सहायता योजना के 534 एवं ई-रिक्शा सहायता योजना के 10 इस प्रकार कुल 1967 हितग्राहियों को 90 लाख और श्रम कल्याण मंडल के अंतर्गत छात्रवृत्ति योजना के 520, सायकल सहायता योजना के 269 एवं सिलाई मशीन सहायता योजना के 48 इस प्रकार कुल 837 हितग्राहियों को 43 लाख रूपए की राशि का ➤➤ *शेष पृष्ठ 9 पर* ➤

# विधायक-महापौर व आयुक्त ने थामी झाड़ू



**दुर्ग,** 16 सितंबर, (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम इंडियन स्वच्छता लीग सीजन 2 के अंतर्गत झंडी दिखाकर का शुभारंभ किया जिसमे विधायक अरुण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल, आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने स्वास्थ्य विभाग प्रभारी हमीद खोखर, मनदीप सिंह भाटिया, एल्डरमैन रत्ना नारमदेव के अलावा स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, सफाई दरोगा, मनोहर शिंदे, सुपर वाइजर, स्वच्छता दीदी एब्रांड एंबेसेडर, शहर के दूत, महिला समूहों एवं ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया सहित लोगों की व्यापक भागीदारी के साथ पुराना बस स्टैंड से रैली प्रारंभ होकर इंदिरा मार्केट मोती काम्प्लेक्स क्षेत्र में झाड़ू लगाकर उसके बाद इंदिरा मार्केट से होते हुए, ब्राम्हण पारा एवं तमेर से पांच कंडील, चंडी मंदिर रोड आदि स्थानों का भ्रमण किया। जगह.जगह विधायक व महापौर ने अनेक लोगों को इंडियन स्वच्छता लीग की कैप पहनाकर स्वच्छता के लिए जागरूक किए। रैली में विधायक व महापौर दुकानदरों, फल ठेलों, खोमचो, होटलों में पहुंचकर लोगों से संपर्क कर स्वच्छता के प्रति सहयोग का हाथ बढ़ाने अपील की। ब्रांड एंबेसेडर डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही, दुर्ग के दूत से शिवाकांत तिवारी, प्रगति महोबे, ममता देवांगन, योगेश कुमार साहू, छत्रपाल साहू, पूजा सावजी और स्वच्छता दीदियों ने रैली के दौरान स्वच्छता के प्रति लोगों की ऊर्जा उत्साह बढ़ाते रहे। इस दौरान लोगो ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग करते हुए स्वच्छ भारत और स्वच्छ दुर्ग शहर का संदेश दिया। रैली के माध्यम से शहर शहरवासियों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। विधायक अरुण वोरा व महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि हमे स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने की विशेष आवश्यकता है। स्वच्छ वातावरण में ही मानव का चहुंमुखी विकास संभव है। विधायक, महापौर व आयुक्त ने थामी झाड़ू, सड़कों की सफाई कर दिया स्वच्छता संदेश, नगर को स्वच्छ रखना हम सब का कतर्व्य, स्वच्छता रैली महाअभियान 2 का आगाज। अपने 15 दिवसीय स्वच्छता पखवाड़े का आगाज अभियान के तहत 16 सितंबर आज से रैली निकालकर सफाई अभियान चलाया गया। 16 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा और इंडियन स्वच्छता लीग 2 के तहत स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन किया गया है। जिसका मुख्य थीम गार्बेज फ्री इंडिया है। जिसमे अलग अलग दिन स्वच्छता से संबंधित विभिन्न प्रकार के आयोजन किये जायेंगे। रैली समापन अवसर पर विधायक ने मौजूद सभी लोगो को स्वच्छता की शपथ दिलाई।

# चांदी तस्कर पकड़ाए




**दुर्ग,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। दुर्ग पुलिस ने शुक्रवार को आपापुरा के एक मकान से चांदी की तस्करी करने वाले चार आरोपी को गिरफ्तार कर उनके पास से करीब 125 किलो चांदी के जेवर बरामद किए हैं। जेवर अलग अलग किस्म के हैं। बरामद ज्वेलरी की कीमत 92 लाख रुपए बताई जा रही है। चांदी के संबंध में तस्कर किसी भी तरह का कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सके। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने आयकर विभाग को इसकी सूचना दे दी है। दरअसल पुलिस को सूचना मिली थी कि प्रकाश नाम का व्यक्ति आपापुरा में किराए के मकान में रहता है और आभूषणों की तस्करी करता है। सूचना के बाद एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश पर एक टीम बनाई गई और शुक्रवार को उक्त मकान में दबिश दी गई। पुलिस जब उस मकान में पहुंची तो यहां पर चांदी के ढेर सारे आभूषण मिले। मौके पर पुलिस ने 125 किलो चांदी के आभूषण कीमती 90 लाख रुपए बरामद किए। पुलिस ने ➤➤ *शेष पृष्ठ 9 पर* ➤

# प्रधान मंत्री के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर आज

**दुर्ग,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितम्बर से लेकर गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक भाजया सेवा परवाबाड़ा के रूप मे मन लेगी। प्रथम दिन की मोदी के जन्म दिन समाजिक कार्यकर्त्ता राज आढतिया के मार्गदर्शन मे नवदृष्टि फाउन्डेशन, ब्लड डोनेट थोड़ा, रक्तदात सेवा समिति के साथ ही का भाजपा, भाजयुमो, महिला मोर्चा के संयुक्त तत्वाधान में जिला अस्पताल रक्तदान शिविर लगाया जायेगा। जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि जिला अस्पताल के ब्लड बैंक मे सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक शिविर लगाया आयेगा। इस शिविर में भाजपा, भाजयुमो, महिला मोर्चा साथ ही आम जनता रक्तदान शिविर में रक्त दान कर शिविर को ऐतिहासिक बनायेगे। इसके लिए मेरा पखवाड़ा प्रभारी संतोष सोनी, सह प्रभारी के. द्विवेदी, धर्मेन्द्र यादव, जिला भाजयुमो जीत यादव जिला माहिला मोर्चा अध्यक्ष दिव्या कलिहारी को रक्तदान शिविर सफल बने विशेष जिम्मेदारी दी गई है। आम 19 से 2345 वर तर भाजपा मलेगी लगवाई आज जिला अस्पताल कगाया जायेगा।

# जिला अस्पताल को सर्वसुविधायुक्त बनाने जीवन दीप समिति की बैठक में सहमति



**दुर्ग,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। जिला चिकित्सालय दुर्ग के जीवनदीप समिति कार्यकारिणी की बैठक आज टेलीमेडिसीन कक्ष में आयोजित की गई। समिति के अध्यक्ष एवं कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में जिला अस्पताल को सर्व-सुविधायुक्त बनाने की दिशा में कार्ययोजनाओं पर सहमति दी गई। बैठक में विगत पालन प्रतिवेदन और समिति की आय-व्यय पर चर्चा की गई। इसी प्रकार जीवनदीप समिति के अंतर्गत समिति के कर्मचारियों के मानदेय कलेक्टर दर पर निर्धारित की गई। जिला चिकित्सालय के एमपीएस-बी में स्थापित जनरेटर की ऑटो पैनल की मरम्मत तथा चिकित्सालय के द्वितीय फेस लाईन का केबल स्वीकृति निविदा दर पर क्रय प्रस्तावित की गई। चिकित्सालय के हमर लैब होल्ड स्टोरेज रूम निर्माण व आईसीयू के लिए हाई-फ्लो सक्शन मशीन क्रय, ड्रायवर भर्ती, ओपीडी काउंटर बढ़ाने, आयुष्मान काउंटर में ऑपरेटर बढ़ाने, मरीजों के फीडबैक लेते रहने तथा वार्ड ब्वाय की प्रशिक्षण पर भी चर्चा की गई। बैठक में समिति के सदस्य दिलीप ठाकुर, दुष्यंत देवांगन, प्रशांत डोंगावकर, सतीष खुराना, सीएमएचओ जे.पी. मेश्राम, सिविल सर्जन डॉ. अरूण साहू, डॉ. अखिलेश यादव और अन्य चिकित्सक उपस्थित थे।

# सजने लगा है शहर में गणेश मूर्तियों का स्टाल




**सौ से भी ज्यादा सार्वजनिक स्थानों पर विराजेगें विध्नहर्ता**

**दुर्ग,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। शहर में गणेशोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई है। सौ से भी ज्यादा सार्वजनिक स्थल पर गणेश जी की प्रतिमाएं स्थापित की जायेगी। इधर हिन्दी भवन के सामने शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला के सामने एक दर्जन से अधिक गणेश स्टाल सजधज कर तैयार हो गये है। पद्मनाभपुर में महिला समृद्धि बाजार के सामने भी गणेश प्रतिमाओं की दूकानें लगने लगी है। इन स्टालों में साढ़े 3 सौ रूपयों से लेकर साढ़े 3 हजार और अधिक महंगी प्रतिमाएं उपलब्ध है। दूकानदारों ने बताया कि आज से दूकानें लगनी शुरू हो गई है। ग्राहक पूछताछ कर के जा रहे है। अगले तीन चार दिनों में खरीददारी जोर पकड़ेगी।

उल्लेखनीय है कि इस वर्ष 19 सितंबर से गणेशोत्सव प्रारंभ हो रहा है। इसके बाद 10 दिनी गणेशोत्सव की धूम शुरू हो जायेगी। शहर में सौ से ज्यादा स्थानों पर सार्वजनिक गणेशोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई है। इसके अलावा लोग अपने अपने परिवारों में भी विध्नहर्ता की मूर्तियां स्थापित करते है। 18 सितंबर को हरितालिका (तीजा) व्रत है।

इसके दूसरे दिन गणेश स्थापना अस्पताल वार्ड में गणेश मंदिर, ग्रीन चौक, सिंधी कालोवी, संतराबाड़ी, शंकर नगर, गया नगर, पोलसाय पारा, पचरी पारा, पद्मनाभपुर, आदर्श नगर शनिचरी बाजार, भाजपा कार्यालय सहित अनेक स्थानों पर गणेश स्थापना की तैयारियां शुरू कर दी गई है।

मूर्ति विक्रेताओं ने बताया कि यहां पर ग्राम थनौद के अलावा नागपुर, रायपुर, बिलासपुर, सहित अनेक स्थानों से मूतियां बेचने के लिये लाई जाती है। स्थानीय मूर्तिकार भी मूतियां बनाते है।

# आज से 2 अक्टूबर तक भाजपा मनाएगी सेवा पखवाड़ा : जितेन्द्र वर्मा

**दुर्ग,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितंबर से लेकर गांधी-शास्त्री जयंती 2 अक्टूबर तक पूरे 15 दिन की अवधि को भारतीय जनता पार्टी सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाएगी। इस दौरान पूरे 15 दिनों तक सेवा कार्य संबंधी अलग-अलग कार्यक्रम संपन्न होंगे। जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम हेतु जिला प्रभारी संतोष सोनी एवं सह प्रभारी बी.के. द्विवेदी व धर्मेन्द्र यादव को नियुक्त किया है।



जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने बताया कि दुर्ग संगठन जिला के सभी 13 मंडलों में अलग.अलग दिन कार्यक्रम संपन्न किए जाएंगे जिसमें भारतीय जनता पार्टी के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ साथ आमजनों को सेवा कार्य करने एवं इस हेतु प्रेरित किया जाएगा।

# गया नगर में दुर्गोत्सव की तैयारियां शुरू

**दुर्ग,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। गया नगर में श्री दुर्गोत्सव की तैयारियां शुरू कर दी गई है। 19 अक्टूबर को 11 हजार 1 दीपों से महाआरती होगी। मंदाकिनी मानस परिवार कबीरधाम द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया जायेगा। इसके अलावा सुंदरकांड, जयबाबा रूक्खड़नाथ नारधा का जगराता जस झांकी तथा जोक बयार छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किये जायेगें। इस सिलसिले में तैयारियों को लेकर दुर्गोत्सव समिति की बैठक हुई। बैठक में अध्यक्ष बी.पी.पाण्डेय, कार्यकारी अध्यक्ष देवकुमार देवांगन, उपाध्यक्ष आशीष महाराज, तुलाराम सिन्हा, राहूल अग्रवाल, सचिव कमल सोनी, सहसचिव कमल गजपाल, अक्षय सोनी, राजा उपाध्याय, कपिल ताम्रकार, कोषाध्यक्ष लक्ष्मीकांत के अलावा प्रमुख संरक्षकगण अशोक तिवारी, वीरेन्दर महाराज, फूलचंद गुप्ता, नरेन्द्र बंजारे, दिनेश देवांगन, श्याम टावरी, प्रदीप गजपाल, धीरेश चंद श्रीवास्तव, शिव सिन्हा, भरत भाई, निर्मल जैन, प्रकाश रंजन अग्रवाल, सुरेश टावरी एवं देवानंद जोशी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन फूलचंद गुप्ता ने किया। बैठक के अंत में समिति के सक्रिय सदस्य सतातन ख़ड़ा, सूरत केंवट, रामसिंह गौर, गीता शर्मा को श्रद्धाजंलि अर्पित की गई।

# अपनी भावनाओं को छुपाए नहीं अपितु शेयर करें: डॉ प्रशांत अग्रवाल

**दुर्ग,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में समान अवसर समिति और यूथ रेड क्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में मानसिक स्वास्थ्य और आत्महत्या रोकथाम पर महत्वपूर्ण व्याख्यान का आयोजन किया गया।

इस महत्वपूर्ण आयोजन में आमंत्रित वक्ता के रूप में डॉ. प्रशांत अग्रवाल, दुर्ग के मुख्य मनोरोग विशेषज्ञ ने कहा कि जब भी आप कभी समस्या से गुजरते हैं तो अपने माता पिता तथा करीबियों से बात करें। किसी बात से दुखी न हों। अगर कोई दोस्त या रिश्तेदार इस प्रकार की कोई मानसिक तनाव से गुजर रहा है तो उससे बात करें, उसके साथ कुछ गेम खेलें।

सबसे जरूरी बात उसे सुनें उसकी बात को ध्यान से सुनें। साथ ही उससे वादा ले कि कभी वह आत्महत्या के बारे में नहीं सोचेगा।



डॉ. अग्रवाल ने सभी को शपथ दिलाई कि कभी कोई भी न खुद आत्महत्या करेंगे न ही किसी को करने देंगे इसी के साथ समान अवसर समिति प्रभारी डॉक्टर कमर तलत ने अपने विचार रखें। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. जगजीत कौर सलूजा ने भी विद्यार्थियों से कहा कि परेषानियां कई प्रकार से हो सकती है इसीलिए इसे छुपाए न अपितु अपने करीबियों से इस बारे में वार्तालाप करें।

समाजशास्त्र विभाग की प्राध्यापक डॉक्टर सपना शर्मा ने अपना अनुभव शेयर करते हुए विद्यार्थियों को बताया कि मैं खुद कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से गुजरी हूं इसलिए मैं आपसे कहना चाहती हूं कि कभी हिम्मत ना हारे और जीवन में हमेशा आगे बढ़ते रहें। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया एवं मोबाइल के बजाय वास्तविक दुनियां के संपर्क में रहें। समस्याएं आती हैं, पर समाधान भी हमेशा साथ रहता है।

इस आयोजन का संचालन डॉ. तरलोचन कौर ने किया। आभार ज्ञापन डॉ. सपना शर्मा सरस्वत ने दिया, उन्होंने आयोजन को सफल बनाने में अतिथियों तथा सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

इस आयोजन में शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग रेडक्रास सोसायटी एवं एनएसएस के विद्यार्थी उपस्थित थे। स्वयं सेवक उज्ज्वल, अंजलि, पायल, मानसी, वर्षा, ज्योति, भानु, दामिनी, रानी, माही इत्यादि का कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्त्वपूर्ण सहयोग रहा।

# हिन्दी सांस्कृतिक दार्शनिक प्राकृतिक भाषा है : डॉ. श्रद्धा चंद्राकर

**दुर्ग**, 16 सितंबर (देशबन्धु)। शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय दुर्ग में हिन्दी विभाग द्वारा हिन्दी दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अतिथि वक्ता के रूप में डॉ. श्रद्धा चंद्राकर, सेवानिवृत्त प्राचार्य ने ''वर्तमान संदर्भ में हिन्दी की प्रासंगिकता'' विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होने कहा कि हिन्दी के मानक स्वरूप को बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी भी है और आवश्यकता भी है। हिन्दी बोलने वालों को हीनता का अनुभव नहीं करना चाहिए। हिन्दी सांस्कृतिक, दार्शनिक, प्राकृतिक भाषा है। विश्व में प्रसिद्ध है। हिन्दी में पारिभाषिक शब्दावली प्रशासनिक शब्द कोष, संयुक्त राष्ट्र संघ में हिन्दी में शब्दकोष निर्मित हो चुके है। व्यापार के क्षेत्र में सिनेमा के क्षेत्र में ज्ञान विज्ञान के क्षेत्र में हिन्दी सबसे अधिक लोकप्रिय है। भाषा के विकास के लिए परिवर्तन को स्वीकार करना आवश्यक है। भाषा लचीली नही होगी, तो मृतप्राय हो जायेगी। हिन्दी भाषा को सशक्त भाषा के रूप में




स्थापित करना हम सबकी जिम्मेदारी है। प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि हिन्दी दिवस पर हम आपस में हिन्दी का महत्व बताते हैं किन्तु पूरे भारत में भी हिन्दी का विशेष महत्व है। देश में नही अपितु विदेशों में हिन्दी के प्रति लगाव व स्नेह है। यह हमारे लिए गर्व की बात है। डॉ.यशेश्वरी ध्रुव, विभागाध्यक्ष ने कहा कि हिन्दी हमारी भावों व संवेदनाओं की अभिव्यक्ति का ही साधन नहीं है वरन् हमारी सभ्यता और संस्कृति की भी व्याख्या है। श्रीमती ज्योति भरणे ने कहा कि अभिव्यक्ति की तीव्रता और शैलियों की विविधता को अपने में समेटते हुए हिन्दी अपने उन्नत रूपों में प्रवाहमान है। इस प्रकार पर अर्चना, चांदनी, वर्षा देवांगन, लीना, डिकेश्वरी साहू, गुंजा, केशरी साहू, कुसुम ध्रुव, चन्द्रसुधा, कुमारी प्राची कौमार्य आदि ने कविता एवं भाषण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर हिन्दी परिषद के पदाधिकारियों को प्राचार्य द्वारा शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आरती राठौर ने तथा आभार प्रदर्शन किरण सोनबेर ने किया।

# एयरपोर्ट जैसा बनेगा पॉवर हाउस स्टेशन, कार्य शुरु

**भिलाईनगर**, 16 सितंबर (देशबन्धु)। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत भिलाई पॉवर हाउस रेलवे स्टेशन का कायाकल्प किया जा रहा है। एयरपोर्ट की तर्ज पर यात्री सुविधाएं इस स्टेशन पर बढ़ाई जाएंगी। 26.2 करोड़ रुपए की लागत से स्टेशन को सिटी सेंटर के रूप में विकसित करने के लिए तैयार मास्टर प्लान पर काम शुरू हो गया है। यहां फुट ओवर ब्रिज, लिफ्ट एवं एस्केलेटर, वेटिंग हाल, टायलेट्स का उन्नयन, स्टेशन लाइटिंग में सुधार, पार्किंग एरिया का विस्तार, प्लेट फार्म एरिया शेड द्वारा कवरिंग जैसे कई बदलाव अब होंगे। गौरतलब हो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 6 अगस्त को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए देश भर में 1 हजार 309 स्टेशनों के रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास के लिए अमृत भारत स्टेशन योजना को लॉन्च किया। इसमें दुर्ग और भिलाई पावर हाउस रेलवे स्टेशन के साथ ही छत्तसीगढ़ के 7 रेलवे स्टेशन भी शामिल हैं। इस योजना में आधुनिक यात्री सुविधाएं मुहैया कराने के साथ-साथ अच्छी तरह से डिजाइन किए गए यातायात परिसंचरण का खासा ध्यान रखा जाएगा। अंतर मॉडल एकीकरण और यात्रियों के मार्गदर्शन के लिए साइनेज सुनिश्चित किया जाएगा। जिससे यात्रियों को आसानी से और सही जानकारी मिल सके। स्टेशन का डिजाइन स्थानीय संस्कृति, विरासत और वास्तुकला से प्रेरित होगा और छत्तीसगढ़ की संस्कृति देखने को मिलेगी। स्टेशन बिल्डिंग के दोनों तरफ से व्यापक एंट्री का प्रावधान, दोनों ओर लिफ्ट एवं एस्कलेटर, बेहतरीन ट्रैफिक व्यवस्था के साथ कार पार्किंग की सुविधा होगी। ग्रीन बिल्डिंग, कान्कोर्स, फुट ओवर ब्रिज, स्टेशन की छतों पर सोलर पैनल, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम भी होंगे। स्टेशन के बाहर टाउनशिप की ओर पार्किंग की सुविधा होगी।

# युवक की पीट-पीटकर हत्या-5 गिरफ्तार



मृतक

**भिलाईनगर,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। बीती रात कुछ युवको नें खुर्सीपार निवासी 35 वर्षीय युवक मलकीत सिंह की हत्या कर दी। इस घटना को लेकर स्थानीय निवासियों ने खुर्सीपार थाने में पहुंचकर विरोध जताते हुए आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की। मृतक के परिजनों के अनुसार मलकीत अपने एक अन्य मित्र के साथ दवाई लेने के लिये गया था।

जहां से वे आईटीआई मैदान में मोबाइल पर गदर मुवी देख रहा था। तभी आरोपियों ने मलकीत से के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया। जिससे 5 से 6 आरोपियों ने मलकीत सिंह के साथ मारपीट शुरु कर दी। आईटीआई मैदान के पास हुए विवाद के बाद आरोपियों की पिटाई से घायल मलकीत को पहले एक निजी अस्पताल पहुंचाया गया। उनकी स्थिति खराब होने पर घायल मलकीत सिंह को रायपुर में इलाज के लिए ले जाया गया जहां उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उन्हे आज शनिवार को सुबह मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी के मुताबिक



मलकीत सिंह दुर्गा मंदिर के पास गौतम नगर खुर्सीपार निवासी है। उनके पिता गुरुद्वारा बेबेनानकी जी प्रबंध कमेटी के प्रधान सरदार कुलवंत सिंह है। मलकीत के पिता कुलवंत सिंह बिल्डिंग मटेरियल की दुकान है। घटना के बाद से सिख समुदाय व स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है। गुरुद्वारा कमेटी के सभी सदस्य और सिख समुदाय के लोग बड़ी संख्या में अभी खुर्सीपार थाने पहुंचे हुए हैं। उन्होंने आरोपियों की धरपकड़ की मांग को लेकर थाने का घेराव शुरू कर दिया है। बढ़ते तनाव को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर संजय ध्रुव और दूसरे थानों को बल भी वहां पहुंचा और आक्रोशित लोगों को समझाने का प्रयास जारी है। पुलिस आरोपियों को पकड़ने के लिए दबिश दे रही है। वही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षख शहर संजय ध्रुव के अनुसार मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को हिरासत में लेकर पुछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार आरोपी में तसव्वर, प्रतीकी, बल्लू, व फैजल को हिरासत में लेकर पुछताछ कर रही है। मृतक के परिजनों के अनुसार मृतक मलकीत के दो बच्चे है, जिसमें बड़ा बेटा सात वर्ष का तथा 5 वर्ष की बेटी है। घटना को लेकर पुलिस पुरी तरह से मुस्तैद है।

### पूर्व विधानसभा अध्यक्ष बैठे धरने पर

खुर्सीपार आईटीआई मैदान में मलकीत सिंह की हत्या और बढ़ते अपराध पर कमजोर होते कानूनी शिकंजे के विरोध में पूर्व केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय आज खुर्सीपार थाने के सामने धरने पर बैठ गए हैं। उन्होंने कहा कि शांति का टापू भिलाई आज अपराध का गढ़ बन गया है। खुर्सीपार में युवक की हत्या मामले में अब तक केवल 4 आरोपी पकड़े गए हैं जबकि मृतक के परिवार सभी आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहा है। जब तक पीड़ित परिवार अपनी मागों को लेकर संतुष्ट नहीं हो जाता, तब तक धरना जारी रहेगा। श्री पाण्डेय ने कहा कि रोजाना शाम खुले मैदान में मयखाने सज रहे हैं। भिलाई का कोई भी नागरिक सुरक्षित नहीं है। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष वृजेश बिचपुरिया, पार्षद दया सिह, सहित अन्य भाजपा नेता घटना की निंदा करते हुए धरने का समर्थन किया है।

### नही हुई गिरफ्तारी तो छग बंद का आव्हान

सिक्ख पंचायत ने छत्तीसगढ़ बंद का आह्वान किया है। जिसे भारतीय जनता पार्टी समेत अनेक संगठनों का समर्थन मिल रहा है। सिक्ख पंचायत ने 24 घंटे के अंदर मांगें पूरी नहीं होने पर 18 सितंबर को छत्तीसगढ़ बंद का आह्वान किया है। मामले में छत्तीसगढ़ सिक्ख पंचायत की मांग है कि पीड़ित परिवार को 50 लाख रूपए मुआवजा एवं एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाये। भाजपा ने भी इस बंद को समर्थन दिया है।

# निगम क्षेत्र रिसाली में स्वच्छता लिग का शुभारंभ



**भिलाईनगर**, 16 सितम्बर (देशबन्धु)। स्वच्छ भारत मिशन 2023 के अंतर्गत भारत सरकार आवास एवं पर्यावरण मंत्रालय के निर्देशानुसार आज शनिवार को इंडियन स्वच्छता लिग-2 सफाई मित्र सुरक्षा एवं स्वच्छता ही सेवा है के संकल्प के साथ नगर पालिक निगम रिसाली के द्वारा सफाई रैली श्रीमती शशि सिन्हा महापौर एवं सभापति केशव बंछोर के नेतृत्व में निकाली गई। रैली की शुरूआत में सबसे पहले सफाई कर्मचारियों और नगर निगम के अन्य कर्मचारियों को सफाई के प्रति जागरूकता और श्रमदान के लिए शपथ दिलाया गया। तत्पश्चात रैली के शक्ल में रिसाली के वार्डो का भ्रमण करते हुए निगम मुख्य कार्यालय में मंच के उपर सभी अतिथियों एवं निगम के कर्मचारियों द्वारा दोनो हाथों का दिवार पर निशान लगाते हुए यह संकेत देने का प्रयास किया है कि रिसाली निगम क्षेत्र को पूरी तरह साफ-सुथरा रखने के लिए हम सभी दृढ संकल्पित है। जिसे रिसाली रेडियन्श का नाम दिया गया है। इस अवसर पर नगर निगम महापौर परिषद के प्रभारी सद्स्य गोविंद चतुर्वेदी, अनुप डे, चन्द्रभान सिंह ठाकुर, पार्षद संजू नेताम, जमुना ठाकुर, शीला नारखेड़े, डॉ. सीमा साहू, गजेन्द्री कोठारी, ममता सिन्हा सहित नगर निगम के निगम सचिव रोहित साहू, कार्यपालन अभियंता एम.पी. देवांगन, नगर निगम के उप अभियंता आजीविका मिशन के महिला समुह सहित नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। रैली विभिन्न वार्डो से होती हुई निगम कार्यालय में पहुंचकर समाप्त हो गई।

# विश्वकर्मा जयंती पर संयंत्र में आंगतुकों के प्रवेश प्रतिबंधित

**भिलाईनगर,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। संयंत्र के सुरक्षा की दृष्टि से 17 सितम्बर को होने वाले विश्वकर्मा पूजा में संयंत्र में अनाधिकृत व्यक्तियों तथा आंगतुकों के प्रवेश को प्रतिबंधित किया गया है। संयंत्र प्रबंधन ने इस संबंध में परिपत्र जारी कर विश्वकर्मा पूजा के दिन अर्थात 17 सितम्बर को किसी भी बाहरी अतिथि, पंडित, आगंतुक को संयंत्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जायेगी। साथ ही आयोजकों को यह सलाह दी जाती है कि पंडित की व्यवस्था केवल भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्मिकों में से ही की जाये। इस प्रकार बीएसपी प्रबंधन ने परिपत्र के माध्यम से यह स्पष्ट कर दिया है कि संयंत्र की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विश्वकर्मा पूजा में 17 सितम्बर को विजीटर्स पास पूर्णत: प्रतिबंधित होगा और 17 सितम्बर को किसी भी प्रकार के विजीटर्स पास जारी नहीं किया जायेगा। संयंत्र प्रबंधन ने लोगों से अपील है कि विश्वकर्मा पूजा में व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग करें। उल्लेखनीय है कि विश्वकर्मा जंयती के अवसर पर पूर्व में भिलाई इस्पात संयंत्र में लोगों को भिलाई इस्पात संयंत्र के भ्रमण की अनुमति दी जाती थी। किन्तु कुछ वर्षो से इस पर रोक लगा रखी है।

### आज केरला समाजम की ओणम मिलन समारोह

**भिलाईनगर।** केरला समाजम दुर्ग भिलाई की पारिवारिक ओणम मिलन समारोह 17 सितंबर को 11.30 से सेक्टर 5 स्थित कन्नड़ भवन के पीछे मनाया जाएगा। समाजम के अध्यक्ष वी के मोहम्मद, महासचिव एम जी एम राजन, ए.ने समाज के सभी सदस्यों से समय पर उपस्थित होकर कार्यक्रम का को सफल बनाने की अपील की है। केरला समाजम के ओणम व पारिवारिक मिलन समारोह के सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जायेगा।

# स्वच्छता में जनभागीदारी जरूरी : नीरज पाल



**भिलाईनगर,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के तहत निगम के विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता के कार्यक्रम आयोजित कर पखवाड़े की शुरूवात की गई। मुख्य आयोजन गुरूनानक सरोवर नेहरू नगर में किया गया। लोगों को जागरूक करने पावर हाउस मार्केट क्षेत्र में रैली निकाला गया। महापौर नीरज पाल ने कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन के अभिन्न कार्य है। शरीर स्वच्छ रहेगा तो मन स्वस्थ रहेगा। उसी प्रकार शहर स्वच्छ रहेगा तो नागरिक स्वस्थ रहेगें। शहर की हवा शुद्व रहेगी। नगर की स्वच्छता जन भागीदारी के बिना पुरा नहीं हो सकता। सेवा पखवाड़े के अंतर्गत महापौर नीरज पाल, स्वास्थ प्रभारी लक्ष्मीपति राजू, प्रभारी सदस्य चंद्रशेखर गंवई, नेहरू नगर के वरिष्ठ नागरिकों के साथ सरोवर के चारो ओर झाडू लगाकर किया तथा सफाई मित्रो के साथ रैली निकालकर लोगो को स्वच्छता कार्य से जोड़ने के लिए प्रेरित किये। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी परिपत्र के आधार पर निगम आयुक्त रोहित व्यास ने निगम क्षेत्र में 15 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा आयोजित किये जाने जोन आयुक्तों को कहा है। सेवा पखवाड़ा के तहत जोन-3 के आयुक्त, जोन के सफाई टीम के साथ पुराना रोजगार कार्यालय पावर हाउस परिसर से रैली निकालकर जवाहर मार्केट, सर्कुलर मार्केट, नंदनी रोड, संत रविदास नगर, लिंक रोड का भ्रमण किया। 18 से 25 सितम्बर तक सफाई मित्र सुरक्षा शिविर, 15 से 30 सितम्बर तक स्वच्छता ही सेवा सफाई अभियान तथा 1 व 2 अक्टूबर को स्वच्छता दिवस को त्यौहार के रूप में मनाये जाने के निर्देश है। कार्यक्रमों जोन आयुक्त स्वास्थ अधिकारी, जोन स्वास्थ अधिकारी, स्वास्थ सुपरवाइजर, सफाई मित्र भी शामिल हुए।

# 20 अक्टूबर तक ठेका श्रमिकों को मिल जाएगा बोनस

**भिलाईनगर,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। भिलाई इस्पात संयंत्र के ठेका मज़दूरों को 20 अक्टूबर तक बोनस भुगतान का आदेश जारी किया गया है। नियमित ठेका मजदूरों को लेकर अब तक एनजेसीएस की मीटिंग की तारीख नहीं आई है। ठेका मजदूरों के बोनस को लेकर बीएसपी प्रबंधन ने सहमति प्रदान कर दी है। इस संबंध में औद्योगिक विभाग मिली जानकारी के अनुसार 20 अक्टूबर तक बोनस की राशि ठेका श्रमिकों को दी जाये, ताकि वे यानि मनाने में मजदूरों को राहत मिल सके। इस संबंध में आई.आर विभाग द्वारा सभी ठेकेदारों को ई-मेल से भी आदेश की काफी भेजी जा रही है। ठेका श्रमिकों को लेखा वर्ष 2022-23 का बोनस वितरण के बाबत आइआर विभाग की ओर से सर्कुलर जारी किया गया है। भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यरत सभी ठेकेदारों को सूचित किया है कि ठेकेदार को श्रम कानूनों का पालन करना अनिवार्य है। यह संविदा की सामान्य शर्ते वैधानिक दायित्वों का पालन करना संविदा अनुबन्ध का अभिन्न अंग है। बोनस भुगतान अधिनियम 1965 के तहत बोनस वितरण भी एक वैद्यानिक दायित्व है। इसलिए लेखा वर्ष 2022-23 के लिए प्रदाय बोनस का भुगतान पात्र ठेका श्रमिकों को करना है। उन्हें 30 नवम्बर तक भुगतान करने का प्रावधान है। बावजूद सभी ठेकेदार एवं प्रतिष्ठानों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि 20 अक्टूबर तक पात्र ठेकेदार श्रमिकों को बोनस प्रदान करें। आने वाले त्योहारों दीपावली, गोवर्धन पूजा को ध्यान में रखते हुए सभी ठेकेदारों को संयंत्र प्रबंधन ने सर्कुलर में स्पष्ट किया है कि सभी ठेकेदार ध्यान दें कि वार्षिक बोनस का भुगतान समय सीमा के भीतर नहीं किया जाना ठेकेदारों द्वारा वैद्यानिक प्रावधानों का उल्लंघन होगा। वे इसके लिए संविदा की सामान्य शर्तों में उपलब्ध प्रावधानों के तहत प्रतिकूल कार्यवाही के परिधि में आ जाएंगे।

# संयंत्र करोड़ों की भूमि से बेदखल किया अवैध कब्जा



**भिलाईनगर,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के प्रवर्तन अनुभाग द्वारा भिलाई में अवैध कब्जे को मुक्त करवाने के लिये बडी कार्यवाही की जा रही है। प्रवर्तन अनुभाग ने विगत दो वर्ष 2022-23 और 2023-24 के दौरान कुल 17 महीनों में अब तक कुल 65.11 एकड़ की संयंत्र की भूमि और 389 आवासों को रिक्त करवाया कर एक बडी सफलता अर्जित की है। नगर सेवा विभाग के इस अभियान से इस्पात नगरी में अवैध कब्जों में बढोतरी के प्रयासों में कमी आई है। भिलाई इस्पात संयंत्र अपनी इस्पात नगरी को हमेशा स्वच्छ, स्वस्थ और सुन्दर बनाने में प्रयासरत रहता है। इसमें अवैध कब्जों और असमाजिक तत्वों द्वारा किये जाने वाले गैर अनुशासित कदमों से होने वालें व्यवधान से निपटने के लिये निरंतर प्रयास करता रहता है। संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग में प्रवर्तन अनुभाग जिसे इनफोर्समेंट विभाग से भी जाना जाता है ने विगत 2-3 वर्षों से अवैध कब्जे के खिलाफ लगातार बड़े पैमाने पर कार्यवाही की जा रही है। वित्त वर्ष 2022-23 में नगर सेवाएं विभाग ने संपदा विभाग और संपदा न्यायालय के सहयोग से प्रवर्तन अनुभाग ने 31.61 एकड़ भूमि में कुल 289 सम्पत्तियों को अवैध कब्जे से मुक्त करा कर संपदा विभाग और मैन्टेनेन्स आफिस को सुपुर्द किया है। इसमें संयंत्र की भूमि के 76 प्रकरण और 40 डिक्री पारित इस्पात नगरी के आवास शामिल है। चालू वित्त वर्ष में भी नगर सेवाएं विभाग के प्रवर्तन अनुभाग द्वारा अवैध कब्जा मुक्ति का अभियान पूरी गति से जारी रखा है। 1 अप्रैल 2023 से 31 अगस्त 2023 तक संयंत्र के अधिकार सीमा की कुल 100 आवासों को मुक्त कराया है। इसमें संपदा न्यायालय द्वारा डिक्री पारित 37 आवास के प्रकरण शामिल है। इसके साथ ही संपदा न्यायालय द्वारा 3 डिक्री पारित भूमि के प्रकरण भी रिक्त कराये गये है। वर्ष 2023.24 के प्रथम 5 माह में कुल 33०5 एकड़ भूमि रिक्त कराने का भी एक कीर्तिमान बनाया है। संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के प्रवर्तन अनुभाग द्वारा सुनियोजित कार्यवाही और व्यवस्थित कार्यवाही से विगत 17 महीनों में सात अवैध स्क्रैप फैक्ट्रियां, मिराज सिनेमा, चोपडा पेंट्रोल पम्प, शिवपारा में अवैध कालोनी, मरोदा में 24 से अधिक अवैध दुकानें, भिलाई इस्पात संयंत्र का पुराना प्रिंटिंग प्रेस की भूमि, सिविक सेंटर में नेहरू आर्ट गैलरी के बाजू की 22 अवैध अस्थाई व्यावसायिक शेडए सिविक सेंटर में रोड चौडीकरण के लिये 23 दुकानों को रिक्त करवाना और नंदिनी रोड़ में संयंत्र की भूमि में अवैध रूप से बनाये 3 फार्म हाउस जैसे प्रकरण शामिल है। मानवीय आधार को ध्यान में रखते हुए बारिश और डेंगू के कारण अवैध कब्जा हटाने की कार्यवाही पर विशेष जोर नहीं दिया जा रहा था। आगामी दिनों में इस अभियान में गति लाई जायेगी और सेक्टर सेक्टर जांच कर कार्यवाही की जायेगी।

# एसआर व बीएम शाह हास्पिटल में शासकीय कर्मियों को होगा ईलाज



**भिलाईनगर,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन ने शासकीय सेवकों और उनके आश्रित परिजनों के इलाज के लिए कुल 155 अस्पतालों को मान्यता दी है। इनमें राज्य में स्थित 114 और राज्य के बाहर के 41 अस्पताल शामिल हैं। शासकीय कर्मियों के इलाज के लिए चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए इन अस्पतालों को मान्यता मिली है। एस.आर.हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर चिखली. बी.एम. शाह हॉस्पिटल एंड मेडिकल रिसर्च सेंटर शास्त्री नगर सुपेला, श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज जुनवानी भिलाई, हाइटेक सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल स्मृति नगर, सनशाइन मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल वसुंधरा नगर भिलाई-3, स्पर्श मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल रामनगरए भिलाई, के. गुरूनाथ कॉर्डियक सेंटर सुपेला भिलाई, चंदूलाल चन्द्राकर स्मृति हॉस्पिटल नेगरू नगर चौक भिलाई, मित्तल भिलाई हॉस्पिटल स्मृति नगर के अस्पताल प्रमुख है। इसके अतिरिक्त राज्य बाहर अन्य अस्पतालों में भी ईलाज की सुविधा प्रदान की जा सकेगी। इस सुविधा के मिल जाने के बाद अब शासकीय कर्मचारियों को यह सुविधा होगी की वे अपने मन के अनुसार किसी भी अस्पताल में अपना स्वयं का तथा अपपे परिवार का ईलाज करा सकते है।

# अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है हिंदी : प्रियंका



**भिलाईनगर,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। सेक्टर 2 स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल की प्राचार्या प्रियंका शुक्ला की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने विद्यार्थियों से हिंदी भाषा का अधिकाधिक प्रयोग करने की बात कही। उन्होंने कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है तथा हमें इसका सम्मान करना चाहिए। हिंदी भारतीयो की भावनात्मक अभिव्यक्ति का एकमात्र माध्यम है इसके अभाव में भारतीयता की अभिव्यक्ति हो ही नहीं सकती। देश को एकता के सूत्र में आबद्ध करने की शक्ति केवल हिंदी में है। हिंदी दिवस की सार्थकता तभी पूर्ण होगी जब हम अपने भाषा के अस्तित्व की रक्षा करेंगे। हिंदी दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएँ जैसे भाषण, कविता पाठ, निबंध लेखन, पोस्टर मेकिंग कराए गए। बच्चों ने कार्यक्रम के विषय पर केंद्रीय सुंदर भाषण, कविता पाठ निबंध लेखन और पोस्टर बनाएं। इस मौके पर आयोना सिंह, आराध्या शाह, मधु साहू, भूमि, लक्षिता जगताप, काव्या दुबे, सारिका, अंशिका, वैदिक और श्रुति ने शानदार हिंदी कविता की प्रस्तुती दी। काव्य दुबे, तनय साहू, रिया हेंब्रम, तेनीषा देवांगन, निवेदिता देवांगन, शुभाशीष श्रुति अंशिका, अब्दुल अरिंजय ने हिंदी में भाषण दिया। आराध्या शाह, सुनिधि, नायरा एजी कार्तिक, के रोषिका, दिव्यांश ने हिंदी दिवस पर आकर्षक पोस्टर बनाएँ। प्राचार्या प्रियंका शुक्ला ने बच्चों को अपनी मातृभाषा से प्रेम और जीवन में सफल होने हेतु शिक्षित होने का महत्व बताया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। हिंदी दिवस के अवसर पर समस्त शिक्षिकाएँ एवं छात्र. छात्राएँ उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने हिंदी भाषा का अधिकाधिक प्रयोग करने का संकल्प लिया।

# विघ्नहर्ता के साथ-साथ होंगे 12 ज्योतिलिंगों के दर्शन

**भिलाईनगर,** 16 सितम्बर (देशबन्धुसेक्टर 6 पुलिस लाइन गणेश उत्सव समिति के द्वारा इस बार बनाया जा रहा है भव्य पंडाल इसी पंडाल में विराजेंगे विघ्नहर्ता। पहली बार पुलिस लाइन परिवारों द्वारा इतना भव्य आयोजन कराया जा रहा है। पुलिस लाइन गणेश उत्सव समिति सेक्टर 6 के अध्यक्ष दानेश्वर देशमुख ने बताया कि इस वर्ष यहां कैलाश मानसरोवर की तर्ज पर भव्य पंडाल बनाया जा रहा है। यह पंडाल 200 फिट चौड़ा, तथा 40 फिट ऊंचा बनाया जा रहा है। खासबात है कि इस पंडाल में विघ्नहर्ता भगवान गणेश की विशाल प्रतिमा के साथ 12 ज्योर्तिलिंगों के दर्शन भी होंगे। साथ ही भैरव बाबा की झांकी भी पंडाल में विशेष आकर्षण का केन्द्र होगा। गणेशोत्सव समिति द्वारा इस बार पंडाल के समीप मेले भी लगाया जा रहा है। बच्चों के मनोरंजन के लिए भव्य झूले लगाए जा रहे हैं। जहां छोटे-बड़ों सभी के मनोरंजन का विशेष ध्यान रखा जाएगा। इसके अलावा पंडाल के साथ 60 से ज्यादा स्टॉल्स भी लगाए जाएंगे। इन स्टॉल्स में फूड से लेकर खरीदारी के लिए आकर्षक दुकानें होंगी। खिलौनों से लेकर श्रृंगार तक का सामान यहां के स्टॉल्स से किफायती दरों पर ले सकेंगे। आयोजन समिति गणेशोत्सव को भव्य बनाने की तैयारियों में जुटी हुई है।



# यादव समाज द्वारा कृष्ण जन्माष्टमी-तीज मिलन



**भिलाईनगर,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ यादव विकास संघ भिलाई नगर का कृष्ण जन्माष्टमी एवं तीज मिलन कार्यक्रम ठेठवार भवन रिसाली में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभांरभ भगवान श्री कृष्ण की आरती एवं पूजा अर्चना के साथ किया गया। महिलाओं एवं बच्चों व बुजुर्गों नें भी दही लूट एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्साह से हिस्सा लिया। प्रतिभागियों को ईनाम वितरण वरिष्ठ सदस्यों बी.आर.यादव, मनोज यादव, नारायण, आत्माराम यादव व मनहरण यादव दिया गया।

**तीज क्वीन**

तीज क्वीन प्रतियोगिता में बिन्दू यादव, ज्योति यादव प्रथम रनर अप, पद्मा यादव, द्वितीय रनर अप थाली सजावट में बिन्दू यादव प्रथम, ज्योति यादव द्वितीय गीता यादव, महिलाओं का खेल प्रतियोगिता में योगिता यादव प्रथम द्वितीय, सुनिता यादव तृतीय स्थान पर रही। हौजी खेल महिला वर्ग हेतल यादव प्रथम, श्रेय यादव द्वितीय, पद्मा तृतीय स्थान पर रही। हौजी खेल पुरूष वर्ग मनहरण यादव प्रथम, राम सिंह यादव द्वितीय , कुमारू यादव तृतीय स्थान पर रहे। बच्चों का खेल रिद्धिमा यादव-एकल नृत्य, हेतल एवं दिशा यादव-संयुक्त नृत्य, श्रेया यादव-चित्रकारी एवं गद्य पाठ (अंग्रेजी में) कार्यक्रम का सफल संचालन महिला अध्यक्ष श्रीमती एकता यादव व श्रीमती योगिता यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष गिरीन्द्र नाथ यद, कोषाध्यक्ष मंशाराम यादव व द्वारा किया गया। सहसचिव रिन्कू यादवं, देव प्रकाश यादव, श्रीमती चंद्रकांता यादव, श्रीमती भारती यादव, श्रीमती अंजनी यादव, अनुज राम यादव, रिंकू यादव सहित समाज के अन्य लोग उपस्थित थे।

CMYK

## आज स्कूल सफाई कर्मचारियों की बैठक

**पलारी** 16 सितंबर। पलारी ब्लाक के समस्त स्कूल सफाई कर्मचारियों की आवश्यक बैठक 17 सितंबर को 11 बजे गायत्री मंदिर परिसर पलारी में रखा गया है। ज्ञात हो कि यह बैठक सैहा के गतिविधियां, हड़ताल संबंधी, बढ़े हुए मानदेय के आदेश जारी कराने के व संघ के आवश्यक विचार विमर्श हेतु रखा गया है।

# घोटिया में तीज मिलन समारोह का आयोजन

**डौण्डी/दल्लीराजहरा,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश की केबिनेट मंत्री व क्षेत्रिय विधायक अनिला भेड़िया के द्वारा विधानसभा क्षेत्र के डौंडी ब्लॉक के ग्राम घोटिया में तीज मिलन समारोह का आयोजन किया गया।जिसमे सबसे पहले मंत्री ने छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की एवं समस्त महिलाओ के द्वारा मंत्री भेड़िया एवं समस्त अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया गया। अनिला भेंडिया ने ग्राम पंचायत घोटिया मे आयोजित तीज मिलन समारोह कार्यक्रम मे समस्त महिलाओं को संबोधित करते हुए कहीं की महादेव की कृपा से आप सभी का सुहाग हमेशा बने रहे और हम सभी हर वर्ष इसी तरह आपस मे बहुंत ही हर्षोल्लास के साथ पोरा तीजा का त्यौहार मनाते रहें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री भेड़िया ने कहा कि ग्राम घोटिया सहित आसपास गांव के लोग घोटिया मे महाविद्यालय खोले जाने की मांग पिछले एक लंबे अरसे से करते आ रहे है। परंतु भाजपा सरकार ने 15 वर्षों मे उनकी इस समस्या के निराकरण पर ध्यान नहीं दिया एक वर्ष पहले प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के ग्राम घोटिया आगमन पर उन्होंने ग्रामीणों की इस समस्या को देखते हुए, यहां महाविद्यालय खोले जाने की घोषणा की गई थी और इस सत्र से यहां महाविद्यालय प्रारंभ भी हो गया। और अब गांव के बच्चे अपने घर मे ही रह कर उच्च शिक्षा हासिल कर सकेंगे वहीं उन्होंने कहा कि कांग्रेस के ही शासन काल मे घोटिया से दल्ली एवं ग्राम घोटिया से डौंडी, घोटिया से बालोद मार्ग का निर्माण कार्य संभव हो पाया है। पहले इस मार्ग की जर्जर स्थिति के चलते ग्रामीणों को आवागमन मे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। अब बहुत ही कम समय मे सुगमता के साथ पहुंच जाते है। उन्होने यह भी कहा की आज कमरतोड़ महंगाई की सबसे ज्यादा मार गरीब तबका झेल रहा है।मोदी जी इधर उधर की बाते कर के जनता का ध्यान महंगाई से हटाना चाहते है उन्होने



- कमरतोड़ महंगाई का खामियाजा मोदी नितियों के चलते भुगत रहा गरीब तबका : मंत्री भेड़िया
- मंत्री प्रदेश व डौण्डीलोहारा में ग्रामिणों से फिर कांग्रेस की सरकार बनाने मांगा आशीर्वाद

कहा मोदी सरकार की नितियों के चलते कमरतोड़ महंगाई का सबसे अधिक खामियाजा गरीब तबके के लोगों को भुगताना पड़ रहा है। खाने पीने की चीजों के दाम आसमान छू रहे है। और देश अब जान गया है कि उनकी तकलीफो का एकमात्र कारण भाजपा है। आने वाले प्रदेश व केन्द्र के चुनावों में जनता भाजपा को सबक सिखाकर इन नितियों व महालूट का बदला जरूर लेगी। अंत में मंत्री भेड़िया ने अपने उदबोधन मे ग्रामीणों से आग्रह किया कि जिस तरह आप सभी के आर्शीवाद से पिछले चुनाव मे भारी मतों से कांग्रेस पार्टी को जीत दिलाई। ठीक उसी तरह आने वाले चुनाव मे एक बार फिर आप सभी का आर्शीवाद मिले और प्रदेश मे फिर से कांग्रेस के भूपेश बघेल की सरकार बने मंत्री प्रतिनिधि पीयूष सोनी ने अपने उदबोधन मे कहा कि यह हम सभी के लिए बहुंत ही गर्व की बात है कि हमारे क्षेत्र की विधायक को प्रदेश मे केबिनेट मंत्री का दायित्व मुख्यमंत्री द्वारा सौंपा गया। और इन पांच वर्षों मे मंत्री ने निरंतर अपने विधानसभा क्षेत्र के हर एक गांव मे आप सभी के बीच विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण, भूमिपूजन व जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान पहुंचती रही और आप लोगों की समस्याओं का निराकरण भी किये। तीज मिलन कार्यक्रम के दौरान ग्राम घोटिया के खेल मैदान मे महिलाओं के लिए कब्बडी, रस्सी खींच, कुर्सी दौड सहित अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित हुई, सभी विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डौंडी के अध्यक्ष कोमेश कोर्राम, जिला पंचायत सदस्य करिश्मा सलामे,जनपद पंचायत अध्यक्ष बसंती दुग्गा उपाध्यक्ष पुनीत राम सेन, घोटिया की सरपंच ममता मंडावी, महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष संगीता नायर, प्रदेश महिला कांग्रेस की सचिव रुखसाना बैगम, पिछडा वर्ग आयोग के सदस्य काशीराम निषाद, कैलाश राजपूत, अतीक कुरेशी,कोमलेंद्र चंद्राकर , हेमवती कुलदीप ,सहित हजारों की संख्या मे ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहे।

# बारगांव, आनंदगांव व तेलगा शक्तिकेन्द्र से 600 लोग परिवर्तन यात्रा का करेंगे स्वागत



**बेमेतरा,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन यात्रा 19 सितंबर को बेमेतरा जिला में प्रवेश कर रही है। बारगांव, आनंदगांव व तेलगा शक्तिकेन्द्र से 600 लोग परिवर्तन यात्रा का भव्य स्वागत करेंगे।

भाजपा जिला महामंत्री व परिवर्तन यात्रा के जिला प्रभारी नरेंद्र वर्मा ने बारगांव, आनंदगांव व तेलगा शक्तिकेन्द्र की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि 16 पिकअप, 6 छोटा हाथी व 8 बोलेरो स्कॉर्पियो से 600 लोग परिवर्तन यात्रा का भव्य स्वागत करेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनेगी। भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेकेंगे। संगठन के साथ प्रत्येक कार्यकर्ताओं को इस यात्रा का भव्य स्वागत करना चाहिए और इस दिशा में आम जन समूह को एकत्र भी किया जाना चाहिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सहयोग करने की अपील की। यात्रा की सफलता के लिए उपस्थित पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई। ऐसे में विधानसभा की ओर से कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं जनता द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा। यह यात्रा प्रदेश सरकार के कुशासन, भ्रष्टाचार, अत्याचार और कानून व्यवस्था की खराब स्थिति के साथ प्रदेश की भ्रष्ट और निकम्मी सरकार को उखाड़ने की अंतिम कील साबित होगी। यह यात्रा प्रदेश में भाजपा की सरकार को सत्ता सीन करने की दिशा में कारगर साबित होगी। इस अवसर पर भिंभौरी मंडल अध्यक्ष यशवंत वर्मा, महामंत्री पोषण वर्मा, त्रिलोचन वर्मा, सरपंच राजू क्षत्रिय, जनपद सदस्य धनेश यदु, देवेंद्र वर्मा, लकी देवांगन, विष्णु साहू, धनंजय साहू, ओमकार निषाद, फत्ते वर्मा, नरहर निर्मलकर सहित शक्ति केंद्र के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पानी की तेज बहाव में युवक बाइक सहित बहा



**गंडई पंडरिया,** 16 सितंबर। लगातार हो रही बारिश से जन जीवन प्रभावित है, नदी नाले उफान पर है, ऐसे ही एक घटना ग्राम पंचायत बूढ़ा सागर अंतर्गत क़ी है, जहां ग्राम पंचायत दुल्लापुर आश्रित ग्राम सेतवा, निवासी युवक जो बाइक से गंडई से सेतवा जा रहा था, इस दौरान गुलरिया झूरी नाला को पार करने के दौरान वह बाइक सहित नाला में पानी के तेज बहाव में बह गया। जानकारी के मुताबिक बाद में वह तैरता हुआ वापस सुरक्षित बाहर निकल गया. किन्तु अपनी मोटरसाइकिल को पानी के तेज बहाव में बचाने से असमर्थ रहा ज्ञात होगी पिछले दो दिनों से लगातार बारिश होने के कारण नदी नाले तूफान पर है। बारिश के दौरान छोटे -छोटे नालों के उपर अक्सर बारिश का पानी आ जाता है, इसलिए लोगों को आने- जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है. आज सुबह प्रात: 9.00 बजे ग्राम पंचायत बूढ़ा सागर अंतर्गत सुरही जलाशय में मिलने वाला गुलरिया झूरी, नाला को पार करने के दौरान पानी के तेज बहाव में गंडई से ग्राम सेतवा जा रहा युवक मोटरसाइकिल सहित पानी के तेज बहाव मे बह गया। बाद में वह सुरक्षित तैर कर बाहर आ गया. ग्रामीणों ने नाले के ऊपर पुल बनाने की मांग कई बार की है पर अभी तक इस ओर जन् प्रतिनिधियों, प्रशासन का ध्यान नहीं गया है, लिहाजा अक्सर ऐसी घटनाएं बारिश के दौरान बरसात के दिनों में हो जाती है।

# परिवर्तन यात्रा का नगर में हुआ भव्य स्वागत

**दल्लीराजहरा,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। भाजपा की परिवर्तन यात्रा दल्लीराजहरा आगमन पर मंडल अध्यक्ष राकेश द्विवेदी के नेतृत्व में भाजपा के समस्त प्रकोष्ठ महिला मोर्चा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं सहित आम नागरिकों के द्वारा भारी बारिश में परिवर्तन यात्रा के नेताओं का स्वागत किया गया। झरण मंदिर से मोटरसाइकिल रैली के रूप में परिवर्तन यात्रा गुप्ता चौक पहुंची। जहां पर आयोजित सभा में लोगों को संबोधित करते हुए फगन सिंह कुलस्ते ने कहा की भूपेश सरकार व इनके मंत्री कहते है की केंद्रीय विद्यालय दल्लीराजहरा में ही खुलेगा जिसकी प्रक्रिया पुरी कर केन्द्र सरकार को भेज दिये है फिर इनके विधायक आपस में क्यों लड़ते है और जनता को क्यों गुमराह.करते है की केन्द्रीय विद्यालय बालोद गुण्डरदेही दल्लीराजहरा में खुलेगा उन्होने कहा की जल्द ही केन्द्रीय विद्यालय दल्ली राजहरा में ही खुलेगा साथ ही डीएमएफ फंड में जो बंदर बांट व भ्रष्टाचार कांग्रेस शासन द्वारा किया गया उसकी जांच भी कराई जाएगी।उन्होने यह भी कहा की कांग्रेस के उप मुख्यमंत्री स्वयं प्रधानमंत्री मोदी के साथ मंच साजा कर कहते है केन्द्र सरकार छत्तीसगढ़ को भरपूर आर्थिक मदद कर रही है। कोई भेदभाव नही करती उसके लिए प्रदेश के उप मुख्यमंत्री मोदी जी को धन्यवाद देते है उसे आप सब ने भी टीवी व समाचार पत्र व सोशल



**मुख्यमंत्री 12 लाख गरीबों के घरों के कागजातों को दिल्ली पहुंचने ही नहीं दिया : केंद्रीय मंत्री**

मिडिया में देखा है। वही दूसरी और सीएम भूपेश बघेल 12 लाख गरीबों के घरों के कागजातों को दिल्ली पहु चने नही दे रहा है। कांग्रेस की भूपेश सरकार समस्त क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ को बहुत पीछे पहुचा दिया है। कांग्रेस जिस तरह से घोटाले की राजनीति करती है उसमें सिर्फ उनके नेताओं की तिजोरी भरती है। केन्द्रीय मंत्री ने कॉंग्रेस के भ्रष्ट सरकार को बदलने का आह्वान किया। व भाजपा प्रत्याशी देवलाल ठाकुर को भारी मतों से विजयी बनाने का आग्रह जनता से किया है। साथ ही यह भी कहा की पीएम मोदी ने गरीब कल्याण की जो योजनाएं चलाई है उसका लाभ आप तक हम पहुंचाएगे आपका आशीर्वाद हमें दिजिये। इस दौरान पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डे, कांकेर लोकसभा सांसद मोहन मंडावी, भाटापारा विधायक शिवरत्न शर्मा, युवा भाजपा नेता कमलचंद्र भंजदेव, पूर्व विधायक अंतागढ़ भोजराज नाग, जिला अध्यक्ष कृष्णकांत पवार, देवेंद्र जायसवाल, राजेश ताम्रकार, जयेश ठाकुर,सुदेश सिंह, शीतल नायक मंडल अध्यक्ष राकेश द्विवेदी महामंत्री महेंद्र सिंह उपाध्यक्ष रमेश गुर्जर युवा मोर्चा अध्यक्ष संजीव सिंह पार्षद बॉबी छतवाल भाजपा युवा नेता श्याम जायसवाल महिला मोर्चा अध्यक्ष गीता मरकाम महेन्द्र पिपरे कार्यक्रम प्रभारी सुमित जैन मनन गुप्ता कासिम कुरैशी सौरभ लूनिया सहित अन्य व नगरिक गण उपस्थित रहे।

# हैल्मेट पहन कर मोटर साइकिल से सफर करने वाले को गुलदस्ते से किया सम्मान



**गंडई पंडरिया,** 16 सितंबर। केसीजी जिले के थाना गंडई पुलिस ने अनोखी पहल किया है। हैल्मेट पहन कर मोटर साइकिल पर सफर करने वाले यात्रियों को गुलदस्ता देकर सम्ममान किया गया है। ज्ञात हो कि आए दिन सड़क हादसे से हुई मौत की खबर अखबारों में पढ़ने को मिलता है। हादसों में हुए मौत का मुख्य कारण मोटर साइकिल चालक और सवार दोनों का हैल्मेट न पहनना होता है। मोटर साइकिल चालक और सवार दोनों को हैल्मेट पनाह कर यात्रा करने और सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से थाना प्रभारी गंडई निरीक्षक शिव शंकर गेंदले द्वारा यातायात जागरूकता अभियान के तहत् शनिवार 16 सितंबर को हैल्मेट पहनकर मोटर सायकल चलाने वालो को गुलदस्ता भेट कर स्वागत किया गया। जिससे बिना हैल्मेट के मोटर सायकल चलाने वाले अन्य लोग भी हेलमेट पहनकर मोटर सायकल चलाने के प्रति जागरूक हो जाए। जिससे दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

# चार पहिया वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत



**गुरुर,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। बालोद धमतरी मुख्य मार्ग में तेज रफ्तार चारपहिया वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल में सवार एक ग्रामीण की दर्दनाक मौत हो गई। यह घटना 13 सितंबर को शाम लगभग 6 बजे नेशनल हाईवे 930 में ग्राम कोलिहामार में शीतला मंदिर के पास की है। यहां ग्राम कनेरी निवासी सूर्यकांत सिन्हा ने मामला दर्ज कराया है कि घटना के समय वह ग्राम पुरुर स्थित विवेक एग्रोटेक प्लांट में काम कर रहा था, तभी उन्हें फोन द्वारा सूचना मिला कि उनके पिता चंद्रकांत सिन्हा सड़क हादसे का शिकार हो गए हैं। घटना की सूचना पर जब वह मौके पर पहुंचा, तो पुरुर से गुरुर की ओर आ रही वाहन डिजायर क्रमांक सीजी 04 एलव्ही 3957 के चालक ने अपने वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्व वाहन चलाते हुए एक्सीडेंट कर दिया था। घटना मे उनके पिता को गंभीर चोट लगने की वजह से संजीवनी 108 वाहन के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरुर में लाया गया, जहां सिर में गंभीर चोट लगने की वजह से डॉक्टर ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। इस घटना में मोटरसाइकिल को भी नुकसान पहुंचा है। घटना की शिकायत पर पुलिस ने चार पहिया वाहन के चालक के खिलाफ धारा 279 एवं 304 ए के तहत मामला दर्ज किया है।

# प्रदेश का विकास कार्य ठप, पौने 5 साल में छग हुआ बदहाल : अरुण साव

**बालोद,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव 2023 के पूर्व 2 बड़ी परिवर्तन यात्रा निकाल चुकी है। पहली यात्रा दंतेवाड़ा से 12 सितंबर को शुरू हुई वहीं दूसरी यात्रा 15 सितंबर को जशपुर के खुड़ियारानी से निकली। बालोद में शनिवार को [illegible]प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव व केंद्रीय मंत्री पंचायत कपिल मोरेश्वर ने प्रेस को संबोधित किया।गंगा मैया के मंदिर में छत्तीसगढ़ की जनता की खुशहाली और तरक्की के लिए अरुण साव ने कहा कि भाजपा ने प्रदेश में दो परिवर्तन यात्रा प्रारंभ की है। पहली यात्रा दंतेवाड़ के बाद दूसरी यात्रा जशपुर के खुड़ियारानी मां के आशीर्वाद से ऐतिहासिक रूप से शुरु हुई। आज पहली परिवर्तन यात्रा बालोद पहुँची है। पांच दिनों में परिवर्तन यात्रा को अपार जन समर्थन मिला है। जनसभा में लोगों की भीड़ दिख रही है। जनता का आशीर्वाद, लोगों का प्यार मिल रहा है।

परिवर्तन यात्रा का स्वागत जगह जगह भव्य रूप से हो रहा। साव ने कहा चारों तरफ उत्साह का वातावरण है। अरुण साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में विकास के लिए भाजपा आवश्यक है। परिवर्तन यात्रा के माध्यम से जनता के बीच हम जा रहे हैं। यात्रा के माध्यम से प्रदेश में परिवर्तन के माहौल को समझ रहे हैं। जनता के आशीर्वाद से हम आगे बढ़ रहे हैं। छत्तीसगढ़ की जनता विकास देखना चाहती है। प्रदेश की खुशहाली और तरक्की के लिए परिवर्तन यात्रा आवश्यक है। अरुण साव ने कहा कि कांग्रेस ने 2018 के जन-घोषणा में बड़े-बड़े वादे किए थे लेकिन सरकार बनने के बाद एक भी वादा पूरा नहीं किया। छत्तीसगढ़ को लूटने का काम किया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ को भ्रष्टाचार का गढ़ बना दिया है।घोटाले ही घोटाले इस सरकार में हुए हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय तक ही नहीं नीचे स्तर तक भ्रष्टाचार, लूट खसोट मची है। इससे आम जनता परेशान है। विकास के सारे काम पौने पांच साल से ठप है। विकास का पैमाना स्कूल बिजली पानी है लेकिन पौने पांच साल में इस सरकार ने एक भी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, विद्यालय नहीं खोल पाई। छत्तीसगढ़ में परिवर्तन यात्रा लगातार चल रही है सब देख रहे पूरे प्रदेश में सड़के बदहाल है। इस सरकार मे सभी जगह सड़कों की बदहाली, सड़कों के गड्ढे पाट नहीं पा रही है। पौने पांच साल में कोई काम हुआ है तो केवल छत्तीसगढ़ को लूटने का काम हुआ है। गरीबों को प्रधानमंत्री आवास नहीं मिला है। इस सरकार ने जल जीवन मिशन की दुर्दशा कर दी है। जो कभी इन्होंने 70 साल में कल्पना नहीं की थी कि जनता को शुद्ध जल मिले। ऐसे विकास के कार्यों को छत्तीसगढ़ में रोकने का कार्य इस कांग्रेस सरकार ने किया है। इस योजना में सरकार रुकावट डाल रही है। साव ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार से युवा बेहद परेशान है। पीएससी घोटाला कर युवाओं के सपने के तोड़ने का काम किया है। पीएससी में पदों को बेचने का काम किया गया। इतना ही नही व्यापम का भी इस भ्रष्ट कांग्रेस सरकार ने बुरा हाल कर दिया। साव ने आरोप लगाया है कि किसान के साथ कांग्रेस सरकार ने अन्याय किया है। किसानों को परेशान करने के लिए पहले रकबे काट दिए गए, फिर किसानों को बारदाने के लिए तरसाया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में रोड़े अटकाए गए। मिलावटी वर्मी कम्पोस्ट खरीदने के लिए मजबूर किया गया। आज छत्तीसगढ़ में किसान आत्महत्या को मजबूर हो रहा है। यह सब दुर्दशा कांग्रेस सरकार के नीतियों और जन विरोधी कार्यों का परिणाम है। उन्होंने आगे कहा कि ये कांग्रेसी नेता सरकारी मंच में कुछ और पब्लिक के बीच में कुछ और बोलते हैं। [illegible] के मामले में उपमुख्यमंत्री सिंहदेव ने कहा कि केंद्र से पूरा सहयोग मिल रहा है। फिर लोगों के बीच आरोप क्यों लगाते हैं कि केंद्र सरकार ने [illegible] का पैसा रोक दिया है। सीएम बघेल ने भी [illegible]मोदी के पिछले कार्यक्रम में कहा था कि पीएम मोदी से जितना पैसा मांगों सब मिलता है और जनता के बीच बाद में भ्रम फैलाते हैं, ये झूठी सरकार है, केंद्र सरकार के योजनाओं का ठीक से लाभ प्रदेश की जनता को नहीं मिल रहा है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से यात्रा प्रभारी शिवरतन शर्मा, सांसद मोहन मांडवी ,प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव ,पूर्व मंत्री केदार कश्यप, पूर्व विधायक भोजराज नाग, जिला अध्यक्ष कृष्णकांत पवार ,पवन साहू, यशवंत जैन, राकेश यादव ,पवन साहू, छगन देशमुख, राजा दिवान, राकेश छोटू यादव, त्रिलोकी साहू, शाहिद खान ,साहू, सुरेश निर्मलकर, सुरेन्द्र देशमुख,,कौशल साहू, कमलेश सोनी, प्रतिभा चौधरी, यादराम साहू, शरद ठाकुर, नरेश साहू, लोकेश श्रीवास्तव, राजीव शर्मा, तोमन साहू, खेमलाल देवांगन, गिजेश गुप्ता, अमित चोपड़ा, दुर्गानंद साहू ,कमल पनपालिया, नरेंद्र सोनवानी ,चित्र सेन साहू, विरेन्द्र साहू,संजय सानु, पंकज आहूजा, रौनक कत्याल ,पर्थ साहू दीपा साहू, लीला शर्मा, हितेश्वरी कौशिक, राजेंद्र संध्या साहू सहित अन्य पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कबीरधाम पुलिस ने कार में रखे 6 लाख 20 हजार जप्त किए

**कवर्धा।** कबीरधाम पुलिस को मिली बडी सफलता, तंबाकू व्यापारी गुजरात का रहने वाले से 6 लाख ?20000 नगद राशि जप्त की गई है। गाडी नम्बर - [illegible]0818 गुजरात से राजस्थान से मध्य प्रदेश से बिलासपुर छत्तीसगढ़ यह रकम लायी जा रही थी। 4 आरोपियो से जिला पुलिस पुछताछ कर रही है। इन आरोपियो मे पटेल प्रहलाद भाई पिला भिरखाभाई उम्र 47 साल गांव फुदेडा थाना विजापुर (गुजरात) जिला मेहशाणा

2 पटेल कमलेश भाई पिता भिवा भाई उम्र 47 साल गांव कुदेडा थाना विजापुर (गुजरात) जिला मेहशाणा

## निधन

### प्रेमशंकर साहू



**पलारी,** 16 सितंबर। ग्राम भवानीपुर के प्रेमशंकर साहू उम्र 65 वर्ष प्रतिष्ठित नागरिक एवं पूर्व उप-सरपंच ग्राम पंचायत भवानीपुर का आज आकस्मिक निधन हो गया। वे ओंकार साहू के भैया व देवनारायण, तामेश्वर व धन्नू साहू के पिता थे। उनके दाह संस्कार कार्यक्रम में परिवार ग्राम के कीर्तन मंडली के साथ ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### मंगल राम सलूजा



**सरायपाली,** 16 सितंबर। स्थानीय जय स्तंभ चौक निवासी मंगल राम सलूजा (80) का आकस्मिक निधन शनिवार 16 सितंबर को रायपुर के एक निजी अस्पताल में हो गया। अंतिम संस्कार आज 17 सितंबर रविवार सुबह 9 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा। स्व. मंगतराम पंकज मोबाइल के भूपेश पंकज के पिता व गौरव के दादा थे।

## प्रादेशिकी का शेष...

### योजनाओं का लाभ ...

चेक वितरित किया गया। इस मौके पर मंत्री ताम्रध्वज साहू ने नियोजकों- भिलाई इंजीनियरिंग एंड फ्रेब्रीकेशन, भिलाई इंजीनियरिंग कार्पोरेशन लिमि., जे.डी.फूड्स प्रोडक्शन प्रा.लि., सिम्पलेक्स लिमि., रायपुर पावर एण्ड स्टील लिमि., निशेस इसपात प्रा.लि., जय श्री बाला जी इंडस्ट्रीज, टापबर्थ स्टीलस एंड पावर प्रा.लि., एनटीपीसी सेल पावर कम्पनी प्रा.लि., छ.ग. डिस्लरी लिमि., सोना वेबरेज, जे.के.लक्ष्मी सीमेंट, एसीसी सीमेंट, बीईसी फूड्स, बीएसपी भिलाई स्टील प्लांट, कैरो स्क्रेप, वोशलो बीके, राईस मिमल, श्री सीता राईस मिल, श्री सीता पल्सेस(दाल मिल), कृष्णा पब्लिक स्कूल भिलाई, पीडिया हेल्थ प्रा.लि., दत्ता इंटरप्राईजेस, खालसा इंजीनियरिंग, सिक्योरिटी सर्विस, साई राम मोर्टस को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा साहू, महापौर रिसाली शशि सिन्हा, पूर्व विधायक प्रतिभा चंद्राकर, जनपद पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र देशमुख, उपाध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल केशव बंटी हरमुख, सदस्य श्रम कल्याण मंडल झुमुक लाल साहू एवं भारी संख्या में श्रमिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### चांदी तस्कर ...

प्रकाश व उसके साथियों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में पुलिस को प्रकार सिंह ने बताया कि वह पश्चिम बंगाल से चांदी के आभूषण लाता है और यहां लोकल मार्केट में ज्वेलर्स को सप्लाई करता है। पश्चिम बंगाल में रहने वाले सुब्बू उसे चांदी के आभूषण भेजता था। बंगाल से आए आभूषणों को वह किराए के मकान में रखता और यहां के ज्वेलर्स को सप्लाई करता था। बरामद चांदी के संदर्भ में प्रकाश सिंह के पास किसी भी प्रकार के जीएसटी दस्तावेज नहीं थे। प्रकास ने पुलिस को बताया कि वह नगदी में व्यापार करता है और इससे संबंधित कोई बिलिंग भी नहीं करता। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि भारी मात्रा में जीएसटी व इनकम टैक्स की चोरी भी की गई है। पुलिस ने फिलहाल पूरे चांदी के जेवर जब्त कर लिए हैं और जीएसटी और इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को इसकी सूचना दी गई है। बताया जा रहा है कि दुर्ग भिलाई व आसपास जिनको इन लोगों ने चांदी के जेवर बेचे हैं वे भी कार्रवाई के दायरे में आएंगे।

# भेजामैदानी में भोजली विसर्जन यात्रा में शामिल हुए ग्रामीण



**गुरुर,** 16 सितंबर। गुरुर ब्लाक के ग्राम भेजामैदानी मे पोला पर्व पर भोजली विसर्जन यात्रा निकाली गई। गाजे बाजे के साथ बच्चे व महिलायें भोजली देवी को टोकरी मे सिर पर रखकर गांव की गलियों से होते हुए तालाब मे ले जाकर पूजा पाठ कर गांव मे सुख समृद्धि व अच्छी फसल की कामना कर विसर्जित की गई।

जानकारी के मुताबिक पंद्रह दिन पहले राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों ने भोजली की बोनी की गई थी, भोजली छत्तीसगढ़ की परंपरा को याद दिलाती है। विसर्जन यात्रा मे ग्रामीण सहित राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यो का सहयोग रहा।

**भोजली बड़ी तो फसल भी अच्छी**

पहले के लोग कहते थे कि जितनी बड़ी भोजली रहेगी, उतना ही अच्छा फसल होगा, भोजली की टोकरी सिर पर लेकर लाईन लगाकर गीत गाते हुए गांव का चक्कर लगा कर तालाब या नदी के किनारे भोजली देवी का विसर्जन किया जाता है। विसर्जन करते वक्त भोजली में से कुछ बाली लेकर अपने भाई के कानो में लगा देते है जिससे भाई-बहन के रिश्तो में मित्रता भी बनी रहती है, कहा जाता है की भोजली से जो दोस्ती बनती वह कभी नहीं टूटती है साथ ही त्यौहार के दिन भोजली देवी से विनती करते हैं कि जो भी हमारी फसल की बुवाई हुई है वह फसल अच्छी हो, भोजली देवी से बारिश होने की कामना करते हैं तो बारिश भी होती है और अच्छा फसल उगता है।

# मुख्य मार्ग में बने पुल के उपर में हुआ गड्ढा, दुर्घटना की संभावना

**गुरुर,** 16 सितंबर। विकासखंड में मुख्य मार्ग में बनाए गए पुल के ऊपर खतरनाक गड्ढा हो जाने के कारण यंहा अनहोनी की आशंका बढ़ गई है। लगातार शिकायत के बाद भी जिम्मेदार अब तक बेखबर हैं। मामला है प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत भरदा से छेड़िया पहुंच मार्ग का। यंहा पर सिंचाई विभाग के द्वारा पुल निर्माण किया गया है, वह जर्जर हो चुका है। नहर नाली में वर्तमान में पानी छोड़ा गया है लेकिन लोड गाड़ी चलने के कारण पुल पर दरार आने व धंसने लगा है, जिससे कभी भी हादसा होने का डर बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि लोड गाड़ी चलने के कारण पुल धंसने लगा है। इसी मार्ग से पेंवरों, घोघोपुरी, रमतरा, भरदा, तारी, धनोरा, कपरमेटा के बच्चे पुल पार कर पढ़ाई करने छेड़िया हाईस्कूल जाते हैं, ऐसे में यहां पुल को नया बनाने की आवश्यकता है ताकि अनहोनी से बचा जा सके। ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग मे ग्राम भरदा, छेड़िया, धोबनपुरी, बगदई, सोंहपुर, अर्जुनी, सोरर, चिरचारी सहित अन्य गाँव के ग्रामीण भी इसी पुल से गुजर कर ब्लॉक मुख्यालय गुरुर पहुँचते है, इसके अलावा यहां प्रतिदिन हाइवा ट्रक जैसे भारी वाहन गुजरने के कारण धीरे-धीरे यह स्थान अब धँस रहा है, पल के ऊपर मुख्य मार्ग में इस तरह गड्ढा हो जाने के कारण अनजान व्यक्ति अनियंत्रित होकर गिरने भी लगे हैं, ऐसे में यहां मरम्मत की दरकार है।



# मंत्री अकबर ने पिपरिया व सहसपुर लोहारा जनपद क्षेत्रों के विकास के लिए करोड़ो का किया भूमिपजन

## ■ जनाकांक्षाओं के अनुरूप सब मिलजुल कर कबीरधाम जिले के विकास को आगे बढाएँगेः अकबर

**कवर्धा,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सरकार के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण, विधि विधायी तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर शुक्रवार को कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के एक दिवसीय प्रवास के दौरान सहसपुर लोहारा जनपद पंचायत और पिपरिया नगर पंचायत व आसपास के क्षेत्रों के ग्राम पंचायतों के समुचित विकास के लिए करोड़ो रुपए के विभिन्न विकास कार्यो का विधिवत भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भुपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार पर जनता ने भरोसा जताया है। भुपेश सरकाए ने अपने वादों से ज्यादा अपना वादा निभाया है। उन्होंने कहा आने वाले दिनों में जनाकांक्षाओं के अनुरूप सब मिलजुल कर कबीरधाम जिले के विकास को आगे बढाएँगे।

उन्होंने ने अपने निर्वाचन क्षेत्र जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा क्षेत्र के समुचित विकास के लिए 1 करोड़ 59 लाख 2 हजार 500 रूपए की लागत से 25 ग्राम पंचायतों के लिए विभिन्न निर्माण कार्यो की बड़ी सौगात दी। मंत्री श्री अकबर ने इसके साथ ही मुख्यमंत्री सड़क निर्माण योजना अंतर्गत दरसाटोला से रंजीतपुर पहुँचमार्ग के सड़क नवीनीकरण लागत 1 करोड़ 42 लाख 34 हजार रुपए का कार्य का भी भूमिपूजन किया।

मंत्री श्री अकबर ने सहसपुर लोहारा के जनपद पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बामी और ग्राम पंचायत सोनझरी के




लिए नवीन प्राथमिक शाला भवन निर्माण 11 लाख 48 हजार रुपए तथा 11 लाख 48 हजार रुपए के कार्य का विधिवत लोकार्पण किया। उन्होंने 10 लाख रूपए की लागत से ग्राम बचेड़ी में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, 02 लाख रूपए की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण, 01 लाख रूपए की लागत से सांस्कृतिक मंच निर्माण, 05-05 लाख रूपए की लागत से ग्राम भिभौंरी में 03 सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, 10 लाख रूपए की लागत से ग्राम आमगांव में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, 11 लाख 48 हजार रूपए की लागत से ग्राम कोयलारी में नवीन प्राथमिक शाला भवन निर्माण कार्य, ग्राम सिंघनपुरी जंगल में 13 लाख रूपए की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण (लोधी समाज के पास), 06 लाख 50 हजार रूपए की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण (कबीर कुटी के पास), ग्राम पिपरटोला छोटे और पेण्ड्रीतराई में रंगमंच निर्माण कार्य, 6 लाख 50 रुपए 6.50 लाख रूपए की लागत से सुरजपुरा जं., ग्राम बानों, बाम्हन टोला, बाम्हन टोला (पटेल समाज के पास) में सामुदायिक भवन निर्माण कुल 13 लाख रुपए, 5 लाख 20 हजार रूपए की लागत से ग्राम बानों में सीसी रोड़ कार्य, 05 लाख रूपए की लागत से ग्रा विचारपुर में सांस्कृतिक मंच निर्माण, 4.977 लाख एवं 4.977 लाख रूपए की लागत से नवांगांव, चंदैनी, रेलई, बांधटोला, छोटूपारा में सार्वजनिक सामुदायिक भवन निर्माण, सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया।

कैबिनेट मंत्री एवं कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर ने मुख्यमंत्री भुपेश बघेल के घोषणा अनुरूप पिपरिया नगर पंचायत के समुचित विकास के लिए करोड़ो रुपए की लागत से स्वीकृत विभिन्न विकासमूलक कार्यों का भूमिपजन किया। भूमिपजन कार्यों में नगर विकास में अधोसंरचना मद वर्ष 2023-24 मुख्यमंत्री श्री बघेल की घोषणा अनुरूप राशि 2 करोड़ 75 लाख 66 रुपए तथा राज्य प्रवर्तित योजना के तहत राशि 72 लाख 58 लाख रुपए, इसके अतिरिक्त पिपरिया नगर से सटे क्षेत्रो में, मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत 02 कार्यो के लिए 308.48 लाख रुपए लोक निर्माण विभाग अंतर्गत 02 कार्यों के लिए 627.29 लाख एवं नवीन तहसील कार्यालय निर्माण 71.12 लाख रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन कार्य सम्पन्न किया गया। साथ ही 12 नवीन राशन कार्ड वितरण का कार्य किया गया।

# हरिनाला में लापरवाही पूर्वक पानी से भरे पूल को पार कराने पर जय भोरमदेव बस जब्त

## चालक का ड्राइविंग लाइसेंस तत्काल प्रभाव से 3 माह के लिए निलंबित

**कवर्धा,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देश पर जय भोरमदेव ट्रेवल्स बस पर बड़ी कार्यवाही की गई है। जिले में कल भारी बारिश के दौरान कवर्धा पंडरिया मार्ग पर हरिनाला में पानी पूल के ऊपर से बहने और रास्ता नहीं दिखने के बाद भी जय भोरमदेव सर्विस के बस चालक द्वारा लापरवाही पूर्वक चलाते हुए यात्री बस को पूल से पार किया गया। कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे ने इसकी जानकारी मिलने पर तत्काल संज्ञान में लिया। कलेक्टर के निर्देश पर जिला परिवहन अधिकारी मोहन साहू ने मोटरयान अधिनियम के तहत परमिट शर्तो का उलंघन करने पर बस को जप्त कर कवर्धा थाना परिसर में सुरक्षित खड़ा किया गया, वही बस चालक का ड्राइविंग लाइसेंस को आगामी तीन माह के लिए निलंबित किया गया है।



जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया में वाहन चालक द्वारा यात्रियों की जान जोखिम में रखते हुए लापरवाही पूर्वक पानी से भरे पूल को पार घोर लापरवाही की श्रेणी में आता है। लापरवाही की वजह से जय भोरमदेव बस के वाहन चालक के ड्राइविंग लाइसेंस को तत्काल प्रभाव से 3 माह के लिए निलंबित किया तथा बस को जप्त कर पुलिस थाना में कलेक्टर ने मौसम को ध्यान में रखते हुए सभी बस संचालकों को आवश्यक निर्देश देने कहा गया। जिले के सभी बस संचालकों को निर्देशित किया गया है कि अधिक बारिश होने पर पूल के ऊपर बहते पानी में बस को पार नहीं कराए। ऐसी स्थिति में सभी बसें वस्तुस्थिति को ध्यान में रखते हुए नदी-नाला सामान्य स्थिति होने पर ही अपने वाहनों को पूल के पार कराए, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। उक्त निर्देशों का पालन नहीं करने या किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने पर संबंधित वाहन के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत् कार्यवाही की जाएगी व साथ ही चालक लायसेंस के निलम्बन की कार्यवाही की जाएगी।

# छत्तीसगढ़ में खुशहाली लाने परिवर्तन यात्राः अरूण साव

**बालोद,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। परिवर्तन यात्रा को जन समर्थन मिल रहा है। वह अकल्पनीय है और जनता में उत्साह का माहौल है। राज्य में परिवर्तन की हवा बह रही व तीव्र हुई अब प्रदेश में परिवर्तन होगा। वर्तमान सरकार 2018 में चुनाव के समय जो वायदा किया था उसे कितना पूरा किया है वह रिपोर्ट कार्ड में कुछ नही है। छग घोटालों का प्रदेश बन गया है। कोयला, चांवल, शराब, गौठान, एवं डीएमएफफंड में खुलकर घोटाला हुआ है। जो उपर से होकर नीचें तक हुआ है। जिससे आम जनता परेशान है। छग भ्रष्टाचार, अपराध व माफियाओं का गढ बन गया है। उक्त बांते स्थानीय महादेव भवन में भाजपा के परिवर्तन यात्रा के दौरान प्रेस वार्ता में सांसद अरूण साव ने कहा। श्री साव ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए आगे कहा कि पौने पांच साल में वर्तमान कांग्रेस की सरकार छग में एक भी प्राथमिक शाला व स्वास्थ्य केन्द्र नही खोल पाया है। राज्य में चारों ओर सडक की दशा खराब है। सरकार विकास के कार्य को पूरा ठप करके रखा है। गरीबों के साथ भेदभाव कर रही है। राज्य में आज 16 लाख परिवार बेघर है। केन्द्र सरकार की जल जीवन मिशन अधूरा पड़ा हुआ है। प्रदेश के नौजवान युवा साथी आक्रोशित हैं। पीएससी में घोटाला किया और युवाओं के सपनों को तोडने का प्रयास किया है। किसान के साथ छल किया और प्रधानमंत्री सम्मान निधि में रोडा अटका रही है। नकली अमानक खाद बीज बेच रही है। केन्द्र सरकार द्वारा छग राज्य को हर प्रकार के सहयोग करने के बावजूद वर्तमान कांग्रेस सरकार अपनी गलती का ठीकरा केन्द्र सरकार पर मढते आ रही है। प्रधानमंत्री जब जब छग आए हैं तब तब छग को पूरी राशि देकर गए हैं। बालोद जिले में अवैध प्लाटिंग के साथ डीएमएफकी राशि को बंदर बाट किए जाने में कोई कसर नही छोडी है। डीएमएफके पैसे को बिना किसी मापदंड के बांटा जा रहा है। विधायक को विकास के कार्यों में कोई रूचि नही है। सरकार द्वारा असमाजिक तत्वों को पूरा संरक्षण दिया जा रहा है। भाजपा द्वारा यह परिवर्तन यात्रा छग को बचाने, अपराध मुक्त करने, छग में खुशहाली लाने का परिवर्तन यात्रा है।



इसी प्रकार केन्द्रिय मंत्री कपिल पाटिल ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में छग का विकास हुआ है। मोदी के अथक प्रयास से गरीब कल्याण की योजना चलाई गई है। मोदी के नौ साल के कार्यकाल में साढे तीन करोड मकान देने का कार्य हुआ है। शौचालय बनाने का कार्य हुआ है। साढे नौ करोड गैस कनेक्शन बांटे गए। आयुष्मान योजना के तहत गरीब परिवारों को पांच लाख रू का ईलाज का प्रावधान मोदी जी की योजना है। नौ लाख जन औषधी केन्द्र खोले गए। कोरोना काल में दो सौ करोड की वैक्सिन डोज की व्यवस्था पीएम ने ही करवाया है। 53 हजार 8 सौ किमी नेशनल हाइवे रोड, वंदे भारत ट्रेन में हेल्थ की सुविधा एवं विकास के माध्यम से काश्मिर को जोडने का प्रयास मोदी जी की नेतृत्व में किया गया है। प्रेस वार्ता के दौरान सांसद अरूण साव, केन्द्रिय मंत्री कपिल पाटिल, पूर्व सांसद मधूसूदन यादव, पूर्व मंत्री केदार कश्यप, सासंद मोहन मंडावी, संहित जिले के भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी बडी संख्या में उपथित रहे।

# अंचल के विभिन्न नदी नालों में बाढ आपदा के दौरान पुलिस विभाग और जिला प्रशासन के अमले के द्वारा किया जा रहा राहत व बचाव कार्य



**बेमेतरा,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) के द्वारा पुलिस विभाग के अधिकारियों को जिला प्रशासन एवम अन्य विभागों से आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करने एवं बाढ आपदा के दौरान राहत व बचाव कार्य में लोगो को हर संभव मदद पहुचाने हेतु निर्देश दिये गये है। जिसके तहत आज दिनांक 16.09.2023 को जिला प्रशासन और पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आपसी समन्वय स्थापित कर बाढ आपदा के दौरान राहत व बचाव कार्य में लोगो को हर संभव मदद पहुचाने का कार्य किया जा रहा हैं। बेमेतरा पुलिस के द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का लगातार पेट्रोलिंग किया जा रहा है और ऐसे मार्ग जो बाढ़ की वजह से अवरुद्ध हैं वहां लोक निर्माण विभाग के सहयोग से बेरीकेट लगाकर एवम पुलिस बल लगाकर लोगों को रोका जा रहा है। बेमेतरा पुलिस की जिले वासियों से अपील नदी-नालों, पुराने पुल-पुलिया आदि को पार करते समय सावधानी रखें साथ ही आपदा की जानकारी समाधान हेल्पलाइन नंबर 9479257558 में इसकी सूचना दें।

पुलिस विभाग एवम जिला प्रशासन संयुक्त रूप से आपसी समन्वय स्थापित कर बाढ आपदा के दौरान राहत व बचाव कार्य में लोगो को हर संभव मदद पहुचाने का कार्य किया जा रहा हैं। बेमेतरा पुलिस की जिले वासियों से अपील नदी-नालों, पुराने पुल-पुलिया आदि को पार करते समय सावधानियां रखें, साथ ही आपदा की जानकारी समाधान हेल्पलाइन नंबर 9479257558 में इसकी सूचना दें।

# साल्हेवारा में बांध के फुटने से घरों में घुसा पानी

**खैरागढ़ /गंडई/पंडरिया,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। केसीजी जिले के साल्हेवारा वनांचल में लगातार हो रही बारिश के कारण शुक्रवार की सुबह अचानक साल्हेवारा बांध में अचानक दरार आ गई, इससे पहले कि राहत व बचाव कार्य सुदूर वनांचल तक पहुंच पाता दोपहर 1 बजे के आसपास बांध फूट गया। बांध फूटने की खबर मिलते ही कलेक्टर, एसपी सहित जिला प्रशासन तत्काल साल्हेवारा के लिए दल-बल सहित रवाना हो गए वहीं विधायक सहित जिले के जनप्रतिनिधि भी प्रभावितों की मदद के लिए पहुच गए। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम साल्हेवारा में 56 वर्ष पूर्व बनाये गये बांध के नीचले हिस्से में दरार आने के साथ ही गड्ढा हो गया था। जल स्तर बढ़ने से बांध का पानी पोचिंग के ऊपर आ गया और दोपहर होते तक बांध पुरी तरह फूट गया। हालांकि ग्रामीणों ने जेसीबी आदि वाहनों से बांध को टूटने से बचाने की मशक्कत जरूर की थी लेकिन सफलता नहीं मिल पायी बांध फूटने के बाद पानी तेज गति से साल्हेवारा के झोरी पारा इलाके की ओर बढ़ गया और बांध के तरह क्षतिग्रस्त होकर जमींदोज हो गये वहीं 20 मकानों में बुरी तरह दरारें आ गई है। जिनके टूटने का खतरा बरकरार है वहीं 60 से अधिक घरों में बांध का पानी घुस गया है।



टूटे हुये बांध के पानी से एक गाय की मौत की खबर भी मिल रही है। बताया जा रहा है कि अचानक बांध फूटने के बाद पानी के तेज बहाव की चपेट में आने से गाय की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि बांध का पानी आसपास के खेतों में भी घुस गया जिससे धान की खड़ी फसल में नुकसान का खतरा बना हुआ है। बांध के आसपास इलाके की जगह में आने वाले सैकड़ों एकड़ खेत में धान की तैयार होती फसल है। जहां बाढ़ का अवांछित पानी आ गया है। इस बीच किसान खेतों में जाकर फसल बचाने की कवायद में लगे हुये हैं। घटना के बाद प्रशासन ने ग्रामीणों को तत्काल सुरक्षित स्थानों में लेकर गये हैं।

कलेक्टर गोपाल वर्मा व एसपी अंकिता शर्मा सप्रशासन साल्हेवारा पहुंचे हैं, दूसरी ओर विधायक यशोदा वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी बाढ़ का जायजा लेने व प्रभावितों की मदद के लिये साल्हेवारा गांव पहुचे थे। बांध के पानी से सैकड़ों एकड़ फसल को भारी नुकसान हुआ है। प्रशासन व्यवस्था बनाने में जुटा हुआ है। बताया जा रहा है कि साल्हेवारा में राहत व बचाव कार्य गांव के मंगल भवन में 100 से अधिक प्रभावित ग्रामीणों को ठहराया गया है। और महिला-पुरुष को अलग-अलग ठहराया गया है। वहीं पंचायत भवन में 200 से अधिक प्रभावितों के लिये भोजन की व्यवस्था की गई है।

बांध के क्षतिग्रस्त होने के बाद जिला प्रशासन ने प्रभावितों की मदद के लिये पहुंच गया है। और प्रभावितों की मदद के लिये हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं।

*प्रभावितों को तत्काल मुआवजा देने का आदेश जारी किया गया है और इस बात की भी हिदायत दी गई है कि किसी भी प्रभावित को क्षति से कम मुआवजा न मिले प्रशासनिक अमले को सुबह 6 बजे से क्षति का आंकलन करने निर्देशित किया गया है। मैं स्वयं वहां उपस्थित रहूंगा*

**गोपाल वर्मा**
**कलेक्टर खैरागढ़ -छुईखदान- गंडई**

# बेरला में मतदाता जागरूकता हेतु पोस्टर प्रतियोगिता

**बेमेतरा,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन.2023 के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पदुम सिंह एल्मा के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप नोडल अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती लीना कमलेश मंडावी के मार्गदर्शन में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के विभिन्न स्थानों में मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।



इसी कड़ी बेरला महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता हेतु पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए किया गया। विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर टिकेश्वरी साह बीएससी अंतिम वर्ष, दूसरा स्थान लीला भारती बीएससी प्रथम और तृतीय स्थान पर गामिनी वर्मा बीकाम प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया। सभी विद्यार्थियों ने शत-प्रतिशत मतदान की शपथ भी ली।

# मेरा लक्ष्य व क्षेत्रवासियों का विकासः शशीप्रभा



**बेमेतरा,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। क्षेत्र में अपनों के बीच जाना.. सभी से उनके सुझाव और समस्याएं सुनना.. जीवन का हिस्सा है क्योंकि मेरा सिर्फ एक ही लक्ष्य है क्षेत्र और क्षेत्र वासियों का विकास.. नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रनबोड, बोटेबोड , बेलटूकरी सहित विभिन्न ग्रामों के किसान भाईयों से मिलकर आशीर्वाद लिया.. सम्माननीय ग्रामवासियों को माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देकर आगामी विधानसभा चुनाव में पुनः कांग्रेस को वोट देने का निवेदन जिला पंचायत सदस्य शशिप्रभा गायकवाड़ ने की है।

# छत्तीसगढ़ के निर्माण और प्रगति में साहू समाज का महत्वपूर्ण योगदानः छाबड़ा

**बेमेतरा,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बिरोदा में अयोजित लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह में मुख्यअतिथि मान.आशीष छाबड़ा जी विधायक बेमेतरा हुए शामिल..

सर्वप्रथम भक्त माता की तैलचीत्र में तैलचित्र में दीप प्रज्जवलित कर,कर्मा सामुदायिक भवन निर्माण 05 लाख, सी.सी. रोड़,नाली निर्माण एवं पचरी निर्माण कार्य 13 लाख रुपए का फीता काट लोकार्पण सहित शिव मंदिर परिसर में सी.सी.रोड निर्माण 05 लाख रुपए का नारियल तोड़ भूमिपूजन किए

इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने भक्त माता कर्मा,दानवीर भामाशाह साह जयकारे लगाते हुए कहा कि आज बढ़ा हर्ष का विषय है बिरोदा में बहुत सुंदर साहू समाज का सामुदायिक भवन सहित विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह का भव्य आयोजन रखा गया है,प्रदेश के यशश्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में सामाजिक समरसता के साथ नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने की दिशा में प्रदेश सरकार काम रह रही है,साहू समाज सदैव मेहनतकश और उद्यमी रहा है,साथ ही दान के मामले मे अग्रणी रहता है। इस समाज का छत्तीसगढ़ के निर्माण और प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान रहा है,जो सपना हमारे पुरखों ने देखा था आज पूरा होता नजर आ रहा है,आज हमारे स्वाभिमान और आत्म गौरव की झलक सभी के चेहरों में दिखाई दे रही है,आज समाज का जो वर्तमान स्वरूप दिख रहा है, इसके निर्माण में हमारे बड़े पुरखों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है, इसलिए हमारे पुरखों को सदैव स्मरण करना चाहिए,पूर्व में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के सपथ ग्रहण समारोह में आना हुआ था,समाज के द्वारा भवन की बनाने का मांग रखा गया था,तत्काल विधायक निधि से भवन हेतु 05 लाख रूपए की राशि स्वीकृत किया था बढ़िया भवन बनकर



तैयार है जिसका हम सभी ने मिलकर आज लोकार्पण किए है,साथ ही वर्षो पुरानी बहुप्रक्षित मांग तितुरघाट में उच्चस्तरीय पुल निर्माण की जब भी कार्यक्रम में आप सभी के बीच आना होता था उसमे पुल निर्माण कार्य की मांग होता था,और आप सभी को बताते हुए प्रसन्नता हो रही है शिवनाथ नदी तितुराघाट में उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य बजट में शामिल हो चुका है,बहुत जल्द इसकी प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान हो जायेगा जिससे पुल निर्माण होने से इसका सीधा लाभ क्षेत्रवासियो को मिलेगा,छत्तीसगढ़ पहला राज्य हैं, जिसने इतनी वृहद रूप में सभी समाज के लिए भवन और जमीन के लिए सहयोग देने की शुरुआत की है,हमारी सरकार ने अपने गांव किसानों और शिल्पियों को आर्थिक रूप से समृद्ध किया है,और साथ ही परंपरागत व्यवसायों को जीवित और मजबूत करने का काम किया है,प्रदेश में कांग्रेस की सरकार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार बनने के बाद धान का कटोरा भरने लगा है,मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश में धान खरीदी का दायरा बढ़ाते हुए प्रति एकड़ 15 क्विंटल से बढ़ाकर 20 क्विंटल प्रति एकड़ किया गया है, साथ ही इस वर्ष समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की राशि प्रति क्विंटल 2500 रूपए से बढ़ाकर 2800 रूपए की गई है,प्रदेश सरकार की किसान हितैषी योजनाओं से किसानों की संख्या एवं रकबा बढ़ा है, किसान हितैषी योजनाओं से किसानों में नये उत्साह का संचार हुआ है,खेतों से दूर हो रहे किसान खेतों की ओर लौटे हैं और खेती का रकबा भी बढ़ा है, इस अवसर पर सरस्वती रात्रे अध्यक्ष जनपद पंचायत धमधा, रामेश्वर देवांगन अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी, सूर्यप्रकाश शर्मा विधायक प्रतिनिधि,जितेंद्र साहू सदस्य जनपद, धनराज बंजारे सभापति, तुम्मन साहू विधायक प्रतिनिधि, शालिनी अरुण नोरके सरपंच, उदय साहू उप सरपंच,जागेश्वर साहू,ऋषि साहू,जीवन लाल साहू,किसून लाल साहू,ओनी महिलांग,अशोक पटेल, अजय ठाकुर,दुर्गाराम साहू,रोहित साहू,गोकुल चौबे, युगलकिशोर राय, बंटी राजपुत,अर्जुन साहू, रामायण साहू,टीकम साहू, अधारी राम साहू,सुरेश साहू,गुनाराम साहू,हरिराम साहू, दिनाराम साहू, लक्ष्मीनारायण,तुलसीराम, पुनुऊराम साहू,तिजुराम साहू,जगमोहन साहू, सहीत बडी संख्या में ग्रामवासी रहे उपस्थित

# कांग्रेस को ये जान लेना चाहिए जो जनता गद्दी देना जानती है वो गद्दी छीनना भी जानती है : अरुण साव

- चारो तरफ अंधेरा है पहरेदार लुटेरा है : डा.रमन
- लोगो ने 15 साल मीठा खाने के बाद 5 साल मिर्ची का स्वाद चखा है: प्रमोद सावंत



**राजनांदगांव,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन यात्रा आज फरहद चौक से प्रारंभ होकर कृषि उपज मंडी में आमसभा में परिवर्तित हो गई।

मंडी के विशाल प्रांगण में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि परिवर्तन यात्रा के 5 दिनों में ही परिवर्तन का तूफान चलने लगा है, 5 वर्ष में भूपेश सरकार ने केवल लूट की सरकार चलाई है, भ्रष्टाचार की सरकार ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। भूपेश बघेल को यह जान लेना चाहिए जो जनता गदी देना जानती है, वह गद्दी से उतारना भी जानती है। छत्तीसगढ़ के हक का पैसा अब बाहर नहीं भेजा जाएगा,छत्तीसगढ़ के लोगों को उनका हक मिले इसके लिए भाजपा सरकार को लाना होगा। अरुण साव ने कहा कि इस सरकार ने झूठे वायदे करके जनता का गाड़ी कमाई का पैसा कांग्रेस के आकाओं को भेजा है।

मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सर्वप्रथम स्वागत प्रतिवेदन प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव ने दिया।

गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने अपने भाषण की शुरुआत जय जोहार कहकर की । सावंत ने कहा कि आज अटल जी को याद कर रहा हूं, जिन्होंने एक सोच के साथ छत्तीसगढ़ का निर्माण किया। युवाओं के हाथ में काम हो, महिलाएं सुरक्षित हो,प्रदेश का विकास हो।

15 साल प्रदेश तेज गति से विकास कर रहा था,लेकिन अब विकास रुक गया है। लोगों ने 15 साल मीठा खाने के बाद मिर्ची का स्वाद चखा है। मैं कांग्रेस सरकार से कहना चाहता हूं कि वह अपना रिकॉर्ड कार्ड पेश करें। कांग्रेस सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। भाजपा की डबल इंजन सरकार फिर से लानी है। बघेल सरकार में कानून व्यवस्था ठप है ।महिलाओं के साथ रोज दुष्कर्म हो रहे हैं, छत्तीसगढ़ में जिस प्रकार से घोटाले हो रहे हैं वह मैंने कभी सुने नहीं थे। इसी निकम्मी सरकार को विदा करना है और विकास की सरकार को फिर से लाना है। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने कहा जिस लक्ष्य को लेकर परिवर्तन यात्रा निकल रही है कार्यकर्ताओं की मेहनत से वो लक्ष्य पूरा होगा।

उन्होंने कहा भूपेश बघेल की पहचान अब एक लबरा मुख्यमंत्री के रूप में हो गई है। उन्होंने कहा चारो तरफ अंधेरा है पहरेदार लुटेरा है। जितने भवन हमने बनाए है उसकी पोताई तक कांग्रेस सरकार नहीं करवा पा रही है। हर गांव में करोड़ों रु के विकास कार्य हुए रोड कनेक्टिविटी का काम हुआ ,भूपेश बघेल जी एक भी काम अगर उन्होंने राजनांदगांव में किया है तो बताए। भ्रष्ट और निक्कमी कांग्रेस सरकार को बदलने का समय आ गया है।

# कांग्रेस के रेल रोको आंदोलन को प्रधानमंत्री ने किया सार्थक प्रमाणित: कांग्रेस

- छत्तीसगढ़ महतारी को ना पहचान सके ना सम्मान दे सकी भाजपा : रूपेश दुबे



**राजनांदगांव,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने कांग्रेस के 13 तारीख के रेल रोको आंदोलन को प्रधानमंत्री ने रायगढ़ की सभा से प्रमाणित किया वही छत्तीसगढ़ महतारी के फोटो को साजिश पूर्वक पैरो वाले स्थान पर भाजपाई अपने नौटंकी रूपी परिवर्तन यात्रा की बस में लगा कर अपमानित किया जिसका मजबूत विरोध कांग्रेस संचार विभाग प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला जी ने किया विरोध से भयभीत भाजपा ने महतारी के फोटो को हटा कर कांग्रेस के विरोध को सार्थक प्रमाणित किया है।

प्रदेश प्रवक्ता रूपेश दुबे ने कहा कि जन सुविधा को दरकिनार कर कोयला परिवहन के लिए अपने पूंजीपति मित्रों की आर्थिक सुविधा को ध्यान रखते हुए 6400 करोड़ की 4 परियोजना की चालू किए है जिससे छत्तीसगढ़ की जनता का अपमान हुआ है क्योंकि छ ग की जनता की सुविधा के लिए चलने वाली ट्रेनों को जिस प्रकार से कोल परिवहन के लिए रद्द किया जा रहा है जिसके चलते प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज जी के आह्वान पर 13 तारीख को रेल रोको आंदोलन सफल हुआ था कांग्रेस की रेल रोको आंदोलन की सार्थकता को रायगढ़ की सभा से ने कोल परिवहन की योजना चालू कर प्रमाणित कर दिया क्योंकि कांग्रेस का सीधे तौर पर आरोप है की कोल व्यवसायी को लाभ देने यात्री ट्रेन निरस्त किया जा रहा है प्रधानमंत्री जी जिन स्वास्थ्य योजनाओं की बात किए हैं उन योजनाओं का लाभ छत्तीसगढ़ की जनता को भूपेश बघेल जी की नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार लगभग डेढ़ वर्षो से प्रदान कर रही है ।

छत्तीसगढ़ में भाजपा 15 वर्ष सत्ता के मद में चूर रही उन्होंने ना तो छत्तीसगढ़ की संस्कृति को और ना ही छत्तीसगढ़ महतारी के वैभव को पहचान सके थे भूपेश बघेल जी ने छत्तीसगढ़ महतारी को मान्यता देकर शासकीय विभागों में इस चित्र को लगाने का आदेश जारी किया है उसके बाद भाजपा अपनी डूबती राजनैतिक नैया को बचाने का असफल प्रयास के लिए छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र का उपयोग प्रारंभ किया और अपने परिवर्तन यात्रा रूपी नौटंकी वाले बस में जहां सीढ़ी पूर्व से लगी हुई थी उसके बाद भी एक नई सीढ़ी बनाकर महतारी के चित्र को साजिश पूर्वक लगाकर भाजपा नेता उसी सीढ़ी के माध्यम से बस पर सवार होते हैं जिससे छत्तीसगढ़ महतारी को भाजपा नेताओं के जूते और पैर लगकर महतारी का अपमान इनके द्वारा किया जा रहा था अपने राजनीतिक स्वार्थ को पूरा करने के लिए महतारी के फोटो का उपयोग अपमानित ढंग से करने का काम बीजेपी कर रही है इसे छत्तीसगढ़ की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी।

कांग्रेस संचार प्रमुख के विरोध के बाद भाजपा भयभीत होकर चित्र को हटाने विवश हुई। कांग्रेस के रेल रोको आंदोलन व महतारी के अपमान का कांग्रेस के सार्थक विरोध को प्रधानमंत्री एवं भाजपा ने प्रमाणित किया है

# चर्चित भाजपा नेता गाँधी के रिश्तेदार तरुण की भी होगी गिरफ्तारी

- हैदलकोड़ो क्रेशर मे पुलिस का छापा 12 जुआड़ी पकड़े गए !
- लम्बे समय से चल रहा था जुआ पुलिस अंजान थी ऐसा भी नहीं क्या मिल रहा था खाकी वर्दी का संरक्षण



**छुरिया,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। छुरिया से लगभग 11 कि. मि.दूर पर हैदलकोड़ो मे सड़क के किनारे है । सूत्रों से मिली जानकारी है की डोगरगाँव के पिन्टू गाँधी उर्फ तरूण गांधी नामक व्यक्ति का क्रेशर प्लाट है जहाँ लम्बे समय से प्रति दिन रात मे जुआड़ियों का जमवाड़ा होता रहता था,जहाँ लाखो का जुआ चलने की खबर थी ।आसपास से गुजरने वाले ग्रामीण इस गतिविधि से अंजान नहीं थे पर उक्त व्यक्ति भाजपा के एक प्रभावशाली नेता दिनेश गांधी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व प्रदीप गांधी पूर्व सांसद के परिवार का बताया जा रहा है, उनके आतंक व रौब के चलते अबतक क्षेत्र के ग्रामीण मुह बंद रखे हुए थे पर कृत्यों सेअनजान नहीं थे ।ग्रामीणो के मुताबिक बगैर *गैन्दाटोला क्षेत्र मे सत्ता दल व विपक्ष के कुछ सफेदपोश लोगों द्वारा अवैध कार्य शराब जुआ को पुलिस के मिलीभगत से अंजाम दे रहे है* जानकारी है. यहाँ बेखौफ तरीकें से लम्बे समय से जुआ चल रहा था खबर है ,इस क्रेशर मशीन के आफिस पर भाजपा और काग्रेंस दोनो दलो के नेता व्यपारी रात मे मंहगी कारो मे जुआ खेलने आते थे। आज जब चुनाव करिब आ रहा है तब उच्चअधिकारियों अचानक एक्शन मुड मे आकर ऐसे अवैध कार्य पर कार्यवाही कर खानापूर्ति कर अपने को पाकसाफ बताने के कोशिश मे लगे हुए है , गैन्दाटोला पुलिस देर से जागी है, पर जिला मुख्यालय से जिस तरह कार्यवाही को लेकर नियंत्रण रखा गया था उसमे गेंदाटोला पुलिस काफी दबाव मे नजर आई पर जैसे तैसे छापे के कार्यवाही को अंजाम दिया खबर है लगभग 11 जुआड़ीयो से 4- लाख 500 रूपये

**पुलिस सूत्रो से इन पर जुआ एक्ट मे कार्यवाही**- गैन्दाटोला जुआ के मामले पर पुलिस ने सौरभ सिंह पिता बुद्धेश्वर सिंह ठाकुर चिखली राजनांदगांव, कुबेर पिता विरेन्द्र बहादुर राजनांदगांव, प्रतीक कुमार ठाकुर पिता पवन कुमार ठाकुर डोंगरगांव, अमिताभ जैन पिता संतोष जैन डोंगरगांव, प्रमोद अग्रवाल पिता झिंगरलाल अग्रवाल डोंगरगांव, नरेश सोनकर पिता मदन सोनकर बगदई डोंगरगांव, सौरभ सिंह पिता शैलेन्द्र सिंह राजपूत बगदई डोंगरगांव, मुकेश कुमार जैन पिता अमरचंद जैन डोंगरगांव, राजू खान पिता रमजान खान डोंगरगांव, योगेश कुमार जैन पिता प्रकाशचंदन जैन डोंगरगांव व जागेश्वर साहू पिता हनुमान साहू डोंगरगांव को पकड़कर कार्रवाई की। सभी के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है । जबकि सूत्रों के मुताबिक वहाँ लगभग 20 से 25 लाख का जुआ चल रहा था वहीं अन्य जुआड़ियों का आरोप है मौके से दो बड़े नेताओं को भगाने मे कुछ पुलिस वालो ने मदद भी किया है ,ऐसी चर्चा से क्या पुलिस की छवि बेहतर ऐसा मे बेहतर होगा नही लगता है। कार्यवाही से हाथ पैर पुलिस के फुल रहे है और वही पुलिस हजार पांच हजार के जुए पर वहवाही लूटती नजर आती है क्यों की सामान्य और प्रभावशाली लोगों पर कार्यवाही मे भी नजरिया और नजराने का खेल होता है।

जुआ की कम रकम को लेकर पुलिस पर संदेह के बादल घने ! क्रेशर में लंबे समय से चल रहा जुआ निश्चित रूप से किसी सफेदपोश के संरक्षण में ही बैखौफ चल रहा था लग्जरी गाड़ियों में जुआ खिलाड़ियों का आना और छः कारो की बरामदगी इस बात का सूचक है की जो रकम बरामद की बातें पुलिस बता रही है वह पचने योग्य नहीं इसके पीछे के कारण को लेकर जो लोगों में चर्चा है वह यह की एक दर्जन लोग अगर जुआ खेलने भी अगर जाते हैं तो संपन्न लोग जुआ फील्ड की शर्तों के हिसाब से ही तैयारी में मौके पर पहुंचेंगे सूत्र बताते हैं की डेढ़ लाख रुपया के लगभग की राशि को शो करना होता था और तत्पश्चात खिलाड़ियों को खेलने की अनुमति मिलती थी और बकायदा प्रत्येक खिलाड़ी अपने नाल की राशि भी पहले ही जमा कर देता था जुआ के स्थल पर बाकायदा हारने वालों को ब्याज में राशि मुहैया कराए जाने की जानकारी भी आ रही है। यह अलग बात है कि पुलिस के द्वारा जुआ के मामले की कार्रवाई होती है तो आरोप प्रत्यारोप के दौर शुरू हो जाते हैं और यह बात पुलिस भली बेहतर जानती है अधिकतर स्थानों पर पुलिस पूरी वीडियो शूटिंग भी करती है रह गई बात तो जिस प्रेशर प्लांट में लंबे समय से जुआ संचालित किया जा रहा था इस बात की तस्दीक वीडियो फुटेज के क्रास चेकिंग से सामने आ जाएगा जिसकी जांच पुलिस के आला अधिकारियों को करनी चाहिए ताकि खासकर पुलिस को ऐसे मामले जिसमें उंगलियां उठती हो उसकी पारदर्शी पहलुओं को भी सामने लाना चाहिए।

# जिले के सभी विभागों के इंजीनियरों ने मिलकर मनाया अभियंता दिवस



**राजनांदगांव,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। शासन के सभी विभागों के अभियंताओं ने मिलकर पदम श्री गोविंद राम निर्मलकर ऑडिटोरियम हाल गौरव पथ में अभियंता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर भारत रत्न श्री मोक्षगुणम विश्वेस्वरैय्या के तैल चित्र पर माल्यापर्ण कर पूजा अर्चना किये। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले इंजीनियरों को सम्मानित भी किया गया।

कार्यक्रम के मुख्यातिथि ए के चौहान लोक निर्माण विभाग ईई ने कहा कि अभियंता दिवस प्रतिवर्ष 15 सितम्बर को भारतरत्न प्राप्त मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के जन्मदिवस के अवसर पर मनाया जाता हैं, मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया ने आधुनिक भारत की रचना की और भारत को नया रूप दिया। कार्यक्रम के अध्यक्षता जी डी रामटेके ईई जल संसाधन विभाग ने कहा कि अभियंता दिवस के द्वारा दुनिया के समस्त अभियंताओं को सम्मान दिया जाता हैं और महान इंजीनियरों को याद किया जाता है, जिन्होंने देश के विकास में अपना अभूतपूर्व योगदान दिया हैं। मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया को आधुनिक भारत के विश्वकर्मा के रूप में बड़े सम्मान के साथ स्मरण किया जाता हैं, इन्हें एक अच्छे इंजीनियर के तौर पर सफलतम कार्य करने हेतु 1955 में भारतरत्न से सम्मानित किया गया था।

**अभियंता दिवस पर स्वैच्छिक रक्तदान व फल वितरण**

अभियंता दिवस के उपलब्ध में जिले के अभियंता साथियों द्वारा वृध्दाश्रम में जाकर कंबल एवं फल वितरण किया गया। तत्पश्चात इंजीनियर साथियों द्वारा बिलासा रक्तदान केन्द्र जाकर 2.5 युनिट रक्तदान किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से एसडीओ श्री हर्षद साहू, उप अभियंता श्री राजशेखर मेश्राम, श्री संजय उईके, श्री कतलाम, श्री सागर शेंडे, श्री आर. के. गजलिये, श्री हमीर चंद साहू, एवं अन्य साथियों के द्वारा रक्तदान किया गया। उसके पश्चात नुकबाधिर संस्था में जाकर मुकबधिर बच्चों को पाठन सामाग्री एवं फल वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विशिष्ट अतिथि रूप में समीर शर्मा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, अल्ताफ आलम मोगरा बैराज, आर आर खरे प्रधानमंत्री सड़क योजना क्रमांक दो, यूके रामटेक नगर पालिक निगम सहित जिले भर के इंजीनियर उपस्थित थे। उक्त आशय की जानकारी अभियंता संघ के जिला अध्यक्ष श्री राज्यशेखर मेश्राम जी द्वारा दी गई।

# परिवर्तन यात्रा को सफल बनाने पूर्व विधायक भारती ने ली महिला समूह की बैठक

**डोंगरगढ़,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। क्षेत्र में परिवर्तन यात्रा को सफल बनाने लगातार बैठको का दौर जारी है। इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए पूर्व विधायक रामजी भारती लगातार महिला समूह की बैठक ले रहे है आज उन्होंने डोंगरगढ़ शहर में वार्ड नम्बर 24 ,18, 12, 6, 7 और 9 नंबर में बैठक कर महिलाओ को कार्यक्रम को सफल बनाने का आहवान किया और राज्य सरकार की नाकामी को बताया और वार्ड की महिलाओं ने भी परिवर्तन यात्रा में आने को उत्साहित है महिला समूह की बहनों ने शहर में अवैध शराब बिक्री, पट्टा ,प्रधानमंत्री आवास को लेकर राज्य सरकार पर जम कर भड़ास निकाला और उन्होंने कहा की कांग्रेस सरकार ने चुनावी घोषणा में पेंशन की राशि बढाने की बात कही थी और महिला समूह का कर्जा माफ की बात कही थी पर आज पर्यंत इन घोषणा पर अमल नहीं हुआ इन सभी नाकामी को लेकर चुनाव में कांग्रेस को सबक सिखाने की बात कही और महिला समूह की एक बहन ने रामजी भारती जी को सुझाव दिया की मध्यप्रदेश के तर्ज पर छत्तीसगढ़ में लाड़ली बहना योजना लागू करने को घोषणा पत्र में जोड़ने को कहा जिस पर भारती ने घोषणा पत्र समिति के प्रदेश सयोजक श्री विजय बघेल और सदस्य श्री मधुसूदन यादव से महिला बहनों की बात करवाई और महिलाओ ने मोदी जी की उज्ज्वला योजना की तारीफ करआगामी दिनों में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने की बात कही आज इस बैठक में मंडल अध्यक्ष अमित जैन ,सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश सयोजक शशिकांत द्विवेदी, महेंद्र भाई पटेल,महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती सविता दरगढ़ ,अचला ठाकुर ,कमलेश उजवने ,श्याम तिवारी,सुलभा सिंग,गीता दुबे, उमरवती शाह,शशि काले,इंदु यादव,तारा गोरले,संगीता यादव,संतोषी यादव,पार्वती सोलवांश,ममता बहेकर,नमिता चौबे,संगीता राजपूत और हेमलता तिवारी सहित महिलाएं उपस्थित रही।



# शा. कन्या उ .माध्यमिक शाला में हिन्दी दिवस समारोह संपन्न

**डोंगरगढ़,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। शा. कन्या उ. माध्यमिक शाला में दिनांक 14 सितम्बर को विकास स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह व दिनांक 15 सितम्बर को द्वितीय पाली में शाला के सभागार में हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में सर्वप्रथम शाला के प्राचार्य लालजी द्विवेदी एवं अतिथियों द्वारा मा सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर शाला की पूर्व मा0 विभाग एवं उच्चतर मा0 विभाग की छात्राओं द्वारा हिन्दी विषय की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती कालिन्दी तिवारी प्राचार्य शा उ मा शाला बेलगांव द्वारा छात्राओं से आग्रह किया गया कि ने शाला में खड़ी बोली में आपस में बातचीत करें। इसी प्रकाश विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित श्रीमती किरण मिश्रा, प्राचार्य शा हाईस्कूल सेन्दरी ने हिंदी की महता पर विस्तार से प्रकाश अला। विशिष्ट अतिथि घनश्याम पान्डेय सेवा विस्तृत समाज केन्द्रीय विद्यालय ने गोपालदास नीराज की कविता च्ज्लाओ दिए पर रहे ध्यान इतना च का सहवर पाठकर छात्राओं का उत्साह वर्धन किया। श्री राम प्रवेश शुक्ल, बीमा अभिकर्ता द्वारा हिन्दी साहित्य पर प्रकाश अला गया। सुरेश वैष्णव एवं बोधन भारद्वाज, व्याख्याता द्वय सरस्वती शिशु मंदिर डोंगरगढ़ द्वारा पहेलियों के माध्यम से हिन्दी की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का संचालक आरती मिश्रा एवं अंशुल श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में शाला के व्याख्याता गण राजेश कनोजे श्रीमती उजवने, मारिया, वंदना मेढे, श्रीमती सोरी, श्रीमती मेड़ियां, श्रीमती मडापे, अनवर दास साहू, एम. प्रशा, धनेश्वरी साहू, श्याम राज धुर्वे , टाकेश्वर वर्मा, गंगा राम साहू एवं छात्राएं उपस्थित रही ।अन्त में आभार प्रदर्शन प्राचार्य लालजी द्विवेदी द्वारा किया गया। राजकुमार नंदेश्वर पीटीआई द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने सहयोग किया गया।



# विधायक बघेल गांव गांव पहुँच नये मतदाताओं का करेंगे सम्मान



**डोंगरगढ़,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं अध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण भुनेश्वर बघेल आज 17 सितंबर वह कल 18 सितंबर को क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों का दौरा कर नए मतदाताओं का सम्मान करेंगे । ज्ञात हो कि विधायक श्री बघेल को दोबारा जिताबो डोगरगढ़ के थीम के साथ ब्लॉक कांग्रेस डोगरगढ़ ग्रामीण के पदाधिकारी महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस राजीव गांधी युवा क्लब, जोन, सेक्टर बूथ के कार्यकर्ताओं के साथ 17 सितंबर को संडीडिह, देवकट्टा, कन्हरगांव पहुंचेंगे और 18 सितंबर को ग्राम डोढकी, छिपा एवं शिवपुरी पहुंचेंगे जहां नए मतदाताओं का सम्मान , बूथ कमेटी के पदाधिकारी के साथ बैठक ,बाजार सभा, संविधान रक्षक बनाने तथा कन्हरगांव में विश्वकर्मा जयंती पर विश्वकर्मा पूजा कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए सभी डोंगरगढ़ ग्रामीण के कांग्रेस पदाधिकारी की उपस्थिति की अपील की है ।

# आज मनाई जाएगी गुरु बालकदास की जयंती

**खैरागढ़,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय खैरागढ़ में 17 सितंबर रविवार को गुरु बालकदास की जन्म जयंती धूम धाम से मनाई जाएगी। गुरु बालकदास समिति के द्वारा नगर के विश्राम गृह में बैठक आयोजित किया गया था। बैठक में कार्यक्रम से संबंधित पोस्टर का विमोचन भी किया गया साथ ही कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार की गई है। समिति के अध्यक्ष उमेश कोठले ने जानकारी दी है कि कार्यक्रम नगर के आबेडकर चौक से डीजे, झाकी, पंथी व अखाड़ा के साथ नगर भ्रमण करते हुए दाऊचौरा स्थित मिनीमाता भवन में रैली का समापन किया जाएगा उक्त रैली में केसीजी जिले के सतनामी समाज के लोग सैकड़ो की संख्या में उपस्थित होगे। बैठक मे समिति के संरक्षक शत्रुहन घृतलहरे, कमलेश कोठले, जेठू मारकंडे, संदीप सिरमौर, राजमहंत राशिद लाल बंजारे, डॉली टंडन, केवल चंदेल, गणेश मारकंडे, पप्पू पात्रे, आर्यन बेरवंशी, हेमेश जांगड़े, दिनू प्रकाश भारती, गोल्डी घृतलहरे सहित अन्य सामाजिक गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



# रश्मि देवी कॉलेज के छात्रों ने स्वच्छता अभियान के तहत की साफ सफाई

**खैरागढ़,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर के रानी रश्मि देवी सिंह शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय प्रांगण की साफ सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके अलावा महाविद्यालय परिसर के आसपास भी साफ सफाई किया गया इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक मिथिलेश कुमार, नितेश साहू, पूनम राम, भूपेंद्र वर्मा, विष्णु यादव, खुशी यादव, लीना वर्मा, गौरी यदु टिकेंद्र वर्मा सहित बड़ी संख्या में महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जितेंद्र कुमार साखरे व छात्रसंघ प्रभारी जे के वैष्णव ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों व कार्यक्रम अधिकारी प्रो. यशपाल जंघेल को बधाई व शुभकामनाएं दी।



**उल्टा पुल्टा**

टीचर ने साइंस लैब में अपनी जेब से सिक्का निकाला और एसिड में डाला, फिर बच्चों से पूछा कि ये सिक्का घुल जाएगा या नहीं।
**बच्चा**- सर, नहीं घुलेगा।
**टीचर**- शाबाश, लेकिन तुम्हें कैसे पता?
**बच्चा**- सर अगर एसिड में डालने से सिक्का घुलता, तो आप सिक्का हमसे मांगते, ना कि अपनी जेब से निकालते

# भाजपा प्रत्याशी रोहित साहू को जिताने कार्यकर्ता बाइक रैली से मतदाताओं को कर रहे हे आकर्षित





**विधानसभा के सभी मंडलों में एक साथ निकाली रैली**

**राजिम,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी अपने पक्ष में माहौल बनाने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रही है। प्रत्येक स्तर पर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर रोजाना नित नए प्रयोजनों के माध्यम से पार्टी जनता के द्वार पहुंच कर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान कर प्रदेश में परिवर्तन के संकल्प को पूरा करने व राजिम विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी रोहित साहू को जीताने की अपील कर रहे हैं। इसी तारतम्य में राजिम विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडलों में भाजपा जिला गरियाबंद के आह्वान एवं मंडल के नेतृत्व में भव्य बाइक रैली निकाल कर भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश भरा। राजिम मंडल में भाजपा प्रत्याशी रोहित साहू, विधानसभा संयोजक भागवत हरित और मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा ने बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया वहीं छुरा मंडल में जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू के प्रभार में एवं भाजयुमो जिला महामंत्री थानसिंग निषाद के संयोजन में शीतला मंदिर छुरा से बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जो पंडरीपानी, लोहझर, खैरझिटी खड़मा, मडेली, रानी परतेवा मुड़ागांव, पारसिवनी, परसदखुर्द, नागाबुड़ा, कोसंबुड़ा होते छुरा नगर में आकर खतम हुआ वहाँ छुरा के नगर पंचायत अध्यक्ष खोमन चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष पीलूराम साहू, मानसिंग, नरेश, पुरषोत्तम गोस्वामी, जयदीप साहू सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। भाजपा पाण्डुका मंडल >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# बलौदाबाजार जिला अस्पताल की हालत खराब, डॉक्टर मस्त



**कांग्रेस नेता के.के. वर्मा ने स्वास्थ्य मंत्री को लिखा पत्र**

**बलौदाबाजार,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। बलौदाबाजार शासकीय जिला अस्पताल में आए दिन ग्रामींणों को परेशानी झेलना पडता है। इस बात को लेकर झुग्गी झोपडी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष के.के. वर्मा द्वारा टीएस सिंहदेव को पत्र प्रेषित किया गया है। जिला बनने के बाद कई बार ग्रामींण द्वारा बताया गया कि जिला अस्पताल में कई बार 108 एम्बुलेंस, महतारी एक्सप्रेस उपलब्ध नही रहता है। कई बार एम्बुलेंस में ड्राईवर नही रहता जिससे ग्रामींण क्षेत्र से आये मरीज परेशान रहते हैं। जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधा की स्थिति खराब है।

के.के. वर्मा ने स्वास्थ्य मंत्री को भेजे पत्र में कहा है कि कई बार रात के समय डाक्टर नही रहते है जिससे रात में ग्रामींण क्षेत्र से आने वाले मरीजों को अनेक परेशानियों का सामना करना पडता है। वहीं अधिकांश मरीजों को निजी अस्पताल या रायपुर रिफर कर देते है। यहां के 108 वाहन की स्थिति भी ठीक नही है। जिससे घायल व्यक्ति रास्ते में ही दम तोड़ देते है। जिले के सभी एम्बुलेंस पुराना हो चूका है। रात में अक्सर एक्सीडेंट घायल व डिलवरी पेसेंट व अन्य घायल मरीज आते है ग्रामींण क्षेत्र से जिला अस्पताल के डाक्टर द्वारा प्राइवेट में रिफर कर दिया जाता है। कुछ दिन पूर्व बलौदाबाजार शहर के विकलांग बच्चें को उल्टी दस्त की शिकायत थी जिसे मेकाहारा रायपुर भेज दिया। जहां बच्चे की इलाज के दौरान निधन हो गया। इस तरह बलौदाबाजार जिला अस्पताल में घोर लापरवाही चल रहा है। कांग्रेस नेता के.के. वर्मा द्वारा स्वास्थ्य मंत्री व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव को पत्र लिखकर यहां की व्यवस्था में सुधार लाने हेतु कार्यवाही की मांग की है। उक्त जानकारी पिछडा वर्ग कांग्रेस जिला मिडिया प्रभारी खिलावन जायसवाल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

# सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन



**महासमुंद,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। नगर पालिका सीमा के सभी वार्डों में मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग लगातार वार्डों में भूमिपूजन कर रही है। इसी कड़ी में शनिवार को नपाध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग ने शहर के वार्ड 26 में 7 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। जानकारी के अनुसार वार्ड 26 क्लब पारा पंचशील वार्ड में सीसी रोड का निर्माण 14 वें वित्त आयोग से मिली राशि किया जा रहा है। इसमें राजेश जैन के घर से मधु तिवारी के घर तक सीसी रोड का निर्माण किया जाएगा। भूमिपूजन नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग एवं पार्षद मनीष शर्मा ने वार्डवासियों की उपस्थिति में किया। इस दौरान पार्षद मीना वर्मा, पार्षद महेंद्र जैन, पार्षद लता यादव और नागरिक राजेश जैन, प्रकाश तिवारी, मनोज शर्मा, अनिमेष श्रीवास्तव, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती सुधा साहू, महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद श्रीमती शुभ्रा शर्मा, श्रीमती सुरेखा कंवर, श्रीमती रोशनी शर्मा, लक्ष्मी सोनी, श्वेता गुप्ता, श्रीमती पूजा शर्मा, श्रीमती रुबीना मकरानी, सारिका यादव, निर्मल कुमार और श्रीमती मंजू गुप्ता अन्य उपस्थित रहे।

# पीएम विश्वकर्मा योजना से शिल्पकार होंगे आत्मनिर्भर : राहुल



**आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे योजना की शुरूआत**

**महासमुंद,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। सबका साथ.सबका विकास का ध्येय लेकर कार्य कर रही केंद्र की मोदी सरकार ने देश के शिल्पकारों के लिए एक और योजना की शुरूआत कर रही है। इस योजना का नाम प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना है। इसकी घोषणा 15 अगस्त 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले से की थी। योजना का शुभारंभ 17 सितंबर विश्वकर्मा जयंती पर होगी। जानकारी देते हुए भाजपा नेता राहुल चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हस्तशिल्प जैसे पारंपरिक नौकरियों में लगे असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए इस योजना की शुरूआत की है। ताकि उन्हें आत्मनिर्भर बनाकर उनका सर्वांगीण विकास किया जा सके। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद पारंपरिक रोजगार से जुड़े लोगों के लिए यह एक ऐतिहासिक निर्णय है। इसे केंद्रीय कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है और पहले कदम के रूप में 1300 करोड़ रूपए का पैकेज आबंटित किया गया है। इस निर्णय स्वागत करते हुए श्री चंद्राकर ने कहा कि इससे 17 क्षेत्रों के श्रमिकों को लाभ मिलेगा। जिसमें लोहार, सुनार, मोची, नाई, धोबी, दर्जी, कुम्हार, मूर्तिकार, कारपेंटर, मालाकार, राज मिस्त्री, नाव बनाने वाले, अस्त्र बनाने वाले, मछली का जाल बनाने वाले, हथौड़ा और टूलकिट निर्माता, डलिया, टचाई, झाडू बनाने वाले, पारंपरिक गुड़िया और खिलौना बनाने वाले लाभान्वित होंगे। श्री चंद्राकर ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा जयंती 17 सितंबर को प्रधानमंत्री द्वारा शुभारंभ के बाद पंजीकरण शुरू हो जाएगा। इसके लिए हितग्राहियों को रोजगार के लिए दस्तावेजी साक्ष्य, आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक पास बुक, परिवार के सभी सदस्यों का आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र आदि संलग्न करना होगा। पंजीकरण प्रमाण पत्र मिलने के बाद हितग्राहियों को कौशल प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा। जिसके प्रतिदिन 500 रूपए की दर से प्रशिक्षण अवधि तक प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण पश्चात 15 हजार रू टूल किट के दिए जाएंगे। श्री चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री ने कौशल विकास की दिशा में एक और बेहतर कदम बढ़ाते हुए गरीब हुनरमंद शिल्पकारों के हित में योजना बनाकर शिल्पकारों के तरक्की का रास्ता खोला है। पिछले 9 सालों में अनेक योजनाएं गरीबों के लिए बनाई गई तथा उन्हें लाभान्वित भी किया गया। आज चहूंओर देश में खुशहाली और सुशासन का राज है। हर वर्ग को मोदी सरकार द्वारा किसी न किसी योजना के माध्यम से लाभ पहुंचाया जा रहा है।

# विधायक चंद्रदेव राय ने पानी टंकी व पाइप लाइन निर्माण का किया भूमिपूजन



**भटगांव/बलौदाबाजार,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। सरकार की महत्वकांक्षी योजना के तहत आज बिलाईगढ विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं संसदीय सचिव चंद्रदेव राय ने नगर पंचायत भटगांव के मंडी प्रांगण में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 47 गांवों में बनने वाले पानी टंकी और पाइपलाइन निर्माण कार्य का सभी गांवों के सरपंचों की उपस्थिति में 45.56 करोड़ की लागत का भूमिपूजन किया गया। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे कांग्रेस सरकार द्वारा क्षेत्र के सभी गांवों में घर घर तक पेयजल की समस्या का निराकरण करते हुए मार्च तक सभी कार्य को पूर्ण कर लिया जाएगा। जिससे क्षेत्र के सभी गांवों वासियों को पेयजल की समस्या को दूर कर दिया जाएगा। आगे उन्होंने कहा कि जल्द ही सलिहाघाट और जैतपुर घाट से लिपट एरिगेशन सिंचाई परियोजना के तहत जल संग्रहण करके फिल्टर युक्त पानी क्षेत्र सभी गांवों में पीने लायक स्वच्छ जल पहुंचाने का कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा।

पीएचई विभाग द्वारा पानी टंकी निर्माण कार्य ग्राम बछौरडिह सालहेवना, सेमरिया, पथरिया, बोड़ा, बोडाडिह, चंद्रनगर, चकरदा, चिचोली, करमंदी, बरभाठा, डोकरीडिह, ठाकुरदिहा, दुमहानी, गरहाभाठा, घाना, गिरवानी, मधुबनकला, गोरबा, तेंदुमुडी, पईपरडइह, जोरा, जुनवानी, हरदी, करियाटार, खैरझिटी, खपराडिडह, खुरसुला, सकरापाली, मडकडी, मिरचिद, डुरुमगढ, पिकरीपाली, तेनदुभाठा, मधुबनखुरद, पिपरभवना, पिरदा, रोहिना, सोनियाडिह, सिहारजोर, घरजरा, माहुलडिह, तौलिडिह, टेढीभदरा, बेलादुला, टेंगनाकछार, केडियाखार, गांवों में पानी टंकी व पाइपलाइन का निर्माण किया जाएगा। इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रवेश दुबे, गुलाम मुर्तजा खां भटगांव मंडी अध्यक्ष ताराचंद देवांगन, मंडी उपाध्यक्ष पूनीराम साहू, भागीरथी चन्द्रा, रामकुमार साहू, छेदी लाल साहू, सुजीत जायसवाल, राजकुमार हिरवानी कांग्रेस के नेता व कार्यकर्ता और पीएचई विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ उत्कल समाज द्वारा निकाली गई शोभायात्रा में नगर के सैकड़ों लोग हुए शामिल



**नयापारा राजिम,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। बूढी मां मंदिर राजेंद्र नगर से विशाल शोभा यात्रा मे नगर के सेकडो लोग शामिल हुए रैली मे छत्तीसगढ़ उत्कल गाड़ा समाज के द्वारा समाज के सभी लोग एवं राजनीतिक ने भव्य शोभायात्रा मे भाग लिया ।शौभायात्र राजेंद्र नगर से शंकर नगर होते हुए घड़ी चौक मोती बाग होते हुए मधुसूदन चौक पहुच ।वहा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मधुसूदन दास का माल्यार्पण कर समापन किया गया । भव्य शोभायात्रा मे युवाओं के द्वारा 4 महीने से तैयारी किया जा रहा था छत्तीसगढ़ में 23 से 24 लाख गाड़ा समाज के लोग निवास करते हैं यैअनुसूचित जाति वर्ग मे आते हे । विशेष रूप से रायपुर शहर के चार विधानसभा बिलासपुर के दो विधानसभा और , दुर्ग जिला के दो-तीन विधानसभा सरायपाली बसना देवभोग पामगढ़ मस्तूरी में अच्छा खासा समाज के लोग निवास करते हैं इस प्रदेश में गाड़ा समाज का भी भूमिका रहता है इस दृष्टि से देखते हुए यह विशाल शोभायात्रा से एक जुटता की संदेश सभी >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# पोटियाडीह में विधायक ने किया देवांगन समाज भवन का लोकार्पण



**धमतरी,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। पोटयापाट महाराज के धाम ग्राम पंचायत पोटियाडीह में विधायक रंजना डीपेंद्र साहू की निधि से स्वीकृत देवांगन समाज सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्र की विधायक रंजना डीपेंद्र साहू ने किया, अध्यक्षता ग्राम पंचायत सरपंच सीताराम ध्रुव ने किया। विधायक ने लोकार्पण संपन्न होने के उपरांत देवांगन समाज की आराध्य देवी मां परमेश्वरी की पूजा अर्चना समस्त समाज जनों के साथ किए। विधायक का स्वागत ग्राम प्रमुखों एवं समाज प्रमुखों के द्वारा किया गया। स्वागत उद्बोधन में विजय कुमार देवांगन अध्यक्ष पोटियाडीह मंडल देवांगन समाज ने कहा कि विधायक के द्वारा हमारी बहूप्रतिक्षित मांग को पूरी की गई है उसके लिए समस्त समाज जनों की ओर से आभार व्यक्त करता हूं, विधायक रंजना साहू ने कहा कि देवांगन समाज का मुख्य व्यवसाय कपड़ा बुनने का है, इस क्षेत्र में आज पारंगत हासिल करते हुए अपने इस व्यवसाय को पूरी कर्मठता से निरंतर आगे बढ़ा रहे हैं। विधायक श्रीमती साहू ने आगे कहां की समाज जनों की मांग पर भवन निर्माण स्वीकृति दी गई जो बनकर तैयार है इस सामाजिक भवन का सदुपयोग करते रहे और अन्य समाजों के लिए भी उपयोगी हो इस क्षेत्र में हमें कार्य करने की आवश्यकता है। अध्यक्षता करते हुए सरपंच ने विधायक द्वारा ग्राम पोटियाडीस में किए गए कार्यों को जानकारी दिए एवं आभार प्रगट किए।

इस अवसर पर मुख्य रूप से जनपद सदस्य अनिल तिवारी, जनपद सदस्य धनेश्वरी साहू, पूर्व सरपंच राधेश्याम देवांगन, पूर्व सरपंच ठाकुर राम देवांगन, ईश्वर देवांगन संरक्षक पोटियाडीह मंडल देवांगन समाज, सुनील कुमार देवांगन सचिव पोटियाडीह मंडल देवांगन समाज, कृष्ण कुमार >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# अल्ट्राटेक रावन सीएसआर द्वारा मनाया गया विश्व ओजोन दिवस




**बलौदाबाजार,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड रावन सी.एस.आर. द्वारा सदैव ही समुदाय में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम कर ग्रामीणों, स्कूली बच्चों एवं महिलाओं को जागरूक कर विकास के मार्ग बनाने हेतु प्रयास किया जाता रहा है। इसी कड़ी में पर्यावरण संरक्षण हेतु विश्व ओजोन दिवस ग्राम नेवारी के हायर सेकण्ड्री स्कूल गुमा हायर सेकण्ड्री स्कूल व चुचरूंगपुर हाई स्कूल के कला तथा विज्ञान के छात्र छात्राओं के साथ मनाया गया। जिसमें ओजोन परत के संरक्षण पर चित्रांकन एवं जागरूकता किया गया। कुल 560 बच्चों ने उत्साह पूर्वक इस कार्यक्रम में भाग लिया।

कार्यक्रम में अल्ट्राटेक सी एस आर प्रमुख विनोद श्रीवास्तव ने बच्चों से पर्यावरण संरक्षण हेतु विभिन्न विषयों पर जानकारी दी एवं प्रत्येक बच्चों से एक एक पौधे लगाने की अपील की जिससे पर्यावरण संरक्षण में सहयोग हो। पर्यावरण विभाग से सुनील त्रिपाठी ने क्लाइमेट चेंज तथा ओजोन लेयर के बारे में विस्तार से जानकारी दी एवं सी.एस.आर. से ज्योस्तना पति एवं रोहित श्रीवास्तव ने बच्चों को पर्यावरण बचाने हेतु अपनी-अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही साथ ही बच्चों को प्रेरित करते हुए उनके द्वारा बनाये चित्रों की सराहना कर आगे भी इसी प्रकार कार्यक्रम में भाग लेने की बात कही। शिक्षको ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए अल्ट्राटेक संयंत्र रावन को धन्यवाद ज्ञापित किया व भविष्य में भी बच्चों को जागरूक करने वाले कार्यक्रमों का आयोजन करने के लिए निवेदन किया। कार्यक्रम में शासकीय हाई स्कूल नेवारी से नरेन्द्र कुमार वर्मा(प्राचार्य), चुचरूंगपुर विद्यालय प्राचार्य राजकुमार गेंद्रे, गुमा प्राचार्य बी एल कोसले, शिक्षकगण सी.एस.आर. विभाग के कार्यकर्ता दया वर्मा, सुरेन्द्र यादव का विशेश योगदान रहा।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को मिली एक और बड़ी सौगात



- **प्रदेश की 51 हजार कार्यकर्ता और 46 हजार सहायिकाओं को मिलेगा लाभ**
- **संसदीय सचिव ने भूपेश सरकार के फैसले को बताया ऐतिहासिक**

**महासमुंद,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। भूपेश सरकार ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को एक और बड़ी सौगात देते हुए सेवानिवृत्ति की आयु 62 से बढ़ाकर 65 वर्ष की गई। साथ ही सहायिकाओं के दस वर्ष के अनुभव को पांच साल किया गया है और कार्यकर्ताओं के पचास प्रतिशत रिक्त पदों पर आंगनबाड़ी सहायिकाओं की भर्ती होगी। सरकार के इस फैसले से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं में हर्ष व्याप्त है। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने भूपेश सरकार के फैसले को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इससे प्रदेश की 51 हजार कार्यकर्ता और 46 हजार सहायिकाओं को लाभ मिलेगा। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि भूपेश सरकार की प्रभावी नीतियों और उनके क्रियान्वयन के कारण ही छत्तीसगढ़ में सभी वर्ग के लोग खुश हैं। सरकार ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को एक और ब्रड़ी सौगात देते हुए सेवानिवृत्ति की आयु 62 से बढ़ाकर 65 वर्ष की गई है। वहीं सहायिकाओं के दस वर्ष के अनुभव को पांच साल किया गया है और कार्यकर्ताओं के पचास प्रतिशत रिक्त पदों पर आंगनबाडत्री सहायिकाओं की भर्ती होगी। इसके लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है। सरकार के इस फैसले से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं में हर्ष व्याप्त है। संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि भूपेश बघेल सरकार ने महिलाओं तथा बच्चों के पोषण एवं टीकाकरण अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने वाली आंगनबा ?ी कर्मियों के लिए एक के बाद एक, दूसरी सौगात दी है। इससे पहले राज्य सरकार ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के मानदेय में इजाफा किया था। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मासिक मानदेय की राशि 6500 रुपये प्रति माह से बढ़ाकर 10 हजार रुपये की गई है। इसी तरह आंगनबाड़ी सहायिकाओं का मानदेय 3250 रुपये से बढ़ाकर 5 हजार रुपये और मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय 4500 रुपये से बढ़ाकर 7500 रुपये प्रति माह कर दिया गया है। वहीं छत्तीसगढ़ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका कल्याण संघ की प्रदेश >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# चीफ़ जस्टिस रमेश सिन्हा ने किया धमतरी जिला न्यायालय का औचक निरीक्षण



**धमतरी,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने आज शाम बरसते पानी मे जिला न्यायालय का औचक निरीक्षण किया। उनके द्वारा न्यायालय परिसर के समस्त कक्षों, पार्किंग, गार्डन, अधिवक्ताओं व पक्षकारों हेतु बैठने की व्यवस्था इत्यादि का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के.एल. चरयाणी उपस्थित थे।

न्यायालय की अधोसंरचना पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण में गार्डन, न्यायालय की अधोसरंचना, साक्षी कक्ष, किलकारी और दुग्धपान कक्ष का उचित रख-रखाव पाये जाने पर तारीफ की और उचित रख रखाव हेतु निरन्तर प्रयास करने कहा। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं से भी चर्चा की व उनकी समस्याएं सुनी। मुख्य न्यायाधीश श्री सिन्हा ने बताया कि अतिरिक्त अधिवक्ता कक्ष की निर्माण की मांग से सम्बंधित प्रस्ताव उच्च न्यायालय से स्वीकृत होकर आवश्यक कार्यवाही हेतु राज्य शासन को भेजा जा चुका है। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने अधिवक्ताओं से कहा कि पक्षकारों को शीघ्र न्याय प्राप्त हो इस सम्बंध में सभी लोगो का पूरा प्रयास >> शेष पृष्ठ 9 पर >

**आज स्कूल सफाई कर्मचारियों की बैठक**

**पलारी** 16 सितंबर। पलारी ब्लाक के समस्त स्कूल सफाई कर्मचारियों की आवश्यक बैठक 17 सितंबर को 11 बजे गायत्री मंदिर परिसर पलारी में रखा गया है। ज्ञात हो कि यह बैठक सैहा के गतिविधियां, हड़ताल संबंधी, बढ़े हुए मानदेय के आदेश जारी कराने के व संघ के आवश्यक विचार विमर्श हेतु रखा गया है।



# मैनी का सफाया– बारिश और बूंदों की गति अच्छी

**भाटापारा,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। बारिश और बूंदों की गति अच्छी है। इससे मैनी जैसे कीट पौधों में ठहर नहीं पाएंगे। प्रतीक्षा है अब धूप का, जो बढ़वार में मजबूत सहारा बनेगी।

मौसम और बारिश पर नजर रख रहे कृषि वैज्ञानिक अब मौसम साफ होने की प्रतीक्षा में हैं क्योंकि धान के पौधों को अच्छी धूप की जरूरत है। वैज्ञानिकों का मानना है कि बारिश की गति जैसी है, उससे पत्तियों में बैठने वाले कीट काफी हद तक साफ हो जाएंगे। खासकर मैनी जैसे कीट का सफाया होना तय है।



**हानि कम, लाभ ज्यादा**

रुक-रुक कर हो रही बारिश से किसानों को निगरानी के लिए समय मिल रहा है, तो पानी प्रबंधन में मदद भी मिल रही है। इसकी वजह से फसल डूबने की शिकायतें बेहद कम हैं। सबसे बड़ा लाभ यह है कि खेतों में नमी दीर्घ अवधि तक बनी रहेगी, जिसका फायदा रबी फसल के दिनों में किसान उठा सकेंगे।

**प्राकृतिक छुटकारा इस कीट से**

मैनी। पत्तियों पर रहने वाला यह कीट, बारिश की बूंद के आगे ठहर नहीं पा रहा है। तेज हवा के साथ हो रही बारिश से यह स्वत: ही बह जा रहे हैं। किसानों के लिए यह लाभदायक स्थिति है क्योंकि बारिश के नहीं होने की स्थिति में इन्हें खत्म करने के लिए कीटनाशक की खरीदी करनी पड़ती।

**जलाशय पूर्णता की ओर**

तालाब, पोखर और कुओं में जल भराव पूर्ण हो चुके हैं, तो जलाशयों में भी भराव क्षमता पूरा होने के करीब हैं। हालांकि लक्ष्य से दूर ही है लेकिन रबी सत्र के लिए सिंचाई की सुविधा मिलने में दिक्कत की संभावना नहीं है।

**लाभदायक है यह बारिश**

बारिश का यह दौर धान के लिए लाभ पहुंचाने वाला है। खेतों में पानी का मानक स्तर बनाए रखें, शेष पानी की निकासी होने दें।

– **डॉ. एसआर पटेल,** रिटायर्ड साइंटिस्ट (एग्रोनॉमी), इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर

## मौसमी बीमारियों का बदलता स्वरूप : डॉ. विकास

**भाटापारा,** 16 सितंबर। आजकल कि मौसमी बीमारियों के बढ़ते हुए मामलों के बारे में भी शहर के चिकित्सक डॉक्टर विकास आडिल का कहना है कि पहले के दिनों में मौसमी बीमारियों का एक ख़ास वक़्त होता था जब मौसम परिवर्तन होता था तब ज़्यादा से ज़्यादा साल में दो बार मौसमी बीमारियां आदमी को होती थी और कहा जाता था कि एक बार मौसमी बीमारी होने के बाद लगभग छह महीने अब कोई बीमारी नहीं होगी पर आज कल के बदलते परिवेश खानपान प्रदूषण एवं कोरोना काल के बाद मौसमी बीमारियों के स्वरूप में परिवर्तन देखा जा रहा है अब के टाइम में यदि आपको सर्दी खाँसी बुखार यदि किसी महीने होता है तो हो सकता है कि उसी महीने आपको वो बीमारी दुबारा हो जाए ।पहले मौसमी बुखार ज़्यादा से ज़्यादा 3-4 दिन रहता था पर आज कल बूखार कम से कम हफ़्ते भर रहता है और मौसमी बुखार जाने के बाद भी कमज़ोरी गले में ख़राश भूख न लगना ये अगले दिन से 15 दिन भी रह सकता है। मौसमी बीमारियों के साथ बरसात के दिनों में डेंगू का प्रकोप भी देखा जा रहा है डेंगू एक ख़ास क़िस्म के मच्छर एडिस( टाइगर मॉसकीटों )के काटने के कारण होता है जोकि ठहरे हुए पानी मैं प्रजनन करता है और बीमारियों को फैलाता है इसके फैलने का मुख्य कारण गंदगी एवं ठहरा हुआ पानी है ।ये एक आदमी से दूसरे आदमी में मच्छरों के द्वारा ही फैलता है इससे बचने के लिए पहली चीज़ मच्छरों से अपना बचाव रखें ठहरे हुए पानी का निदान करे गएवं ऐसी जगह जाने से बचें जहाँ डेंगू का प्रकोप ज़्यादा हो।



# मायकेजाने लगी तिजहारिने, बसों में भीड़



**खरोरा,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की महिलाओं के लिए खास माने रखने वाले तीज पर्व को लेकर विवाहिता में उत्साह दिख रहा है। ससुराल से तीज पर्व के लिए तिजहारिनो मायके लौट रही है । लिहाजा बसों और टैक्सी के यात्रियों में महिलाओं की संख्या ज्यादा दिख रही है। स्थानीय बस स्टैंड में अन्य दिनों की तुलना में भीड़ भाड़ बढ़ी है। बसों में सवार होने के लिए महिलाओं में होड़ मची हुई है। छत्तीसगढ़ की महिलाओं के लिए यह पर्व बेहद महत्वपूर्ण है ।पति के लंबी आयु और स्वस्थ रहने की कामना को लेकर महिलाएं कठिन व्रत रखती है। 17 सितंबर की शाम को करेले की सब्जी के साथ भोजन ग्रहण कर व्रत की शुरुआत होगी। यानी कि 18 सितम्बर दिन रात को तिजहारिनो व्रत रखेगी । महिलाएं निर्जला व्रत भी रखती है। उपवास के दौरान शिव- पार्वती की अलौकिक। गाथाएं और धार्मिक -गीत संगीत के लिए महिलाएं आपस में जुटती है ।घरों में तीज पर्व के अवसर पर कई तरह के व्यंजन भी बनाए जाते हैं ।दो साल के बाद कोरोना की सख्ती कम होने से लगभग हर पर्व परंपरागत रूप से मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में तीज पर्व को लेकर भी मायके पहुंची महिलाओं की उपस्थिति से परिजनों का उत्साह दोगुना हो गया है। घरों में बेटियों को देखकर माता-पिता जहां प्रफुल्लित हो रहे हैं। वहीं भाई भी बहनों के संग पुराने दौर की बातों को लेकर चर्चाओं में मशगूल है ।19 सितंबर की सरोवर में विधि-विधान से पूजा -अर्चना की जाएगी। इसके बाद महिलाएं स्वादिष्ट व्यंजनों का लुफ्त उठाएंगी।

तीज पर्व पर करूभात के रिवाज के चलते बाजार में करेले के दाम अचानक बढ़ गए हैं । अधिकतम 80 प्रति किलो के दाम पर बाजार में करेले की खरीदी बिक्री हो रही है । तीज पर्व में करूं भोजन में करेले की सब्जी की विशेष मांग रहती है। यही कारण है कि बाजार में फुटकर व्यापारियों ने कीमतों को बढ़ा दिया है। सब्जी-तरकारी संग करेले खरीदने पहुंच रहे लोगों को दाम सुनकर हैरानी में देखा जा रहा है । तीज पर्व के लिए नवविवाहितओं में खास उत्साह है। विवाह के पश्चात पहली बार मायके पहुंची विवाहिताओ कि घर में इसे पुछपरख है । उनकी इच्छाओं और मान रखने के लिए परिजनों ने विशेष तैयारी की है। सोमवार को करेगी करूंभात, 19 को पूजा- अर्चना के बाद तोड़ेगी।

# पोला पर्व पर विभिन्न खेलों का आयोजन

**कुरुद,** 16 सितंबर। ग्राम सिहाद में राजीव युवा मितान क्लब के तत्वाधान में पोला पर्व के शुभ अवसर पर विभिन्न पारंपरिक खेलों का आयोजन किया गया । जिसमें मटका फोड़, नदिया वाला दौड़, जलेबी दौड़, चम्मच बांटी दौड़, रस्सा कसी, रस्सी कूद, कुर्सी दौड़, ईटा दौड़, जलेबी दौड़ आदि खेलों में महिला पुरुष प्रतिभागियों ने बहुत ही उत्साह के साथ हिस्सा लेते हुए अपनी खेल प्रतिभा दिखाई। इसके साथ ही स्वच्छ सिहाद स्वस्थ सिहाद के तहत कार्यक्रम पूर्व गांव में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिससे अवगत होकर मुख्य अतिथि तपन चंद्राकर ने राजीव युवा मितान क्लब की महिला सदस्यो को साड़ी भेंट कर सम्मानित किया।



पोला पर्व के अवसर पर गांव की महिलाओं ने रस्सी कूद, कुर्सी के साथ साथ रस्साकसी में भी जमकर जोर आजमाइश करते हुए पारंपरिक पर्व पर पारंपरिक खेलो का आनंद लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि तपन चंद्राकर (अध्यक्ष नगर पंचायत कुरूद) नेने कहा कि छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलो, पारंपरिक त्योहारो और ऐतिहासिक स्थलों को पूरे देश ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर में नया मुकाम छत्तीसगढ़ की विशेष छवि बनाने का कार्य किया है जिसके तहत ही आज पोला पर्व के सुअवसर पार ग्राम सिहाद के राजीव युवा मितान क्लब के महिला पुरुष सदस्यो द्वारा आयोजित विशेष स्वच्छता अभियान और पारंपरिक खेलो का आयोजन किया गया। उन्होंने सभी प्रतीभागियो की जमकर प्रशंसा करते हुए इसी तरह के आयोजन किए जाने की बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता योगेश साहू (हल्ढ्ढ प्रदेश सचिव) विशिष्ट अतिथि- भूषण लाल साहू, छत्रपाल बैस, नंदकुमार साहू, शोक साहू, उत्तम पटेल, मेघनाथ साहू आदि गणमान्य नागरिक रहे।

स्वच्छ सिहाद अभियान और पारंपरिक खेलो के सफलतापूर्ण आयोजन में राजीव युवा मितान क्लब के अध्यक्ष गीतेंद्र साहू, उपाध्यक्ष लिलेश्वर रात्रे, सचिव तिजेश कुमार साहू, सदस्य गण लीलाराम तारक, हरीश कुमार साहू, रामआसरा साहू, इतवारी यादव, गिरवर साहू, हेमंत साहू, परमेश्वर साहू, भरत साहू, डाकवर नगारची, मोमिन साहू, खेमिन तारक, गंगा पाल, अनीता पटेल, रोहिणी साहू, रेणुका साहू, कविता साहू, कुसुमलता साहू, हीरा तारक, उमा साहू, उमेश्वरी साहू, गायत्री नगारची, उषा बाई तारक, हेमलता तारक सहित समस्त ग्राम वासी उपस्थित रहे।

# साइकिल रैली से मतदाताओं को दिया गया मतदान करने का संदेश

**बिलाईगढ़,** 16 सितम्बर(देशबंधु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देश में बरमकेला में मतदाता जागरूकता साइकिल रैली का आयोजन किया गया।जिसमें मतदाता प्रतिशत कम है वहां सायकल रैली के साथ साथ विभिन्न कार्यक्रम कर मतदाताओं को च्वोट देह बर जाबोज् का संदेश देकर मतदाताओं को जागरूकता करने के लिए यह रैली के माध्यम से लोगों को अपील किया गया, जिसमें नोडल अधिकारी पंचायत, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बरमकेला प्रज्ञा यादव, नगर पंचायत, पशु विभाग, कृषि विभाग, स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल बरमकेला के प्राचार्य नरेश कुमार चौहान, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरमकेला, डॉ. शक्राजीत नायक शासकीय महाविद्यालय बरमकेला के छात्र छात्राओं एवं अधिकारी कर्मचारियों ने अपनी सहभागिता निभाई।



सर्वप्रथम यह रैली चांटीपाली दुर्गा मंदिर से रैली का शुभारंभ किया जो जनपद चौक, इंदिरा चौक, अटल चौक, बस स्टेशन, सुभाष चौक पहुंचकर शपथ लेकर रैली को समापन किया गया। इस रैली में शामिल होने के लिए भारी संख्या में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक ने अपनी सहभागिता निभाई एक किलोमीटर दूरी तक रैली था जो की बरमकेला में मतदाता जागरूकता साइकिल रैली आकर्षण का केंद्र रहा। बरमकेला में रैली के दौरान शपथ लिया गया। पंचायत के नोडल अधिकारी और स्वीप कार्यक्रम प्रभारी हरिशंकर चौहान ने बताया कि आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनाव में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य चुनावों में मतदाताओं को जागरूक करना और किसी भी प्रकार के दबाव और भय से मुक्त करना है, ताकि मतदाता बिना किसी प्रलोभन के भयमुक्त होकर निष्पक्ष रूप से मतदान कर सकें। मतदाताओं को चुनावों में आवश्यक रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है।

## सार-संक्षेप

### छग योग शिक्षक संघ के तत्वावधान में हुआ योगाभ्यास

**बलौदाबाजार,** 16 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ योग शिक्षक संघ के तत्वावधान में आयोजित योगारम्भ 3.0 कार्यक्रम का शनिवार को 2 सत्र प्रात: 6:45 से 8:15 पूर्ण हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता खोमेश साहू, युजीसी एसआरएफ योग विभाग, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर, प्रदेश अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने हार्दिक आभार प्रकट किया। रामेश्वर प्रसाद डौन्डे ने शंखनाद व मन्त्रोंच्चार विधि से कार्यक्रम का आधात्मिक शुभारम्भ किया। प्रथम उद्घोषक नितेश पटेल ने अपने कुशल मंच संचालन से सभी श्रोताओं का स्वागत करते हुए वक्ता से प्रश्न वार्ता किये। कार्यक्रम समन्वयक मोनिका सिन्हा ने जीवन परिचय प्रस्तुत करते हुए कहा कि सर को प्रकृति से बड़ा प्रेम है और उन्होंने 17 जून अपने जन्मदिन को 17 फ्लदार पेड़ लगाए हैं और गाँव में अपने योग वाटिका का निर्माण करा रहे हैं।

प्रथम उद्घोषक नितेश पटेल के प्रश्न कि, वैदिक चिकित्सा प्रणाली क्या है, इसमें योग कितना शामिल है? पर उत्तर देते हुए वक्ता ने कहा कि उपचार की वह प्रणाली जो आज से 3500 से 3000 साल पहले के काल में मनुष्य को स्वस्थ रखने आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, स्पर्श चिकित्सा, यज्ञविधि, मंत्रविधि आदि चिकित्सा प्रणाली समाहित थी। यही बात समय था जब योग मूल अस्तित्व में आया। द्वितीय उद्घोषक नेहा नायक के प्रश्न कि आज एलोपैथिक युग में भी क्या वैदिक चिकित्सा प्रणाली कारगर है? पांच तत्वों का ज्ञान उसे समय लोगों को कितना था?

# विद्यार्थियों का गणित व विज्ञान विषयों के प्रति गंभीर रुचि लेना मिल का पत्थर साबित होगा : द्वारिका

**पिथौरा,** 16 सितंबर। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अन्तर्गत विकास खंड पिथौरा के संकुल केन्द्र जम्हर में संकुल प्राचार्य कुलेश्वर मार्कण्डेय व संकुल समन्वयक टेकराम निषाद के नेतृत्व में संकुल स्तरीय प्रश्न मंच (क्विज प्रतियोगिता) का आयोजन किया गया।

आयोजन पूरे संकुल केन्द्र जम्हर के बच्चों को चार स्तर में बाट कर किया गया प्राथमिक के बच्चों को दो स्तर में कक्षा 1ली व 2री का एक व कक्षा 3री से 5वीं का दुसरा तथा मिडिल व हाईस्कूल का एक एक समुह बनाया गया इस तरह कुल चार स्तर में आयोजन कराया गया।



आयोजन के दौरान सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी द्वारिका पटेल, परियोजना अधिकारी एफ ए नंद तथा नोडल अधिकारी साक्षरता अरुण कुमार देवता पहुंचे। विकास खंड शिक्षा कार्यक्रम से पहुंचे अधिकारियों ने च्यिज प्रतियोगिता में अपनी सहभागिता दिये बच्चों का मार्गदर्शन व उत्साह वर्धन किए। अपने संक्षिप्त उदबोधन में द्वारिका पटेल ने कहा की विभाग की हर प्लान एक निहित उद्देश्य को लेकर होता है यह कार्यक्रम भी बच्चों में गणित व विज्ञान के प्रति रुचि जागृत करने के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। उन्होंने सुदुर अंचल में ऐसे आयोजन के लिए संकुल टीम को धन्यवाद दिया।

एफए नंद ने कहा की विद्यालय में अदर करिकुलम का आयोजन भी जरूरी होता है और जम्हर संकुल को मैं धन्यवाद देता हूं जहां ऐसे आयोजन हमेशा होते रहता हैं। वहीं अरुण कुमार देवता ने कहा कि सामान्य ज्ञान की जानकारी हमें जीवन पर्यन्त काम आता है और हमारा व्यक्तित्व विकास कराता है ।अभी से बच्चों में इसकी आदत भविष्य में उनकी सफल जीवन के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगी। क्विज प्रतियोगिता को सम्पन्न करने में सुरेश चौधरी, गोवर्धन सिन्हा, अंजू पटेल, विद्याधर पटेल भानुमति पटेल ने राउंड वार प्रश्न पुछे तथा छविराम जगत, उदेचंद बरिहा, कैलाश ठाकुर, हेमकुमारी पटेल सरला प्रजापति तथा अमरौतिन बरिहा ने स्कोरर व समय पाल की दायित्वों का निर्वाह किया।

प्रतियोगिता में कक्षा पहली एवं दूसरी में प्राथमिक शाला खम्हारदादर , तिसरी से पांचवीं में प्राथमिक शाला जम्हर, उच्च प्राथमिक शाला में मधुरम ग्रुप व हायर सेकंडरी स्कूल में सुन्दरम ग्रुप ने विजयी स्थान प्राप्त कर विकास खंड कार्यालय से पहुंचे टीम से पुरस्कार प्राप्त किए। माधव साहू व धरणीधर चौधरी ने कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में सुशील बरिहा, कुलदीप सिन्हा, पुष्पा बरिहा, पवित्र कुमार कुर्रे, गितांजली भारती व सत्यम सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# शा. प्राथमिक शाला कारीपाट के बच्चों ने सीखा पत्र व्यवहार करना व बच्चों ने अपने रिश्तेदारों को भेजे पत्र

**बिलाईगढ़,** 16 सितम्बर (देशबंधु)। विकासखंड बिलाईगढ़ मुख्यालय से महज 3 किलोमीटर की दूरी पर स्थित शासकीय प्राथमिक शाला कारीपाट के बच्चों ने 14 सितंबर हिंदी दिवस के अवसर पर पत्र लेखन एवं पत्र व्यवहार करना सीखा। आज के इस दौर में जहां मोबाईल का उपयोग सभी क्षेत्रों में होने लगा है जिसके कारण आज के युवा पीढ़ी पत्र व्यवहार करना भुल गए हैं,बच्चों में पत्र लिखने व व्यवहार करने की कौशल जागृत हो इस उद्देश्य से स्कूली बच्चों को पत्र व्यवहार करना सिखाया।




स्कूल में पदस्थ प्रधान पाठक विनोद कुमार डडसेना के मार्गदर्शन में स्कूली बच्चों ने अपने-अपने मामा व रिश्तेदारों को पत्र लिखे और उस पत्र को बिलाईगढ़ मुख्यालय के डाकघर में पहुंचकर पोस्ट किये बता दें कि बच्चों ने डाकघर पहुंचकर यह जाना की पत्र कैसे भेजते हैं और पत्र की छटनी कैसे होती है। बिलाईगढ़ डाकघर के पोस्ट मास्टर दीपक कुमार इक्का ने शासकीय प्राथमिक शाला कारीपाट के बच्चों को पोस्टकार्ड ,अंतरदेशी पत्र, स्पीड पोस्ट, रजिस्ट्री डाक, के अलावा बैंकिंग कार्य विभिन्न बीमा योजना, आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दिए । इन सब जानकारी पाकर बच्चे बहुत खुश नजर आ रहे थे। इन सब कार्यों में स्कूल के प्रधान पाठक विनोद कुमार डडसेना स की प्रमुख भूमिका रही है ,बच्चों के पालकों,अभिभावकों ,शाला प्रबंधन समिति व स्कूल विभाग के कर्मचारियों ने भी विनोद डडसेना की इस नवाचारी पहल के लिए सराहना करते हुए हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दिए हैं।

## निधन

### प्रेमशंकर साहू

**पलारी,** 16 सितंबर। ग्राम भवानीपुर के प्रेमशंकर साहू उम्र 65 वर्ष प्रतिष्ठित नागरिक एवं पूर्व उप-सरपंच ग्राम पंचायत भवानीपुर का आज आकस्मिक निधन हो गया। वे ओंकार साहू के भैया व देवनारायण, तामेश्वर व धन्नू साहू के पिता थे। उनके दाह संस्कार कार्यक्रम में परिवार ग्राम के कीर्तन मंडली के साथ ग्रामीण जन उपस्थित रहे।



### मंगल राम सलूजा

**सरायपाली,** 16 सितंबर। स्थानीय जय स्तंभ चौक निवासी मंगल राम सलूजा (80) का आकस्मिक निधन शनिवार 16 सितंबर को रायपुर के एक निजी अस्पताल में हो गया। अंतिम संस्कार आज 17 सितंबर रविवार सुबह 9 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा। स्व. मंगतराम पंकज मोबाइल के भूपेश पंकज के पिता व गौरव के दादा थे।



## प्रादेशिकी का शेष...

### भाजपा प्रत्याशी रोहित साहू को...

के प्रभारी किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष मनीष हरित बिरेन्द्र साहू के संयोजन में,पंकज निर्मलकर के नेतृत्व में फिंगेश्वर मंडल की बाइक रैली में प्रभारीभाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजू साहू,संयोजन भाजयुमो मंडल अध्यक्ष रवि साहू,अजय साहू, दिनेश,डिगेश साहू, राजेश परमार,देवेंद्र वर्मा,जागेश सिन्हा,शामिल रहे वहीं गरियाबंद मंडल में मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र सोनटेके,भाजयुमो मंडल अध्यक्ष आनंद ठाकुर,के नेतृत्व में भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष तोरण सागर,पार्षद वंशगोपाल सिन्हा सहित अनेक वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। इस दौरान आशीष साहू, नेपाल, साहू,रिकेश साहू,लोकेश्वर साहू,रोशन साहू सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। उपरोक्त बाइक रैली पश्चिम बंगाल के प्रवासी विधायक सुशांत घोष के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

### छत्तीसगढ़ उत्कल समाज द्वारा..

राजनीतिक दलों को देना चाहते हैं।

इस शोभायात्रा में प्रमुख रूप से किशोर महानंद चक्ररो कुमार त्रिनाथ जगत अभिमन्यु चंदूलाल बघेल दयालु राम गाड़ा बसंत बाग सावित्री जगत गुड्डु वैष्णव राधे दुर्गा प्रीतम महान विजय छुरा सहित सैकड़ो समाज के लोग बड़े उत्सवर्धन के साथ 5 घंटे शोभायात्रा में शामिल रहे।

### पोटियाडीह में विधायक ने...

देवांगन प्रधानाचार्य, बसंत कुमार साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समिति, जगत राम यादव पूर्व उपसरपंच, मोतीलाल हिरवानी पूर्व लेखपाल कृषि उपज मंडी धमतरी, ग्रामीण अध्यक्ष देवांगन समाज ठाकुर राम देवांगन, उपाध्यक्ष उत्तम कुमार देवांगन, सचिव भूषण लाल देवांगन, कोषाध्यक्ष ज्ञान लाल देवांगन, सहित समस्त देवांगन समाज व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और ...

उपाध्यक्ष सुधा रात्रे और जिला अध्यक्ष सुलेखा शर्मा ने सरकार के इस फैसले का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर का आभार जताया है।

### चीफ़ जस्टिस रमेश सिन्हा...

रहना चाहिए। जिले के जिला एवं सत्र न्यायाधीश के.एल. चरयाणी से लंबित प्रकरणों की जानकारी ली। पुराने प्रकरणों को भी प्राथमिकता के साथ निराकृत करने हेतु निर्देशित किया। मुख्य न्यायाधीश ने निर्देशित किया कि पुराने लम्बित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण का प्रयास किया जाए। औचक निरीक्षण में उनके साथ रजिस्ट्रार जनरल अरविन्द कुमार वर्मा तथा एडिशनल रजिस्ट्रार कम पीपीएस एम.टी. एल एन सुब्रहमन्यम, जिला प्रशासन की ओर से एडीएम जी.आर. मरकाम, एसएसपी मधुलिका सिंह भी उपस्थित रहे।

# सामाजिक पदाधिकारी समाज में समरुपता लाने व संस्कृति बढ़ाने का प्रयास करें : चंद्रशेखर साहू



**राजिम,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। ग्रामीण साहू समाज कौंदकेरा का शपथग्रहण समारोह राजिम माता भक्तिन मंदिर प्रांगण कौंदकेरा में संपन्न हुई। शपथग्रहण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, अध्यक्षता साहू समाज परिक्षेत्र अध्यक्ष जगदीश साहू, विशिष्ट अतिथि ठाकुर राम साहू, संरक्षक एवं पूर्व परिक्षेत्र अध्यक्ष, विशेष अतिथि पुरुषोत्तम साहू, युगलकिशोर साहू, रजऊराम साहू आदि शामिल हुए। मुख्य अतिथि चंद्रशेखर साहू ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। इस दौरान मकसूदन साहू, बंशीलाल साहू,सुखदेव साहू, लकेश्वर साहू, कोमलराम साहू, मदनलाल साहू, नेमि साहू, चेतनराम साहू, नंदकुमार साहू, शीतल साहू,भारतलाल साहू, कृष्ण कुमार साहू, बाबूलाल साहू, परस राम साहू,युवराज साहू, भूषण लाल साहू,मिलाउ राम साहू,तोरण लाल साहू,दुष्यंत साहू ने अलग अलग प्रकोष्ठ के अनेक पदों पर शपथग्रहण किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए चंद्रशेखर साहू ने कहा कि विश्वास है कि आपने जो शपथ ली है उसके अनुरूप कार्य करेंगे। समाज की संस्कृति को आगे बढ़ाना है। साहू समाज एक विचारधारा है। समाज में समरुपता बनाने के लिए सभी पदाधिकारी मिलकर कार्य करें। परिक्षेत्र अध्यक्ष जगदीश साहू ने कहा कि यह समाज दानवीर भामाशाह का समाज है। दंड प्रक्रिया में सुधार की आवश्यकता है। धर्मांतरण को रोकना होगा। ठाकुरराम साहू ने कहा कि समाज के हर व्यक्ति का सहयोग प्राप्त हो और वरिष्ठजनों का सदैव मार्गदर्शन प्राप्त होता रहे तो निश्चित ही यह समाज आगे बढ़ेगा।

# ब्रह्मा कुमार रामनाथ व आचार्य पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी डॉ. शिव स्वरूपानंद सरस्वती महाराज का नगर आगमन 22 को



**नवापारा, राजिम,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। विश्व में आध्यात्म व धर्म के द्वारा सद्भावना, शांति, एकता की स्थापना करने अपना जीवन मानव सेवा में समर्पित कर सभी के जीवन को सही दिशा देने लाइट हाउस का कार्य करने वाले आध्यात्म जगत के ब्रहमा कुमार रामनाथ भाई का अंतरराष्ट्रीय ब्रहमा कुमारी संस्थान के मुख्यालय माउंट आबू से 22 सितंबर को नवा पारा आगमन हो रहा है। आप राष्ट्रीय अंतराष्ट्रीय स्तर पर अनेक सर्व धर्म सम्मेलन, सद्भाव सम्मेलन का आयोजन करते आ रहे हैं ।मन की शांति के लिए राजयोग मेडिटेशन द्वारा भारत व विश्व के प्रमुख देश आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड ,थाईलैंड, अमेरिका, लंदन,फिजी, साउथ अफ्रीका आदि अनेक स्थानों का भृमण किया ।आपके तीन दिन के प्रवास में अनेक कार्यक्रम में भाग लेंगे। स्थानीय ब्रह्मा कुमारी त्रिमूर्ति भवन के ग्लोबल पीस हाल में दिनांक 23 को संत सम्मेलन ,दिनांक 24 को ब्रह्मा कुमारी भाई बहनों के योग साधना कार्यक्रम, 25 को राजिम क्षेत्र के सर्व ब्रह्मा कुमारी साधक बहनों के आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप मे सभी को संबोधित करेंगे। इस के साथ ही ऋषिकूल सेवा संस्थान ट्रस्ट जोधपुर से आचार्य पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी श्री 1008 डॉक्टर शिव स्वरुपानंद सरस्वती महाराज 23 सितंबर को ब्रहमा कुमारी त्रिमूर्ति भवन ओम शांति कॉलोनी में विराट संत सम्मेलन में अपने मुख्य वक्ता मुख्य अतिथि के तौर पर आ रहे हैं। यह जानकारी सेवा केंद्र संचालिका ब्रहमा कुमारी पुष्पा बहन ने नगर वासियों को संबोधित करते हुए दी।

# शिक्षा में बढ़ रही बोझ, हो रही परेशानी और पीड़ा का दर्शन

## कोचिंग और ट्यूशन राहत के बजाय दे रहे टेंशन

**भाटापारा,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। विद्या ददाति विनयम यह सूक्ति वाक्य अपने आप मे बहुत सारा अर्थ समेटे हुए है जो यह एहसास कराती है कि शिक्षा हमें क्या प्रदान करती है,और किस प्रकार हमारे मनुष्यत्व का विकास करती है,लेकिन वर्तमान परिवेश मे कैरियर आधारित शिक्षा पर नजर दौड़ाई जाये तो बहुत सारे सवाल खड़ा होते हुए जान पड़ रहें है,साथ ही साथ आज शिक्षा पीड़ा और परेशानी के डगर मे भी जाती हुई दिखाई दे रही है।

### घोर व्यवसायिकता की छांव में शिक्षा

नब्बे के दशक के बाद आर्थिक उदारवाद के आगमन के पश्चात हर चीज मे व्यवसायिकता का पुट बढ़ा जिसका प्रभाव शिक्षा पर भी पड़ता हुआ जान पड़ा और शिक्षा शासकीय नियंत्रण से नीजि हाथों की ओर जाती हुई दिखाई दी बड़े बड़े नीजि शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना प्रारंभ हुई इसके साथ ही मंहगी शिक्षा का दौर प्रारंभ हुआ जितना ज्यादा पैसा उतनी ज्यादा सुविधायुक्त शिक्षा मे धन की आज होड़ मच गयी है,और यहीं से शुरु हो गयी पीड़ा और परेशानी की यात्रा,पालक काफी जद्दोजहद कर धन एकत्रित कर शिक्षा के लिए समर्पित कर रहें है जिससे उनकी आस यह भी बढ़ रही है कि उसके बच्चों को सफलता मिलनी ही चाहिए और यहीं से शुरु हो गया है बच्चों के लिए तनाव एवं दबाव का सफर जो शैक्षणिक परिसर से लेकर घर परिवार और समूचे माहौल मे हावी नजर आता है।



कोंचिग हब कोटा में बच्चों की निरंतर आत्महत्या की गूंज

### दूबर बर अषाढ़ कोचिंग ट्यूशन

एक समय था कि ट्यूशन का प्रावधान कमजोर बच्चों के लिए ही था और शिक्षक को ऐसा महसूस होता कि अब बच्चे को अतिरिक्त सहायता की जरुरत नहीं है तो शिक्षक स्वंय मना कर देते थे,शुद्ध सहायता के लिए चलने वाले इस विधा ने आज एक बड़े व्यवसाय का रुप ले लिया है एवं अब जो ट्यूशन नहीं जाए उसके पालकों को पिछड़ा एवं अपने बच्चों के प्रति शैक्षणिक उदासीन मानने का युग चल रहा है,इस मनोवृति एवं रस्साकसी का भी खामियाजा बच्चों को भुगतना पड़ रहा है,दिनभर स्कूलों की जद्दोजहद उसके बाद विभिन्न कोचिंग संस्थानों का दबाव एकबारगी गौर किया जाये तो आज बचपन पूरी तरह दांव पर लगा नजर आ रहा है।

### जानलेवा हो रहा शैक्षणिक दबाव

ज्यों त्यों जैसे तैसे अगर बच्चा अपनी शैक्षणिक दायित्व निर्वहन कर लिया तो आगे की पढ़ाई मे प्रवेश परीक्षा या नौकरी के लिए ली जाने वाली परीक्षा मे फिर से उसे इन्ही कोंचिग संस्थाओं की जद मे आना पड़ता है,और फिर शुरु होता है नये सिरे से दबाव एवं मानसिक तनाव का सिलसिला और यह बचपन के दबाव से और भी ज्यादा खतरनाक साबित हो रहा है क्योकि अब यह अवस्था होती है कि विद्यार्थी न बच्चा होता है और न ही बड़े की श्रेणी मे आता है,और खासकर लक्ष्य के लिए उम्मीदों का भी समय होता है जो कि बच्चे सहित पालक और समाज उनसे रखता है और यहीं पर घोर दबाव उस बच्चे को तोड़ती हुई प्रतीत होती है क्योकि सफलता का दर्शन कराने के नाम पर संचालित हो रहे बड़े बड़े कोंचिग संस्थान की मंहगी फीस और प्रतिस्पर्धा युक्त वातावरण हर बच्चा नहीं झेल पाता,राजस्थान के कोटा मे डाक्टरी इंजिनियरिंग जैसी अति प्रतिस्पर्धा परीक्षा के लिए संचालित हो रहे कोंचिग संस्थानों से आ रही बच्चों की आये दिन आत्महत्या की खबरें बहुत सारे सवाल खड़ा कर रहीं है एवं यही सोचने पर विवश कर रहीं है कि शिक्षा के नाम पर ऐसा क्या हो रहा है जिसे विद्यार्थी बर्दाश्त नहीं कर पा रहा है,और यह चिंतन देशभर सहित भाटापारा मे भी गूंज रही है एवं यही अभिव्यक्त कर रही है कि शिक्षा मे बढ़ रहा बोझ हो रहा परेशानी और पीड़ा का दर्शन,कोचिंग और ट्यूशन राहत के बजाय दे रहे टेंशन।

# कांग्रेस का भेंट मुलाकात कार्यक्रम संपन्न



**सरायपाली,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा चुनाव केमद्देनजर रखते हुए कांग्रेस पार्टी भी सक्रिय हो गई है कांग्रेसकार्यकर्ताओं को रिचार्ज करने के लिए बैठकों का दौर शुरू हो गया है इसी कड़ी में आज शनिवार को कार्यकर्तासम्मेलनगीता भवन आयोजितकिया गया मुख्य अतिथि आब्जर्बर मनमोहन कटोचअध्यक्षता विधायक किस्मतलाल नन्द ने की विधायक किस्मतलाल नंद ने कहा कि कांग्रेस हमेसा सेसमाज के अंतिमपायदान पर खड़े व्यक्ति के लिए काम किया है द्य देश के विकास के लिऐ कार्य किया हैद्य भाजपा शासन काल मे सिर्फ सरकारी संपत्ति को बेचने का का काम किया है भाजपा ने लोगों को ठगने व लूटने का काम किया है भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का काम भाजपा ने किया है, कांग्रेस के कार्यकाल में शुरू की गई योजनाओं का उद्घाटन कर जनता को गुमराह का काम किया है द्य छत्तीसगढ़ सरकार की जनकल्याकारी योजना के लाभ को ।बताया गया द्य रामनारायण आदित्य ने कांग्रेस की तारीफ करते हुए कहा कि अगर प्रदेश में कांग्रेस का शासन लौटेगा तो यह हकीकत है कि मंहगाई से लोगों को राहत मिलेगी. वहीं देश से भाजपा की विदाई निश्चित होगी. उन्होंने मंहगाई राहत कैंपों की खासियत बताते हुए कहा कि राज्य सरकार की योजनाएं गरीब, मध्यम वर्गीय परिवार के लिए वरदान साबित हो रही है.

महेंद्र बाघ ने ने सरकार की योजनाओं को निरंतर चालू रखने के लिए कांग्रेस की सरकार रिपीट करने के लिए कार्यकर्ताओं को एक जुट होनेकी अपील की. उन्होंने राहुल गांधी की तारीफ करते हुए कहा कि देश में सिर्फ राहुल गांधी ही ऐसे नेता है जो प्रधानमंत्री की आंख में आंख में डालकर बात करते है.सभी बूथ ,जोन, सेक्टर का कार्यकर्ताजमीनी स्तर से जुड़कर फिर से सरकार बनाना है साथ ही कांग्रेस के सत्ता पक्ष बूथ प्रभारी, सेक्टर प्रभारी, जोन प्रभारी समेत कांग्रेस पदाधिकारी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में महिला पुरूष उपस्थित थे द्य इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष रामनारायण आदित्य, ग्रामीण अध्यक्ष पुष्पेन्द्र पटेल, भंवरपुर अध्यक्ष जितेंद्र सिदार, हेमसागर नायक पूर्व अध्यक्ष, महेंद्र बाघ प्रदेश प्रतिनिधि, श्रीमती दुकली बाई तांडी, मनोरंजन भोई पूर्व अध्यक्ष समेत, समस्त विधायक प्रतिनिधि, राजीव युवा मितान क्लब अध्यक्ष, सरपंच सचिव, वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता, पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# दतान में मनाया गया पोला तिहार महोत्सव



**पलारी,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। विकासखंड के निकटतम ग्राम दतान में सालों से तीजा पोला महोत्सव का आयोजन होते आ रहा हैं ।किंतु इस बार बजरंग दल दतान के संयुक्त तत्वावधान में और भी शानदार तरीके से आयोजित हुआ , विनय वर्मा,विजय कुमार साहू ने बताया कि आज भी गांव में निरंतर छत्तीसगढ़ के पंरपरा को आज भी संजोये हुए है इसी तारगम्य में यह कार्यक्रम हुआ, कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिता का आयोजन हुये जिसमे मटका तोड़, नन्दी बैल दौड़, बोरा दौड़, टीकली चिपकाना, नारियल फेक ये सभी आयोजन माताओं के व केवल नन्हे बच्चों के लिए था ।उक्त कार्यक्रम में सरपंच वेदप्रकाश वर्मा,जगदीश साहू,ब्रिजबाई वर्मा जनपद सदस्य, मोहन साहू,डैनिश साहू,तुकेश साहू,टिकेश्वर दास मानिकपुरी, देवनाथ वर्मा, दशरथ चंद्राकर, तामेश्वर चन्द्राकर, शेखर साहू,अरविंद वर्मा, मालती नारायण चन्द्राकर आदि का विशेष सहयोग रहा ।उक्त कार्यक्रम में गांव के सैकड़ों लोग शामिल हुए।

# पीजी कॉलेज में विश्व ओजोन दिवस मनाया गया

**बागबाहरा/महासमुंद,** 16 सितंबर (देशबन्धु)।शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद में आज 16 सितम्बर को विश्व ओजोन दिवस का आयोजन किया गया।यह कार्यक्रम विज्ञान और भूगोल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. डॉ. अनुसुइया अग्रवाल थी।विशेष अतिथि के रूप में विज्ञान संकाय प्रभारी प्रो. करुणा दुबे थी। कार्यक्रम की शुरुवात मंचस्थ अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान करते हुए किया गया।

सर्वप्रथम विज्ञान संकाय प्रभारी प्रो. करुणा दुबे ने विश्व ओजोन दिवस की बधाई देते हुए अपने उदबोधन में कहा कि मानव और प्रकृति का गहरा सम्बन्ध है। हमें पर्यावरण संरक्षण पर जागरूक होना अति आवश्यक है।उन्होंने पर्यावरण संरक्षण पर विशेष जोर देने की अपील छात्र-छात्राओं से की।तत्पश्चात मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल ने कहा कि हमें हर दिन को ओजोन दिवस की तरह देखना और मनाना चाहिए।प्रत्येक विद्यार्थी को पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए पौधा लगाना चाहिए और उसका संरक्षण सभी को करना चाहिए। इस बात पर उन्होंने जोर दिया। उन्होंने कहा कि एक विद्यार्थी पेड़ लगाए और पांच लोग उसका संरक्षण करे।



रसायन विभाग के सहायक प्राध्यापक प्रो. प्रदीप कन्हेर ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को बताया कि ओजोन परत का संरक्षण अति आवश्यक है। यह परत सूर्य की हानिकारक किरणों को पृथ्वी तक आने से रोकती है।तथा हमें त्वचा सम्बन्धी बीमारी, कैंसर जैसी घातक बीमारी से बचाती है।

इस अवसर पर उपस्थित छात्र- छात्राओं द्वारा अपना भाषण, विचार और पीपीटी प्रस्तुत किया गया। जिसमें एमएससी जंतुविज्ञान प्रथम सेमेस्टर से आशीष सिन्हा, रितिका मारकंडे, शशि निषाद तथा बीए द्वितीय वर्ष से वर्षा गजेंद्र ने अपना विचार दिया।तथा एमएससी रसायन तृतीय सेमेस्टर से श्वेता साहू, वैभवी नेताम, अदिति दीवान और अंजली पारेश्वर द्वारा ओजोन परत संरक्षण से संबंधित पॉवर पांइट प्रेजेंटेशन दिये गये।

इस कार्यक्रम में रसायन विभाग से प्रो. सरस्वती सेठ, प्राणीशास्त्र विभाग से प्रो. प्रियंका चक्रधारी, गणित विभाग से प्रो. गौरव कुमार सोनी, वनस्पति विभाग से प्रो. अंजन भोई तथा विज्ञान संकाय एवं भूगोल के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।कार्यक्रम का संचालन रसायन विभाग के प्रो. प्रदीप कन्हेर ने किया।तथा आभार प्रदर्शन गणित विभाग से प्रो. गौरव कुमार सोनी ने किया।

# चुनाव जितने मंडल से लेकर बूथ हर स्तर पर फोकस करें पार्टी कार्यकर्ता : विधायक सुशांत घोष



भाजपा मंडल गरियाबंद की बैठक में प्रत्याशी रोहित साहू ने कार्यकर्ताओं से मांगा सहयोग

**गरियाबंद,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक पार्टी में बैठकों का दौर जारी है। जिसमें पार्टी संगठन के लोग चुनाव जीतने की रणनीति तैयार कर रहे हैं।इसी क्रम में शनिवार को चुनावी तैयारियों को लेकर भाजपा मंडल गरियाबंद की बैठक

सांस्कृतिक भवन में संपन्न हुई। बैठक में विशेष रूप से पश्चिम बंगाल के प्रवासी विधायक सुशांत घोष उपस्थित रहे।इस दौरान विधायक घोष ने कहा कि चुनाव जितने मंडल से लेकर बूथ स्तर पर फोकस करें। बुथ से ही चुनाव जीता जाता है।गौरतलब हो कि भाजपा मंडल गरियाबंद के लगभग 28 पोलिंग बूथ राजिम विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं, जिसमे लीड को लेकर सभी पदाधिकारियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र सोनटेके ने प्रत्याशी रोहित साहू का स्वागत किया। भाजपा प्रत्याशी रोहित साहू ने सभी कार्यकर्ताओं से इन 28 पोलिंग बूथों में भाजपा को बढ़त बनाने के साथ ही राजिम विधानसभा में परिवर्तन का संकल्प लेने की अपील की।रोहित ने बताया कि परिवर्तन का शंखनाद माँ दन्तेश्वरी के चरणों में प्रणाम अर्पित कर प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश पदाधिकारी निकल चुके है जिसे अंतिम परिणाम पर पहुंचाने की जिम्मेदारी राजिम विधानसभा के कार्यकर्ताओं की है जो यहाँ की जनता के आशीर्वाद से पूरा होगा।इस दौरान प्रमुख रूप से जिला महामंत्री अनिल चन्द्राकर, पूर्व महामंत्री रिखीराम यादव, बलदेव सिंह हुंदल, पूर्व मंडल अध्यक्ष अनूप भोसले, जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष मिलेश्वरी साहू, बिंदु सिन्हा, तनु साहू, भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष मनीष हरित, युगल समदरिया, नेहरू साहू, किशोर यादव, प्रतीक तिवारी, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष आनंद ठाकुर सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय नई शिक्षा नीति प्रशिक्षण के लिए वीरेन्द्र कर दिल्ली में



**सरायपाली,** 16 सितंबर (देशबन्धु)। सास्कृतिक स्त्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र सी सी आर टी दिल्ली द्वारा आयोजित एन ई पी( राष्टीय नयी शिक्षा नीति) के अनुरूप शिक्षा में कठपुतली की भूमिका विषय पर 15दिवसीय प्रशिक्षण हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के 10शिक्षकों का चयन हुआ है जिसमें महासमुन्द जिले के शिक्षा के क्षेत्र में अपने नवाचारों से अलख जगाने वाले वीरेन्द्र कुमार कर सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक विद्यालय करनापाली सम्मिलित हो रहे हैं जो दिनांक 11सितम्बर से 25सितम्बर तक चल रहा है निश्चित रूप से एक शिक्षक के रूप में इस प्रकार के राष्टीय कार्यक्रम में हमारे शिक्षक साथी का सम्मिलित होना अत्यंत उत्साहजनक है इस हेतु शिक्षा विभाग के साथ साथ समाज के सभी लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# लबालब लोकोत्सव मैदान... !



**भाटापारा,** 16 सितंबर (देशबन्धु)।नालियां ही नहीं, मैदानों में भी जल-जमाव हो रहा है। हद तो तब, जब स्वच्छता का पाठ पढ़ाने वाले कुछ शासकीय कार्यालय के परिसर भी ऐसे ही दृश्य पेश करते नजर आ रहे हैं।

लापरवाही कब खत्म होगी ? किसके जिम्मे है शहर की पुख्ता सफाई व्यवस्था ? जैसे सवाल इसलिए नहीं पूछे जाने चाहिए क्योंकि मांग, आग्रह, निवेदन या फिर धरना प्रदर्शन जैसे विरोध और गुस्से का असर नहीं होता पालिका प्रशासन पर लेकिन जिस तरह मौसम जनित बीमारियां बढ़ रहीं हैं, उसे ध्यान में रखते हुए अपेक्षित कदम की उम्मीद शहर कर रहा है।

**मैदान है या तालाब:** लोकोत्सव मैदान। प्रस्तावित है इंडोर स्टेडियम के लिए लेकिन कब बनेगा ?जैसे सवाल पूछना मना है। बीते एक सप्ताह से हो रही रुक-रुक कर बारिश के बाद यह मैदान डबरी जैसा नजर आने लगा है।

स्वच्छता का पाठ पढ़ाने वाले विभागों के परिसर भी

नालियों का पानी भी इसमें जा रहा है। पानी की निकासी का रास्ता नहीं है, इसलिए जमा पानी, कीटों का ठिकाना बन चुका है, जो ऐसे ही स्थान में पनपते और फैलाव लेते हैं।

**हद है:** अनुविभागीय अधिकारी और तहसील कार्यालय। करीब ही हैं खंड शिक्षा अधिकारी और विकासखंड स्त्रोत समन्वयक कार्यालय।यह भी गहरी जगह पर हैं।सड़क तो ठीक लेकिन मैदानी क्षेत्र में जल जमाव कई सवाल उठाते हैं कि स्वच्छता का पाठ पढ़ाने वाले यहां के अधिकारियों को, क्या नजर नहीं आता ? सवाल नहीं उठाए जाएंगे क्योंकि आम आदमी की रोज की जरूरत हैं यह कार्यालय।

**बढ़ रहे मरीज:** जल-जमाव में ही पनपते हैं मच्छर और अन्य कीट। सतर्क रहने और जरूरी उपाय की सलाह, विभाग रोज दे रहा है।सरकार भी सतर्क रहने की अपील कर रही है।इसके बावजूद निगरानी करने वाले प्रमुख अधिकारियों ने जैसी अनदेखी की हुई है, उसका ही नतीजा है डेंगू।यह बीमारी तेजी से ना केवल फैल रही है बल्कि मौतें भी होने लगीं हैं।

